वंशभास्कर

श्रीबुन्दीशाश्रित महाकवि मिश्रण

सूर्यमल्ल

विरचित

तृतीयभाग

शाहपुरा के पोलपात्र श्रीमान् मरुधराधीशों के आश्रित तथा
राजराजेश्वर मरुधराधीश श्रीसरदारसिंहजी बहादुर के
पितृव्यक महाराजधिराज कर्नल सर श्रीप्रतापसिंहजी
के कृपापात्र शोदा बारहठ

कृष्णसिंहजी

विरचित उदधिमंथिनी

टीका सहित

जिसको

कविराजाजी श्री मुरारिदानजी की

सहायता से

दाधीच आसोपा पंडित बलदेवात्मज पंडि
रामकर्ण–श्यामकर्ण शर्मा ने

शोधकर

विद्या प्रतापप्रेस में

मुद्रित किया

Data Entered
4 JUL 2005

॥ ओ३म् ॥

मध्यपीठिका का सूचीपत्र

१२३११

पंचम राशि का सूचीपत्र ॥

॥ ओ३म् ॥

॥ छठे राशि का सूचीपत्र ॥

सप्तम राशि का सूचीपत्र

ओ३म्

अब यहां पर हिन्दुस्थान, अफग़ानिस्थान, ईरान, यूनान, अरबस्थान, रूस, चीन आदि जिन जिन देशों और परगनों (सूबों) के नाम इस ग्रन्थ में आये हैं उन सब को एकत्र करके नक्शा बनाया जाता है, हमारा विचार पहिले देशों के नाम की टीका करने का नहीं था इसीकारण से तृतीयराशि की टीका में एक स्थान पर देशों के नाम की टीका का निषेध लिख भी दिया है परन्तु फिर कई मित्रों की प्रेरणा से उपरोक्त विचार पलट कर टीका करदेना ही उचित समझा गया परन्तु इस ग्रन्थ में देशों के नाम अनेक स्थलों पर अनेक बार आये हैं इस कारण विस्तार के भय से प्रत्येक स्थान पर टीका करना छोड कर सब नामों की यहां एक ही स्थान पर टीका करके यह एक नक्शा लगा या जाता है सो देशों के नाम तृतीयराशि से प्रारम्भ होते हैं वहां से लेकर आगे जहां कहीं देश का नाम आवै वहां इस चित्र के अनुकूल अर्थ समझना चाहिये, यह अकारादि क्रम से बनाया हुआ चित्र(नक्शा) संस्कृत के प्राचीन ग्रन्थों से और अंगरेजी के आधुनिक पुस्तकों से अथवा ऐट्लसों (नक्शों की किताबों) से शोधन करके बनायागया है जिसमें हमारे मित्र उदयपुर विक्टोरियाहाल के पण्डित गौरीशंकर की सहायता भी प्रशंसनीय है जिनका मैं धन्यवाद करता हूं.

नं० प्राचीन नाम, आधुनिक देशों के नाम और पते अथवा शहर आदि के नाम.

१ अङ्ग—शक्तिसंगम नामक तन्त्र में लिखा है ॥ श्लोक ॥ वैद्यनाथं समारभ्य भुवनेशान्तगं शिवे!॥ तावदङ्गाभिधो देशो यात्रायां न हि दुष्यति ।१। अर्थ॥ वैद्यनाथ से लेकर भुवनेश्वर तक है अन्त जिसका वहां तक हे पार्वती! वह अङ्ग नाम का देश यात्रा में दूषित नहीं है॥ १॥ यह देश पूर्व दिशा में बंगाला के पश्चिमी भाग भागलपुर के पास था जिसकी राजधानी चम्पापुरी थी, अंग वंश के क्षत्रियों के निवास से देश का नाम अंग हुआ ॥

२ अटक—पञ्जाब की पश्चिमी सीमा पर अटक नाम का शहर है जिसके नाम से अथवा अटक नदी के नाम से उसके समीप के प्रदेश का नाम पायाजाता है (जाकी मन में अटक है सो ही अटक रहा).

३ अनूप—श्लोक ॥ बह्वम्बुर्बहुवृक्षश्च वातश्लेष्माऽऽमयान्वितः॥ देशोऽनूप इति ख्यातः शास्त्रेषु च मनीषिभिः॥१॥ अर्थ-बहुत पानी, बहुत वृक्ष, वात पित्त के रोगों से सहित होवै उस देश को शास्त्र में बुद्धिमान् लोग अनूप देश कहते हैं, पुराणों के अनुसार यह देश विन्ध्य पर्वत के निकट और रघुवंश के अनुसार नर्मदा नदी के उत्तरी तट के

एक देश का नाम होना चाहिये जिसकी राजधानी माहिष्मती नगरी थी.

४ अन्ध्र—श्लोक॥ जगन्नाथादूर्ध्वभागमर्वाक्श्रीभ्रमरात्मिकात्॥तावदन्ध्राभिधो देशः प्रोक्तः श्रीशक्तिसङ्गमे ॥ १ ॥ अर्थ ॥ जगन्नाथ से दक्षिण में और भ्रमरात्मिका से इस ओर अन्ध्र नामक देश शक्तिसङ्गम नामक तन्त्र में कहा है ॥ १ ॥ यह तिलङ्गाने का प्राचीन नाम है जिसको आन्ध्र वंश के क्षत्रियों के राज्य रहने से आन्ध्र भी कहते हैं.

५ अर्बुद—आबू पर्वत के आसपास का देश जिसमें सिरोही का राज्य और कुछ दाँता, पालनपुर और गोडवाड़ का हिस्सा शामिल है.

६ आटव्य— यह जङ्गल से भरेहुए देश का साधारण नाम है जो विन्ध्य पर्वत के अरण्य प्रदेश के लिये होना सम्भव है.

७ आनर्त— काठियावाड़ जिसमें कच्छ और द्वारका शामिल था.

८ आभीर—श्लोक ॥ श्रीकोङ्कणादधोभागे तापीतः पश्चिमे परे॥ आभीरदेशो देवेशि! विन्ध्यशैले व्यवस्थितः॥१॥ इति शक्तिसङ्गमतन्त्रम्॥ अर्थ ॥ कोंकण देश से उत्तर और तापी नदी से पश्चिम विन्ध्य पर्वत में हे देवेशि! (पार्वती) आभीर देश है ॥ १ ॥ यह शक्तिसङ्गम नामक तन्त्र में लिखा है जो बम्बई से सूरत तक था.

९ आरब—यह अरबस्थान का नाम मालूम होता है.

१० आवन्त्य—मालवे का एक भाग जिसकी राजधानी उज्जैन थी.

११ उत्कल— श्लोक ॥ जगन्नाथः प्रान्तदेशश्चोत्कलः परिकीर्तितः॥ अर्थ ॥ जिसमें जगन्नाथपुरी है उसको उत्कल देश कहते हैं जो इस समय उड़ीसा के नाम से प्रसिद्ध है.

१२ ऊर्ण—यह किसी देश का नाम हो ऐसा प्रमाण नहीं मिलसका परंतु 'उरण' नाम का एक नगर बम्बई अहाते के थाणा जिले में था जो शिलारा वंश के राजाओं के राज के प्रतिष्ठित नगरों में से एक गिना जाता था.

१३ ऊषरक्षेत्र—क्षारभूमिवाला देश तथा रेणुका आदि नव तीर्थ ॥ श्लोक ॥ रेणुका सूकरः काशी काली कालवटेश्वरौ ॥ कालिञ्जरो महाकाल ऊषरा नव मुक्तिदाः ॥ १ ॥ इति वराहपुराणम्.॥

१४ कम्बोज—॥ श्लोक ॥ पञ्चनदं समारभ्य म्लेच्छाद्दक्षिणपूर्वतः॥ कम्बोजदेशो देवेशि! वाजिराशिपरायणः ॥ १ ॥ अर्थ ॥ पञ्जाब से लेकर अफगानिस्थान तक हे पार्वती! कम्बोज देश है सो घोड़ों की गणना में श्रेष्ठ है.

१५ कर्णाट--श्लोक ॥ रामनाथं समारभ्य श्रीरङ्गान्तं शिवेश्वरि!॥ कर्णाटदेशो देवेशि! साम्राज्यभोगदायकः ॥ १ ॥ अर्थ ॥ रामनाथ से लेकर श्रीरङ्ग तक कर्णाट देश है वह राज्यभोग दायक है. और दश लाख की आमद को साम्राज्य कहते हैं. यथा श्लोक ॥ शानि! महात्म्यं राज्यं स्यात् साम्राज्यं दशलक्षके ॥ शतलक्षे म... में इसी साम्राज्यमुच्यते ॥ १ ॥ इति वरदातन्त्रे ॥ यह देश दाक्षिण नाम से प्रसिद्ध है.

१६ कलिङ्ग--श्लोक ॥ जगन्नाथात्पूर्वभागे कृष्णातीरान्तगं शिवे! ॥ कलिङ्गदेशः संप्रोक्तो वाममार्गपरायणः ॥१॥ अर्थ ॥ जगन्नाथ से पूर्व दिशा में कृष्णा नदी के तीर तक को कलिंग देश कहते हैं, जो वाममार्ग में परायण है ॥ १ ॥ यहां जगन्नाथ से पूर्व भाग में होना सम्भव नहीं; क्योंकि वहां पर समुद्र है इसके लिये 'जॉनडॉसन्' अपनी किताब 'हिन्दू माइथॉलौजी' में कारोमण्डल कोस्ट के समीप का प्रान्त लिखते हैं जो उड़ीसा के दक्षिण का गोदावरी नदी तक का देश होसक्ता है जिसको उत्तरी सरकार भी कहते हैं; इस देश को कलिङ्ग वंश के क्षत्रियों के निवास से कलिङ्ग देश कहते थे.

१७ कश्मीर--अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है; जिसको अब काश्मीर कहते हैं.

१८ कामरूप--इस देश को इस समय काँगरू देश कहते हैं जिसकी राजधानी प्राग्ज्योतिष थी; अब यह देश आसाम में गिना जाता है.

१६ कालवन--

२० कुन्तल--श्लोक ॥ कामगिरिं समारभ्य द्वारकान्तं महेश्वरि! ॥ श्रीकुन्तलाभिधो देशो वर्णितः शक्तिसङ्गमे ॥ १ ॥ अर्थ ॥ कामगिरि से लेकर द्वारका तक हे पार्वती! कुन्तल नाम का देश शक्तिसङ्गमतन्त्र में कहा है ॥१॥ अङ्गरेजी पुस्तक में महाराष्ट्र का दक्षिणी हिस्सा लिखा है जिसकी राजधानी प्रतिष्ठानपुरी (पैठण) थी पीछे से कल्याणी (कल्याण) में राज्य करनेवाले चौलुक्य अपने को कुन्तल देश के राजा मानते थे.

२१ कुरु--श्लोक ॥ हस्तिनापुरमारभ्य कुरुक्षेत्राच्च दक्षिणे ॥ पञ्चालपूर्वभागे तु कुरुदेशः प्रकीर्त्तितः ॥ १ ॥ अर्थ ॥ हस्तिनापुर से लेकर कुरुक्षेत्र के दक्षिण और पञ्चालदेश के पूर्वभाग को कुरुक्षेत्र कहते हैं. यह थानेश्वर के आसपास है जिसमें कुरुक्षेत्र प्रसिद्ध है.

२२ कुलात--यवन देश विशेष, जो किलात नाम से प्रसिद्ध है.

२३ केतुक--

२४ केरल--इसी देश को उग्र भी कहते थे,'उग्राः केरलपर्यायाः' इति हेमचन्द्रः। वर्तमान कनाड़ा (कानड़ा, कन्नड़देश) और उससे मिले हुए कुछ अंश मलाबार का नाम केरल देश था (कावेरी से पश्चिमी घाट और समुद्र के बीच का देश.)

२५ कोशल--यह उत्तर कोशल और दक्षिण कोशल नाम के दो देश थे, जिनमें उत्तर कोशल अयोध्या के राज्य को कहते थे और दक्षिण कोशल उड़ीसा से दक्षिणपश्चिम में विन्ध्य के निकट था.

२६ खुरासान--यवन देश विशेष, एक सूबे का नाम है, और अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

२७ ख्वारजम--यवनदेश विशेष, एक सूबे का नाम है और अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

२८ गक्खर--यवनदेश विशेष, जो इसी नाम से प्रसिद्ध है और वहां के रहनेवाले गक्खरी कहलाते हैं.

२९ गान्धार—पञ्जाब का कुछ पश्चिमी हिस्सा और अफगानिस्थान का पूर्वी हिस्सा मिलकर पहिले गान्धार देश कहलाता था जिसकी सीमा पश्चिम में लमगान और जलालाबाद, उत्तर में स्वात और बुनेर की पहाड़ियां, पूर्व में सिन्ध नदी और दक्षिण में काला बाग के पहाड़ होने चाहिये. शब्दार्थचिन्तामणिकोश में कन्दहार को गान्धार लिखा है परन्तु अंगरेज विद्वानों के मत से यह विरुद्ध है.

३० गोनर्द—वराहमिहर के अनुसार गोनर्द दक्षिण के किसी देश का नाम होना चाहिये परन्तु इसका ठीक पता नहीं लगता (गोनर्द एक वंश का भी नाम था जिसने कश्मीर पर राज्य किया था) तथा दक्षिण में गोनर्द नाम का एक पर्वत भी है उसके नाम से देश का नाम होना भी संभव है.

३१ चीन—प्रसिद्ध चीन देश; जो इसी नाम से प्रसिद्ध है.

३२ चोल--श्लोक ॥ द्रविडतैलंगयोर्मध्ये चोलदेशः प्रकीर्त्तितः ॥ अर्थ–द्रविड़ और तिलंगाना के बीच के देश को चोल देश कहते थे जॉनडॉसन् अपनी पुस्तक 'हिन्दूमाइथॉलोजी' में इस देश को हिन्दूस्थान के दक्षिण में तञ्जोर के निकट होना लिखते हैं जहां से कारोमण्डल कोस्ट शुरू होता है.

३३ जंगल--बीकानेर के राज्य में जंगल नामक नगर था जिससे बीकानेर के राजा अब तक 'जंगल धरा के बादशाह' कहलाते हैं अथवा वन प्रदेश में बीकानेर का राज्य जमाया गया जिससे 'जंगलधरा के बादशाह' कहलाते हैं.

३४ जालन्धर--व्यासा और सतलज नदियों के बीच का प्रदेश.

३५ टक--पञ्जाब का एक हिस्सा जो कश्मीर से दक्षिण पश्चिम को है. राजा अलखान ने यह देश कश्मीर के राजा को दिया था.

३६ डाहल--चेदि देश का यह दूसरा नाम है, जब्बलपुर के आसपास के देश को चेदि कहते थे जिसकी राजधानी त्रिपुर (तेवर) थी.

३७ तंगण--वराहमिहर ने हिन्दुस्थान के उत्तरपूर्वी विभाग में रहनेवाली तंगण नाम की जाति लिखी है, यदि यह शब्द तंगण के लिये होवे तो दक्षिण में एक देश का नाम है.

३८ तार्जिक--जिसको तापिक भी लिखा है जिसका आधुनिक नाम ताजिक हैं, प्राचीन काल में आरबों को ताजिक कहते थे इस कारण से अरबस्थान का नाम 'तार्जिक' होना संभव है. आर्यावर्त्त में इसनाम का देश नहीं पाया जाता.

३९ ताम्रलिप्त--वर्तमान 'तमलक' प्रदेश जो सेलाई नदी और हुगली नदी के संगम के पास है.

४० तुपार---तुखार नामक म्लेच्छदेश; वराहमिहर के अनुसार 'तुषार' हिन्दुस्थान के उत्तर पश्चिमी हिस्से के एक देश का नाम था इस देश के राज्यकर्त्ता तुपार जाति के थे इससे यह नाम प्रसिद्ध हुआ.

४१ तूर्ण—

४२ तैलंग—श्लोक ॥ श्रीशैलं तु समारभ्य चोलेशान्मध्यभागतः। तैलंगदेशो देवेशि! ध्यानाऽध्ययनतत्परः ॥ १ ॥ अर्थ-श्रीशैल से लेकर चोल-देश के मध्यभाग तक हे पार्वती! तैलंग देश है जहां के निवासी ध्यान में और पढने में तत्पर रहते हैं ॥ १ ॥ इसका प्राचीन नाम आन्ध्र देश था.

४३ त्रिगर्त—सुशर्मा राजा का देश जिसको इस समय जलन्धर कहते हैं। पञ्जाब का पूर्वी हिस्सा जिसमें अधिकतर सतलज और सरस्वती नादियों के बीच का प्रदेश होना चाहिये इस देश में तीन नदियें और तीन शहर (जालन्धर-धोव-कांगड़ा) होने के कारण इसको त्रिगर्त कहते हैं.

४४ दशेरक—वराहमिहर के अनुसार तो 'दशेरक' या 'दाशेरक' हिन्दुस्थान के उत्तर में रहनेवाली एक जाति का नाम था, यदि देश का नाम हो तो जिस देश में वह जाति निवास करती थी उसी देश का नाम 'दशेरक' होना चाहिये, परन्तु शब्दार्थचिंतामणि कोश में मरुदेश का नाम 'दशरेक' लिखा है.

४५ दार्व—वराहमिहर हिन्दुस्थान के उत्तर पूर्वी विभाग में रहनेवाली एक

जाति का नाम दार्व लिखते हैं जिनके निवास से यदि यह कोई देश का नाम होवे तो वह देश हिन्दुस्थान के ईशानकोण में चीन के पूर्व भाग में होना चाहिये.

४६ द्रविड़—श्लोक ॥ कर्णाटाश्चैव तैलङ्गा गुर्ज्जरा राष्ट्रवासिनः। आन्ध्राश्च द्राविडाः पञ्च विन्ध्यदक्षिणवासिनः ॥ १ ॥ इतिस्कन्दपुराणम् ॥ अर्थ ॥ कर्णाट, तैलङ्ग, गुर्जर, राष्ट्र, (महाराष्ट्र) और आन्ध्र विन्ध्याचल से दक्षिण दिशा में इन पांच देशों में निवास करनेवालोंको पञ्चद्राविड़ कहते हैं. इससे तो उक्त पांचों देशों को द्रविड़ संज्ञा पाईजाती है जो मदरास से लेकर कन्याकुमारी तक फैला हुआ है.

४७ धाटि—इसका अपभ्रंश 'धाट' मालूम होता है जो भारतवर्ष के पश्चिमी भाग में बाढमेर से आगे पायाजाता है जहांके घोड़ों का उत्तम होना प्रसिद्ध है.

४८ नेपाल—अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

४९ पञ्चनद—पञ्जाब.

५० पञ्चाल—पञ्चाल क्षत्रियों के निवास से देश का नाम पञ्चाल प्रसिद्ध हुआ है, और विष्णुपुराण के चौथे अंश में १९ वें अध्याय के मत से राजा हर्यश्व के मुद्गल, सृञ्जय, बृहदिषु, प्रवीर और काम्पिल नाम के पांच पुत्र हुए सो पिता ने कहा कि मेरे आधीन पांचों देशों की रक्षा करेंगे इसीसे उन पांचों का नाम 'पाञ्चाल' हुआ जिससे यह पाञ्चाल देश प्रसिद्ध है, इसकी सीमा तन्त्रशास्त्र में इस प्रकार लिखी है ॥ श्लोक ॥ कुरुक्षेत्रात् पश्चिमे तु तथा चोत्तरभागतः। इन्द्रप्रस्थान्महेशानि! दशयोजनकद्वये ॥ १ ॥ पञ्चालदेशो देवेशि! सौन्दर्यगर्वभूषितः ॥ २ ॥ अर्थ ॥ कुरुक्षेत्र से पश्चिम तथा उत्तर के भाग में हे पार्वती! दिल्ली से १२ योजन पर सुन्दरता के गर्व से भूषित ऐसा पाञ्चाल देश है ॥ और राजशेखर के कथनानुसार गङ्गा और यमुना के बीच का देश 'दुआब' का नाम पाञ्चाल होना चाहिये.

५१ पाण्ड्य—श्लोक ॥ कम्बोजाद्दक्षभागे तु इन्द्रप्रस्थाच्च पश्चिमे। पाण्ड्यदेशो महेशानि! महाशूरत्वकारकः ॥ १ ॥ कम्बोज से दक्षिण भाग में और दिल्ली से पश्चिम में हे पार्वती! बहुत शूरवीरोंवाला पाण्ड्य देश है, 'जॉनडॉसन्' का मत इससे विरुद्ध है क्योंकि वह इस देश को हिन्दुस्थान के दक्षिण में लिखता है जिसकी राजधानी मदुरा थी.

५२ पेशोर—यह पिशावर शहर का नाम है जो भारतवर्ष के उत्तरीभाग में विद्यमान है.

५३ प्रस्थल—

५४ प्राग्ज्योतिष—एक शहर का नाम है जो काँगरू देश में नरकासुर की राजधानी थी जिस नरकासुर को श्रीकृष्ण ने मारा था ॥ श्लोक ॥ तत्रैव हि स्थितो ब्रह्मा प्राङ् नक्षत्रं ससर्ज ह। ततः प्राक्ज्योतिषाख्येयं पुरी शक्रपुरीसमा ॥ १ ॥ अर्थ ॥ वहां स्थित होकर ब्रह्माने पहिले नक्षत्र बनाये थे इसकारण से उस नगर का नाम प्राग्ज्योतिष हुआ जो इन्द्र की पुरी (अमरावती) के समान है.

५५ प्राच्य—शरावती नदी की सीमा से पूर्व और दक्षिण का देश.

५६ फारस—पारस देश जिसको इस समय परशिया कहते हैं वहां घोड़े बहुत अच्छे होते हैं.

५७ बग्गड़—यह प्रान्त इस समय 'डूंगरपुर, बांसवाड़ा' के राज्यों में बटा हुआ है; जिसको इस समय वागड़ कहते हैं.

५८ वङ्ग—श्लोक ॥ रत्नाकरं समारभ्य ब्रह्मपुत्रान्तगं शिवे! । वङ्गदेशो मया प्रोक्तः सर्वसिद्धिप्रदर्शकः ॥ १ ॥ अर्थ ॥ समुद्र से लेकर ब्रह्मपुत्र नदी तक हे पार्वती! मैंने वङ्ग देश कहा है; वह सर्व सिद्धियों को दिखानेवाला है, (वङ्गाल का पूर्वी हिस्सा).

५९ बदक्शां—यवन देश विशेष, जो अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

६० बल्क—यह बलख का नाम मालूम होता है; जो अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

६१ बुलगांन—यवन देश विशेष.

६२ ब्रह्मा—ब्रह्मा भारतवर्ष के पूर्व में अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

६३ मगध—श्लोक ॥ व्यासेश्वरं समारभ्य तप्तकुण्डान्तगं शिवे! । मगधाख्यो महादेशो यात्रायां न हि दुष्यति ॥ १ ॥ अर्थ ॥ व्यासेश्वर से लेकर तप्तकुण्ड पर्यन्त हे पार्वती! यात्रा में दूषित नहीं है ऐसा मगध देश है ॥ १ ॥ जिसकी राजधानी पटना थी.

६४ मद्र—श्लोक ॥ वैराटपाण्ड्ययोर्मध्ये पूर्वदक्षक्रमेण तु । मद्रदेशः समाख्यातो माद्री हा तत्र तिष्ठति ॥ १ ॥ वैराट से पूर्व और पाण्ड्य से दक्षिण इनके बीच में मद्र देश है जहां अहो! माद्री स्थित है ॥ १ ॥ अंगरेजी पुस्तकों में व्यासा और झेलम नदियों के बीच के देश को 'मद्र' लिखा है.

६५ मरु—मारवाड़ जहांके ऊंट उत्तम होते हैं.

६६ महाराष्ट्र—नर्मदा और कृष्णा नदी के बीच का प्रदेश जहां मराठीभाषा

बोली जाती है.

६७ मालव—

६८ मिथिला—श्लोक॥ गण्डकीतीरमारभ्य चम्पारण्यान्तकं शिवे॥ विदेहभूः समाख्याता तैरभुक्ताभिधः स तु ॥ १ ॥ अर्थ ॥ गण्डकी नदी की तीर से चम्पारण्य तक हे पार्वती (विदेह) जनकभूमि है जिसको तिरहुत भी कहते हैं.

६९ मुर्गाब—रूसीतुर्किस्थान की एक नदी जो अफगानिस्थान के सफेदकोह नामक एक पहाड़ में से निकलती है.

७० मुलतान—श्लोक॥ करतोयां समारभ्य हिंगुलाजान्तकं शिवे॥ मुलतानदेशो देवेशि महाम्लेच्छपरायणः ॥ १ ॥ अर्थ-अटक नदी से लेकर हिंगु लाज तक हे पार्वती! महाम्लेच्छ देश 'मुलतान' है ॥ १ ॥ यह अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

७१ मूलिक—पुराणों के अनुसार दक्षिण का एक देश. आन्ध्रवंश के राजा गौतमी पुत्र सातकर्णी के आधीन के देशों में से एक 'मुलक' देश भी था ऐसा उसीके पुत्र मूलू भाई के लेख से पाया जाता है.

७२ मूशिक—मलाबार किनारे का क्वीलोन और कन्याकुमारी के बीच के देश.

७३ मेवात—यह अब भी इसी नाम से प्रसिद्ध है.

७४ लम्पाक—काबुल नदी के उत्तर का देश जो'लमगान' नाम से प्रसिद्ध है.

७५ लमगान—यवन देश विशेष, जिसका संस्कृत में 'लम्पाक' नाम था.

७६ वनायु—देश विशेष, जहां के घोड़े उत्तम होते हैं.

७७ वाल्हीक—श्लोक ॥ कम्बोजदेशमारभ्य महाम्लेच्छात्तु पूर्वगे । वाल्हीक देशो देवेशि अश्वोत्पत्तिपरायणः ॥ १ ॥ अर्थ-कम्बोज देश से लेकर फारस से पूर्व में हे पार्वती घोड़ों की उत्पत्ति में श्रेष्ट वाल्हीक देश है ॥ १ ॥ इसको इस समय बलख कहते हैं.

७८ वासक—

७९ विदर्भ—श्लोक॥ भद्रकाली महापूर्वे रामदुर्गाच्च पश्चिमे॥ श्रीविदर्भाभिधो देशो वैदर्भी तत्र तिष्ठति ॥१॥ अर्थ—महाभद्रकाली से पूर्व रामदुर्गा से पश्चिम में श्रीविदर्भ नामक देश है, जहां वैदर्भी देवी स्थित है ॥ १ ॥ इसको इस समय 'बरार' कहते हैं जो हैदराबाद के नवाब ने गवर्नमेंट को फौजखर्च में दिया है इसकी प्राचीन राजधानी 'कुण्डिनपुर'(कुण्डापुर) थी.

८० विन्ध्य—विन्ध्याचल का प्रदेश.

८१ विराट्—श्लोक ॥ वैदर्भदेशादूर्ध्वं च इन्द्रप्रस्थाच्च दक्षिणे। मरुदेशात्पूर्वभागे विराटः परिकीर्त्तितः ॥ १ ॥ अर्थ-विदर्भ देश से ऊपर, दिल्ली से

दक्षिण और मरुदेश (मारवाड़) से पूर्व में विराट देश है ॥ १ ॥ इसकी राजधानी विराट नगर होने से विराट देश प्रसिद्ध हुआ था, जिसको मत्स्यदेश भी कहते थे, यह विराटपुर वैराटदेश के नाम से इस समय जैपुर में है.

८२ शतद्रू—सतलज नदी अथवा उसके किनारे का देश.

८३ शाल्व—महाभारत में एक देश का नाम लिखा है परन्तु इसका पता नहीं लगता.

८४ सगर....

८५ संचोर-जो इस समय 'साचोर' के नाम से जोधपुर का एक परगना प्रसिद्ध है.

८६ समस्थली—अन्तर्वेद देश, जिसकी राजधानी मेनपुरी थी.

८७ सावर—यह देश का नाम नहीं पायाजाता किंतु गाम का नाम होसकता है; अथवा सौवीर का 'सावर' लिखा हो तो उत्तरी सिन्ध का नाम होना चाहिये.

८८ सुमील—

८९ सूकर(क्षेत्र)—सोरम नामक गंगाघाट तथा सोरम प्रान्त का नाम सूकर है.

९० सूर्यारक....

९१ सौराष्ट्र—श्लोक॥ कोंकणात्पश्चिमे तीर्थे समुद्रप्रान्तगोचरं॥ हिंगुलाजान्तको देवि! दशयोजनदेशकः ॥ सौराष्ट्रदेशो देवेशि! तस्मात्तु गुर्जराभिधः ॥ १ ॥ अर्थ-कोंकण से पश्चिम का तीर्थ जो समुद्र प्रान्त तक मालूम होता है, और जिसका अन्त हिंगुलाज तक है ऐसा दश योजन में फैलाहुआ हे देवि! सौराष्ट्र नामक देश है, उसके आगे गुर्जर नामक देश है; यह काठियावाड़ के दक्षिणी भाग का नाम है.

९२ स्तवकार—

९३ स्वर्णगिरि....यह मारवाड़ के एक प्रान्त 'जालोर' के पर्वत का नाम है इसी पर्वत के नाम से चहुवाणों की एक शखा 'सोनगिरा' प्रसिद्ध हुई है.

इस ग्रन्थ में देश आदि जितने प्रसिद्ध नाम आये हैं उनको छांट कर यह नक्शा बनादियागया है परन्तु फिर भी संभव है कि दृष्टि दोष से कोई नाम बाकी रहगया होवे तो पाठकों से प्रार्थना है कि ऊपर नक्शे में लिखेहुए ग्रन्थों के आधार से उनका अर्थ समझ लेवें हमको जिन जिन नामों का अर्थ नहीं आया उन को खाली छोडदिया है. बाकी सब के अर्थ लिख दिये गये हैं. परन्तु इन अर्थों में ग्रन्थकर्त्ताओं के मतभेद हैं सो भी जहां तक होसका तहां तक दिखाते आये हैं, परन्तु फिर भी कहीं भ्रम प्रतीत होवे तो उनका ही मत भेद जानना चाहिये. हम इसके दोष भागी नहीं हैं भारतवर्ष की प्रत्येक दिशाओं में जो जो देश वराहमिहर ने लिखे हैं उसीके अनुसार बहुधा

उन्हीं नामों को ग्रन्थकर्त्ता का लिखना पायाजाता है इसकारण से हम प्रक-
रण को वाराही संहिता (बृहत्संहिता) अ. १४ वें अध्याय में देख लेवें जहां ए-
क ही जगह सब देशों के नाम लिखहुए हैं ॥

अब पाठकों से निवेदन कियाजाता है कि संसार भर में किसी कार्य का
कियाजाना कठिन है और उस कियेहुए कार्य में दोष निकालदेना बहुत सु-
लभ है जिसके लिये मारवाड़ में कहावत प्रसिद्ध है कि-

बणा तो नहीं जाणां पण खोट दुरसा मालाकासैं भी काढ देवाँ हाँ ॥

इसका प्रयोजन यह है कि हम तो कुछ कविता नहीं कर जानते परन्तु दु-
रसा और माला चारणों में प्रसिद्ध कवि हुए हैं उनकी कविता में भी दोष
निकालदेते हैं, सो ऐसे दोषदर्शी तो वेदव्यास महाराज के ग्रन्थों में भी दोष
देसक्ते हैं परन्तु छिद्रदर्शी होना विद्वानों का काम नहीं है इससे इस टीका में
जहां कहीं दोष भी मिले तो उसको शुद्ध करलेवें.

यहां पर यह भी जानना अवश्य है कि कोई विद्वान् हमारे पीछे इस ग्र-
न्थ पर टीका बनावेगा वह इस टीका से उत्तम होवेगी, क्योंकि हमारा परि
श्रम तो उनको तैय्यार मिलेगा, और आगे विचारने को सावकाश अधिक
मिलेगा परन्तु जो परिश्रम प्रथम टीकाकार को होता है वह पिछले टीकाका
रों को नहीं होता जिसके अनेक टीकावाले मनुस्मृति, गीता, भागवत और
नैषध आदि संस्कृत के ग्रन्थ और विहारीसत्तसई आदि देशभाषा के ग्रन्थ
साक्षी हैं, इस कारण इस ग्रन्थ की इस प्रथम टीका में कोई दोष भी मिले
तो विद्वान् लोक क्षमा करैं; और संस्कृत के अपठित लोक तो अपनी तृणवत्
बुद्धि के लिये इस ग्रन्थ को अग्निवत् जानकर दूर ही रहैं ॥

अब हम यहां पर आशिया गोत्र के चारण, जोधपुर के कविराजा मुरारि
दान का धन्यवाद करके इस अध्यपीठिका को समाप्त करते हैं कि जिनकी
सहायता से इस ग्रन्थ का पूर्वार्ध छपकर तय्यार होगया है और उत्तरार्ध के
छपजाने की भी पूर्ण आशा होगई है, इतना ही नहीं; किन्तु इन्हीं उक्त क-
विराजा की प्रेरणा से बुन्दी के पण्डित गङ्गासहाय की उत्तम सहायता मि-
ल कर शुद्ध प्राकृत भाषा की टीका निस्सन्देह हुई है. अब आगे यदि शरीर
विद्यमान और स्वस्थ रहा तो बाकी के विषय उत्तर पीठिका में लिखेजावेंगे ॥

ओ३म्

मध्यपीठिका

जिसमें इस ग्रंथ में आयेहुए साहित्यविषयों की समालोचना, चारणों की उत्पत्ति और वरताव, तथा भारतवर्ष के प्राचीन देशों के संस्कृत नामों के अर्थ और उनके वर्तमान पते हैं ॥

पहिले हमारा विचार इस ग्रंथ की टीका में दो पीठिका लिखने का था जिनमें पूर्वपीठिका तो लिख दीगई और उसी पूर्वपीठिका में उत्तरपीठिका लिखने का नियम कियागया है और विचार था कि उसी उत्तरपीठिका में साहित्य और इतिहास संबंधी अनेक विषय लिखकर टीका की इतिश्री करेंगे सो अब भी ऐसा ही विचार है, परंतु इस समय में हमारे शरीर में मूत्र में शर्करा (शक्कर) जाने का असाध्यरोग होजाने के कारण निर्बलता अधिक बढती जाती है, इस कारण से अन्तिम पीठिका लिखने के समय पर्यन्त शरीर रहने का विश्वास नहीं रहा, इसीसे यह विचार हुआ कि थोड़े से अधिक आवश्यकीय विषय लिखकर एक मध्यपीठिका लिखदीजावे जिससे इस ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) के विचार इस ग्रंथ के बनाने में अपूर्ण रहगये इसीप्रकार हमारे भी सभी विचार अपूर्ण न रहैं तो ठीक है.

इस ग्रंथ की चतुर्थराशि की टीका बनाये पीछे हमारा विचार यह पीठिका लिखने का हुआ, अर्थात् विक्रमी संवत् १९५७ श्रावण कृष्ण १ को इस पीठिका के लिखने का कार्य प्रारंभ किया गया.

इस चतुर्थराशि की टीका बनाने में मुझे अनेक विघ्न उपस्थित हुए, इसी कारण से चार महीनों के कार्य में अनुमान दो वर्ष व्यतीत होगये, अर्थात् प्रथम तो इस चतुर्थराशि की थोड़ी सी टीका बनाने पाया था, उसी अवसर में संवत् १९५५ के कार्तिक मास में श्रीमान् उदयपुराधीश महाराणा श्रीफतहसिंह साहब की प्रकृति अधिक अस्वस्थ होजाने के कारण मुझे उदयपुर जानापड़ा, वहांसे शाहपुर होकर पीछे आते ही पौष शुक्ला द्वादशी की रात्रि को मुझे पक्षाघात (फालिज) का रोग होकर दाहिने हाथ पैर निकम्मे होगये थे, उस समय फिर इस ग्रंथ की टीका बनाने की आशा नहीं रही थी परंतु उस सर्वशक्तिमान् परमेश्वर की अपरंपार लीला से वह रोग प्रतिदिन घटतागया, तथा हाथ पैर पीछे यथावत् होगये और उस रोग के समय भी स्मरणशक्ति यथावत् बनी रहने के कारण एक वर्ष पीछे फिर इस चतुर्थ राशि की टीका बनाने का कार्य प्रारंभ कियागया, परंतु छप्पन के संवत् का घोर दुर्भिक्ष होजाने के कारण मेरे ग्राम की प्रजा के पालन में तत्पर रहना पड़ा. फिर थोड़े ही दिन पीछे मस्तिष्क (दिमाग) संबन्धी अधिक परिश्रम से स्वा-

स्थ्य बिगड़ना देखकर इस टीका के कार्य को पुनः छोड़ना पड़ा, तत्पश्चात् विक्रमी संवत् १९५७ आषाढ कृष्ण १ गुरुवार को हमारी माता शृङ्गार बाई का ६९ वर्ष की अवस्था में परलोकवास होजाने के कारण टीका के कार्य में फिर भी विक्षेप रहा, परंतु वारंवार टीका बनाने के कार्य को करते रहने के कारण अब वह चतुर्थराशि की टीका का कार्य समाप्त होने के पीछे उपरोक्त कारण से कि टीका की समाप्ति तक शरीर रहै वा न रहै तो ग्रंथकर्ता के विचार अपूर्ण रहगये इसी प्रकार हमारे विचार भी अपूर्ण रहजाने का संभव है इस कारण से आवश्यक विषय तो लिख ही देने चाहिये इस कारण इस मध्यपीठिका के लिखने का विचार हुआ सो लिखीजाती है ॥

॥ साहित्यविषय ॥

साहित्यविषय के अङ्ग उपाङ्गों का विशेष लिखना तो अनावश्यक है क्योंकि प्राचीन अनेक विद्वानों ने अपने अपने अनेक ग्रंथों में उनको स्पष्ट करके काच के समान करदिये हैं जिनका वारंवार लिखना केवल पिष्टपेषण है, परंतु इस ग्रंथ में आयेहुए अङ्गों के दोष मिटाने की सूचनामात्र पाठकों के जानने के लिये लिखदीजाती है, अथवा समालोचना कीजाती है ॥

॥ अलंकार ॥

हमारे मत से अलंकारविद्या अनादि है, क्योंकि वेद अनादि मानाजाता है, और वेदों में उपमा आदि अलंकार मिलते हैं तो अलंकार भी अनादि भी हुए, इनके लक्ष्य लक्षण बनाकर पिछले पंडितों ने स्पष्ट किये इससे अलंकार नवीन नहीं माने जासकते, क्योंकि इनका अस्तित्व वेद में विद्यमान है, यों तो पिछले पंडितों ने भाष्य बनाकर वेद के अर्थ को भी स्पष्ट किया है जिससे वेद नवीन नहीं समझे जासकते, इसीप्रकार अलंकारों को भी समझना चाहिये. इस लिखने से हमारा प्रयोजन शास्त्रार्थ करने का नहीं है केवल मंतव्य बतादिया है। इस ग्रंथ में अलंकार तो सभी प्रकार के हैं, परंतु उपमा, अतिशयोक्ति, उत्प्रेक्षा, रूपक और लोकोक्ति इन पांच अलंकारों का वर्णन सब से अधिक है, और कथाभाग में इन्हीं पांच अलंकारों का अधिक वर्णन कियाजाता हैं, इनमें अन्य अलंकारों के लिये लिखना तो अनावश्यक है केवल अतिशयोक्ति अलंकार के कारण अलंकारविद्या को नहीं जाननेवाले लोग कवियों पर मिथ्यावादी होने का कलङ्क लगाया करते हैं, इतना ही नहीं किंतु वे अपठ लोग कवियों को गप्पी लोग भी कहाकरते हैं, परंतु यथार्थ में देखाजावे तो यह उनका दोष भी नहीं है, क्योंकि जो जिस वस्तु को नहीं जानता है वह उसकी सदैव निन्दा कियाकरता है जिसके लिये पण्डित विष्णुशर्मा ने पंचतंत्र में लिखा है—

न वेत्ति यो यस्य गुणप्रकर्षं स तस्य निंदां नितरां करोति ।
यथा किराती करिकुम्भजातां मुक्तां परित्यज्य विभर्ति गुञ्जाम् ॥१॥

भाषार्थ– विशेष करके जो जिसके गुण को नहीं जानता है वह उसकी स दैव निंदा किया करता है, जैसे भद्र जाति के हस्तियों के कुंभस्थल से उत्पन्न हुए मोतियों को छोड़कर भीलनियां (भीलों की स्त्रियां) घूंगची धारण करती हैं ॥१॥ परंतु उन लोगों को जानना चाहिये कि जहां पर लोकसीमा का उल्लंघन होता है वहीं पर अतिशयोक्ति अलंकार होता है, जैसे इसी ग्रंथ में है कि "डगमग्गि शिलोच्चय शृंग डुले, झगमग्गि कृपानन अग्गि झरी।" यहां पर्वतों के शिखर हिलकर इधर उधर होजाने के वर्णन में अतिशयोक्ति अलंकार है। इसीप्रकार "हुव तिल तिल शीशोद हेति हत" यहां शीशोदिया भीमसिंह का शस्त्रों से तिल तिल के समान कटकर युद्ध में माराजाना लिखा सो तिल तिल के समान कटने में अतिशयोक्ति अलंकार है ॥ यह अलंकार सब अलंकारों का पोषक और श्रोता लोगों को अत्यन्त रुचिकारक तथा काव्य का पोषक होने के कारण संसार भरके लोगों ने इस अलंकार को आदर दिया है, यहां तक कि संसार भर का कोई ग्रंथ अथवा संसार भरकी कोई भाषा इस अलंकार से खाली नहीं है, किंतु न्यूनाधिक सभी में आकाश के समान व्यापक होरहा है. देखो, मन्वादिक धर्मशास्त्र, वाल्मीकीयरामायण और महाभारतादि ऐतिहासिक ग्रंथ, पुराण, उपपुराण, तंत्रशास्त्र, काव्य, नाटक, भाण, चम्पू आदि संस्कृत के ग्रंथ, और आज पर्यंत बनेहुए भाषा के ग्रंथ तथा ईसाइयों का धर्मशास्त्र 'इंजील' और मुसल्मानों का धर्मशास्त्र 'कुरान' आदि सभी ग्रंथों में अतिशयोक्ति अलंकार है, जिसके उपरोक्त ग्रंथ ही साक्षी हैं. देखो, मुसल्मानों के पैगम्बर असाम और अमामहुसेन (जिनके इस समय तक ताजिये निकाले जाते हैं) शत्रुओं से युद्ध करने के लिये खड़े हुए उस समय शत्रुओं ने इनको ललकारा कि खड़ेरहना भाग मत जाना इसके उत्तर में अमामहुसैन ने कहा कि 'अगर जल्जला भी हो तो इतनी जमी नां हिलै' इसका मतलब यह है कि मैं तो क्या भागूं लेकिन भूकम्प होवे तो भी मैं जहां खड़ा हूं इतनी भूमि नहीं हिलगी। यह अमामहुसेन के मरसियों में लिखाहुआ है जिसको पाठक लोक देखलेवें कि कैसा अतिशयोक्ति अलंकार है। और यदि अंगरेजी कविता में अतिशयोक्ति अलंकार देखना होवे तो शेक्सपियर आदि के नाटकों को देखें। यह तो संसार भरके ग्रंथों का प्रकरण हुआ, अब आगे लोकभाषा की कहावतों को भी देखना चाहिये कि 'भूखें मरगया, प्यासे मरगया, धूप में जलगया, सरदी में गलगया' इत्यादि बातें प्रतिदिन की बोलचालमें आबाल वृ-

क्या पण्डित और क्या मूर्ख हिंदू, मुसल्मान और ईसाई सभी कोई बोलते हैं जिनको सोचना चाहिये कि मर जाने और गले पीछे क्या कोई बोल सकता है अर्थात् कदापि नहीं बोलसकता, यह केवल भूख, प्यास, गर्मी और सरदी की अधिकता बतानेके लिये अतिशयोक्ति अलंकार का कथन है। इसीप्रकार

१अमुक पुरुष दौड़ने में हवा होगया.

२अमुक घोड़ा बिजली होगया, अथवा काच का पलका (प्रतिबिम्ब) होगया, तथा रेल होगया.

३अमुक पुरुष नदी पैरने में सीधा तीर के माफिक गया.

४अमुक पुरुष ने तार के माफिक खबर पहुंचाई.

ये कहावतें अपने अपने विषयों की अधिकता बताने के अर्थ अतिशयोक्ति अलंकार की हैं, नहीं तो ऐसा हो नहीं सकता, इतना ही नहीं परंतु

५लड़कों ने अपने एक खेल का नाम 'चीलझपट्टा' रख छोड़ा है, जिसका अर्थ चील के समान झपट मारना है सो बालक चील के समान झपट नहीं मार सकते, परंतु दौड़ने की अधिकता बताने के अर्थ यह कथन अतिशयोक्ति अलंकार का है।

६छोटी बात बढ़कर भयंकर होजाने के विषय में 'सींदरी का सांप होगया' ऐसा कहाजाता है॥

७मेघ को 'पलकदरियाव' कहते हैं। सो कैसी ही मूसलधारा से बरसे तो भी आंख टिमकारने के समय में नादियां (फारसीवाले नदी को दरियाव कहते हैं) नहीं बहासकता; क्योंकि यह समय बहुत ही सूक्ष्म है, परंतु मेघ की अधिकता दिखाने के हेतु इसको पलकदरियाव कहने की कहावत प्रसिद्ध हुई है॥

८लड़ाई के लिये कहाजाता है कि 'लोही की नादियां बहगईं' सो रक्त से नादियां कदापि नहीं बहसकती, परंतु लड़ाई की अधिकता बताने के लिये यह कहावत प्रसिद्ध हुई है.

९रोने की अधिकता बताने के लिये कहाजाता है कि 'आंसुओं की नादियां बहगईं' सो आंसुओं से नदियां कदापि नहीं बहसकतीं.

१०वर्षा की अधिकता दिखाने के लिये कहाजाता है कि 'मूसल धारा से वर्षा हुई अथवा होरही है'।

११ दूर की वस्तु के स्पष्ट दिखाई देने में दूरबीन की प्रशंसा में कहाजाता है कि 'केश केश गिन लेते हैं' सो जिन बालों की गणना साढे तीन करोड़ प्रसिद्ध है उनको समीप में बैठे भी नहीं गिन सकते सो दूरबीन से कैसे गिने जासकते हैं? परंतु यह दूरबीन की अधिकाई में कहावत है.

१२ शीघ्र भरनेवाले तालाब के लिये कहाजाता है कि 'अमुक (फलां) तालाब सूत के रेले से भरता है' सो सूत्र के रेले से कोई भी तालाब कभी नहीं भरसकता, परंतु शीघ्र भरजाने की अधिकता दिखाने में यह कहावत अतिशयोक्ति अलंकार की है। इसीप्रकार

१३ दुर्बल मनुष्य के लिये कहाजाता है कि 'उसके हाथ पैर तूली (तृणविशेष) होगये' सो ऐसा कभी नहीं होसक्ता।

१४ थकेहुए (दुर्बल) मनुष्य के लिये यह भी कहाजाता है कि 'वह थक कर डोरा होगया' सो मनुष्य का शरीर कैसा ही दुर्बल (कृश) होजावे तो भी डोरे के समान कदापि नहीं होसकता।

इत्यादि अनेक लोकोक्तियां संसार भर की सभी भाषाओं में न्यूनाधिक प्रचलित हैं, जिनमें से थोड़ी सी कहावतें यहां पर हमनें दिग्दर्शन न्याय के अनुसार लिख दी हैं, इन कहावतों से कवियों का कोई संबन्ध ही नहीं है तो भी इस प्रकार की कहावतें संपूर्ण लोक में स्वतः स्वभाव प्रचलित हैं सो इस प्रकार के कथन न्यूनाधिक सभी देशभाषाओं में है, परंतु यहां केवल दिग्दर्शन न्याय के समान थोड़ेसे लिखदिये हैं॥ अब विचारना चाहिये कि ऐसे सर्वव्यापि अलंकार को पाठकों की रोचकता के लिये कवियों ने अपने ग्रंथों में अतिशयोक्ति अलंकार को स्थान दिया तो उनका दोष क्या है? इस कारण से हमारा कथन है कि अतिशयोक्ति अलकार के वर्णन से कवियों को मिथ्यावादी होने का दोष लगाकर इससे अपनी अज्ञानता नहीं दिखानी चाहिये. और जो यह दोष लगाना ही है तो संसारभर से इस अलंकार की प्रवृत्ति उठादेनी चाहिये, यह अतिशयोक्ति का समाधान हमने सत्यता पूर्वक किया है जिसको काव्य के रसिक लोग भली भांति समझ सकते हैं, परंतु जो अरसिक हैं वे अलंकारविद्या से अजान होने के कारण फिर भी दोष देते नहीं रुकैं तो जैसे प्रमत्त की गाली खाकर मौन रहना पड़ता है, इसीप्रकार उन अरसिकों के वचनों को सुनकर कवि लोगों को मौन धारण करना चाहिये; क्योंकि अरसिकों से कवियों का कोई सम्बन्ध नहीं है जिसके लिये कालिदास महाकवि का कथन है कि

इतरपापफलानि यथेच्छया विलिखितानि सहे चतुरानन!॥
अरसिकेषु कवित्वनिवेदनं शिरसि मालिखमालिखमालिख॥१॥

अर्थ— हे ब्रह्मा! अन्य पापों के फल तो अपनी इच्छा के अनुसार लिखे परन्तु अरसिक लोकों के साम्हने मैं अपनी कविता भेट करूं यह दोष मेरे मस्तक में मत लिख, मत लिख, मत लिख॥ १॥ इससे सिद्ध है कि कवियों से और अरसिकों से कोई सम्बन्ध ही नहीं है॥

॥ रस ॥

साहित्य में रस आठ हैं, परन्तु मतान्तर से नव भी माने जाते हैं. जिनके विभाव, अनुभाव, स्थायी, संचारी उद्दीपनादि के स्वरूप रसतरंगिणी नामक ग्रंथ में बहुत स्पष्ट करके लिखे हैं. और भाषाग्रंथों में भी बहुधा पायेजाते हैं, जिनको फिर यहां लिखना पुनरुक्त है ॥इनका वर्णन करना ग्रंथकर्ताओं की रुचि के आधीन है, अर्थात् जिस ग्रन्थकर्ता की रुचि जिस रस के साथ अधिक होती है वह उसी रसका अधिक वर्णन करता है ॥ सो इस ग्रन्थ में भी स्थल स्थल पर नव ही रसों का वर्णन है, परन्तु ग्रंथकर्त्ता (सूर्यमल्ल) की रुचि के अनुसार वीर, अद्भुत, भयानक और बीभत्स इन चार रसों का वर्णन अन्य रसों की अपेक्षा अधिक है ॥

॥ लक्षणा ॥

जहां मुख्यार्थ का बाध होता है वहां लक्षणा वृत्ति होती है. यह दो प्रकार की है, अर्थात् एक जहत्स्वार्था जिसको लक्षणलक्षणा भी कहते हैं । और दूसरी अजहत्स्वार्था जिसको उपादानलक्षणा भी कहते हैं. साहित्यदर्पण के मतानुसार इस लक्षणा के अनेक भेद हैं, जिनके साहित्याचार्योंने ८० भेद लिखे हैं ॥ सो इस ग्रंथ में इसका अधिकतर कथन है ॥

॥ व्यञ्जना ॥

लक्षणा मे जहां अर्थ नहीं लग सके वहां इनसे अतिरिक्त अर्थ जो बनावै उसको व्यञ्जनावृत्ति अर्थात् व्यङ्गय कहते हैं ॥ यह इस ग्रन्थ में लक्षणा की अपेक्षा न्यून आया है ॥ और जहां कहीं आया है वहां टीका में स्पष्ट कर के दिखा दिया गया है, अथवा दिखा दिया जावेगा ॥

॥ गुण ॥

साहित्य में काव्य के दश गुण मानेगये हैं परंतु वे सब ओज, माधुर्य और प्रसाद इन तीन गुणों के अन्तर्गत होजाते हैं । ये तीनों गुण इस ग्रन्थ में विद्यमान हैं, परंतु ग्रन्थकर्ता की रुचि के अनुसार माधुर्य और प्रसाद की अपेक्षा ओजगुण अधिक आया है ॥

॥ अनुप्रास ॥

अनुप्रासों के विषय में प्रथम राशि में ग्रन्थ के नियमों के प्रकरण में ग्रन्थकर्ता स्वयं लिखगये हैं, अतएव हमको यहां लिखने की आवश्यकता नहीं है ॥

॥ दोष ॥

काव्य में दोष दो प्रकार के मानेजाते हैं अर्थात् एक शब्ददोष जो कर्णकटु आदि हैं; और दूसरा अर्थदोष जो अपुष्टार्थ आदि है, इन दोनों प्रकार के दोषों

के अनेक भेद हैं जो चन्द्रालोक नामक ग्रंथ के दूसरे मयूख में अथवा काव्य-प्रकाश के सातवें उल्लास में स्पष्ट दिखायेहुए हैं, इनमें अनित्यदोष को टालना तो असंभव सा है, परंतु जो उत्तम कवि होते हैं वे नित्यदोष से अपने काव्य को बचाते रहते हैं सो इस ग्रंथकर्ता ने भी इसका पूरा विचार रक्खा है, परंतु हमारे विचार से निर्दोष काव्य करना असंभव ही है, क्योंकि वाल्मीकीयरामायण और महाभारतादि ग्रंथों में जहां कहीं दोष आते हैं वहां 'इत्यार्ष' अर्थात् यह ऋषि के वचन हैं यह कह कर समाधान करते हैं; और कालिदास, भारवि, माघ, दण्डि आदि बड़े २ कवियों के श्लोकों को छांट कर काव्यप्रकाशकार (मम्मट) ने दोषों के उदाहरणों में दिया है, इस अवस्था में अन्य कवियों की तो गणना ही क्या है? ॥

॥ नायिका भेद ॥

यह साहित्यविद्या का कोई जुदा अङ्ग नहीं है, परंतु शृंगार रस का आलम्बन होने के कारण प्राचीन कवियों ने बहुत बढावे के साथ इसका वर्णन किया है । संस्कृत में रसमञ्जरी और भाषा में रसिकप्रिया आदि अनेक ग्रंथों में विस्तार पूर्वक वर्णन है, परन्तु इस ग्रंथ में केवल एक जगह नायिका भेद का वर्णन है सो भी अन्यवर्णन के साथ ग्रंथकर्ता ने अपनी युक्ति के साथ वर्णन किया है ॥

॥ छन्द ॥

छन्दों का विषय प्रथमपीठिका में लिख दियागया इस कारण से फिर यहां लिखना पुनरुक्ति है ॥

यहां पर इस ग्रंथ में आयेहुए साहित्य के अङ्गों की बहुत ही संक्षेप से समालोचना की गई है ॥ अब आगे चारणों की उत्पत्ति और व्यवहार आदि का वर्णन किया जाता है ॥

॥ चारणों की उत्पत्ति और आचार ॥
॥ व्यवहार आदि वर्णन ॥

विष्णुपुराण के प्रथम अंश की तेरहवीं अध्याय के पचासवें श्लोक से आगे राजा पृथु के ब्रह्मयज्ञ में सूत का उत्पन्न होना लिखा है और इसीरीति से महाभारत के शान्तिपर्व में सूत की उत्पत्ति का वर्णन है, सो ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) ने उन्हीं सूत को चारणों के मूलपुरुष मानकर इस ग्रंथ (वंशभास्कर) में चारणों की जाति के साथ, पौराणिक और सूत पदों का प्रयोग किया है सो सूत की इस आदरणीय उत्पत्ति में तो हमको भी कुछ कहने की आवश्यकता नहीं है, परंतु उन्हीं सूत को चारणों के मूलपुरुष मानने में बहुत छानबीन क

रने पर भी, हमको कोई आर्षग्रंथ में कहीं पर प्रमाण नहीं मिला, और इस ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) को भी इसका प्रमाण मिलना नहीं पायाजाता, क्योंकि सूर्यमल्ल ने इसी ग्रंथ के तीसरे राशि के ६७ वें मयूख में भूमित्रक नामक सूत को वंश नष्ट होने का, काश्यपऋषि का शापदेना, और आर्यमित्र का नंदिकेश्वर को चराकर उसके वरदान से अवरी नामक नागकन्या से विवाह करके अपने कुल की वृद्धि करना, और उसी समय से सूतपद को छोडकर चारणपद को धारण करना, और उस अवरी के उदर से एकसौ बीस पुत्र उत्पन्न होने से चारणों के वंशमें १२० शाखाओं का होना, लिखा है, जहां काशी के एक राजा को भूमित्र का कथा सुनाना लिखकर उसी समय काश्यपका शाप देना लिखा है तहां उस राजा के नामकी जगह खाली छोड दी है सो यदि इसका प्रमाण सूर्यमल्ल को किसी ग्रन्थ में मिला होता तो राजा के नाम का स्थान खाली नहीं छोडते, इससे यही सिद्ध होता है कि चारणों के कुलगुरु और भाट आदि याचकों के कथनानुसार यह कथा लिखीगई है अथवा अन्य बडवाभाटों की पोथियों से यह कथा लीगई है जिस पर पूर्ण विश्वास नहीं होसकता यह तो हमने भी चारणों के कुलगुरु, भाट, मोतीसर, रावल, ढोली, आदि याचकों से चारणों को समुद्र के पोते वासुक के दोहिते अवरी के केड़ (वंश) आदि निशपण बिरुदाने में कहते सुने हैं, परन्तु ऐसी कथा किसी प्रामाणिक ग्रन्थ में देखने में नहीं आई और ग्रंथों के प्रमाणों को छोडकर जनश्रुति के साथ अपने विचारों को दौडाना विद्वानों का मत नहीं है इस कारण इस विषय में हम सूर्यमल्ल से सहमत नहीं हैं, और अवरी के एकसौ बीस पुत्रों के कारण, चारणों के वंश को१२०शाखा होना लिखा सो भी सत्य नहीं है क्योंकि भिन्न भिन्न शाखायें होने के तो तीन कारण हैं अर्थात् प्रसिद्ध कार्य करने से, प्रसिद्ध पिता के नामसे और ग्राम के नाम से शाखाओं के नाम हुए हैं सो आगे स्पष्ट दिखाये जावेंगे. यहां यह प्रश्न उठता है कि जब तुम चारणों की ज्ञाति सम्बन्धी सूर्यमल्ल के लेख को सर्वांचीन नहीं मानते हो तो अन्य प्रामाणिक सत्य लेख कौनसा है? इसके उत्तर में चारणों के ज्ञाति संबंधी लेख जो हमको आर्ष ग्रंथों से मिले हैं वे नीचे लिखते हैं, जिससे चारणों की उत्पत्ति और आचार, व्यवहार आदि की प्राचीनता और पवित्रता स्पष्ट है, इन प्रमाणोंसे तो अनेक ग्रंथ भरेपड़े हैं, परन्तु सभी ग्रन्थों के प्रमाण लेनेसे तो बहुत बडा ग्रंथ बनता है इतना यहां अवकाश नहीं, इसकारण से अन्य सभी ग्रंथोंको छोडकर सर्वमान्य, परमपूज्य और जगत्प्रसिद्ध श्रीमद्भागवत वाल्मीकिरामायण और महाभारत इनतीनों ग्रंथोंके प्रमाणनीचेदियेजाते हैं

॥ चारणोंकी उत्पत्ति ॥

चारणों की उत्पत्ति सृष्टि सर्जन काल से है और इनकी उत्पत्ति देवताओं

में हुई है जिसका प्रमाण श्रीमद्भागवत का दियाजाता है कि, नारद मुनि को ब्रह्मा सृष्टिक्रम बताते हैं तहां के द्वितीय स्कंध की छठी अध्याय के बारह से तेरह तक के दो श्लोक नीचे लिखते हैं ॥

अहं भवान् भवश्चैव त इमे मुनयोऽग्रजाः ॥
सुरासुरनरा नागाः खगा मृगसरीसृपाः ॥१२॥
गंधर्वाप्सरसो यक्षा रक्षोभूतगणोरगाः ॥
पशवः पितरः सिद्धा विद्याध्राश्चारणा द्रुमाः॥१३॥

अर्थ–हे नारद मैं, तू, शिव, वे यह अग्रजमुनि, देवता, असुर, मनुष्य, नाग, खग, मृग, सर्प, ॥ १२ ॥ गंधर्व, अप्सरा, यक्ष, राक्षस, भूतगण, उरग, पशु, पितर, सिद्ध, विद्याधर, चारण, वृक्ष, (ये सब हरि से हुए हैं) ॥ १३ ॥

यहां चारणों की उत्पत्ति मनुष्यों से भिन्न बताईगई इससे इनकी उत्पत्ति देवताओं में होना सिद्ध है "देवता शब्द स्त्री लिंग है परन्तु लोक रूढि से पुल्लिंग लिखाजाताहै" फिर ब्रह्मा नारद से कहते हैं सो इसी दूसरे स्कंध की छटी अध्याय के इकतालीस और बयालीस के दो श्लोक नीचे लिखे जाते हैं,

अहं भवो यज्ञ इमे प्रजेशा दक्षादयो ये भवदादयश्च ।
स्वर्लोकपालाः खगलोकपाला नृलोकपालास्तललोकपालाः॥४१॥
गंधर्व्वविद्याधरचारणेशा ये यक्षरक्षोरगनागनाथाः॥
ये वा ऋषीणामृषभाः पितॄणां दैत्येन्द्रसिद्धेश्वरदानवेंद्राः ॥४२॥

अर्थ–मैं (ब्रह्मा), रुद्र, विष्णु, ये दक्षआदि प्रजापति और तुझको आदि देकर ऋषि, स्वर्ग के पालक, पक्षिलोक के पालक, मनुष्यलोक के पालक, पाताल लोककेपालक ।४१। गंधर्व, विद्याधर, चारण, यक्ष, रक्ष, उरग, सर्पों के पति ऋषियों में और पितरोंमें श्रेष्ठ, दैत्येन्द्र, दानवेंद्र, (सब) हरि से हुए हैं।४२।

फिर इसी दूसरे स्कंध का दशवीं अध्याय का अड़तालीसवां श्लोक यह है

प्रजापतीन् मनून् देवानृषीन् पितृगणान् पृथक् ।
सिद्धचारणगन्धर्वान् विद्याध्रासुरगुह्यकान् ॥३८॥

अर्थ–वही भगवान् प्रजापति मनु, देवता, ऋषि, पितर, सिद्ध, चारण, गंधर्व, विद्याधर, असुर गुह्यक इनको जुदा जुदा सृजता हुआ ॥ ३८ ॥

इन प्रमाणों से ही चारणों की उत्पत्ति देवताओं में होना सिद्ध है परन्तु आगे मैत्रेयऋषि विदुर को सृष्टिक्रम बताते हैं तहां वैकारकसृष्टि नवप्रकार की कहकर दशवीं सृष्टि देवताओं की कहते हैं सो आठप्रकार की है यहां गुणकर्म, स्वभाव के अनुसार इन देवताओं के गण बांधे हैं सोही क्रम श्रीधरी अ

दि टीकाकारों ने लिखा है जिसके प्रमाण में तीसरे स्कंध की दशवीं अध्याय के सत्ताईस और अट्ठाईस के दो श्लोक नीचे लिखते हैं ॥

देवसर्गश्चाष्टविधो विबुधाः पितरोऽसुराः ।
गंधर्वाऽप्सरसः सिद्धा यक्षरक्षांसि चारणाः ॥२७॥
भूतप्रेतपिशाचाश्च विद्याध्राः किन्नरादयः ॥
दशैते विदुराऽऽख्याताः सर्गास्ते विश्वसृक्कृताः ॥२८॥

अर्थ— देवताओं की सृष्टि आठ प्रकार की है, विबुध १ पितर २ असुर ३ गंधर्व और अप्सरा ४ यक्ष राक्षस ५ भूत प्रेत और पिशाच ६ सिद्ध चारण विद्याधर ७ और किंनर आदि ८ ये देवताओं के आठ भेद हैं जिन सहित हे विदुर ब्रह्मा ने दश प्रकार की सृष्टि रची है ॥ २७॥
यहां हमने विस्तार के भय से ऊपर कही हुई नव प्रकार की सृष्टि का वर्णन छोडदिया है सो जिसकिसी को देखना होवे वे भागवत के तीसरे स्कंध की दशवीं अध्याय को देखलेवें ॥

इन प्रमाणों से यह तो स्पष्ट सिद्ध होगया कि चारणों की उत्पत्ति देवताओं में हुई है, परन्तु पीछे से जैसा इनका आचार व्यवहार रहा जिसके भी प्रमाण देने अवश्य हैं, क्योंकि आचार व्यवहार के बदलने से जाति की उत्तमता अधमता बदलजाती है जैसे देवताओं से और राक्षसों से विरोध होने के कारण राक्षसों की गणना अधम पक्ष में गिनने लगे, और भूत प्रेत पिशाचों का आचार भ्रष्ट होजाने के कारण इनकी गणना देवताओं में नहीं रही इसी प्रकार चारणों के लिये भी जानना अवश्य है कि इनका आचार व्यवहार कैसा रहा सो इनके प्रमाण प्रथम श्रीमद्भागवत के, फिर वाल्मीकि रामायण के और महाभारत के देकर इन ग्रंथों के पीछे के प्रमाणों से इस विषय को वर्त्तमान समय पर्यंत शैलीबद्ध सिद्ध करते हैं, जिनमें प्रथम भागवत के प्रमाण ये हैं ॥

श्रीकपिलदेवभगवान् माता को सांख्यशास्त्र का उपदेश करके तप करने को गये तहां के तीसरे स्कंध की तेतीसवीं अध्याय के चौतीस और पैंतीस के दो श्लोक नीचे लिखते हैं

सिद्धचारणगंधर्वैर्मुनिभिश्चाप्सरोगणैः॥
स्तूयमानः समुद्रेण दत्तार्हणनिकेतनः॥३४॥
आस्ते योगं समास्थाय सांख्याचार्यैरभिष्टुतः।
त्रयाणामपि लोकानामुपशान्त्यै समाहितः॥३५॥

अर्थ-सिद्ध,चारण,गंधर्व,मुनि, और अप्सराओं के गणों से स्तुति कराएहुए औ समुद्र ने दिया है पूजन और स्थान जिनको, सांख्य के आचार्यों ने की है स्तुति जिनका॥३४॥ एसे कपिलदेव तीनों लोकों की शांति के अर्थ योग में स्थित होकर गंगासागर में विराजे॥३५॥

स्वायंभुमनु के उपदेश से ध्रुव ने यक्षों को मारना छोड़ा तब कुबेर ध्रुव के समीप आये इस प्रकरण का चौथे स्कंध की बारहवीं अध्याय का प्रथम श्लोक नीचे लिखते हैं

ध्रुवं निवृत्तं प्रतिबुध्य वैशसादपेतमन्युं भगवान्धनेश्वरः।
तत्रागतश्चारणयक्षकिन्नरैः संस्तूयमानोऽभ्यवदत्कृतांजलिम्॥१॥

अर्थ-यक्षों के वध से निवृत्तहुए क्रोधरहित ध्रुव को जानकर चारण यक्ष, किन्नर स्तुति करते हैं जिसकी ऐसा भगवान् कुबेर आया तब ध्रुव ने दंडवत् करी और कुबेर ने आशीर्वाद दिया॥१॥

राजा पृथु के यज्ञ में देवता आये जिनको राजा ने हाथ जोड़कर पूजन करके बिदा किये इस प्रकरण के चतुर्थ स्कंध की बीसवीं अध्याय के पैंतीसवें और छत्तीसवें श्लोक नीचे लिखेजाते हैं—

देवर्षिपितृगंधर्वसिद्धचारणपन्नगाः।
किन्नराप्सरसो मर्त्याः खगा भूतान्यनेकशः॥३५॥
यज्ञेश्वरधिया राज्ञा वाग्वित्तांजलिभक्तितः॥
सभाजिता ययुः सर्वे वैकुंठानुगतास्ततः॥३६॥

अर्थ-देवता,ऋषि,पितर,गंधर्व,सिद्ध,चारण,नाग,किन्नर,अप्सरा, मनुष्य,खग,और अनेक प्राणी, यज्ञेश्वर, इनका बुद्धि पूर्वक राजा ने वाणी वित्त और हाथ जोड़कर भक्तिपूर्वक पूजन किया ऐसे ये और विष्णु के पार्षद अपने लोकों को गये॥३५॥३६॥

राजा प्रियव्रत को ज्ञान देने को ब्रह्मा आये तहां का पंचम स्कंध की प्रथम अध्याय का आठवां श्लोक यह है

स तत्र तत्र गगनतल उडुपतिरिव बिमानावलिभिरनुपथममरपरिवृढैरभिपूज्यमानः पथि पथि वरूथशः सिद्धगंधर्वसाध्यचारणमुनिगणैरुपगीयमानो गंधमादनद्रोणीमवभासयन्नुपससर्प॥८॥

अर्थ-वह तहां तहां आकाश में चंद्रमा के समान शोभायमान विमानों पर बैठे देवताओं से पूजाकिया हुवा सिद्ध, गंधर्व, साध्य,चारण, मुनिगणों से मार्ग में पूजेगये ऐसे ब्रह्मा गंधमादन पर्वत की गुफा को प्रकाश करते आये॥८॥

खगोल के वर्णन में शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को चारणों का लोक

बताया है जिसका पंचमस्कंध की चौबीसवीं अध्याय का चौथा श्लोक नीचे लिखाजाता है—

ततोऽधस्तात्सिद्धचारणविद्याधराणां सदनानि तावन्मात्र एव ॥४॥

अर्थ-उस(राहुमंडल) से नीचे, उतना (दशहजार योजन का) ही सिद्ध, चारण विद्याधरों का स्थान है ॥४॥

दक्षप्रजापति के तप करते समय श्रीविष्णुभगवान् प्रकट हुए उस वर्णन के छठे स्कंध की चौथी अध्याय के उनचालीस के और चालीस के दो श्लोक नीचे लिखेजाते हैं

त्रैलोक्यमोहनं रूपं विभ्रत्रिभुवनेश्वरः।
वृतो नारदनंदाद्यैः पार्षदैः सुरयूथपैः ॥३९॥
स्तूयमानोनुगायद्भिः सिद्धगंधर्वचारणैः।
रूपं यन्महदाश्चर्यं विचक्ष्यागतसाध्वसः ॥४०॥

अर्थ-त्रिलोकी को मोहित करनेवाले रूपको धारण करके त्रिलोकी के ईश्वर नारद, नंदादि पार्षदों और देवता से युक्त, लोकपाल और सिद्ध, गंधर्व, चारणों से स्तुति कियागया, बडा है आश्चर्य जिसका ऐसे रूप को देखकर उस दक्ष का भ्रम दूर हुआ ॥३९॥४०॥

वृत्रासुर और इन्द्र के युद्ध में वृत्रासुर का पराक्रम देखकर देवता और असुर उसकी प्रशंसा करनेलगे और इन्द्र को संकट में देखकर हाहाकार करनेलगे जिस प्रकरण का छठे स्कंध की बारहवीं अध्याय का पांचवां श्लोक यह है—

वृत्रस्य कर्मातिमहाऽद्भुतं तत्सुरासुराश्चारणसिद्धसंघाः ॥
अपूजयंस्तत्पुरुहूतसंकटं निरीक्ष्य हाहेति विचुक्रुशुर्भृशम् ॥५॥

वृत्रासुर के बडे अद्भुतकर्म को देखकर देवता, असुर, चारण और सिद्धों के समूह उसकी बडाई करनेलगे और इंद्र का संकट देखकर हाहाकार करनेलगे ।५।

हिरण्याक्ष नें दिग्विजय किया जिस प्रकरण का सातवें स्कंध की चोथी अध्याय का छठा श्लोक यह है—

सिद्धचारणविद्याध्रानृषीन्पितृपतीन्मनून् ।
यक्षरक्षःपिशाचेशान् प्रेतभूतपतीनथ ॥६॥

अर्थ— सिद्ध, चारण, वीद्याधर, ऋषि, पितरों के पति, मनु, यक्ष, राक्षस पिशाच, इनके ईश्वर और प्रेत भूतों के पतियों को जीते ॥ ६ ॥

नृसिंहावतार होकर हिरण्याक्ष को मारा तब सब देवता वहां आये इस प्रकरण के सप्तमस्कंध की आठवीं अध्याय के अड़तीस और उनचालीसवें दो श्लोक नीचे लिखे जाते हैं—

मनवः प्रजानापतयो गंधर्वाप्सरचारणाः ।
यक्षाः किंपुरुषास्तात वैतालाः सिद्धकिन्नराः॥३८॥
ते विष्णुपार्षदाः सर्वे सुनंदकुमुदादयः ।
मूर्ध्नि बद्धांजलिपुटा आसीनं तीव्रतेजसम् ।
ईडिरे नरशार्दूलं नातिदूरचराः पृथक् ॥३९॥

अर्थ— मनु, प्रजापति, गंधर्व, अप्सरा, चारण, यक्ष, किंपुरुष, बेताल, सिद्ध किन्नर ॥ ३८ ॥ सुनंद, कुमुद इनको आदि लेकर विष्णु के सब पार्षद वहां आकर हाथ जोड़कर मस्तक से नमस्कार करके समीप खड़े होकर सिंहासन पर बैठेहुए तीव्रतेजवाले नृसिंह की भिन्न भिन्न स्तुति करने लगे ॥ ३९ ॥

सब देवताओं ने नृसिंह की जुदी जुदी स्तुति की जिनमें चारणों की कीहुई स्तुति का सप्तमस्कंध की आठवीं अध्याय का इकावनवां श्लोक यह है ॥

चारणा ऊचुः॥ हरे तवांघ्रिपंकजं भवापवर्गमाश्रिताः ।
यदेष साधुहृच्छयस्त्वयाऽसुरः समापितः ॥५१॥

अर्थ— चारण स्तुति करते हैं कि हे हरे संसार की निवृत्ति करानेवाले तुम्हारे चरण कमल जिनके हम आश्रित हुए हैं सो साधु पुरुषों के हृदय में भय देनेवाले असुर का तुमने नाश किया है ॥ ५१ ॥

गजेंद्र का मोक्ष करनेवाले हरि अवतार की कथा में चित्रकूट नामक पर्वत के वर्णन का आठवें स्कंध की दूसरी अध्याय का पांचवां श्लोक है–

सिद्धचारणगंधर्वविद्याधरमहोरगैः ॥
किन्नरैरप्सरोभिश्च क्रीडद्भिर्जुष्टकंदरैः॥५॥

अर्थ–क्रीड़ा करनेवाले सिद्ध, चारण, गंधर्व, विद्याधर, बडेबडेसर्प, किन्नर अप्सराओं करिके सेवन की है गुफा जिसकी ॥ ५ ॥

श्रीहरिनें गजेंद्र का मोक्ष किया तहां के वर्णन का आठवें स्कंध की चोथी अध्याय में दूसरे श्लोक में चारणों नें हरि की स्तुति की सो नीचे लिखते हैं–

नेदुर्दुंदुभयो दिव्या गंधर्वा नन्तृतुर्जगुः ।
ऋषयश्चारणाः सिद्धास्तुष्टुवुः पुरुषोत्तमम् ॥२॥

अर्थ— देवताओं के नगारे बजे, गंधर्व नाचन और गानेलगे, ऋषि चारण और सिद्धों ने उन पुरुषोत्तम भगवान् की स्तुति की ॥ २ ॥

समुद्र मथने के समय देवताओं को अमृत देने के कारण श्रीविष्णुभगवान् नें मोहिनी रूप धारण किया जिसनें देवताओं को नहीं वरे इस प्रकरण का आठवें स्कंध की आठवीं अध्याय का उन्नीसवां श्लोक लिखाजाता है

विलोकयन्ती निरवद्यमात्मनः पदंध्रुवं चाव्यभिचारिसद्गुणम् ।
गंधर्वयक्षासुरसिद्धचारणात्रैविष्टपेयादिषु नान्वविन्दत ॥१९॥

अर्थ—अपने दोष रहित नित्यगुणयुक्त स्थान देखकर गंधर्व, यक्ष, असुर सिद्ध, चारण, देवता इनको नहीं प्राप्त हुई ॥ १९ ॥

मोहिनी रूप की स्तुति में दानव कहते हैं कि सिद्ध चारणों ने भी तुम्हारा स्पर्श नहीं किया सो मनुष्य कहांसे करेंगे इसका आठवें स्कंध की नवमी अध्याय का चौथा श्लोक लिखाजाता है—

न वयं त्वाऽमरैर्दैत्यैः सिद्धगंधर्वचारणैः।
नास्पृष्टपूर्वां जानीमो लोकेशैश्चकुतो नृभिः॥४॥

देवता, दैत्य, सिद्ध, गंधर्व, चारण, इनने तुम्हारा पहिले स्पर्श नहीं किया और लोकपालों ने भी स्पर्श नहीं किया तो मनुष्य कहांसे करेंगे यह हम जानते हैं ॥४॥

वामनभगवान् के जन्म होने पर देवता प्रसन्न होकर तुति करनेलगे इस प्रकरण के अष्टमस्कंध की अठारहवीं अध्याय के आठ से लेकर दश पर्यंत तीन श्लोक नीचे लिखते हैं—

प्रीताश्चाप्सरसोऽनृत्यन् गन्धर्वप्रवराजगुः ।
तुष्टुवुर्मुनयो देवा मनवः पितरोऽग्नयः॥८॥
सिद्धविद्याधरगणाः सकिंपुरुषकिन्नराः ।
चारणा यक्षरक्षांसि सुपर्णा भुजगोत्तमाः ॥९॥
गायंतोऽतिप्रशंसंतो नृत्यन्तो विबुधानुगाः।
अदित्या आश्रमपदं कुसुमैः समवाकिरन् ॥१०॥

अर्थ—प्रसन्न होकर अप्सरा नाचनेलगीं, श्रेष्ठगंधर्व गानेलगे, मुनि स्तुति करनेलगे. देवता-मनु-पितर-अग्नि ॥ ८ ॥ सिद्ध-विद्याधर-किंपुरुष-किन्नर-चारण यक्ष-राक्षस-गरुड-सर्प ॥९॥ गानेलगे और अत्यन्त प्रशंसा करने लगे, देवताओं के अनुग नाचनेलगे और अदिती के आश्रम में फूल वर्षाने लगे ॥ १० ।

राजाबलि नें वामन को तीन पैंड भूमि दी उस समय देवताओं नें बलि पर फूल बरसाये इस प्रकरण का आठवें स्कंध की बीसवीं अध्याय का उन्नीसवां श्लोक लिखाजाता है—

तदा सुरेन्द्रं दिवि देवतागणा गंधर्वविद्याधरसिद्धचारणाः।
तत्कर्म सर्वेऽपि गृणान्त आर्जवं प्रसूनवर्षैर्ववृषुर्मुदाऽन्विताः॥१९॥

अर्थ-उस समय में स्वर्ग में देवताओं के समूह-गंधर्व-विद्याधर-सिद्ध-चारणों-नें असुरों के इंद्र बलि पर फूलों की वर्षा करी और सबनें बलि के कर्म की बडाई की और आनंदयुक्त हुए ॥ १९ ॥

श्रीकृष्ण के जन्मसमय सिद्ध और चारणों नें स्तुति की सो दशमस्कंध की तीसरी अध्याय का छठा श्लोक लिखाजाता है—

जगुःकिन्नरगंधर्वास्तुष्टुवुः सिद्धचारणाः।
विद्याधर्यश्च ननृतुरप्सरोभिः समं तदा ॥६॥

अर्थ-किन्नर गंधर्व गानकरने लगे, सिद्ध चारण प्रसन्न होकर स्तुति करने लगे और अप्सराओं को साथ लेकर विद्याधरोंकी स्त्रियें नृत्य करनेलगीं ॥ ६ ॥

यशोदा के गर्भ से उत्पन्न होनेवाली देवी ने कंस के हाथ से छटकर कंसके मारनेवाले के जन्म की सूचना की उस प्रकरण का दसवें स्कंध की चौथी अध्याय का ग्यारहवां श्लोक निम्न लिखित है—

सिद्धचारणगंधर्वैरप्सरःकिन्नरोरगैः ॥
उपाहृतोरुबलिभिः स्तूयमानेदमब्रवीत् ॥११॥

अर्थ- सिद्ध, चारण, गंधर्व, अप्सरा, किंन्नर, और नागों ने बडी भेटें देकर स्तुति की तब वह देवी यह बोली ॥ ११ ॥

श्रीकृष्ण कालीनाग के फणों पर नृत्य करने को खडेहुए तब सिद्ध चारण आदि प्रसन्न हुए इस प्रकरण का दशम स्कंध की सोलहवीं अध्याय का सताईसवां श्लोक नीचे लिखते हैं—

तं नर्तुमुद्यतमवेक्ष्य तदा तदीयगंधर्व सिद्धसुरचारणदेववध्वः॥
प्रीत्या मृदङ्गपणवानकवाद्यगीतपुष्पो पहारनुतिभिः सहसोपसेदु२७

अर्थ-श्रीकृष्णचंद्र काली के फणों पर नाचने को खडेहुए उस समय गंधर्व सिद्ध देवता चारण देवताओं की स्त्रियें सब प्रसन्न होकर मृदंग ढोल नगारे लेलेकर गाने बजाने लगीं और पुष्पों की वर्षा करके भेटें लेकर स्तुति करती हुई शीघ्र आईं ॥ २७ ॥

गोवर्धनपर्वत को उठाया तब देवताओं ने फूलों की वर्षा की इस प्रकरण का दशमस्कंध की पचीसवीं अध्याय का इकतीसवां श्लोक निम्न लिखित है—

दिवि देवगणाः साध्याः सिद्धगंधर्वचारणाः ॥
तुष्टुवुर्मुमुचुस्तुष्टाः पुष्पवर्षाणि पार्थिव ॥३१॥

अर्थ-शुकदेवजी कहते हैं कि हे राजा परीक्षित स्वर्ग में देवताओं के गण साध्य गण सिद्ध गन्धर्व चारण संतुष्ट होकर फूलों की वर्षा करनेलगे ॥ ३१ ॥

गोवर्धनपर्वत उठाये पीछे श्रीकृष्ण का गोविंदाभिशेक हुआ तब स्वर्ग से

इंद्रादिक देवता आये इस प्रकरण का दशमस्कंध की सताईसवीं अध्याय का चौबीसवां श्लोक नीचे लिखते हैं—

तत्रागतास्तुंबरुनारदादयो गन्धर्वविद्याधरसिद्धचारणाः॥
जगुर्यशो लोकमलापहं हरेः सुरांगनाः संननृतुर्मुदान्विताः ॥२४॥

अर्थ—उससमय आयेहुए तुंबरु नारद आद गंधर्व विद्याधर सिद्ध चारण लोग लोकों का पाप दूरकरने वाले श्रीकृष्ण के यश को गाने लगे और देवताओं की स्त्रियें प्रसन्न होकर नाचनेलगीं ॥ २४ ॥

बाणासुर की राजधानी शोणितपुर में श्रीकृष्ण और महादेव का युद्ध हुआ तब ब्रह्मा आदि देवता देखने आये, इसप्रकरणका दशमस्कंध की तिरसठवीं अध्याय का नवमा श्लोक नीचे लिखाजाता है—

ब्रह्मादयः सुराधीशा मुनयः सिद्धचारणाः॥
गन्धर्वाप्सरसो यक्षा विमानैर्द्रष्टुमागमन् ॥९॥

अर्थ—देवताओं में मुख्य ब्रह्मा को आदि देकर मुनि-सिद्ध-चारण-गंधर्व-अप्सरा, यक्ष ये सब विमानों में बैठकर युद्ध देखने को आये ॥ ९ ॥

श्रीकृष्ण शाल्व और दन्तवक्र को मारकर पीछे द्वारिका में आये तहां के वर्णन का दशमस्कंध की अठत्तरवीं अध्याय का चौदहवां और पन्द्रहवां दो श्लोक नीचे लिखते हैं—

मुनिभिः सिद्धगन्धर्वैर्विद्याधरमहोरगैः ।
अप्सरोभिः पितृगणैर्यक्षैः किन्नरचारणैः॥१४॥
उपगीयमानविजयः कुसुमैरभिवर्षितः ।
वृतश्च वृष्णिप्रवरैर्विवेशालंकृतां पुरीम् ॥१५॥

अर्थ—मुनीश्वर, सिद्ध, गंधर्व, विद्याधर, बडे सर्प, अप्सरा, पितृगण, यक्ष, किन्नर, चारण, इन सबने विजय होना कहकर पुष्पों की वर्षा करी ऐसे श्रीकृष्ण यादवों को साथ लेकर शोभायमान द्वारिकापुरी में आये ॥ १४ ॥ १५ ॥

द्वारिकामें श्रीकृष्ण के समीप ब्रह्मादिक देवता आये जिस वर्णन के एकादश स्कंध की छठी अध्याय के प्रथम श्लोक से लेकर तीसरे श्लोक तक तीन श्लोक नीचे लिखते हैं—

अथ ब्रह्मात्मजैर्देवैः प्रजेशैरावृतोऽभ्यगात् ।
भवश्च भूतभव्येशो ययौ भूतगणैर्वृतः॥१॥
इंद्रो मरुद्भिर्भगवानादित्या वसवोऽश्विनौ ।
ऋभवोऽङ्गिरसो रुद्रा विश्वेसाध्याश्च देवताः॥२॥

गन्धर्वाप्सरसो नागाः सिद्धचारणगुह्यकाः ।
ऋषयः पितरश्चैव सविद्याधरकिन्नराः ॥३॥

अर्थ—राजा परीक्षित को शुकदेवमुनि कहते हैं कि नारद ने वसुदेव को ज्ञान दिये पीछे द्वारका में ब्रह्मा-सनकादिक-देवता-ऋषियों से मिलकर आये और श्रेष्ट भूतों के पति महादेव भूतगण सहित आये ॥ १ ॥ देवताओं के साथ भगवान् इंद्र-आदित्य- वसु-आश्विनीकुमार ऋभु-अंगिरा- एकादश रुद्र-विश्वेदेवा-साध्य ॥ १२ ॥ गंधर्व-अप्सरा-नाग-सिद्ध-चारण-गुह्यक-ऋषि-पितर-विद्याधर-किन्नर-आये ॥ ३ ॥

श्रीकृष्ण के महाप्रस्थान समय ब्रह्मादिक देवता आये जिस वर्णन के एकादशस्कंध की इकतीसवीं अध्याय के एक से लेकर तीन तक के तीन श्लोक नीचे लिखेजाते हैं—

अथ तत्रागमद्ब्रह्मा भवान्या च समं भवः ।
महेन्द्रप्रमुखा देवा मुनयः सप्रजेश्वराः॥१॥
पितरः सर्वगंधर्वा विद्याधरमहोरगाः ॥
चारणा यक्षरक्षांसि किन्नराप्सरसो द्विजाः॥२॥
द्रष्टुकामा भगवतो निर्याणं परमोत्सुकाः ।
गायन्तश्च गृणन्तश्च सौरेः कर्माणि जन्म च ॥३॥

अर्थ—शुकदेवमुनि राजा परीक्षित को कहते हैं कि दारुक के गयेपीछे वहां ब्रह्मा-पार्वती सहित शिव-इंद्रादिकदेवता-सनकादिकमुनि-मरीचिआदि प्रजापात।१। पितर-सवगंधर्व-विद्याधर-महानाग-चारण-यक्ष-राक्षस-किन्नर-अप्सरा-पक्षी ॥ २ ॥ भगवान के प्रस्थान को देखने की इच्छा से परम उत्कंठित होकर श्रीकृष्ण के जन्म कर्म का गान करते और कहते हुए आये ॥ ३ ॥

जैसे चारणों की उत्पत्ति देवताओं में हुई तैसे ही इनका आचार व्यवहार भी देवताओं के सदृश ही रहा सो श्रीमद्भागवत के उपरोक्त प्रमाणों से सिद्ध है ॥ अब आगे कुछ प्रमाण श्रीमद्वाल्मीकिरामायण के दियेजाते हैं—

श्रीमद्वाल्मीकिरामायण के प्रमाण

श्रीरामचंद्र महाराजका अवतार होने पर ब्रह्मा ने ऋषि-सिद्ध चारण आदि देवताओं को आज्ञा दी कि हमारे कल्याण के अर्थ विष्णुभगवान ने राजा दशरथ के यहां अवतार लिया है इस कारण तुम सब उनकी सहायता के अर्थ वानर

शरीर धारण करो, इसी आज्ञानुसार सब देवताओं ने अपने अपने अंश से वा नरयोनि में पुत्र उत्पन्न किये जिसके वृत्तांत का-बालकांड के सत्रहवें सर्ग का नवमां श्लोक यह है—

ऋषयश्च महात्मानः सिद्धविद्याधरोरगाः।
चारणाश्च सुतान्वीरान् ससृजुर्वनचारिणः॥९॥

अर्थ—महात्मा ऋषि, सिद्ध, विद्याधर, उरग और चारणों ने वानरों की योनि में अपने अपने अंश से वीर पुत्रों को पैदा किये ॥९॥

जब समुद्रमथन करने से अमृत निकला तब दैत्यों ने देवताओं से छीनलेना चाहा, तब विष्णु ने मोहिनी अवतार लेकर दैत्यों को पराजय करइन्द्रादिकों को अमृत दिया तब इन्द्र ने अपना राज्य पाकर चारणों के साथ ऋषिसंघों का पालन किया जिसका बालकाण्ड के ४५वें सर्ग का ४५ वां श्लोक यह हैः-

निहत्य दितिपुत्रांस्तु राज्यं प्राप्य पुरन्दरः।
शशास मुदितो लोकान् सर्षिसंघान्सचारणान्॥४५॥

अर्थ—इन्द्र ने दैत्यों को मारकर राज्य को प्राप्त होकर ऋषि समुदाय और चारणों सहित लोकों का हर्ष के साथ पालन किया ॥ ४५ ॥

गौतम ऋषि की स्त्री अहल्या से इन्द्र ने मुनि का वेषकर व्यभिचार करना चाहा और गौतम ने आकर यह दुराचार इन्द्र का जानकर इन्द्र को अफल होने का और अहल्या को शिलारूप होने का शाप दिया और अपने इस आश्रम को छोड़ जहां पर सिद्ध चारण रहते थे उस हिमालय के सुन्दर शिखर पर तप किया, जिसका वर्णन बालकाण्ड के ४५ वें सर्ग के ३३ वें श्लोक में इस प्रकार है

एवमुक्त्वा महातेजा गौतमो दुष्टचारिणीम्॥
इममाश्रममुत्सृज्य सिद्धचारणसेविते॥३३॥
हिमवच्छिखरे रम्ये तपस्तेपे महातपाः॥

अर्थ—महातेज गौतम अपनी दुष्ट आचरणवाली स्त्री को शाप देकर इस आश्रम को छोड सिद्ध और चारणों से सेवा कियेगये हिमालय के सुंदर शिखर पर तप करने लगे ॥ ३३ ॥

गौतम के शाप से अफल हुए इंद्र ने अग्नि आदि देवता, सिद्ध, गन्धर्व और चारणों को अपना अपराध कहकर उनके उद्योग से सफलता प्राप्त की जिसके बाल्मीकिरामायण के बालकाण्ड के ४९वें सर्ग के प्रारंभ से चार श्लोक ये हैंः-

अफलस्तु ततः शक्रो देवानग्निपुरोगमान्।

अब्रवीत्त्रस्तनयनः सिद्धगन्धर्वचारणान् ॥१॥
कुर्वता तपसो विघ्नं गौतमस्य महात्मनः ।
क्रोधमुत्पाद्य हि मया सुरकार्यमिदं कृतम् ॥२॥
अफलोऽस्मि कृतस्तेन क्रोधात्सा च निराकृता ।
शापमोक्षेण महता तपश्चापहृतं मया॥३॥
तस्मां सुरवराः सर्वे सर्षिसंघाः सचारणाः॥
सुरकार्यकरं यूयं सफलं कर्तुमर्हथ ॥४॥

अर्थ–तब अफल हुआ और डरे हुए नेत्रवाला इंद्र अग्नि आदि, सिद्ध, गन्धर्व और चारणदेवताओं से बोला ॥ १ महात्मा गौतम के तप में विघ्न करनेवाले मैंने क्रोध प्रकट कराके यह सुरकार्य किया ॥ २ ॥ उस महात्मा से मैं तो अफल (पुंस्त्वहीन) कियागया और क्रोध करके वह (अहल्या)छोडी गई भारी शाप के देने से मैंने उस गौतम का तप हरण किया ॥ ३ ॥ तिस कारण से ऋषि समुदाय सहित और चारणों सहित सब श्रेष्ठ देव मुझ सुरकार्य करनेवाले को आप लोक सफल करने को योग्य हैं ॥ ४ ॥

रामचंद्र ने धनुष तोड़ा इस प्रकरण में प्राचीन कथा लिखी है कि शिव और विष्णु से युद्ध हुआ वहां पर विष्णु ने हुंकार मात्र से शिव को स्तम्भित करदिया तब देवता, ऋषिसंघ और चारणों ने उनको समझाया जिसका बालकाण्ड के ७५वें सर्ग का १८ वां यह श्लोक है

हुंकारेण महादेवः स्तंभितोऽथ त्रिलोचनः।
देवैस्तदा समागम्य सर्षिसंघैः सचारणैः॥१८॥

अर्थ–हुंकार से तीन नेत्रवाले महादेव को जड़ कर दिया उस समय ऋषि और चारणों के साथ देवताओं ने आकर शांति की ॥ १८ ॥

वनवास में खर दूषण के साथ रामचन्द्र का युद्ध हुआ तब ऋषि, सिद्ध, गंधर्व, चारण आदि परस्पर रामचन्द्र के जय की इच्छा करनेलगे इस विषय में आरण्यकाण्डके २३ वें सर्गका २७ वां यह श्लोक है:–

ऋषयो देवगंधर्वाः सिद्धाश्च सह चारणैः।
समेत्य चोचुः सहितास्तेन्योन्यं पुण्यकर्मणाः॥२७॥

अर्थ—वह पुण्यकाम करनेवाले ऋषि,देव और गंधर्व सिद्धचारणों के साथ एकत्र होकर परस्पर कहनेलगे ॥ २८ ॥

जब खर दूषण आदि मारेगये तब रावण मारीच नामक राक्षस के पास गया इस विषय में मारीच के वन की शोभा का आरण्यकाण्ड के३५ वें सर्ग

का १५ वां श्लोक नीचे लिखाजाता है:-

जितकामैश्च सिद्धैश्च चारणैश्चोपशोभितम् ॥
आजैर्वैखानसैर्माषैर्बालखिल्यैर्मरीचिपैः॥१५॥

अर्थ—जीतलिया है कामदेव को जिन्होंने ऐसे सिद्ध और चारणों करके आज अर्थात् ब्रह्मा के पुत्र वैखानस जाति के, माप जाति के, वालखिल्य और मरीचिप ऋषियों करके सुशोभित है ॥ १५ ॥

जब रावण सीता को हरण कर लंका को गया तब सीता के ग्रसित होने पर समुद्र स्तम्भित होगया और चारण तथा सिद्ध कहने लगे कि अब रावण की मृत्यु आपहुँची इस प्रकरण का आरण्यकाण्ड के ५४ वें सर्ग का १० वां श्लोक नीचे लिखाजाता है-

वैदेह्यां ह्रियमाणायां बभूव वरुणालयः।
अन्तरिक्षगता वाचः ससृजुश्चारणास्तथा॥१०॥
एतदन्तो दशग्रीव इति सिद्धास्तदाब्रुवन् ॥

अर्थ—सीता के हरेजाने पर समुद्र स्तम्भित हुआ तब आकाशमें सिद्ध और चारण वचन बोले कि सीता का हरण होना ही रावण का अन्त है॥

सुग्रीव ने सीता को शोधने के लिये बानरों को आज्ञा दी कि समुद्र के बीच पुष्पितक पर्वत है वहां पर शोधन करो इस विषय का किष्किन्धाकांड के ४१ वें सर्ग का २८ वां श्लोक नीचे लिखाजाता है:-

तमतिक्रम्य लक्ष्मीवान् समुद्रे शतयोजने ।
गिरिः पुष्पितको नाम सिद्धचारणसेवितः॥२८॥

अर्थ—पूर्वोक्त स्थल उल्लंघन करके शतयोजन समुद्र में सिद्ध और चारणों से सेवित लक्ष्मीवान् पुष्पितक पर्वत है ॥ २८ ॥

लंका दहन हुए पीछे हनुमान को स्वयं पश्चात्ताप उत्पन्न हुआ कि इस अग्नि से सीता का दाह होगया होगा तो उसके शोक से रामलक्ष्मणादि सब नाश को प्राप्त होवेंगे और इनके शोक से सुग्रीव अङ्गद भी मरजावेंगे तो इस दोष का मुख्य कर्ता मैं हुआ सो इनसे पहले मैं आत्मघात करलूं तो ठीक है ऐसे पश्चात्ताप करतेहुए हनुमान् ने चारण ऋषियों के मुख से सुना कि लंका का दाह हुआ परन्तु सीता का नहीं हुआ यह हमको आश्चर्य है इसविषय के सुन्दर काण्डके ५५ वें सर्ग के २९ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं

स तथा चिन्तयंस्तत्र देव्या धर्मपरिग्रहम् ।
शुश्राव हनुमांस्तत्र चारणानां महात्मनाम् ॥२९॥

अहो खलु कृतं कर्म दुर्विगाहं हनूमता ।
अग्निं विसृजता तीक्ष्णं भीमं राक्षससद्मनि ॥३०॥
प्रपलायितरक्षःस्त्रीबालवृद्धसमाकुला ।
जनकोलाहलाध्माता क्रन्दतीवाद्रिकन्दरैः॥३१॥
दग्धेयं नगरी लङ्का साट्टप्राकारतोरणा ।
जानकी न च दग्धेति विस्मयोऽद्भुत एव नः॥३२॥
इति शुश्राव हनुमान् वाचं ताममृतोपमाम् ।
बभूव चास्य मनसो हर्षस्तत्कालसम्भवः ॥३३॥
स निमित्तैश्च दृष्टार्थैः कारणैश्च महागुणैः।
ऋषिवाक्यैश्च हनुमानभवत्प्रीतमानसः ॥३४॥

अर्थ– चिन्ता करतेहुए उस हनुमान् ने वहां सीता का धर्म संरक्षण महात्मा चारणों की वाणी से सुना ॥ २९ ॥ आश्चर्य है कि राक्षसों के घर में तेज अग्नि लगानेवाले हनुमान् ने निस्सन्देह भयानक और कठिन कार्य किया है ।३०। जनों के कोलाहल शब्द से पर्वत की गुफाओं के समान शब्दित व बालक और वृद्धों से व्याकुल भागती हैं राक्षसों की स्त्रियें जिससे ॥३१॥ ऐसी अटारियें, कोट, दरवाजे सहित यह लङ्का पुरी दग्ध हुई परन्तु सीता नहीं दग्ध हुई यह हमको अद्भुत आश्चर्य है ॥ ३२ ॥ इस प्रकार चारणों की कहीहुई उस अमृत के समान वाणी को हनुमान् ने सुनी और इस हनुमान् के चित्त में तत्काल हर्ष हुआ ॥ ३३ ॥ देखे हुए अर्थ अर्थात् जिनके फल अनेकवार देखगये ऐसे शुकनों से, बड़े गुणवाले कारणों से अर्थात् सीता के पतिव्रतादि धर्म के कारणों से और चारणऋषियों के वचन से हनुमान् का चित्त प्रीतियुक्त हुआ ॥

फिर हनुमान् लंका को उल्लंघन करके पीछा अङ्गदादिक वानरों के पास आया तब उन्होंने पूछा है कि तुम किस प्रकार गये और किस प्रकार आये तो वहां पर हनुमान् ने सब वृत्तांत कहा उसमें यह भी कथा कही कि मैं लंका को जलाकर समुद्र के किनारे पर आया तब मैंने सोचा कि सब लंका जली तब सीता भी जलगई तो मुझ को मरना चाहिये यह विचारके मैं बैठा तब चारणों ने कहा कि जानकी नहीं जली है इस प्रकरण के सुन्दरकांड के ५८ वें सर्ग के १६१—१६२ वें श्लोक नीचे लिखे जाते हैं–

इति शोकसमाविष्टश्चिन्तामहमुपागतः ।
ततोऽहं वाचमश्रौषं चारणानां शुभाक्षराम् ॥१६१॥

जानकी न च दग्धेति विस्मयोदन्तभाषिणाम् ॥

ततो मे बुद्धिरुत्पन्ना श्रुत्वा तामद्भुतां गिरम् ॥ १६२ ॥

अर्थ—जब मैं इसप्रकार के शोक में पड़ा और चिन्ता को प्राप्त हुआ तो आश्चर्य के वृत्तान्त कहनेवाले चारणों से ये सुन्दर वचन सुने कि सीता नहीं जली फिर इस अद्भुत वार्त्ता को सुनकर मुझे बुद्धि पैदा हुई ॥ १६२ ॥

जब रामचन्द्र ने रावण को मारा तब रावण की ज्येष्ठपत्नी मन्दोदरी का रुदन वर्णन किया है वहां के युद्धकाण्डके ११३ वें सर्ग के ४ और ५ वें श्लोक नीचेलिखते हैं

ऋषयश्च महान्तोपि गन्धर्व्वाश्च यशस्विनः ॥

ननु नाम ततोद्वेगाच्चारणाश्च दिशो गताः ॥ ४ ॥

स त्वं मानुषमात्रेण रामेण युधि निर्जितः ।

न व्यपत्रपसे राजन् किमिदं राक्षसेश्वर॥ ५ ॥

अर्थ–बडे बडे ऋषि और यशवाले गन्धर्व और चारण यह सब तुमसे घबराकर निस्सन्देह दिशाओं में चलेगये सो तू ऐसा पराक्रमी है राक्षसों का ईश्वर केवल एक मनुष्यमात्र से रण में जीतागया सो यह क्या बात है कि तू लज्जित नहीं होता ॥ ५ ॥

जब रावण वरदान से मानी होकर चन्द्रलोक में विजय करने को गया तो मार्ग में जो लोक आये हैं उनमें चारणों का भी लोक आया है, जिसके प्रमाण में उत्तरकाण्ड के ४ सर्ग के ४ और ५ वें श्लोक नीचे लिखजाते हैं-

अथ गत्वा तृतीयं तु वायोः पन्थानमुत्तमम्॥४॥

नित्यं यत्र स्थिताः सिद्धाश्चारणाश्च मनस्विनः ॥

दशैव तु सहस्राणि योजनानां तथैव च ॥५॥

अर्थ–इसके आगे वायु के उत्तम तीसरे मार्ग में गया वहां विद्वान्, सिद्ध, चारण सदैव निवास करते हैं और वह मार्ग दश हजार योजन का है ।४।५।

सहस्रार्जुन ने रावण को हजार हाथों से पकड़के बांध दिया उस समय में देवताओं ने पुष्पवृष्टि की है जिसका उत्तरकाण्ड के ३२ वें सर्गका ६५ वां श्लोक यह है

बध्यमाने दशग्रीवे सिद्धचारणदेवताः ॥

साध्वीतिवादिनः पुष्पैः किरन्त्यर्ज्जुनमूर्द्धनि ॥ ६५ ॥

अर्थ—रावण के बांधेजाने पर अच्छा कहनेवाले सिद्ध और चारण देवता

ओं ने अर्जुन के सिर पर पुष्पवृष्टि की ॥ ६६ ॥

उक्त रीति के और भी प्रमाण वाल्मीकिय रामायण में उपस्थित हैं परन्तु विस्तार के भय से यहां थोड़े से आवश्यक प्रमाण देकर आगे महाभारत के प्रमाण भी संक्षेप रूप से देते हैं ॥

श्रीमहाभारतकेप्रमाण

राजा पांडु तपश्चर्या करने को इन्द्रद्युम्न सर और हेमकूट को छोड़कर शतशृङ्ग नामक पर्वत में गया जहांके वर्णन का आदिपर्व के १२० वें अध्यायका पहला श्लोक है

तत्रापि तपसि श्रेष्ठे वर्त्तमानः स वीर्यवान् ।
सिद्धचारणसंघानां बभूव प्रियदर्शनः ॥ १ ॥

अर्थ—श्रेष्ठ तपश्चर्या में प्रवृत्त होता हुआ वह पराक्रमी पांडु राजा सिद्ध चारण लोगों के समूह का प्रीतिपात्र (प्यारा) हुआ ॥ १ ॥

वहां तपस्या करने पर जब राजा पांडु का देहान्त हुआ तब इन्हीं चारण ऋषियों ने संमति करके पांडु के पाँचों ही पुत्रों को और कुन्ती को साथ लेकर हस्तिनापुर में आकर द्वारपालों को कहा कि राजा को सूचना करो कि ऋषिलोक आये हैं और उन्होंने जाकर राजा से निवेदन किया तब द्वारपालों से यह बात सुनके भीष्म, धृतराष्ट्र और दुर्योधनादिक उनके पुत्र और सत्यवती देवी और गान्धारी से आदि लेकर सब स्त्रियें और समस्त नगर के लोक उन ऋषियों के पास गये वहां जाकर भीष्म ने राज्य और देश का वृत्तांत निवेदन किया तब उनमें से एक वृद्धतम ऋषिने खड़ा होकर सब ऋषियों की सम्मति से जो वृत्तांत कहा वे आदिपर्व के १२६ अध्याय के १ से लेकर ३५ तक के ये श्लोक हैं;—वैशम्पायन उवाच

पाण्डारूपरमं दृष्ट्वा देवकल्पा महर्षयः ॥
ततो मन्त्रविदः सर्वे मन्त्रयांचक्रिरे मिथः ॥ १ ॥

अर्थ—वैशम्पायन बोले । राजा पांडु के विनाश को देखकर सलाह के जाननेवाले देवताओं के सदृश महर्षि लोक आपस में सलाह करनेलगे ॥ १ ॥

॥ तापसा ऊचुः ॥

हित्वा राज्यं च राष्ट्रं च स महात्मा महायशाः ।
अस्मिन् स्थाने तपस्तप्त्वा तापसान् शरणं गतः ॥ २ ॥

अर्थ—तपस्वी बोले ॥ वह बडा यशधारी महात्मा अपने देश और राज्य को छोडकर इस स्थान में तपस्या करके तपस्वियों के शरण गया ॥ २ ॥

स जातमात्रान् पुत्रांश्च दारांश्च भवतामिह ॥
प्रदायोपनिधिं राजा पांडुः स्वर्गमितो गतः ॥ ३ ॥

अर्थ—वह पांडु राजा सब अपने पुत्र और स्त्री को यहां पर आपलोगों के भरोसे छोडकर स्वर्ग गया ॥ ३ ॥

तस्येमानात्मजान्देहं भार्यां च सुमहात्मनः ।
स्वराष्ट्रं गृह्य गच्छामो धर्म एष हि नः स्मृतः ॥ ४ ॥

अर्थ—उस महात्मा के अस्थि और इन पुत्र और स्त्री को लेकर स्वदेश को चलें यही हमलोगों का धर्म है ॥ ४ ॥

वैशम्पायन उवाच

ते परस्परमामन्त्र्य देवकल्पा महर्षयः ।
पांडोः पुत्रान्पुरस्कृत्य नगरं नागसाह्वयम् ॥ ५ ॥
उदारमनसः सिद्धा गमने चक्रिरे मनः ।
भीष्माय पांडवान्दातुं धृतराष्ट्राय चैव हि ॥ ६ ॥

अर्थ—वैशम्पायन बोले ॥ वे देवताओं के सदृश महर्षि लोक आपस में सलाह करके पांडु के पुत्रों को आगे करके हस्तिनापुर को चले ।५। उन सिद्धि को प्राप्त हुए उदारमनवालों ने पांडवों को भीष्म और धृतराष्ट्र को देने के हेतु चलने में मन किया ॥ ६ ॥

तस्मिन्नेव क्षणे सर्वे तानादाय प्रतस्थिरे ।
पांडोर्दारांश्च पुत्रांश्च शरीरं ते च तापसाः ॥ ७ ॥

अर्थ—उसीक्षण में वे सब तपस्वी पांडु के पुत्रों और स्त्री और दोनों दग्ध शरीरों की अस्थियों को लेकर चले ॥ ७ ॥

सुखिनी सा पुरा भूत्वा सततं पुत्रवत्सला ।
प्रपन्ना दीर्घमध्वानं संक्षिप्तं तदमन्यत ॥ ८ ॥

अर्थ—वह सदैव पुत्रों में प्रेम रखनेवाली और सुख को प्राप्त होनेवाली कुंती सबके आगे रहकर लम्बे मार्ग में प्राप्त है तो भी उसको छोटा मानती हुई।८।

सा त्वदीर्घेण कालेन संप्राप्ता कुरुजांगलम् ।
वर्द्धमानपुरद्वारमाससाद यशस्विनी ॥ ९ ॥

अर्थ—वह यशवाली कुन्ती थोड़े ही समय में कुरुजांगल देश को प्राप्त होकर मुख्यद्वार को पहुंची ॥ ९ ॥

द्वारिणं तापसा ऊचू राजानं च प्रकाशय ।
ते तु गत्वा क्षणेनैव सभायां विनिवेदिताः ॥ १० ॥

अर्थ—तपस्वीलोगों ने द्वारपाल से कहा कि राजा को जनावो और वे स

च चणभर में सभा में जनायेगये ॥ १० ॥

तं चारणसहस्राणां मुनीनामागमं तदा ।
श्रुत्वा नागपुरे नृणां विस्मयः समपद्यत ॥ ११ ॥

अर्थ—उस हजारों चारणमुनियों के आगम को सुनकर हस्तिनापुर में मनुष्यों को आश्चर्य हुआ ॥ ११ ॥

मुहूर्तोदित आदित्ये सर्वे बालपुरस्कृताः ।
सदारास्तांपसान्द्रष्टुं निर्ययुः पुरवासिनः ॥ १२ ॥

अर्थ—दो घड़ी दिन चढने पर सब पुरवासी बालकों को आगे करके स्त्रियों सहित उन तपस्वियों को देखने के लिये निकले ॥ १२ ॥

स्त्रीसंघाः क्षत्रसंघाश्च यानसंघं समास्थिताः
ब्राह्मणैः सह निर्जग्मुर्ब्राह्मणानां च योषितः ॥ १३॥

अर्थ—स्त्रियों के समूह और क्षत्रियों के समूह सवारियों पर चढेहुए तथा ब्राह्मणों के साथ ब्राह्मणों की स्त्रियें ये सब चले ॥ १३ ॥

तथा विट्शूद्रसंघानां महान् व्यतिकरोऽभवत् ।
न कश्चिदकरोदीर्ष्यामभवन् धर्मबुद्धयः ॥ १४ ॥

अर्थ—इसी प्रकार से वैश्य और शूद्रों के समूहों की बड़ी भारी भीड़ हुई और सब धर्मबुद्धि में हुए किसीने किसीसे ईर्षा नहीं की ॥ १४ ॥

तथा भीष्मः शान्तनवः सोमदत्तोऽथ बाल्हिकः ।
प्रज्ञाचक्षुश्च राजर्षिः क्षत्ता च विदुरः स्वयम् ॥ १५ ॥
सा च सत्यवती देवी कौशल्या च यशस्विनी ।
राजदारैः परिवृता गान्धारी चापि निर्ययौ ॥ १६ ॥

अर्थ—इसीप्रकार शन्तनु का पुत्र भीष्म, सोमदत्त, बाल्हिक और राजर्षि धृतराष्ट्र और दासीपुत्र विदुर और वह सत्यवती देवी, यशवाली काशिराज की पुत्री कौशल्या ये दोनों और राज स्त्रियों से घिरीहुई गान्धारी भी गई।१६।

धृतराष्ट्रस्य दायादा दुर्योधनपुरोगमाः ।
भूषिता भूषणैश्चित्रैः शतसंख्या विनिर्ययुः ॥ १७ ॥

अर्थ—दुर्योधन को आदिलेकर धृतराष्ट्र के सौ पुत्र नानाप्रकारके भूषणों से भूषित हुए निकले ॥ १७ ॥

तान्महर्षिगणान्दृष्ट्वा शिरोभिरभिवाद्य च ।
उपोपविविशुः सर्वे कौरव्याः सपुरोहिताः ॥ १८ ॥

अर्थ—उन महर्षिगणों को देखकर और शिरों से नमस्कार करके पुरोहित के साथ सब कौरव चारों ओर बैठे ॥ १८ ॥

तथैव शिरसा भूमावभिवाद्य प्रणम्य च ।
उपोपविविशुः सर्वे पौरजानपदा अपि ॥ १९ ॥

अर्थ—इसीप्रकार भूमि से शिरलगाकर अभिवादन अर्थात् अपने नामोच्चारणों के साथ नमस्कार और प्रणाम (आठ अंगों सहित कियाजावे उसको प्रणाम कहते हैं) करके पुरवासी और देश के सब लोग भी चारों ओर बैठे ।१९

तमकूजमभिज्ञाय जनौघं सर्वशस्तदा ।
पूजयित्वा यथान्यायं पाद्येनार्घ्येण च प्रभो ॥ २० ॥

अर्थ—हे महाराज चारों ओर उस जन समुदाय को चुपचाप जानकर यथायोग्य पाद्य और अर्घ्य से पूजन करके ॥ २० ॥

भीष्मो राज्यं च राष्ट्रं च महर्षिभ्यो न्यवेदयत् ।
तेषामथो वृद्धतमः प्रत्युत्थाय जटाजिनी ॥
ऋषीणां मतमाज्ञाय महर्षिरिदमब्रवीत् ॥ २१ ॥

अर्थ—भीष्म ने राज्य और देश को महर्षियों के अर्थ निवेदन किया तदनन्तर उन महर्षियों में से बडी भारी जटावाला एक बडा वृद्ध महर्षि खड़ा होकर ऋषियों के अभिप्राय को जानकर यह बोला ॥ २१ ॥

यः स कौरव्यदायादः पांडुर्नाम नराधिपः ।
कामभोगान्परित्यज्य शतशृंगमितो गतः ॥ २२ ॥

अर्थ—जो कौरवों का दायभागी पांडु नामक राजा था वह मनोवाञ्छित भोगों को छोडकर यहां से शतशृंग नामक पर्वत को गया था ॥ २२ ॥

ब्रह्मचर्यव्रतस्थस्य तस्य दिव्येन हेतुना ।
साक्षाद्धर्मादयं पुत्रस्तत्र जातो युधिष्ठिरः ॥ २३ ॥

अर्थ—उस ब्रह्मचर्यव्रत में रहनेवाले पांडु के दिव्यहेतु अर्थात् मन्त्रद्वारा देवताऽऽव्हान कारण से, साक्षात् धर्म से यह युधिष्ठिर पुत्र वहां उत्पन्न हुआ।

तथैनं बलिनां श्रेष्ठं तस्य राज्ञो महात्मनः ॥
मातरिश्वा ददौ पुत्रं भीमं नाम महाबलम् ॥ २४ ॥

अर्थ—इसीतरह उस महात्मा राजा को बलियों में श्रेष्ठ बडे बलवान् इस भीम नामक पुत्र को मातरिश्वा (पवन) ने दिया ॥२४ ॥

पुरुहूतादयं जज्ञे कुंत्यामेव धनंजयः ॥

यस्य कीर्तिर्महेष्वासान् सर्वानभिभविष्यति ॥ २५ ॥

अर्थ—वह धनंजय कुन्ती से पुरुहूत (इंद्र) से पैदा हुआ जिस धनंजय की कीर्ति सम्पूर्ण बडे धनुषवाले वीरों को दबावेगी ॥ २५ ॥

यौ तु माद्री महेष्वासावसूत पुरुषोत्तमौ ।
अश्विभ्यां पुरुषव्याघ्राविमौ तावपि पश्यत ॥ २६ ॥

अर्थ—जिन बडे धनुषवाले उत्तम पुरुषों को माद्री ने जने हैं वे दोनों ये पुरुषव्याघ्र अर्थात् पुरुषों में सिंह समान अश्विनीकुमारों से हैं तिनको भी देखो ॥२६॥

चरता धर्मनित्येन वनवासं यशस्विना ।
नष्टः पैतामहो वंशः पांडुना पुनरुद्धृतः ॥ २७ ॥

अर्थ—सदैव धर्म में रहनेवाले वनवासी यशवान् पांडु ने नष्टहुए पितामह (शंतनु) के वंश का फिर से उद्धार किया ॥ २७ ॥

पुत्राणां जन्मवृद्धिं च वैदिकाध्ययनानि च ।
पश्यन्तः सततं पांडोः परां प्रीतिमवाप्स्यथ ॥ २८ ॥

अर्थ—पुत्रों की जन्मवृद्धि और वेद का पढना निरन्तर देखतेहुए पांडुकी परमप्रीति को प्राप्त होवोगे ॥ २८ ॥

वर्त्तमानः सतां वृत्ते पुत्रलाभमवाप्य च ।
पितृलोकं गतः पांडुरितः सप्तदशेऽहनि ॥ २९ ॥

अर्थ—सत्पुरुषों के आचरण में रहनेवाले पांडु को पुत्रलाभ प्राप्त होकर इस संसार से पितृलोक गये सत्रह दिन हुए ॥ २९ ॥

तं चितागतमाज्ञाय वैश्वानरमुखे हुतम् ।
प्रविष्टा पावकं माद्री हित्वा जीवितमात्मनः ॥ ३० ॥

अर्थ—उस अग्नि के मुख में हवन कियेहुए पांडु को चिता में गया हुआ जानकर माद्री ने अपने जीवन को छोड अग्नि में प्रवेश किया ॥ ३० ॥

सा गता सह तेनैव पतिलोकमनुव्रता ।
तस्यास्तस्य च यत्कार्यं क्रियतां तदनन्तरम् ॥ ३० ॥

अर्थ—वह माद्री सतीधर्म को पालन करतीहुई उस पांडु के साथ ही पतिलोक को गई तिस माद्री का और उस पांडु का इसके आगे का जो कार्य करना हो सो करो ॥ ३१ ॥

इमे तयोः शरीरे द्वे पुत्राश्चेमे तयोर्वराः ।
क्रियाभिरनुगृह्यन्तां सहमात्रा परंतपाः ॥ ३२ ॥

अर्थ—उन दोनों के ये शरीर (अस्थि) और उन दोनों के ये पराक्रमी श्रेष्ठ पुत्र माताके साथ हैं तिनपर उत्तर क्रियाओं से अनुग्रह करो ॥ ३१ ॥

प्रेतकार्ये निवृत्ते तु पितृमेधं महायशाः ।
लभतां सर्वधर्मज्ञः पांडुः कुरुकुलोद्वहः ॥ ३३ ॥

अर्थ—प्रेतकार्य निवृत्त होने पर महायशवाला धर्म को जाननेवाला कुरुकुल को धारण करनेवाला पांडु पितृयज्ञ को प्राप्त होवे ॥ ३३ ॥

॥ वैशम्पायन उवाच ॥

एवमुक्त्वा कुरून्सर्वान् कुरूणामेव पश्यताम् ॥
क्षणेनांतर्हिताः सर्वे तापसा गुह्यकैः सह ॥ ३४ ॥

अर्थ—वैशम्पायन बोले, इसप्रकार सब कौरवों को कहकर कौरवों के देखते ही देखते क्षणभर में गुह्यकों के साथ सर्वतपस्वी अन्तर्ध्यान होगये ॥ ३४ ॥

गन्धर्वनगराकारं तथैवांतर्हितं पुनः ।
ऋषिसिद्धगणं दृष्ट्वा विस्मयं ते परं ययुः ॥ ३५ ॥

अर्थ—फिर वैसे ही गन्धर्वनगर के सदृश अन्तर्ध्यान हुए ऋषि और सिद्धों के समुदाय को देखकर वे कौरव बडे आश्चर्य को प्राप्त हुए ॥ ३५ ॥

जब द्रौपदी का स्वयम्बर रचागया तब कईराजा और कईदेवता इकट्ठे हुए उस समय देवर्षि चारण आदि भी इकट्ठे हुए थे इस विषय का आदिपर्व के १८७ वें अध्याय के ७ वें अङ्क का श्लोक नीचे लिखाजाता है

दैत्याः सुपर्णाश्च महोरगाश्च देवर्षयो गुह्यकचारणाश्च ।
विश्वावसुर्नारदपर्वतौ च गन्धर्वमुख्याः सहसाप्सरोभिः ॥ ७ ॥

अर्थ—दैत्य, गरुड, बडेनाग, देवर्षि, गुह्यक, चारण, विश्वावसु, नारद मुनि, पर्वतमुनि और गंधर्व मुख्य अप्सराओं के साथ अकस्मात् (प्राप्त हुए) ॥ ७ ॥

राजा युधिष्टिर ने सूर्य की स्तुति की उस प्रकरण का वनपर्व के ३ अध्याय का ४० वां श्लोक नीचे लिखाजाता है

तव दिव्यं रथं यातमनुयान्ति वरार्थिनः ।
सिद्धचारणगन्धर्वा यक्षगुह्यकपन्नगाः ॥ ४० ॥

अर्थ—हे सूर्य! तुम्हारे चलतेहुए दिव्य रथ के पीछे वरदान की इच्छा से सिद्ध, चारण, गन्धर्व, यक्ष, गुह्यक और सर्प चलते हैं ॥ ४० ॥

युधिष्टिर की आज्ञा से अर्जुन महादेव और इंद्र को देखने के लिये उत्तर दिशा में हिमालय के शिखर की ओर गया वहां पर मार्ग में एक वन आया जो अनेक मृग, पुष्प, फल से युक्त और सिद्ध व चारणों से सेवित था. इस

विषय के वनपर्व के ३८ वें अध्याय के १२वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं

युधिष्ठिरनियोगात्स जगामामिततविक्रमः ।
शक्रं सुरेश्वरं द्रष्टुं देवदेवं च शंकरम् ॥ १२ ॥
दिव्यं तद्धनुरादाय खड्गं च कनकत्सरुम् ।
महाबलो महाबाहुरर्जुनः कार्यसिद्धये ॥ १३ ॥
दिशं ह्युदीचीं कौरव्यो हिमवच्छिखरं प्रति ।
ऐंद्रिः स्थिरमना राजन् सर्वलोकमहारथः ॥ १४ ॥
त्वरया परया युक्तस्तपसे धृतनिश्चयः ।
वनं कंटकितं घोरमेक एवान्वपद्यत ॥ १५ ॥
नानापुष्पफलोपेतं नानापक्षिनिषेवितम् ।
नानामृगगणाकीर्णं सिद्धचारणसेवितम् ॥ १६ ॥

अर्थ- हे राजा! युधिष्टिर की आज्ञा से वह दृढ चित्तवाला सम्पूर्ण लोक में एक महारथी इन्द्र का बेटा महापराक्रमी महाबाहु बडा बलवान् अर्जुन कार्य सिद्धि के लिये उत्तम धनुष और सोने की मूठ की तरवार लेकर उत्तर दिशा को हिमालय पर्वत की चोटी की तरफ देवताओं के अधिपति इंद्र और देवों के देव महादेव के दर्शन के हेतु गया ॥१२॥१३॥ १४॥ तप के लिये निश्चय कर अकेला ही बडी शीघ्रता के साथ भयानक कटीले वन में प्राप्त हुआ ॥ १५ ॥ जो वन भांति भांति के फल और पुष्पों से युक्त अनेक पक्षियों से शोभित, अनेक मृगसमुदाय से भरा और सिद्ध, चारणों से सेवित है ॥ १६ ॥

अर्जुन इन्द्र की पुरी को पहुंचा तो जो पुरी सुंदर सिद्ध, चारणों से सेवित है और सर्वऋतु के वृक्ष, पुष्प आदि से सुशोभित है, उसको देखी इसके प्रमाण में वनपर्व के ४३ वें अध्याय के आदि का श्लोक नीचे लिखाजाता है-

ददर्श स पुरीं रम्यां सिद्धचारणसेवितां ।
सर्वर्तुकुसुमैः पुण्यैः पादपैरुपशोभिताम् ॥ १ ॥

अर्थ-उस अर्जुन ने सुंदर सिद्ध, चारणों से सेवा कीहुई और सर्वऋतु के पुष्पोंवाले पवित्र वृक्षों से शोभित अमरावती पुरी को देखी ॥ १ ॥

उर्वशी ने अर्जुन को कहा कि हे पार्थ इंद्र की सभा में इतने देवता स्थित थे उस समय तूने मेरी ओर अनिमेष होके देखा था उस प्रकरण के वनपर्व के ४६ वें अध्याय के २४ वां और पचीसवां दो श्लोक नीचे लिखते हैं

रुद्राणां चैव सान्निध्यमादित्यानां च सर्वशः ।

समागमेऽश्विनोश्चैव वसूनां च नरोत्तम ॥ २४ ॥

अर्थ–हे मनुष्यों में उत्तम! रुद्रों के समीप और सब आदित्यों, अश्विनीकुमारों और वसुदेवताओं के मेल में ॥ २४ ॥

महर्षीणां च संघेषु राजर्षिप्रवरेषु च ।
सिद्धचारणयक्षेषु महोरगगणेषु च ॥ २५ ॥

अर्थ–महर्षियों के समूहों में तथा श्रेष्ठ राजर्षियों में और सिद्ध, चारण, यक्ष, व बड़े उरग समुदायों में तुमने मेरे सामने देखा है ॥ २५ ॥

जब इंद्र के अर्द्ध आसन पर अर्जुन को बैठा देख लोमश को अचरज हुआ तब इंद्र ने कहा कि यह मनुष्य नहीं, परन्तु मेरा पुत्र और नरनारायण का अवतार है जिसका निवास उस बद्रिकाश्रम में है कि जहां से सिद्ध, चारणों से सेवा की हुई गंगा निकली है इस विषय के वनपर्व के ४७ वें अध्याय के १० वें श्लोक से लेकर १३ तक नीचे लिखते हैं–

ताविमावनुजानीहि हृषीकेशधनंजयौ ।
विख्यातौ त्रिषु लोकेषु नरनारायणावृषी ॥ १० ॥
कार्यार्थमवतीर्णौ तौ पृथ्वीं पुण्यप्रतिश्रयाम् ॥
यन्न शक्यं सुरैर्द्रष्टुमृषिभिर्वा महात्मभिः ॥ ११ ॥
तदाश्रमपदं पुण्यं बदरी नाम विश्रुतम् ॥
स निवासोऽभवद्विप्र विष्णोर्जिष्णोस्तथैव च ॥ १२ ॥
यतः प्रववृते गङ्गा सिद्धचारणसेविता ॥ १३ ॥

अर्थ–तीनों लोकों में प्रसिद्ध जो नरनारायण हैं, तिनको हृषीकेश (कृष्ण) और धनंजय (अर्जुन) जानो ॥ १० ॥ कार्य के लिये ये दोनों पुण्य पवित्र पृथ्वी पर अवतरे हैं, जो आश्रम महात्मा ऋषि और देवताओं के देखने को अशक्य है ॥ ११ ॥ वह पुण्य स्वरूप बद्रिकाश्रम नाम से प्रसिद्ध है, वह आश्रम विष्णु का वैसे ही अर्जुन का निवासस्थान हुआ और जिस आश्रम से सिद्ध, चारणों से सेवन की हुई गंगा निकली है ॥ १३ ॥

अगस्त्यऋषि ने राजा युधिष्ठिर के आगे कुरुक्षेत्र की और सरस्वती की प्रशंसा की है उस प्रकरण का वनपर्व के ८३ वें अध्याय का पांचवां श्लोक नीचे लिखाजाता है....

तत्र मासं वसेद्वीरः सरस्वत्यां युधिष्ठिर ।
यत्र ब्रह्मादयो देवा ऋषयः सिद्धचारणाः ॥ ५ ॥

अर्थ--हे युधिष्ठिर उस कुरुक्षेत्र में सरस्वती नदी के किनारे एक मास तक धीरजवाला मनुष्य बसै जहां पर ब्रह्मा को आदि लेकर देवता, ऋषि और सिद्ध चारण हैं ॥ ५ ॥

धौम्य ऋषि ने युधिष्ठिर को तीर्थों का माहात्म्य कहा है वहां वनपर्व के ८९ वें अध्याय के २ से लेकर ४ तक के श्लोक नीचे लिखते हैं....

प्रियंग्वाम्रवणोपेता वानीरफलमालिनी ।
प्रत्यक्स्रोता नदी पुण्या नर्मदा तत्र भारत ॥ २ ॥

अर्थ-हे भरतवंशी राजा वहां पर प्रियंगु और आमों के वनों से युक्त वानीर वृक्षों के फलों की मालावाली और पश्चिमदिशा में बहनेवाली पवित्र नर्मदा नदी है ॥ २ ॥

त्रैलोक्ये यानि तीर्थानि पुण्यान्यायतनानि च ।
सरिद्वनानि शैलेन्द्रा देवाश्च सपितामहाः ॥ ३ ॥

अर्थ-जो त्रैलोक्य में तीर्थ हैं वा पुण्यस्थान नदी, वन, पर्वत और ब्रह्मादिक देवता हैं ॥ ३ ॥

नर्मदायां कुरुश्रेष्ठ सह सिद्धर्षिचारणैः ।
स्नातुमायान्ति पुण्यौघैः सदा वारिषु भारत ॥ ४ ॥

अर्थ-हे कौरवों में उत्तमराजा, हे भारत! वे सब सिद्ध, ऋषि, चारणों के पवित्र समूहों के साथ सदैव नर्मदा में स्नान करने को आते हैं ॥ ४ ॥

युधिष्ठिर ने तीर्थाटन करतेहुए बदरिकाश्रम के मार्ग से कुबेर के भवन को देखने की इच्छा की तब आकाशवाणी से कहागया कि इस मार्ग से नहीं जासकेगा पीछा बदरीस्थान में जाकर वृषपर्वा के आश्रम में जावेगा तो वहां से कुबेर का भवन देखेगा इस विषय के वनपर्व के १५६ वें अध्याय के १३ वें श्लोक से १६ तक नीचे लिखेजाते हैं-

॥ वैशंपायन उवाच ॥

एवं ब्रुवति राजेन्द्र वागुवाचाशरीरिणी ।
न शक्यो दुर्गमो गन्तुमितो वैश्रवणाश्रमात् ॥ १४ ॥
अनेनैव पथा राजन् प्रतिगच्छ यथागतम् ।
नरनारायणस्थानं बदरीत्यभिविश्रुतम् ॥ १४ ॥
तस्माद्यास्यसि कौन्तेय सिद्धचारणसेवितम् ।
बहुपुष्पफलं रम्यमाश्रमं वृषपर्वणः ॥ १५ ॥

अतिक्रम्य च तं पार्थ त्वार्ष्टिषेणाश्रमे वसेः ।
ततो द्रक्ष्यसि कौन्तेय निवेशं धनदस्य च ॥ १६ ॥

अर्थ-वैशम्पायन बोले, इस प्रकार राजा युधिष्टिर के बोलने पर बिना शरीरवाली (आकाशवाणी) हुई कि यह कठिन मार्ग जाने के योग्य नहीं इसकारण से जिस मार्ग से आया उसी मार्ग से हे राजा कुबेर के आश्रय से पीछा बदरिकाश्रम के नाम से प्रसिद्ध जो नरनारायण का स्थान है वहां जा ॥ १५ ॥ हे कुंतीपुत्र तहां से बहुत हैं पुष्प और फल जिसमें ऐसा प्रसिद्ध चारणों से सेवित मनोहर जो वृषपर्वा का आश्रम है वहां जावेगा ॥ १५ ॥ हे पृथाके पुत्र उसके आगे चलकर आर्ष्टिषेण के आश्रम में निवास करेगा तब हे कुंतीपुत्र कुबेर के स्थान को देखेगा ॥ १६ ॥

राजा ययाति के स्वर्ग से भ्रष्ट होने से अपलज्ज होकर उसके दौहित्रों ने पुत्र कार्य करके पीछा उसको स्वर्ग पहुंचाया और वहां पर देवता ऋषि तथा चारणों ने उत्तम अर्घ्य से अर्चन किया इस विषय के उद्योगपर्व के १२३ वें अध्याय के आदि से ५ श्लोक नीचे लिखेजाते हैं-

॥ नारद उवाच ॥

सद्भिरारोपितः स्वर्गं पार्थिवैर्भूरिदक्षिणैः ।
अभ्यनुज्ञाय दौहित्रान्ययातिर्दिवमास्थितः ॥ १ ॥
अभिवृष्टश्च वर्षेण नानापुष्पसुगन्धिना ।
परिष्वक्तश्च पुण्येन वायुना पुण्यगंधिना ॥ २ ॥
अचलं स्थानमासाद्य दौहित्रफलनिर्जितम् ।
कर्मभिः स्वैरुपचितो जज्वाल परया श्रिया ॥ ३ ॥
उपगीतोपनृत्तश्च गन्धर्वाप्सरसां गणैः ।
प्रीत्या प्रतिगृहीतश्च स्वर्गे दुन्दुभिनिस्वनैः ॥ ४ ॥
अभिष्टुतश्च विविधैर्देवराजर्षिचारणैः ।
अर्चितश्चोत्तमार्घ्येण दैवतैरभिनन्दितः ॥ ५ ॥

अर्थ- नारद बोले, बहुत दक्षिणा देनेवाले उन श्रेष्ठराजाओं से स्वर्गारोहण करनेवाला वह ययाति राजा दौहित्रों की अनुमति से स्वर्ग में स्थित हुआ ॥ १ ॥ अनेक सुगन्धित पुष्पों की वर्षा से आच्छादित और सुंदर सुगन्धिवाले पवित्र वायु से सेवित ॥ २ ॥ वह राजा ययाति दौहित्रों के पुण्यफल से जीतेगये अचल स्वर्गस्थान को प्राप्त होकर अपने कर्मों से बढताहुआ पूर्ण शोभा से शोभित हुआ ॥ ३ ॥ और गन्धर्व व अप्सराओं के गणके नाचने गान से प्रसन्न न-

गारों के शब्दों के साथ प्रीति से ग्रहण किया गया ॥४॥ अनेक देव, राजर्षि, चारणों से स्तुति कियागया और उत्तम अर्घ्य से पूजित होकर देवताओं के समुदाय के साथ आनन्दित हुआ ॥ ५ ॥

श्रीकृष्ण ने दोनों ओर की सेना और अर्जुन को युद्ध करने को तय्यार हुआ देखकर अर्जुन को कहा है कि हे अर्जुन तू देवी की स्तुति कर वह तुझको विजय दिलावेगी तब अर्जुन ने स्तुति की वहां भीष्मपर्वके २३ वें अध्याय का १६ वां श्लोक नीचे लिखाजाता है–

तुष्टिः पुष्टिर्धृतिर्दीप्तिश्चन्द्रादित्यविवर्धिनी ।
भूतिर्भूतिमतां संख्ये वीक्ष्यसे सिद्धचारणैः ॥ १६ ॥

अर्थ–हे देवी तू तुष्टि, पुष्टि, धृति, दीप्ति, चन्द्र और आदित्य की वृद्धि करनेवाली और ऐश्वर्यवालों का ऐश्वर्य ऐसी संग्राम में सिद्ध और चारणों से देखी जाती है ॥ १६ ॥

संजय ने राजा धृतराष्ट्र से कहा है कि कृष्ण का उपदेश सुने पीछे अर्जुन को धनुष बाण धारण किया हुआ देखकर महारथियों ने सिंहनाद किया वहां देवतादिक देखने को आये यह भीष्मपर्व के ४३ वें अध्याय का ९ मां श्लोक नीचे लिखाजाता है—

तथा देवाः सगन्धर्वाः पितरश्च जनाधिप ।
सिद्धचारणसंघाश्च समीयुस्तद्दिदृक्षया ॥ ९ ॥

अर्थ—हे राजन् उसी प्रकार गन्धर्व सहित देवता, पितर, सिद्ध और चारणों के समूह उसे देखने की इच्छा से आये ॥ ९ ॥

जब भीष्म और अर्जुन का परस्पर युद्ध प्रारम्भ हुआ और उन दोनों के शस्त्र अस्त्र का बल देखकर देव, गन्धर्व, महर्षि व चारण लोक परस्पर कहने लगे कि अर्जुन से भीष्म और भीष्म से अर्जुन का पराजय होवे ऐसा नहीं दीखता यह युद्ध बडा अद्भुत है इत्यादि विषय के भीष्मपर्व के ५२वें अध्याय के ६३ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं:—

प्रकाशौ च पुनस्तूर्णं बभूवतुरुभौ रणे ।
तत्र देवाः सगन्धर्वाश्चारणाश्चर्षिभिः सह ॥ ६३ ॥
अन्योन्यं प्रत्यभाषन्त तयोर्दृष्ट्वा पराक्रमम् ।
न शक्यौ युधि संरब्धौ जेतुमेतौ कथंचन ॥ ६४ ॥
सदेवासुरगन्धर्वैर्लोकैरपि महारथौ ।
आश्चर्यभूतं लोकेषु युद्धमेतन्महाद्भुतम् ॥ ६५ ॥

नैतादृशानि युद्धानि भविष्यन्ति कथंचन ।
न हि शक्यो रणे जेतुं भीष्मः पार्थेन धीमता ॥ ६६ ॥
सधनुः सरथः साऽश्वः प्रवपन्सायकान् रणे ।
तथैव पांडवं युद्धे देवैरपि दुरासदम् ॥ ६७ ॥
न विजेतुं रणे भीष्म उत्सहेत धनुर्धरम् ॥
आलोकादपि युद्धं हि समत्वं तद्भविष्यति ॥ ६८ ॥

अर्थ—और फिर वे दोनों संग्राम में शीघ्र प्रकाश हुए, वहां गन्धर्वों के साथ देवता और ऋषियों के साथ चारण ॥ ६३ ॥ उन दोनों के पराक्रम को देखकर आपस में कहने लगे कि ये दोनों महारथी संग्राम में किसी प्रकार देव, असुर और गन्धर्वों के साथ तीनों लोकों में भी जीते नहीं जासक्ते. तीनों लोकों में बड़ा अद्भुत आश्चर्य करनेवाला यह युद्ध है ॥६४-६५॥ ऐसे युद्ध किसी प्रकार नहीं होवेंगे. भीष्म को बुद्धिमान् अर्जुन संग्राम में जीतने को समर्थ नहीं है ॥६६॥ वैसे ही धनुष के साथ, रथ के साथ और घोड़ों के साथ भीष्म भी संग्राम में बाणों को चलाकर धनुष धारण करनेवाले, रण में देवताओं से भी नहीं जीते जानेवाले अर्जुन को संग्राम में जीतने को नहीं उत्साह करै, यह युद्ध देखने से भी बराबर ही होवेगा ॥ ६८ ॥

भीष्म को शरशय्या ऊपर स्थित हुआ देखकर ऋषि और चारण लोकों ने जो कुछ कहा उस प्रकरण के भीष्मपर्व के १२० वें अध्याय के १४ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं:—

अयं पितरमाज्ञाय कामार्तं शन्तनुं पुरा ।
ऊर्ध्वरेतसमात्मानं चकार पुरुषर्षभः ॥ १४ ॥
इति स्म शरतल्पस्थं भरतानां महत्तमम् ।
ऋषयस्त्वभ्यभाषन्त सहिताः सिद्धचारणैः ॥ १५ ॥
हते शान्तनवे भीष्मे भरतानां पितामहे ।
न किञ्चित् प्रत्यपद्यन्त पुत्रास्तव हि मारिष ॥ १६ ॥
विवर्णवदनाश्चासन्हतश्रीकाश्च भारत ।
अतिष्ठन्व्रीडिताश्चैव ह्रिया युक्ता ह्यधोमुखाः ॥ १७ ॥
पाण्डवाश्च जयं लब्ध्वा संग्रामशिरसि स्थिताः ।
सर्वे दध्मुर्महाशंखान्हेमजालपरिष्कृतान् ॥ १८ ॥

अर्थ-पुरुषों में उत्तम पहले हन्त (भीष्म) ने अपने पिता शंतनु को कामार्त जानकर अपने तई ब्रह्मचर्य धारण करनेवाला करलिया ॥ १४ ॥ शरशय्या में सोतेहुए भरतवंश में बहुत बड़े ऐसे भीष्म को लोकपाल सिद्ध और चारणों के साथ इस रीति से कहने लगे ॥१५॥ हे आरिष शन्तनु के पुत्र भरतवंशियों के पितामह भीष्म के मरने पर, तुम्हारे पुत्रों को कुछ नहीं सूझा ॥ १६॥ और हे भारत बिगड़हुए मुख, हतश्री, लज्जित, अधोमुख स्थित रहे ॥१७॥ और रण के बीच स्थित सब पांडवों ने जय पाकर सोने से मढ़ेहुए बड़े शंख बजाये ॥१८॥

जब युयुधान और द्रोण का परस्पर युद्ध हुआ तब विमानों में बैठकर देवता, सिद्ध, चारण और विद्याधर आदि दोनों वीरों की ओर से तीरों का जाना आना देखकर विस्मय में आये इस विषय के द्रोणपर्व के ९८ वें अध्याय के ९३ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं

> तद्युद्धं युयुधानस्य द्रोणस्य च महात्मनः ।
> विमानाग्रगता देवा ब्रह्मसोमपुरोगमाः ॥ ३३ ॥
> सिद्धचारणसंघाश्च विद्याधरमहोरगाः ।
> गतप्रत्यागताक्षेपैश्चित्रैरस्त्रविघातिभिः ॥ ३४ ॥
> विविधैर्विस्मयं जग्मुस्तयोः पुरुषसिंहयोः ।

अर्थ-महात्मा द्रोण और युयुधान के उस युद्ध का विमानों में बैठेहुए ब्रह्मा और चंद्र को आदि लेकर देवता, सिद्ध, चारणों के समुदाय और विद्याधर और महोरग ये सब देखकर उन दोनों पुरुषसिंहों के चित्र विचित्र अस्त्रों का विनाश करनेवाले नानाप्रकार के जाने आने और फैंकने से आश्चर्य को प्राप्त हुए ॥ ३४ ॥

युयुधान की शीघ्रता की द्रोणाचार्य प्रशंसा करनेलगे और देवता गन्धर्व आदि द्रोण और युयुधान दोनों के शीघ्रता के प्रभाव को नहीं जानसके और सिद्ध, चारणों ने जाना, इस विषय के द्रोणपर्व के ९८ वें अध्याय के ४३ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं:—

> लाघवं वासवस्येव संप्रेक्ष्य द्विजसत्तमः ।
> ततः अस्त्रविदां श्रेष्ठस्तथा देवाः सवासवाः ॥ ४३ ॥
> न तामालक्षयामासुर्लघुतां शीघ्रचारिणः ।
> देवाश्च युयुधानस्य गन्धर्वाश्च विशांपते ॥ ४४ ॥
> सिद्धचारणसंघाश्च विदुर्द्रोणस्य कर्म तत् ।

अर्थ-हे राजन् अस्त्रवेत्ताओं में श्रेष्ठ द्विजों में उत्तम द्रोणाचार्य युयुधान की

इंद्र की स्त्री लघुना को देखकर प्रसन्न हुआ. वैसे इन्द्र सहित देवता और शीघ्र चलनेवाले देवता और गन्धर्व उस लघुना को नहीं देखसके परन्तु द्रोण के उस काम को सिद्ध और चारणों के समुदाय ने जाना ॥४३॥४४॥

द्रोणाचार्य और धृष्टकेतु का युद्ध बड़ा भयानक, देखने के लायक और सिद्ध चारण सबों को विस्मयाद्भुत दिखानेवाला हुआ इस विषय का द्रोणपर्व के १०७ वें अध्याय का १३वां श्लोक नीचे लिखाजाता है:—

तद्युद्धमासीत्तुमुलं प्रेक्षणीयं विशांपते ।
सिद्धचारणसंघानां विस्मयाद्भुतदर्शनम् ॥ १३

अर्थ–हे राजन् वह देखनेलायक बड़ा भारी युद्ध सिद्ध और चारणों के समुदाय को अद्भुत आश्चर्य दिखाने वाला हुआ॥ १३॥

जयद्रथ के मारने में द्रोणाचार्य ने जो व्यूह रचा उसकी प्रशंसा देवता और चारणों से कीगई उसका वृत्तांत संजय ने धृतराष्ट्र के आगे कहा जिसका द्रोण पर्व के १२४ वें अध्याय का १० अंक का श्लोक नीचे लिखाजाता है

तत्र देवास्त्वभाषन्त चारणाश्च समागताः ।
एतदन्ताः समूहा वै भविष्यन्ति महीतले ॥ १० ॥

अर्थ– उस युद्ध में आयेहुए देवता और चारणों ने कहा कि भूतल में अन्तका व्यूह यही होगा अर्थात् ऐसी व्यूहरचना फिर कभी न होगी ॥ १० ॥

कर्ण और भीमसेन का युद्ध हुआ इस विषय का द्रोणपर्व के १३७ वें अध्याय का १४ वां श्लोक नीचे लिखाजाता है:–

दृष्ट्वा तु भीमसेनस्य विक्रमं युधि भारत ।
अभ्यनन्दंस्त्वदीयाश्च संप्रहृष्टाश्च चारणाः ॥ १४ ॥

अर्थ–हे राजन् युद्ध में भीमसेन के पराक्रम को देख, तुम्हारे पक्षवाले प्रशंसा करनेलगे और चारण प्रसन्न हुए ॥ १४ ॥

भूरिश्रवा का हाथ अर्जुन से काटागया था तब वह युद्ध को छोड़ बैठा परंतु सात्यकि ने उसका मस्तक खड्ग से काटडाला उस कर्म से सेना के लोक सन्तुष्ट न हुए, सिद्ध चारण और मनुष्य भूरिश्रवा को मरा देखकर उसके पराक्रम की स्तुति करनेलगे इस विषय के, द्रोणपर्व के १४३ वें अध्याय के ५४ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं:–

प्रायोपविष्टाय रणे पार्थेन च्छिन्नबाहवे ।
सात्यकिः कौरवेयाय खड्गेनापहरच्छिरः ॥ ५४ ॥
नाभ्यनंदंत सैन्यानि सात्यकिं तेन कर्मणा ।

अर्जुनेन हतं पूर्वं यज्जघान कुरूद्वहम् ॥ ५५ ॥
सहस्राक्षसमं चैव सिद्धचारणमानवाः ।
भूरिश्रवसमालोक्य युद्धप्रायगतं हतम् ॥ ५६ ॥
अपूजयंत तं देवा विस्मितास्तस्य कर्मभिः ॥ ५७ ॥

अर्थ– अर्जुन से कटा है हाथ जिसका ऐसे संग्राम में अनशनव्रत को धारण कियेहुए भूरिश्रवा का शिर सात्यकि ने तरवार से काटडाला ॥५४॥ इस काम से सेना के लोगों ने सात्यकिकी प्रशंसा नहीं की; क्योंकि पहले अर्जुन से घायल हुए भूरिश्रवा को मारा ॥५५॥ युद्ध से निवृत्त हुए इन्द्र के समान भूरिश्रवा को सिद्ध, चारण और मनुष्य युद्ध में मराहुआ देखकर ॥ ५६ ॥ वे देवता इस भूरिश्रवा के काम से आश्चर्य में आयेहुए उसकी प्रशंसा करने लगे ॥ ५७ ॥

अश्वत्थामा के साथ अर्जुन का युद्ध हुआ तो सहस्र महारथियों के बराबर अकेले अर्जुन ने काम दिया जिससे सिद्ध, देवर्षि व चारण प्रसन्न हुए, देवदुन्दुभि बजे और पुष्पवृष्टि हुई, इस प्रकरण के कर्णपर्व के १६ वें अध्याय के १६ वें श्लोक से नीचे लिखेजाते हैं:–

विस्मापयन्प्रेक्षणीयं द्विषतां भयवर्द्धनं ।
महारथसहस्रस्य समं कर्माकरोज्जयः ॥ १६ ॥
सिद्धदेवर्षिसंघाश्च चारणाश्चापि तुष्टुवुः ।
देवदुन्दुभयो नेदुः पुष्पवर्षाणि चापतन् ॥ १७ ॥

अर्थ–आश्चर्य करातेहुए अर्जुन ने शत्रुओं का भय बढानेवाला देखनेयोग्य हजार महारथियों के बराबर काम किया ॥१६॥ तिससे सिद्ध, देव, ऋषियों के समुदाय और चारण प्रसन्न हुए और देवदुंदुभि बजे और पुष्पों की वर्षा हुई ॥ १७ ॥

अकेले कर्ण ने सब पांडवी सेना को शरों से हटादी इसप्रकार कीशीघ्रता से देवता, सिद्ध व चारण प्रसन्न हुए और धृतराष्ट्र के पुत्रों ने कर्ण की प्रशंसा की, इस प्रकरण के कर्णपर्व के ७८वें अध्याय के ३१ और ३२ वें श्लोक नीचे लिखेजाते हैं:–

पांडवेयान्महाराज शरैर्वारितवान् रणे ।
तत्र भारत कर्णस्य लाघवेन महात्मनः ॥ ३१ ॥
तुतुषुर्देवताः सर्वे सिद्धाश्च सह चारणैः ।

अपूजयन्महेष्वासा धार्तराष्ट्रा नरोत्तमम् ॥ ३२ ॥

अर्थ-हे महाराज संग्राम में पांडवों का बाणों से वारण किया तहां हे भारत महात्मा भरतवंशी कर्ण की लाघवता से ॥ ३१ ॥ सब देवता और चारणों सहित सिद्ध प्रसन्न हुए और बडे धनुषवाले धृतराष्ट्र के पुत्रों ने नरों में उत्तम कर्ण की पूजा की ॥ ३२ ॥

कर्ण और अर्जुन में परस्पर युद्ध प्रारंभ होने के समय कितनेक लोक कर्ण का जय और कितनेक लोक अर्जुन का जय चाहनेलगे उनमें से मुनि, सिद्ध व चारण आदि अर्जुन के पक्ष में हुए जिसके प्रमाणमें कर्णपर्व के ८७ वें अध्याय के इकतालीस से ३ श्लोक नीचे लिखेजाते हैं-

मुनयश्चारणाः सिद्धा वैनतेया वयांसि च ।
रत्नानि निधयः सर्वे वेदाश्चाख्यानपंचमाः ॥ ४१ ॥
सोपवेदोपनिषदः सरहस्याः ससंग्रहाः ।
वासुकिश्चित्रसेनश्च तक्षको मणिकस्तथा ॥ ४२ ॥
सर्पाश्चैव तथा सर्वे काद्रवेयाश्च सान्वयाः ।
विषवन्तो महाराज नागाश्चार्जुनतोऽभवन् ॥ ४३ ॥

अर्थ-मुनि, चारण, सिद्ध, गरुडपक्षी, पक्षी, रत्न, निधि और इतिहास के साथ सब वेद, रहस्य, संग्रह और उपवेदों सहित उपनिषद्, वासुकि, चित्रसेन, तक्षक, मणिक, सर्प और सब सर्पवंश सहित काद्रवेय और हे महाराज विषवाले नाग ये सब अर्जुन के पक्ष में रहे ॥ ४३ ॥

जब कर्ण और अर्जुन दोनों सारथि, वाहन, आयुध पराक्रम इत्यादि में बराबर हो संग्राम में लडने गये तब उन महारथियों को देख सिद्ध और चारणसमुदाय का विस्मय हुआ । इस विषय के कर्णपर्व के ८७ वें अध्याय के २७ और २८ वें श्लोक नीचे लिखेजाते हैं-

उभौ श्वेतहयौ राजन् रथप्रवरवाहनौ ।
सारथिप्रवरौ चैव तयोरास्तां महारणे ॥ २७ ॥
ततो दृष्ट्वा महाराज राजमानौ महारथौ ।
सिद्धचारणसंघानां विस्मयः समपद्यत ॥ २८ ॥

अर्थ-हे राजन् उस महारण में उन दोनों के श्वेत घोडोंवाले और अच्छे वाहनवाले रथों के अच्छे चलानेवाले दो श्रेष्ठ सारथी हैं ॥२७॥ हे महाराज तदनन्तर शोभायमान उन दोनों महारथियों को देख सिद्ध, चारणों के समुदाय को आश्चर्य उत्पन्न

हुआ ॥ २८ ॥

कर्ण और अर्जुन के युद्ध में अन्तरिक्ष में आकर इन्द्र ने ब्रह्मा से पूछा कि इन दोनों में किसका विजय होगा तब ब्रह्मा और शिव ने अर्जुन का विजय होना निश्चय करके कृष्ण और अर्जुन की स्तुति की इस प्रकरण का कर्णपर्व के ८७ वें अध्याय का ८० के अंक का श्लोक नीचे लिखाजाता है

नैतयोस्तु समः कश्चिद्दिवि वा मानुषेषु वा ।

अनुगम्यास्त्रयो लोकाः सह देवर्षिचारणैः ॥ ८० ॥

अर्थ-इन नरनारायणस्वरूप अर्जुन और कृष्ण के बराबर स्वर्ग में वा मर्त्यलोक में कोई नहीं है और देवर्षि और चारणलोकों के साथ तीनों लोक इनकी सेवा करने के योग्य हैं ॥ ८० ॥

राजा शल्य ने युद्ध करते समय कहा है कि अब हमारा पराक्रम पांडव और सिद्ध चारण देखो उस जगह का शल्यपर्व के सातवें अध्याय का १७ वां श्लोक नीचे लिखाजाता है

लाघवं चास्त्रवीर्यं च भुजयोश्च बलं युधि ।

अद्य पश्यन्तु मे पार्थाः सिद्धाश्च सह चारणैः ॥ १७ ॥

अर्थ-आज युद्ध में मेरे हाथों की फुर्ती और बल तथा अस्त्रविद्या के पराक्रम को पृथा के पुत्र पांडव और चारणों के साथ सिद्धलोक देखो ॥ १७ ॥

इंद्र ने ब्रह्मा से शिव का स्वरूप पूछा तहां ब्रह्मा ने ऋषि, गन्धर्व और चारणों के रूपधारी शिव का वर्णन किया, जहां का आनुशासनिक पर्व के १४वें अध्याय का १५०वां श्लोक नीचे लिखाजाता है

ऋषिगन्धर्वरूपश्च सिद्धचारणरूपधृक् ।

भस्मपांडुरगात्रश्च चन्द्रार्धकृतभूषणः ॥ १५० ॥

अर्थ-ऋषि और गन्धर्व तथा सिद्ध और चारण का रूप धारण करनेवाले भस्म से श्वेत शरीरवाले और अर्धचन्द्रमा को धारण करनेवाले शिव हैं ॥१५०॥

अष्टावक्र ने रुद्रस्थान का मार्ग वदान्य से पूछा जिसके उत्तर में वदान्य ने मार्ग बताया वहां का आनुशासनिक पर्व के १९वें अध्याय का १६ वां श्लोक नीचे लिखाजाता है

धनदं समतिक्रम्य हिमवन्तं च पर्वतम् ।

रुद्रस्यायतनं दृष्ट्वा सिद्धचारणसेवितम् ॥ १६ ॥

अर्थ-कुबेर को और हिमालय पर्वत को भी लांघकर सिद्ध, चारण लोगों से सेवित रुद्र के स्थान को देखसकोगा ॥ १६ ॥

गजेंद्रमोक्ष में जहां परमेश्वर की स्तुति की है वहां का एक श्लोक नीचे लिखा जाता है

> गुह्याय वेदनिलयाय महोदराय
> सिंहाय दैत्यनिधनाय चतुर्भुजाय ।
> ब्रह्मेन्द्ररुद्रमुनिचारणसंस्तुताय
> देवोत्तमाय विरजाय नमोऽच्युताय ॥ ६८ ॥

अर्थ—जो जानने में नहीं आता, वेद ही है घर जिनका, बडा पेटवाला, सिंह स्वरूपवाला, दैत्यों का नाश करनेवाला, चार हाथवाला; ब्रह्मा, इन्द्र, रुद्र, मुनि और चारणों से स्तुति किया गया ऐसा देवों में उत्तम रजोगुणरहित जो अच्युत विष्णु है उसको नमस्कार करता हूं ॥ ६८ ॥

उक्त प्रमाणों से यह बात स्पष्ट रीति पर सिद्ध होचुकी है कि चारणों की ज्ञाति सृष्टि की उत्पत्ति समय से है और इनका आचार व्यवहार देवताओं के सदृश अत्युत्तम और शुद्ध रहा है और इनकी उत्पत्ति भी देवताओं में है और इनका निवासस्थान स्वर्ग है सो उपरोक्त प्रमाणों से सिद्ध होचुका है; इसकारण अब हम को इस विषय में अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रही; परंतु शास्त्रों से अपरिचित बहुधा मनुष्यों को इस बात का संदेह होवेगा कि चारणों का निवासस्थान स्वर्ग था तो फिर भूमि पर कैसे आये! इस संदेह की निवृत्ति के अर्थ थोडासा वृत्तान्त प्रमाणों सहित और युक्तिसिद्ध नीचे लिखते हैं कि जिससे अपठित लोगों की आशंका भलीभांति मिटजावेगा. वह यह है कि पुराणों के मतानुसार देवताओं का निवासस्थान (स्वर्ग) भूमि से ऊपर आकाश में है तो वहां से भूमि पर आना जाना उन्हीं पुराणों से सिद्ध है. यदि इसके प्रमाण दियेजावें तो भी सैकडों नहीं किंतु हजारों विद्यमान हैं. वे तन्दुलकणन्याय के अनुसार जानलेने चाहियें कि राजा ययाति, मान्धाता, मुचुकुन्द, दशरथ, अर्जुन आदि इसी मनुष्य शरीर से स्वर्ग में गये आये हैं, और इसी प्रकार देवताओं का स्वर्ग से पृथ्वी पर आना जाना सिद्ध है तहां चारणों के आने जाने में क्यों संदेह होसकता है? और जो अनेक शास्त्रों के और आधुनिक विद्वानों के मतानुसार हिमालय पर्वत के समीपी मध्यप्रदेश तिब्बत को स्वर्ग मान-जावे तो इस.र मत से भी यह प्रामाणिक और युक्तिसिद्ध है; क्योंकि भरद्वाज ने भृगु से पूछा कि स्वर्ग कहां पर है जिसके जानने की मैं इच्छा करता हूं, इसप्रकरण का महाभारत के शांतिपर्व के मोक्ष धर्मपर्व का १९२ वें अध्याय का सातवां श्लोक नीचे लिखते हैं

भरद्वाज उवाच ॥

अस्माल्लोकात्परो लोकः श्रूयते नोपलभ्यते ।
तमहं ज्ञातुमिच्छामि तद्भवान्वक्तुमर्हति ॥ ७ ॥

अर्थ–भरद्वाज बोले कि इस लोक से आगे परलोक सुनाजाता है परंतु देखा नहीं जाता उस परलोक का वृत्तान्त मैं आपसे जानना चाहताहूं सो आप कहने को योग्य हो ॥ ७ ॥

इसके उत्तर में भृगु ने उत्तर दिया । वह इसी शांतिपर्व के मोक्षधर्मपर्व के १९२ वें अध्याय का आठवां श्लोक नीचे लिखते हैं

भृगुरुवाच ॥

उत्तरे हिमवत्पार्श्वे पुण्ये सर्वगुणान्विते ।
पुण्यः क्षेम्यश्च काम्यश्च स परो लोक उच्यते ॥ ८ ॥

अर्थ–उत्तर दिशा में हिमालय की पवित्र सब गुणोंवाली भूमि के समीप अति पवित्र विघ्नों से रहित जो सुंदर लोक है वही पर लोक कहाता है ॥ ८ ॥

इस संसार की प्रथम उत्पत्ति और खगोल आदि रचना तिब्बत में ही हुई थी जिसके प्रमाण में उदयपुर के यंत्रालय में छपेहुए शब्दार्थचिन्तामणि कोष के तृतीयभाग के तीन सौ एक पृष्ठ का एक श्लोक नीचे लिखते हैं

अत्रैव हि स्थितो ब्रह्मा प्राङ् नक्षत्रं ससर्ज ह ।
ततः प्राग्ज्योतिषाख्येयं पुरी शक्रपुरीसमा ॥

अर्थ–प्राग्ज्योतिष नामक नगर के नाम की व्युत्पत्ति करने में कहते हैं कि यहां पर स्थित होकर ब्रह्मा ने प्रथम नक्षत्र बनाये इस कारण से इसका नाम प्राग्ज्योतिष हुआ, सो इंद्र की पुरी अमरावती के समान है ॥

यह प्राग्ज्योतिष नगर भी तिब्बत के समीप ही है जिससे भी संसार की प्रथम रचना तिब्बत में ही होना पायाजाता है. इसके उपरांत तिब्बत का नाम भी त्रिविष्टप (स्वर्ग) है । सो भी तिब्बत के स्वर्ग होने का पूरा प्रमाण है । इसके उपरांत ज्योतिष के सर्वमान्य ग्रंथ सिद्धांतशिरोमणि के गोलाध्याय के भुवनकोश का दूसरा श्लोक नीचे लिखाजाता है, जो स्वर्ग का इसी पृथ्वी पर होने का पुष्ट प्रमाण है.

भूमेः पिण्डं शशाङ्कज्ञकविरविकुजेज्यार्किनक्षत्रकक्षा
वृत्तैर्वृत्तो वृतः सन्मृदनिलसलिलव्योमतेजोमयोयम् ।

१ थोड़े ही समय पहले हार्नली साहब को तिब्बत से पांचवें शतक का भोजपत्र पर लिखाहुआ एक संस्कृत ग्रंथ मिला है, जिसने तिब्बत को त्रिविष्टप लिखा है सो स्वर्ग का नाम है जिससे भी सिद्ध है कि स्वर्ग यही है ॥

नान्याधारः स्वशक्त्यैव वियति नियतं तिष्ठतीहास्य पृष्ठे
निष्ठं विश्वं च शश्वत्सदनुजमनुजादित्यदैत्यं समन्तात् ॥

अर्थ–यह भूमि का पिण्ड मिट्टी, पवन, जल, आकाश और तेजमय है और चंद्रमा, बुध, शुक्र, सूर्य, मंगल, बृहस्पति और शनि इन नक्षत्रों करके कक्षावृत्त अर्थात् अपनी२मर्यादा की गोलाइ से घिराहुआ है, और गोल है, इसके कोई आधार नहीं है, अपनी ही शक्ति से आकाश में ठहराहुआ है, और इसकी पीठ पर सदैव से दनुज (कश्यप से दनु नामक स्त्री से उत्पन्न अर्थात् राक्षस) मनुष्य, अदिति के पुत्र (देवता) दिति के पुत्रों (दैत्यों) सहित सब चारों ओर रहते हैं, अर्थात् निश्चय ही स्थित हैं ॥ इस प्रमाण से भी स्वर्गादि इसी पृथ्वी पर है ॥ इत्यादि प्रमाणों से और अनेक युक्तियों से देवता आदि सभी संसार की उत्पत्ति तिब्बत में हुई, इस तिब्बत से हिमालय के ऊर्ध्वभाग को ऊर्ध्वलोक और नीचे के भाग को मर्त्यलोक कहते थे उस आदि समय में कोई वर्णभेद नहीं था किंतु एक तो आर्य (देवता) और दूसरे दस्यु (लुटेरे) ये दो ही भेद हुए जिसके प्रमाण में ऋग्वेद का मंत्र लिखते हैं ॥

विजानीह्यार्यान्ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान् ।
शाकीभव यजमानस्य चोदिता विश्वेत्ता ते सधमादेषु चाकन ॥

अर्थ–हे मनुष्य! तू (बर्हिष्मते) उत्तमसुखादि गुणों के उत्पन्न करनेवाले व्यवहार की सिद्धि के लिये (आर्यान्) सर्वोपकारक धार्मिक विद्वान् मनुष्यों को (विजानीहि) जान. और (ये) जो (दस्यवः) परपीड़ा करनेवाले अधर्मी दुष्ट मनुष्य हैं उनको जान कर (बर्हिष्मते) धर्म की सिद्धि के अर्थ (रंधय) मार, और उन (अव्रतान्) सत्यभाषणादि धर्म रहित मनुष्यों को (शासत्) शिक्षा करते हुए (यजमानस्य) यज्ञ के कर्ता का (चोदिता) प्रेरणा कर्ता और (शाकी) उत्तम शक्तियुक्त सामर्थ्य को (भव) सिद्ध कर, जिससे (ते) तेरे उपदेश वा संग से (सधमादेषु) सुखों के साथ वर्तमानस्थानों में (ता) उन (विश्वा) सब कर्मों को सिद्ध करने की ही मैं (चाकन) इच्छा करता हूं ॥ ८ ॥

इस वेद के प्रमाण से सिद्ध है कि उस समय आर्य और दस्यु इनके अतिरिक्त कोई जातिभेद नहीं था, इन आर्यों (देवताओं) में आठ भेद हुए जो भागवत के प्रमाण से ऊपर दिखा आये हैं जिनमें फिर अपने अपने कर्मों के अनुसार अनेक नाम विख्यात होगये. जैसे साध्यदेव, विश्वदेव, विश्वावसु, मरुद्गण, सोमपा, अग्नीश्वात्त, विद्याधर, सिद्ध, चारण, यक्ष, गंधर्व, किन्नर, किंपुरुष, तुम्बरु, आदित्य, ऋभु, गुह्यक, पितर आदि इनमें विस्तार के भय से अन्य के नामों की व्युत्पत्ति छोडकर चारणों के नाम की व्युत्पत्ति करते हैं कि

देवताओं की कीर्ति प्रचार करने से 'चारयन्ति कीर्तिमिति चारणाः' इस व्युत्पत्ति से इनका नाम चारण प्रसिद्ध हुआ. और 'देवानां स्तुतिपाठकाः' यह कार्य इन्होंने अंगीकार किया, इसके पीछे जब मनुष्यों में वर्णव्यवस्था हुई तब 'ब्रह्मजानातीति ब्राह्मणः' इस व्युत्पत्ति से वेद जाननेवालों का नाम ब्राह्मण और 'क्षतात् त्रायते इति क्षत्रियः' इस व्युत्पत्ति से रक्षा करनेवालों का नाम क्षत्रिय, और 'विश प्रवेशने' इस धातु से व्यापार में प्रवेश करनेवालों का नाम वैश्य, और इन तीनों वर्णों की सेवा करनेवालों का नाम शूद्र हुआ. परंतु वर्णव्यवस्था होने से पहिले जिन देवताओं की उत्पत्ति हुई वे अबतक उन्हीं नामों से प्रसिद्ध हैं।

यहां कोई यह प्रश्न करै कि 'ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद्बाहू राजन्यः कृतः' इत्यादि प्रमाणों से वर्णव्यवस्था सृष्टि की आदि से ही सिद्ध है, तो इसका उत्तर यह है कि यह परमेश्वर के विराट् स्वरूप का रूपकालंकार से वर्णन है। जैसे 'सहस्रशीर्षापुरुषः' इत्यादि है। परंतु वर्णव्यवस्था तो पीछे ही हुई है इसके अनेक प्रमाण भी हैं सो यहां विस्तारभय से नहीं लिख सकते। यह कोई बुरा मानने की बात नहीं है, क्योंकि सृष्टिसर्जन काल से पीछे वर्णव्यवस्था होने से ब्राह्मण, क्षत्रियों की उत्तमता में कोई बाधा नहीं आसकती. क्योंकि ज्यों ज्यों कार्य होताजाता है त्यों त्यों ज्ञान बढ़ताजाता है इससे प्रथम की अपेक्षा पिछला कार्य उत्तम होता है. जैसे प्रथम नव प्रकार की सृष्टि ब्रह्मा ने बनाई जिनमें उत्तरोत्तर उत्तम है. और सब से पीछे देवताओं की सृष्टि रची है. विस्तार के भय से अब इस प्रकरण को न बढ़ाकर अपना असली प्रयोजन लिखते हैं कि उक्त प्रकार से स्वर्ग में आदि उत्पत्ति होकर सृष्टिक्रम के अनुसार वह सृष्टि इतनी बढ़ी कि स्वर्ग में उसका निर्वाह और समाव होना कठिन हुआ तब आर्य और दस्युओं में घोर देवासुर संग्राम हुआ जिस विघ्न की शांति के अर्थ और अपनी उन्नति करने को आर्यों ने अपने उद्योग और परिश्रम से निर्जन और शून्य प्रदेश इस आर्यावर्त को ढूंढकर अपना निवासस्थान बनाया. इसी कारण से उक्त आर्यों के नाम पर इस देश का नाम आर्यावर्त प्रसिद्ध हुआ. और क्षत्रियों ने अपने बाहुबल से इस आर्यावर्त में बड़े २ राज्य स्थापन किये. उन क्षत्रियों ने स्वर्ग में चारणों को अमूल्य वस्तु समझकर अपनी उन्नति और कीर्ति के लिये उनको स्वर्ग से भूमिपर लाकर अपने उपदेशक बनाकर कीर्ति का प्रचार किया. चारणोंने भी जैसे स्वर्ग में दे-

१ यहां जो कोई शंका करै कि देवता होकर देवताओं की स्तुति क्यों करते थे? तो इसका उत्तर यह है कि स्वर्ग में देवताओं की सब सेवा देवता ही करते थे जिसका लौकिक में भी उदाहरण विद्यमान है कि ब्राह्मणों के पुरोहित अब भी ब्राह्मण ही होते हैं॥

वताओं की कीर्ति करते थे वैसे ही यहां क्षत्रियों की कीर्ति करने को अंगी कार करके अपने नाम को सार्थक ही रक्खा. और अपने यजमान क्षत्रियों को समयानुसार सदुपदेश दे देकर उन्नति के शिखर पर चढ़ाकर कीर्ति के भागी और यश के भोक्ता बनाये. आर्यावर्त में क्षत्रिय और चारणों का नि वास हुए पीछे भी स्वर्ग और भूमि पर आर्य और दस्युओं में अनेकवार घोर संग्राम हुए जिनमें भूमिवालों ने स्वर्गवालों की और स्वर्गवालों ने भूमिवालों की परस्पर अनेकवार रक्षा की. जिनमें चारण क्षत्रियों के सार्थीयने रहे. और स्वर्ग और भूमि पर जाते आते रहे. सो उपरोक्त प्रमाणों से सिद्ध है. इस प्रकार चारण और क्षत्रियों में दृढ संबंध होने के कारण उक्त दोनों ज्ञातियों में पर-स्पर प्रीति बढती गई, यहां तक कि राजा लोक चारणों से न्याय और राज नैतिक संपूर्ण कार्यों में सहायता लेने लगे, और अपने आपत्तिकाल में अपने स्त्रीपुत्रादिक को चारणों के घरों में शरण रख कर आप उस आपत्ति से नि-कलने के कार्यों में स्वतंत्र होकर उद्योग करने लगे उन राजाओं की स्त्रियों और पुत्रादिकों को चारण भी अपनी माता और पुत्रों के समान उनको निर्भय र खकर उस आपत्ति से निकाल कर अमोघ सुख में पहुंचाते, जिसके अनेक प्रकर ण प्राचीन आर्ष ग्रथों में और आधुनिक इतिहासों में विद्यमान हैं. जैसे राजा पांडु अपनी मृत्यु के समय अपनी स्त्री कुंती और अपने पुत्र युधिष्ठिरादिकों को चारणों के आधीन कर गया. और चारणों ने उनको पूर्ण प्रतिष्ठायुक्त अपने पास रख कर हस्तिनापुर में पहुचाये. जिसमें महाभारत का प्रमाण ऊपर आचुका है. और आधुनिक इतिहासों में मारवाड़ के राजा चूंडा और उस-की माता मांगलियांणी को काळाऊ ग्राम के आल्हा चारण ने अपने शरण में रख कर शत्रुओं से बचाये. और फिर चूडा को मारवाड़ के राज्य पर पहुं-चाया. इत्यादि अनेक उदाहरण विद्यमान हैं, सो संक्षेप से आगे दिखाये जांयगे

अब यहां पर कोई यह कुतर्कना करें कि उपरोक्त प्रमाणोंवाले चारण और थे और ये चारण और हैं तो इसके उत्तर में हम कहते हैं कि उनकी यह कु-तर्कना असत्य और विना आश्रय की है क्योंकि सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर द्वापर के अंत तक के शृंखलाबद्ध प्रमाण इन चारणों के स्वर्ग और भूमि पर रहने के लिख आये हैं जिनमें सत्ययुग से लेकर त्रेता और द्वापर तक इन तीनों युगों में चारणों की देवताओं में उत्पत्ति और देवताओं के सदृश ही इनके आचार व्यवहारों के श्रेणीबद्ध प्रमाण लिखेगये हैं जिनसे अन्य ज्ञाति का संदेह ही नहीं होसकता. आगे केवल कलियुग के प्रमाण देकर वर्तमान समय पर्यंत इस प्रकरण को श्रेणीबद्ध दिखायाजाता है कि जिससे स्पष्ट सि द्ध होजायगा कि उपरोक्त प्रमाणोंवाले चारण और ये चारण एक ही हैं, भिन्न नहीं

इस कलियुग के प्रमाण बहुधा पुराणों, काव्यों और नाटक आदि ग्रंथों में भरेहुए हैं, सो सब प्रमाण लेने से तो यह लेख बहुत बढ़ता है इस विस्तार के भय से सब प्रमाणों को छोडकर थोड़ेसे प्रमाण यहां लिखदेते हैं. जिनसे उक्त लेख शृंखलाबद्ध समझलिया जासकता है.

इस बात को वर्तमान समय के सभी विद्वान् मानते हैं कि इस समय के सभी काव्य नाटक आदि ग्रंथ राजा विक्रमादित्य पँवार से लेकर राजा भोज पँवार के समय में बने हैं. इस कारण इन ग्रंथों में जो वर्णन है वह उसी समय के बर्ताव का है. यदि उन विद्वानों ने महाभारतादि ग्रंथों से प्राचीन कथा लेकर ग्रंथ बनाये हैं तो भी अंत में उस वर्तमान समय की छाया अवश्य आई है. और कितनाक तो वर्णन उसी वर्तमान समय का है.

श्रीहर्षचरित्रके तृतीय उच्छ्वासमें श्रीकंठदेशके स्थंडीश्वरनगरके वर्णनमें लिखाहै

महोत्सवसमाज इति चारणैः, वसुधारेति च विप्रैरगृह्यत ॥

अर्थ–वह नगर महोत्सवसमाज की भी भांति चारणों से और धन धारा की भांति ब्राह्मणों से ग्रहण कियागया ।

प्रसन्नराघवनाटक में सीता के स्वयंवर के वर्णन में राजाओं की पहिचान के अर्थ नूपुरक पूछता है और मंजीरक उत्तर देता है वहां यह संस्कृत है

मञ्जीरकः, सएषनिजयशःपरिमलप्रमोदितचारणचञ्चरीकचयकोलाहलमुखरितदिक्चक्रवालक्ष्मापालकुंतलालंकारो मल्लिकापीडो नाम

अर्थ–मंजीरक कहता है कि जिसको तू पूछता है यह अपने यश रूप सुगंधि से आनन्दित चारणजन रूपी भ्रमरोंके समूहके कोलाहलसे शब्दायमान किया है दिशाओं का मंडल जिसने ऐसा राजाओं का मुकुट कुंतल देशका भूषण मल्लिकापीड़ नामक है ॥

यद्यपि यह वर्णन प्राचीन है तथापि चारणों की ज्ञाति का कुछ भी भेद होता तो ग्रंथकर्ता अवश्य लिखता कि उस समय के चारण अन्य थे इसी प्रकार के अनेक प्रमाण पिछले ग्रंथों में हैं जिनसे इस चारण जाति का शृंखलाबद्ध वृत्तांत राजा भोज के समय तक जान लेना चाहिये. अब भोज के समय से आगे का प्रमाण देखना होवे तो मेवाड़ के महाप्रतापी राजा महाराणा कुम्भा जो विक्रमी संवत्१४९० में चित्तौड़ की गद्दी पर बैठे थे उन्होंने अपने पण्डितों से संस्कृत में एकलिङ्गमाहात्म्य नामक ग्रंथ बनवाकर वायुपुराणान्तर्गत किया है. जिसकेलिये यह भी प्रसिद्ध है कि महाराणा ने स्वयं बनाया था सो ऐसा हुआ होवे तो कोई आश्चर्य नहीं है; क्योंकि उक्त महाराणा संस्कृत के बड़े विद्वान् थे जिनके बनायेहुए संस्कृत में संगीत आदि के ग्रंथ विद्यमान हैं उस एकलिङ्गमाहात्म्य में भी उपरोक्त क्रमानुसार चारणों का वर्णन बड़ी प्र-

तिष्ठा के साथ लिखाहुआ है जिससे सिद्ध है कि सृष्टिसर्जन काल से लेकर महाराणा कुम्भा पर्यन्त के संस्कृत ग्रंथों में चारणों का वर्णन श्रेणी-बद्ध लिखाहुआ है जिससे यह संदेह ही नहीं होसकता कि सतयुग के चारण और थे और ये और हैं.

इन प्रमाणों के अतिरिक्त कलियुग के आदि से लेकर वर्तमान समय पर्यन्त अनेक दान सन्मानों से विभूषित होने के शृङ्खलाबद्ध चारणों के नाम पते सहित वर्णन ग्रंथ वंशभास्कर में विद्यमान हैं जिससे भली भांति सिद्ध है कि जिस चारण ज्ञाति के प्रमाण आर्षग्रंथों से लेकर ऊपर दियेगये हैं वही ज्ञाति वर्तमान समय में भी अपने पूर्वपुरुषाओं के आदर को लिये विद्यमान है ॥

इस चारणज्ञाति में विद्या का प्रचार आदि से ही चला आया है जिनके बनायेहुये लोकोपकारी अनेक ग्रंथ थे परंतु भारतवर्ष में वेदमत का ह्रास होकर बौद्धमत का प्रचार हुआ तब बौद्धों ने वे ग्रंथ नष्ट कर दिये पश्चात् क्षत्रियों के परस्पर के द्वेष और विजातिवाले विदेशियों के आक्रमणों से क्षत्रियों के अनेक राज्य नष्ट होगये उस आपत्तिकाल में अपने यजमान क्षत्रियों के सहचारी रहने के कारण चारणों से अपनी पूर्वविद्या का फिर उद्धार नहीं होसका परंतु क्षत्रियों की आपत्ति में रहने के कारण चारणों पर क्षत्रियों के विश्वास और स्नेह में अधिकता ही हुई और चारणों ने भी क्षत्रियों के अनेक उपकार और अमूल्य सेवायें कीं, जिनके सविस्तर उदाहरण देखने की इच्छा होवे तो राजपूताना के प्रत्येक राज्य के भिन्न २ इतिहासों में देखें वे प्रमाण यहां पर विस्तार के भय से संक्षेप से दिये हैं ॥

पूर्वकाल में चारण सदैव स्वतन्त्र और स्वेच्छाचारी रहे थे परंतु गुजरात देश के स्वामी अनहिलपुरपट्टन के राजा सिद्धराज जयसिंहदेव सोलंखी ने महावदान्य नामक चारण को आनर्त(काठियावाड़)देश का राज्य दान किया तभी से चारणों की स्थिति काठियावाड़ देश में हुई परंतु जब वह राज्य चारणों के हाथ से जाता रहा तब चारणों के दो दल होगये जिनमें एक दलके प्रजारूप होकर वहीं पर रहे सो कच्छदेश के नाम से काछेला प्रसिद्ध हुए और दूसरे दल के मारवाड़ में चले आने के कारण मरुदेश के नाम से मारू चारण कहलाने लगे, इनमें काछेला चारणों का आचार व्यवहार भिन्न प्रकार का होजाने के कारण मारू चारणों से उनका कोई संबंध नहीं रहा, और इन मारूचारणों में कोई तो पूर्वजों (बड़ों) के नाम से, कोई ग्राम के नाम से, और कोई प्रसिद्ध कार्य करने आदि कारणों से भिन्न भिन्न १२० शाखायें प्रसिद्ध हुईं, इन शाखाओं की कई प्रतिशाखा होकर१५४ शाखायें होगईं थीं परंतु कालगति से ५२ शाखा नष्ट होकर अब १०२शाखायें वर्तमान समय में

विद्यमान हैं जिन के नामों का एक नक्शा अकारादि क्रम से आगे दिया है. चारणों के समान क्षत्रियों में भी प्रथम कोई जातिभेद नहीं था परंतु उपरोक्त कारणों से क्षत्रियों में भिन्न भिन्न ३६ वंश होकर अब उनके अनेक भेद होगये हैं; और ब्राह्मण तथा वैश्यों की जातियों में भी उक्त कारणों से अनेक भेद होगये सो विद्यमान हैं इसीप्रकार चारणों के भेद भी जानने चाहियें. इस भांति चारणों ने उपरोक्त प्रमाणों के अनुसार अपने पूर्व पुरुषाओं की रीति भांति वैसी रख कर अपना आचार व्यवहार अपने यजमान क्षत्रियों के समान बना रक्खा सो वर्तमान समय पर्यन्त उसी अनुसार चला आता है और क्षत्रियों का उपदेशकपना करके क्षत्रियों की उन्नति करने का कार्य पूर्वकाल के समान करते रहे अर्थात् क्षत्रियों के अधम कार्य करने पर उनकी निंदा सूचक कविता करके मानहानि करना, और उत्तम कार्य करने पर उत्साहवर्धिनी स्तुति के साथ प्रशंसासूचक कविता करके उत्साह बढ़ने का कार्य करना जिससे क्षत्रियों ने अति उन्नति की, जिनके हजारों प्रमाण देशभाषा की कविताओं में भी विद्यमान हैं. मीसण सूर्यमल्ल ने ग्रंथ वंशभास्कर में भी उक्त शैली के अनुसार अधम क्षत्रियों की निन्दा और उत्तम क्षत्रियों की प्रशंसा करके उत्तम उपदेश में वृद्धि ही की है. जिससे आधुनिक क्षत्रिय लोग भी उत्तम शिक्षा ग्रहण करके अपनी जाति की पूर्ववत् उन्नति कर सकते हैं. इसी उत्तम शैली के कारण प्राचीन राजा महाराजों ने चारणों के अनेकानेक आदर सन्मान किये जिनके उदाहरण बहुधा तो ग्रंथ वंशभास्करमें विद्यमान हैं और उनमें अधिक देखना हो तो कुछ उदाहरण आगे लिखे जाते हैं जिससे ज्ञात होजावेगा कि इस समय से पहले के अथवा वर्तमान समय के राजा महाराजों ने चारणों का आदर सन्मान किस भांति का किया था और अब भी करते हैं. वे उदाहरण संक्षेप से ये हैं.

चारणों के सन्मानादि के उदाहरण

सामान्य रीति से तो चारणों का आदर सन्मान राजा महाराजा आदि भूमिपाल अपने भाई बेटे और बड़े दर्जे के उमराव सरदारों के समान ही करते हैं परंतु किसी २ अवसर पर तो बहुत ही बढ़कर आदर सन्मान किये हैं जिनकेथोड़ेसे उदाहरण नीचेलिखेजाते हैं. इस संसार में विद्वान् लोग धन और यश की अपेक्षा सन्मान को ही अधिक प्रिय समझते हैं यतः 'मानो हि महतां धनम्' अर्थात् मान ही बड़ेलोगों का धन है. इस सिद्धान्तानुसार चारणों की भी इसी बात पर अधिक दृष्टि रही है. जो नीचे के उदाहरणों से सिद्ध है. यवन बादशाहों के दरबार में राजा महाराजा आदि किसीको बैठक नहीं थी, सबको खड़ा रहना पड़ता था जहां महडू गोत्र का चारण जाडा

नामक गया और दरबार में जाकर बैठगया तब बादशाही अधिकारियों ने जाडा को बैठने का निषेध किया जिस पर जाडा ने निम्न लिखित दोहा सुनाया.

पगे न बळ पतशाह, जीभां जसबोलांतणों ।
अब जस अकबरकाह, बैठा बैठा बोलस्यां ॥ १ ॥

इस पर बादशाह अकबर ने जाडा को शाहीदरबार में बैठने की आज्ञा दे दी, जो उस समय किसीको नहीं थी

(२) मिश्रण (मीसण) शाखा के चारण पीठवा के शरीर में कुष्ट होकर पूय (पीप) बहने लगी थी ऐसी अवस्था में पीठवा लिवांणा के राठौड़ जैतमाल के पास गया और जैतमाल पीठवा से मिलने को उठा तब पीठवा ने कहा कि मेरे शरीर में कुष्ट बहते हैं इसलिये आप नहीं मिलें तब जैतमाल ने उत्तर दिया कि कुष्ट बहने से आपकी जाति का पूज्यत्व नहीं मिट सकता, अर्थात् जैतमाल पीठवा को अंक में लेकर मिला जिसकेलिये ऐसा भी प्रसिद्ध है कि, जैतमाल के हरिभक्त होने के कारण उसी दिन से पीठवा के कुष्ट चले गये. इसीकारण से जैतमाल के वंशवालों को अब भी दशवां शालिग्राम कहते हैं.

(३) जोधपुर का पौलपात रोहड़िया गोत्र का बारहठ सूंदियाड़पुर का स्वामी करनीदान किसी राज्य कार्य के लिये उदैपुर गया तब उदैपुर के महाराणा प्रथम जगत्सिंह जगदीश के मंदिर तक करनीदान की अग्रगामिता (पेशवाई) करके उसको महलों में लेगये. जो महलों से अनुमान ५०० कदम के अंतर पर है, इस कार्य की प्रशंसा में करनीदान ने उक्त महाराणा को मरुभाषा का एक निम्न लिखित दोहा सुनाया.

करनारो जगपत कियो, कीरतकाज कुरब्ब ।
मन जिणा धोखा ले मुवा, शाह दिलेश शरब्ब ॥ १ ॥

(४)मारवाड़ के सांघड़ा नामी ग्राम का निवासी संढायच शाखा का चारण हरिदास मेवाड़ के महाराणा प्रथम जगत्सिंह के समीप रहता था उसने शेखावाटी प्रान्त के उदयपुरनामी ठिकाने के स्वामी सेखावत चत्रिय टोडरमल' की उदारतादि सद्गुणों कीप्रशंसा प्रकरणवशात् महाराणा के सन्मुख की, वह महाराणा को असह्य हुई, क्योंकि उस समय के चत्रिय राजा महाराजों में महाराणा जगत्सिंह सब से अधिक उदार थे जिनकी दानशक्ति के आगे दूसरों की प्रशंसा कब स्वीकार होसकती थी; अतएव महाराणा ने हरिदास को आज्ञा

१ कवियों की जीभ में बल है.

दी कि यदि टोडरमल को तुम इतना प्रशंसनीय जानते हो तो उनके पास जाओ, देखें वह तुम्हारा कितना सत्कार करैं, वहांसे पीछे आकर फिर हम से यथार्थ निवेदन करना; इससे महाराणा का यह प्रयोजन था कि हरिदास को जितना हमने दान दिया है और जितना हमने इनका सत्कार किया है उतना टोडरमल से कदापि नहीं होसकेगा, तब हरिदास को अपने मुख से निंदा करनी पड़ेगी, अथवा हरिदास मिथ्यावादी बनेगा, निदान महाराणा जगतसिंह की आज्ञानुसार हरिदास मेवाड़ की राजधानी उदयपुर से विदा होकर सेखावाटी प्रांत के उदयपुर नामी ठिकाने में गया जिसके आने के समाचार सुनकर टोडरमल भेस बदलकर अपने ठिकाने से सात कोस पर आगे जाकर हरिदास की पालकी के भोइयों में शामिल होगया और हरिदास की पालकी का बांस अपने कंधे पर रखकर उदैपुर लेगया जिसका वृत्तान्त हरिदास को उदैपुर पहुंचने पर मालूम हुआ कि टोडरमल भेस बदलकर कहारों में मिलगया और सात कोस पर्यंत पालकी अपने कंधे पर उठाकर लाया है. तदनंतर टोडरमल ने हरिदास को कई दिनों तक अत्यंत आदर पूर्वक रक्खा. और जब हरिदास विदा होने लगा तो टोडरमल ने अपना उदैपुर का ठिकाना ४५ गांवों सहित हरिदास को देदिया, परंतु हरिदास ने कहा कि मैं क्षत्रियों का वैभव बनानेवाला हूं छीननेवाला नहीं, इसकारण से उदैपुर का ठिकाना लेना मुझे स्वीकार नहीं, इसके उत्तर में टोडरमल ने कहा कि मैं अपने बाहुबल से अन्य ठिकाना अधिकार में कर लूंगा. यह आप रखिये परंतु हरिदास ने यह बात स्वीकार नहीं की, तदनन्तर बहुत कुछ वादानुवाद होकर हरिदास ने उदैपुरवाटी के कुछ ग्रामों में कुछ भूमि अपनी ओर से ब्राह्मणों को दान देकर बाकी कुल ठिकाना टोडरमल के अधिकार में करदिया. यहां पर हम टोडरमल की उदारता और हरिदास का संतोष दोनों को प्रशंसनीय समझते हैं. इसके पश्चात हरिदास पीछा मेवाड़ की राजधानी उदैपुर में महाराणा जगत्सिंह के पास गया और निम्न लिखित दोहा सुनाया

> दोय उदैपुर ऊजळा, दुहुँ दातार अवल्ल ।
> इकतो राणो जगतसी, दूजो टोडरमल्ल ॥ १ ॥

यह दोहा और उक्त वृत्तान्त सुनकर महाराणा जगत्सिंह ने टोडरमल और हरिदास दोनों के कृत्य की प्रशंसा की और आज्ञा की कि चारणों का आदर सन्मान करने में और चारणों को दान देने में वर्तमान समय में भी अनेक क्षत्रिय एक से एक बढ़कर हैं. जिसका परिचय इस समय टोडरमल ने उत्तम कर दिखाया.

अब यहां पर पाठकों को इस बात के जानने की उत्कंठा होगी कि टोड-

रमल कौन था? और अब उनके वंश में कौन है? इसकारण थोड़ा सा वृत्तान्त उसका भी लिख देते हैं कि खंडेला के राजा रायसाल जो बादशाह अकबर के समय में रायसल दरबारी के नाम से बड़े मनसबदारों में प्रसिद्ध थे और बड़े प्रसिद्ध व योग्य पुरुष हुए हैं. जिनके लघुपुत्र भोजराज को ४५ ग्रामों के साथ उदैपुरवाटी का परगना मिला. उन भोजराज के पुत्र टोडरमल हुए. जिन्होंने उक्त कार्य किया. और इसी टोडरमल के वंश में इससे कुछ पीढ़ियों के अनन्तर शार्दूलसिंह नामी प्रसिद्ध पुरुष हुए जिनके वंश में इस समय खेतड़ी, बिसाऊ, सूरजगढ, मलसीसर, मंडावा, नवलगढ आदि झुंझणूवाटी के सब ठिकाने हैं. जिनको इस समय भी टोडरमल के उक्त कार्य का अहंकार है. इन्हीं सेखावत क्षत्रियों की लाडखानी शाखा के क्षत्रिय खंगार ने एक चारण के हाथ से कशाघात (चाबुक) खाकर प्रसन्नता प्रकट की थी. जिसकेलिये गीत नामक छंद प्रसिद्ध है.

धरमरूप सेपांतलक नमो चितधारणां, वारणां लेऊँ[1] वंसरा उजाळा।
तो बिनां सहै कुण पीज[2] पटंग्रनतणीं, अणीमाठै कळू रतनवाळा॥१॥
इळामरू रतीवंत कथा रापण अमर, कीत हुय चहूँदिस गढां कोटां।
सुरँदइँदपंगारतो बिण कवण साँसवै[4], चारणां चावकां[5] तणी चोटां॥२॥
वंस पटतीस मरू राव राणां वदै, कृपण देषे सँकै आप कानी।
कवियणां तणां बप फता रा कळोधर, षिमै तूं ताजणां लाडपांनी[6]॥३॥
मागणां[7] भरै डँड जिके मनमांगिया, दान गैंवर विडँग लषां दीधा।
कमळ[8] जगदेव जिम छातपत कूरमां, कोरडा पिर्थी सिर अमग्र कीधा॥४॥

(५) बूंदी के हाडा रावभोज सीसण शाखा के चारण ईसरदास की दो कोस तक पेशवाई करके उसको बूंदी लेगये और वहां उसको पालखी में बिठाकर पालखी का डांडा अपने कंधे पर लेकर चले, और बारह ग्राम दान देकर अपना पोलपात्र बनाया, और मोतियों के अक्षतों से पैर पूजे. तत्पश्चात् इसी ईसरदास के वंश में वदनसिंह हुआ जिसको बूंदी के महारावराजा विष्णुसिंह ने रासोंदा नामी ग्राम देकर अपने कंधे पर वदन कवि का पैर दिलाकर हाथी पर चढाया और आप हाथी के आगे पैदल चले. जिसकी साक्षी ग्रंथ वंशभास्कर की प्रथम राशि के चौथे मयूख में लिखी है

(६) महरवों ग्राम का महियारिया गोत्र का चारण देवा बूंदी गया जिसको प्रसन्न करने के अर्थ बूंदी के राव सत्रुसालने अनेक उपाय किये परंतु देवा प्रसन्न

१ न्योछावर जाऊ. २ब्राह्मण, चारण, संन्यासी, जती, फकीर और रामदेवजी के पूजारे क्षत्रिय. ३नाम ४सहन करै. ५चाबुक ६सेखावत क्षत्रियों की एक शाखा ७ चारण ८ मस्तक

नहीं हुआ, तब राव सत्रुसाल ने देवा के पदत्राण(जूते) अपने हाथ से उठाक र देवा को पहिनाये तब प्रसन्न होकर उक्तकवि ने सत्रुसाल को निम्न लिखि त दोहा सुनाया.

पांखां गह पैजार, सुकव अगा धरतां सतां ।
हिक हिक बार हजार, पहें सूमां माथे पड़ी ॥ १ ॥

(७) सूलवाड़ा ग्राम का कविया गोत्र का चारण करणीदान उदैपुर गया और महाराणा दूसरे संग्रामसिंह को उनके पूर्वपुरुषों के मरुभाषा में पांच गीत नवीन बनाकर सुनाये, जिनके सुनने से महाराणा संग्रामसिंह ने प्रसन्न होकर करणीदान को आज्ञा दी कि ये आपके गीत क्या हैं मंत्र हैं, और मंत्रों को सदैव धूप दियाजाता है जो आप कहैं तो इन गीतों को धूप खेवैं, और आप कहैं तो आपको लाखपसाव देवैं, जिस पर करणीदान ने निवेदन किया कि लाखपसाव तो मुझ को शाहपुरा के राजा उमेदसिंह ने और डूंगरपुर के महारावल शिवसिंह ने अभी दिये हैं और फिर भी देनेवाले बहुत हैं, परन्तु आप आर्यदिवाकर कहलाते हैं जिनके हाथ से धूप दिलाना उत्तम है, इसलिये आप धूप ही खेवैं. इस पर महाराणा संग्रामसिंह ने उन गीतों के पत्रों को धूप दिया, और फिर करणीदान को लाखपसाव भी दिया.

(८) इसी कविया करणीदान को सूर्यप्रकाश नामक ग्रंथ बनाने पर जोधपुर के महाराजा अभयसिंह ने कविराजा का उपटंक(खिताब)और लाखपसाव देकर अपनी प्राचीन राजधानी मंडोवर से करणीदान को हाथी पर सवार कराके दो कोस के अंतर पर जोधपुर पहुंचाया. और महाराजा अभयसिंह करणीदान की सवारी के हाथी के आगे जलेब में चले, जिसका स्मारक करणीदान का कहाहुआ यह निम्न लिखित दोहा प्रसिद्ध है.

अशॅ चढियो राजा अभो, किव चाढे गजराज ।
पोहर हेक जळेबमें, मोहर हले महराज ॥ १ ॥

इस प्रकार के अनेक उत्तमोत्तम आदर सन्मान क्षत्रिय राजा महाराजाओंने चारणों के किये, जिनके उदाहरण राजपूताना, गुजरात, काठियावाड़ के इतिहासों में विद्यमान हैं, परंतु विस्तार के भय से यहां संक्षेप से लिखेगये हैं, अब यहां यह प्रश्न उठता है कि क्या गतकाल में ही चारणों को आदर सन्मान मिलते थे इस समय में नहीं मिलते? इसके उत्तर में जिन जिन चारणों को राजा महाराजाओं की ओर से मुझ बारहठकृष्णसिंह के जीवन समय में मान मिले उनकी गणना नीचे कर दी जाती है.

(१) वंशभास्कर ग्रंथ के कर्ता मीसण सूर्यमल्ल को बूंदी के महाराजरा

१ हाथ में २सत्रुसाल ३राजा ४घोड़ा ५आगाड़ी

जा रामसिंह ने ठाकुर की पदवी देकर बडा आदर किया. और पैरों में स्वर्णभूषण देना चाहा, जिनमें सूर्यमल्ल ने ठाकुर का पद तो ग्रहण किया, और स्वर्णभूषण लेना इस कारण से अस्वीकार किया कि पैर में स्वर्णभूषण नहीं पहनने से विद्वानों का मान न्यून नहीं समझा जाता, अतएव मेरा तो भूषण मेरी विद्या है सो ही बहुत है, सोने से मान बढ़ाना नहीं चाहता. सो सूर्यमल्ल ने सोना तो नहीं लिया, परंतु विक्रमी संवत् १९२५ पर्यंत जबतक वे जीवित रहे तब तक महारावराजा रामसिंह ने उनका ऐसा बरताव रक्खा कि जैसा स्वामी का सेवक रखता है.

(२) बूंदी के बड़े राजकुमार भीमसिंह विवाह करने को बांसवहाला गये तब सूर्यमल्ल भी बरात में साथ थे वहां किसी कारण से रुष्ट होकर सूर्यमल्ल रतलाम चलेगये तब महाराजा बलवंतसिंह २॥ कोसतक पेशवाई करके सूर्यमल्ल को रतलाम लेगये और वहां उनका ऐसा बरताव किया कि जिसको वे जीवन पर्यंत नहीं भूले.

(३) कोटा के महाराव रामसिंह ने महियारिया शाखा के चारण भवानीदान को कविराजा का उपटङ्क, अभ्युत्थान (ताजीम), बांहपसाव, चांदी की छड़ी, छाँहगीर, अडाणी, पत्र पर लगाने की बड़ी मुद्रा, तामजाम में बैठने की आज्ञा और पैर में स्वर्णभूषण आदि देकर मान बढाया जो इस समय वंशपरंपर के अनुसार भवानीदान के पौत्र देवीदान के विद्यमान है.

(४) उदयपुर के महाराणा सज्जनसिंह ने ढोकलिया ग्राम के दधवाड़िया शाखा के चारण श्यामलदास को विक्रमी संवत् १९३२ में अभ्युत्थान (ताजीम) संवत् १९३३ में बांहपसाव (हाथ बढाकर मिलना), चरण शरण की बडी मुद्रा (छाप), संवत् १९३४ में पैरों में सोने के लंगर संवत् १९३५ के पौष शुक्ल द्वितीया को श्यामलदास के ग्राम ढोकळिये पधार कर कविराज का उपटङ्क, खासरुक्का में जुहार का लेख और पैगडी में मांझा और पैरों में स्वर्ण के तोड़ आदि बडे २ कुरब देकर मान बढाया, और पांच वार कविराज श्यामलदास की हवेली पधार कर महमान हुए, और संवत् १९३५ में ढोकळिये पधारे तब दो दिन तक श्यामलदास के महमान रहे, और संवत १९३८ में पैरों में स्वर्ण के दोवड़े लंगर प्रदान किये, सो उक्त कुरब इस समय श्यामलदास के पुत्र जसकरण के विद्यमान हैं, और संवत् १९१४ में चैत्र शुक्ला १४ को उदयपुर के महाराणा सज्जनसिंह, जोधपुर के महाराजा जसवन्तसिंह और कृष्णगढ

१ पैर में स्वर्ण पहनने की वंश परंपरा से इनको आज्ञा चली आती थी, परंतु सूर्यमल्ल के पिता चंडीदान ने पैर में स्वर्णाभरण पहनना छोड दिया था जिसकी कथा ग्रंथ वंशभास्कर के अष्टमराशि में रामसिंहचरित्र में लिखी हुई है, तब से सूर्यमल्ल ने भी नहीं पहना.

२ पगड़ी में तास अर्थात् जरी का टुकड़ा रखते हैं, जिसको उदयपुर में बड़ी इज्जत का निशान समझते हैं

के महाराजा शार्दूलसिंह कविराज श्यामलदास के स्थान पर पधार कर मह मान हुए. इसके उपरांत कविराज की योग्यता के कारण अंगरेजी सरकार से संवत् १९३९ में चांदी का तमगा और संवत् १९४४ में महामहोपाध्याय का उपटंक मिला.

(५) उदयपुर के महाराणा सज्जनसिंह ने कोटा के महियारिया चारण फतह-सिंह को पैरों में स्वर्णभूषण और फतहसिंह के पिता लक्ष्मणदान को अभ्यु-त्थान (ताजीम) प्रदान किया जो अब फतहसिंह के दत्तकपुत्र करणीदान के विद्यमान है.

(६) जोधपुर के महाराजा मानसिंह ने आसिया शाखा के चारण बांकी दास को कविराज का उपटंक, अभ्युत्थान (ताजीम), पैर में स्वर्णाभरण, बांह पसाव आदि क़ुरब दिये थे सो तो बांकीदास के पौत्र कविराजा मुरारिदान के विद्यमान ही हैं, परंतु राजराजेश्वर महाराजा जसवन्तसिंह राज्यासन पर विराजे तब मुरारिदान को लाखपसाव देकर महलों के दरवाजे सूरजपोल तक महाराजा साहिबने स्वयं साथ जाकर पहुंचाया, और कविराजमुरारिदान लोहापोल से हाथीपर सवार होकर चँवर कराते हुए अपनी हवेली गये. उ-सके उपरांत संवत् १९५१ में 'जसवन्तजसोभूषण' नामक ग्रंथ सुनाने पर लाखपसाव देकर कविराजा का उपटंक और हाथ का क़ुरब प्रदान किया जो बड़े उमरावों के लिये भी जोधपुर में परावधि का क़ुरब समझाजाता है और संवत् १९३६ में महाराणा सज्जनसिंह जब जोधपुर पधारे थे तब महाराणा सज्जनसिंह और महाराजा जसवन्तसिंह कविराजा मुरारिदान की हवेली पर पधारकर महमान हुए थे.

(७) बीकानेर के महाराजा डूंगरसिंह ने बीठू शाखाके चारण भभूतदान को कविराज का खिताब, ताजीम और पैर में सोना दिया सो इस समय वंशपरंपरा के अनुसार उसके पुत्र भैरवदान के विद्यमान है.

(८) इन्हीं महाराजा डूंगरसिंह ने संढायच शाखा के चारण खूमदान को जैंसा नामी ग्राम के साथ ताजीम, पैर में सोना और ठाकुर का खिताब दिया, जो खूमदान के पुत्र गोवर्धनदान के विद्यमान है.

(९) बूंदी के वर्तमान महारावराजा रघुवीरसिंह ने मीसण शाखा के चा रण मुरारिदान को पैर में सोना दिया, सो मुरारिदान स्वयं विद्यमान है.

(१०) जैसलमेर के महारावल वैरिशाल ने रतनू शाखा के चारण शिवजी-दान को कविराज का उपटंक, पैर में स्वर्णभूषण और अभ्युत्थान दिया सो शिवजीदान के पुत्र अमरदान के विद्यमान है.

(११) डूंगरपुर के महारावल उदैसिंह ने महियारिया शाखा के चारण के सरीसिंह को कविराज का खिताब और स्वर्णभूषण दिया सो केसरीसिंह के

पुत्र के विद्यमान है.

(१२) इन्हीं महारावल उदैसिंह ने सोदा शाखा के चारण जगत्सिंह को पैर में स्वर्णभूषण दिया, जो जगतसिंह स्वयं विद्यमान है.

(१३) देवलियाप्रतापगढ के महारावत उदैसिंह ने बारहठ ईसरदान को पैर में सोना दिया सो ईसरदान के पुत्र के विद्यमान है.

(१४) इन्हीं महारावत उदैसिंह ने महडू शाखा के चारण गुलावसिंह को पैर में सोना दिया सो इस समय गुलाबसिंह का प्रपौत्र पहनता है.

(१५) जोधपुर के राजराजेश्वर महाराज जसवन्तसिंह ने पांचेटिया ग्राम के आढा चारण रामनाथ को स्वर्णाभरण दिया सो इस समय रामनाथ का पुत्र केसरीसिंह पहनता है.

(१६) खेतड़ी के राजा अजीतसिंह ने कविया शाखा के चारण बलदेव को कविराज का खिताब और पैरों में सोना दिया, सो बलदेव के पुत्र वाला बक्स के विद्यमान है.

(१७) उक्त महाशयों के साथ मुझ अल्पज्ञ की मेरे मुख से गणना करना मुझे शोभा नहीं देती तथापि जो थोडे से राज्यसन्मान मुझ (सोदा बारहठ शाखा के चारण कृष्णसिंह) को मिले हैं उनकी सूचना करदेना अनुचित न समझकर लिखदियेजाते हैं कि उदयपुर के स्वामी आर्यकुलकमलदिवाकर महाराणा सज्जनसिंह ने मुझको पलाणा घोड़ा, बेडी नाव की बैठक, सवारी में महाराणा से आगे चलने की आज्ञा आदि कई मान प्रदान करके पूर्ण अनुग्रह का बरताव किया, जिसके धन्यवाद में मैंने उक्त महाराणा साहिब को मरुभाषा का छप्पय नामक निम्न लिखित छंद श्रवण कराया.

मादक मजलस मोद खास खेळी खिलवत में,
रंग राग रस रीझ दियण इज्जत धन दत में ।
राजकाज अरु रहस भेद अंतर नँहँ भाखत,
सहल सिकारन साथ रात दिन संगहि राखत ।
कविकुल कृतार्थ कारक कुसळ पाळण मग्ग प्रचारियो,
सुदामा रीत माधव सरस कृष्ण सजन स्वीकारियो ॥ १ ॥

इसके उपरांत महाराणा साहिब ने मेरे गले में गलबांहि डालकर कईवार अपने हाथों से मद्य पिलाया था, जिस विषय का मेरा कहाहुआ उक्त महाराणा साहिब का मरुभाषा का एक मरसिया दोहा यह प्रसिद्ध है.

१ उदयपुर में बडी नाव की बैठक का बडा दर्जा है यहां तक कि कितने ही उमरावों को बडी नाव में बैठने की आज्ञा नहीं है. २मरे पीछे उस पुरुष की प्रशंसा में कविता की जावे उसको मरसिया कहते हैं.

दै गळबांहीं जे दिया, मदप्याला मनुहार
सज्जन बिन ते सेल सम, सालै हिय दुसाल ॥ १ ॥

इसके उपरांत महाराणा सज्जनसिंह के उत्तराधिकारी महाराणा फतहसिंह ने भी हाथी और सहस्रों रुपये आदि प्रदान करके बड़े आदर के साथ मुझको अपने पास रक्खा.

और शाहपुरा के समीप मेरे घरू ग्राम खेड़ा में मेरी माता ने विष्णु भगवान् का मंदिर बनवाया जिसकी प्रतिष्ठा के उत्सव में संवत १९४९ के वैशाख मास में शाहपुरा के राजाधिराज नाहरसिंह मेरे ग्राम पर महमान हुए.

विक्रमी संवत् १९४१ में श्रीमान् जोधपुरनरेश राजराजेश्वर महाराजा जसवन्तसिंह उदयपुर पधारे तब पीछोलातालाब के भीतर के जगनिवास नाम के महलों में सज्जनविलास महल के भीतर के चहबचे (कुंड) में महाराणा सज्जनसिंह, महाराजा जसवन्तसिंह और कृष्णगढ के महाराजा शार्दूलसिंह स्नान करने पधारे और अपने २ कृपापात्रों को स्नान करने के लिये साथ लिये जब महाराणा साहिब और कृष्णगढ महाराजा साहिब तो तीनों राज्य के मुख्य २ सरदारों सहित चहबचे में स्नान करने लगे और श्रीमान् राजराजेश्वर जसवन्तसिंह पैर नहीं जानने के कारण हौज के पश्चिमी झरोखे में विराज गये जो पानी से लगाहुआ है, तब सब सरदार मद्य पीने लगे उस समय मद्य पीने का मेरा उच्छिष्टपात्र श्रीमान् मरुधराधीशों के समीप ही रक्खाहुआ था उसको राजराजेश्वर जसवन्तसिंह अपने हाथ में लेकर जब अपने हाथ से मुझे मद्य पिलाने लगे तब मैंने निवेदन किया कि यह प्याला मेरा उच्छिष्ट है इसके श्रीमान् हाथ न लगावें, इसके उत्तर में आज्ञा की कि आपलोग हमारे पूजनीय हैं जिनकी जूतियें उठालेते हैं इस हालत में झूठा प्याला क्या चीज है. जब मैंने निवेदन किया कि यह श्रीमानों की गुणग्राहकता है, परंतु इसमें मेरी सभ्यता बिगड़ती है, तब महाराणा साहिब ने आज्ञा की कि तुम्हारी सभ्यता कुछ नहीं बिगड़ती, जब महाराजा साहिब की इच्छा अपने हाथ से पिलाने की है तो पीलो, इस पर मैंने श्रीमानों को अधिक धन्यवाद करके मद्य पीलिया. तथा संवत् १९४८ के भाद्रपद मास में जोधपुर के राजराजेश्वर महाराजा जसवन्तसिंह ने मुझको पैर में स्वर्ण भूषण प्रदान कर मान बढाया.

इसप्रकार वर्तमान समय में भी चारणों का आदर सन्मान क्षत्रिय राजा महाराजा करते हैं, अब यहां पर यह प्रश्न उठता है कि ताजीम और पैर में सोना तो चारणों के अतिरिक्त ब्राह्मण और वैश्य आदि अन्य ज्ञातिवालों को भी मिलते हैं, फिर चारणों को मिलने में क्या विशेषता है? इसके उत्त-

र में लिखाजाता है कि राजपूताना में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान समय पर्यंत यह रीति चली आती है कि क्षत्रिय और चारणों को जो मान मिलते हैं वे वंश परंपरा के लिये (मौरूशी) होते हैं. जैसा कि ऊपर के उदाहरणों से स्पष्ट सिद्ध है. और ब्राह्मण वैश्य आदि अन्य ज्ञातिवालों को मान मिलते हैं वे उनके जीवन पर्यंत (हीनहयात) ही रहते हैं. इस कारण से क्षत्रिय और चारणों को मान मिलने में यह विशेषता है.

अब आगे चारणों की प्रशंसा में राजा महाराजा आदि क्षत्रियोंने कविता की है सो भी कुछ यहां लिख देते हैं, जिससे सिद्ध होता है कि क्षत्रिय लोक चारणों को कैसा मानते हैं.

चारणों की प्रशंसा में क्षत्रियों की कीहुई कविता

इस प्रकरण में जोधपुर के महाराजा प्रथम जसवन्तसिंह का बनायाहुआ एक दोहा लिखाजाता है जो मारवाड़ के रूपावास नामी गाम के चारण रोहडियाः बारहठ राजसिंह के लिये उक्त महाराजा ने मरसिया कहा था ॥

इत जोड़ा रहिया हमे, गंढवीकाज गरत्थ ।
ऊ राजेंड छत्रधारियाँ गो जोड़ावण हत्थ ॥ १ ॥

जोधपुर के महाराजा मानसिंह ने चारण ज्ञाति की प्रशंसा में मरुभाषा में गीत नामक छन्द कहा जो नीचे लिखाजाता है-

आछा गुण कहण वाणाँ[3] पण आछी, मोटम बुधमैं नको मणाँ ॥
राजाँ सुजस चहूँ जुग राखै, ताकँव दीपक सभातणाँ ।१।
भोपालाँ बाताँ हदभावै, सबद सुहावै घणाँ सकाज ।
डोल्ह दराज दीसता डारणाँ, राजाँ बिच सोहै कवराज ।२।
राजी सरब सभानैं राखै, सहज सुभावाँ घणाँ सरैं ।
धजवड़हता मारका धूँताँ, किव रजपूताँ अमर करै । ३ ।
आखै मानं सुणों अधपतियाँ, खत्रियाँ कोय मैं कीजो षीज ।
बिरदायक मदबहता बारण, चारण बडा अनोखी चीज ॥ ४ ॥

इन्हीं महाराजा मानसिंह का कहाहुआ मरुभाषा में गीत नामक छन्द का चतुर्थ चरण प्रसिद्ध है, वह नीचे लिखाजाता है

करण सुकर[11] अहलोक कृतारथ, परमारथ ही दियण पतीज .

१ चारण २ राजसिंह ३ स्वभाव ४ चारण ५ वीर ६ तरवार चलानेवाले ७ धूर्तो को ८ कहै ९ मानसिंह १० मत करना ११ मुख्य

चारण कहण जथारथ चोडे, चारण महा पदारथ चीज ॥ ३ ॥

इन्हीं महाराजा मानसिंह के समय में पोखरण के ठाकुर सवाईसिंह के प्रपञ्च से धूँकलसिंह नाम का मारवाड़ राज्य का एक मिथ्या दावीदार खड़ा होकर जयपुर के महाराजा जगत्सिंह की सहायता से सम्वत् १८६४ में उसने महाराजा मानसिंहको जोधपुर के गढ में घेरलिया और मारवाड देश व शहर जोधपुर में अपना अधिकार जमालिया उस समय में अधिकांश लोक महाराजा मानसिंह को छोडकर धूँकलसिंह में जामिले थे और कितने ही मरने के भय से भागगये, उस समय १७ चारण महाराजा मानसिंह के पास बने रहे और शत्रुओं से लड़ते रहे जिनमें से साँदू शाखा का चारण पीथा, मारा भी गया था इस पर स्वयं महाराजा मानसिंह ने मरुभाषा में गीत नामक छन्द का एक चरण कहा जो नीचे लिखाजाता है

ठोरे[२] पडे त्रंबक[३] ठहठहिया, भड़ थहिया पगरोप भवँ[४] ।

बाल्ही लाज तजे के बहिया, सतरे जद रहिया सकवँ[५]॥४॥

इसके साथ ही राजराजेश्वर महाराजा मानसिंहने एक दोहा कहा वह यह है-

चारण भाई क्षत्रियाँ, जाँघर खाग[६]तियाग ।

खाग तियागाँ बाहिरा, जाँसूं लाग न भाग ॥ ५ ॥

जोधपुर के आशिया शाखा के चारण कविराज बांकीदास का जब देहान्त होगया तब जोधपुर के महाराजा मानसिंह ने बांकीदास के मरसिये दो दोहे बनाये वे नीचेलिखेजाते हैं

सौराष्ट्री (सोरठा) दोहा

विद्याकुलविख्यात, राजकाज हर रहसरी ।

बाँका तोबिण बात, किण आगल मनरी कहाँ ॥ ६ ॥

सदबिद्या बहुसाज, बाँकी थी बाँका वसू ।

कर सूधो कवराज, आज कठी गो आशिया ॥ ७ ॥

इसी प्रकार रतलाम के महाराजा बलवंतसिंह ने चारण जाति की प्रशंसा में मरुभाषा का छप्पय नामक छन्द बनाया जो नीचे लिखाजाता है-

यो चारण कुल अवस, तवाँ क्षत्रीकुल तारण ।

यो चारण कुल अवस, बिहद मद बहतो बारण ।

---

१ यहां अत्यन्त अलभ्यता दिखाने के लिये पदार्थ और चीज, इन एकार्थ बाची दो शब्दों का प्रयोग किया है । २ निरंतर प्रहार ३ नक्कारा ४ भूमि ५ चारण ६ वीरता और दान ७ बांकीदास. ८ कहां

यो चारण कुल़ अवस, सकल़ गुण कारज सारण।
यों चारण कुल़ अवस, मुंदै अपकीरत मारण ।
देवकुल़ साच चारण दुरस, धुरहरि भगती धारणाँ ।
सुरसती रूप राजै सुकव, डगर चलावण डारणाँ ॥ ८ ॥

इन्हीं महाराजा बलवंतसिंह का कहाहुआ एक दोहा यह प्रसिद्ध है-

सौराष्ट्री (सोरठा) दोहा

जोगो किणी न जोग, सहजोगो कीधो सुकव ।
लूंठा चारण लोग, तारणकुल़ छत्रियाँतणाँ ॥ ९ ॥

रोहड़िया शाखा के चारण बारहठ चण्डीदान का जब देहान्त हुआ तब इन्हीं महाराजा बलवंतसिंह ने चण्डीदान के मरसिये दोहे बनाये जिनमें से दो दोहे निचे लिखेजाते हैं

सौराष्ट्री (सोरठा) दोहा

सहसुख वाल्हा स्वाद, उणबिन व्हैगा ओरसा ।
आवै निसदिन याद, चितसुध वारठ चूँडियो ॥ १० ॥
सुरतर वाल़ो सार, उण नरतर पर वारजे ।
अधक लियां आचार, जिणघर चूँडो जनमियो ॥ ११ ॥

जैथल्या नामक ग्राम के महडू शाखा के चारण साहिबदान की कविता की प्रशंसा में उणियारा के रावराजा फतहसिंह का बनायाहुआ एक दोहा प्रसिद्ध है सो नीचे लिखते हैं

साहिब थारा अंक सह, घड़िया बेहँघड़ाव ।
जाणक कञ्चन में जिके, जड़िया रतन जड़ाव ॥ १२ ॥

यह रावराजा फतहसिंह वंशभास्करकटीकाकार के समय पर्यन्त विद्यमान थे। मेवाड के उमराव बाठरड़ा नामक ग्रामके स्वामी सारङ्गदेवोत सीसोदिया क्षत्रिय रावत दलेलसिंह के लघुभ्राता गुमानसिंह ने चारण ज्ञाति की प्रशंसा में मनोहर जाति का छन्द बनाया जो नीचे लिखाजाता है, इस गुमानसिंह के बनायेहुए ग्रन्थ भी विद्यमान हैं, इसको देवलिया प्रतापगढ के महारावत उदयसिंह ने जागीर में ग्राम दिया इस कारण से गुमानसिंह इस समय देवलिया प्रतापगढ में विद्यमान हैं ॥

१ मुख्य २ वीरों को मार्ग चलानेवाले. ३ क्षत्रिय का नाम ४ अलूणा ५ चंडीदान ६ कल्पवृक्ष का ७ ब्रह्मा की रचना

मनोहरम् ॥

नीति मग्ग चालैं ताहि कुम्भत्थल हत्थल दे,
बप्प बप्प बोलि कहो मनको बढातो को ।
कुमति कुदान धरे आलस जँञ्जीर जर,
थानसु आलीन छोरि जंगनपैं जातो को ॥
रम्यकाव्य तोदन लै घेरि गम्यचत्वर में,
हेरि हेरि मर्म बोल तोमर लगातो को ।
चारण सुहस्तिपैं न होते तो गुमान कहै,
क्षत्रीकुल कुम्भी हमैं रोकि राह लातो को ॥ १३ ॥

इसप्रकार कविता कर जाननेवाले क्षत्रिय लोग क्या प्राचीन समय के और क्या वर्तमान समय के सभी चारणों की प्रशंसा में कविता करते थे और अब भी करते हैं, जिनके उदाहरण दिक् दर्शन न्याय के अनुसार थोड़े से ऊपर लिखदिये हैं इन शैलीवद्ध उदाहरणों से भली भांति सिद्ध है कि, सत्य युग आदि के और इस समय के चारण एक ही हैं ॥
यदि भिन्न भिन्न होते तो ऐसा शृङ्खलावद्ध वृत्तान्त नहीं मिलकर बीच में अवश्य त्रुटि होजाती सो कहीं नहीं है.

इसके अतिरिक्त नवीन ज्ञाति का अथवा किसी छोटी ज्ञाति का, सभी क्षत्रियों में इतना बडा आदर सम्मान कदापि नहीं बढता, इसकारण से पाठकों को जानना चाहिये कि सृष्टिसर्जनकाल से लेकर वर्तमान समय पर्यन्त का चरणों की ज्ञाति का यह वही खाता है जिसका खण्डन किसी के जवानी जमाखर्च से कदापि नहीं होसक्ता ॥

अब यहां पर यह प्रश्न उठता है कि क्षत्रियों में चारणों का इतना आदर सम्मान होने का कारण क्या है? इसके उत्तर में तन्दुलकणन्याय के अनुसार थोड़े से उदाहरण नीचे लिखदिये जाते हैं ॥

१प्राचीन समय से चारणलोग क्षत्रियों के उपदेशक नियत होकर अनेक सदुपदेश करके क्षत्रियों की उन्नति करते रहे, और स्वर्ग से क्षत्रियों के साथ साथ आर्यावर्त में आकर क्षत्रियों की हानि में अपनी हानि और लाभ में लाभ समझकर क्षत्रियों की आत्युन्नति और देशोन्नति करते रहे इस कारण से क्षत्रियों की चारणों पर अधिक प्रीति है, यहां पर यदि कोई यह कहै कि क्षत्रियों के उपदेशक तो ब्राह्मण भी हैं, जिन्होंने अनेक सदुपदेश किये हैं

१ बाप बाप २ खंभ ३ अंकुश ४ जाने योग्य चौक में अर्थात् रणभूमि में ५ महावत ६ हाथी.

उन पर इतनी प्रीति क्यों नहीं है? तो इसके उत्तर में लिखाजाता है कि ब्राह्मणलोक भारतवर्ष की समग्र जातियों के समान धर्मोपदेशक हैं, इस कारण ब्राह्मणों को सभी पूज्य मानते हैं यहांतक कि चारणों ने भी ब्राह्मणों को पूज्य मान कर अपने ग्रामों में सहस्रों बीघे भूमि दान देरक्खी है, परन्तु कुछ काल से ब्राह्मणों ने समयानुसार नीति का उपदेश करना छोड़दिया और क्षत्रियों के आपत्काल के सहचारी नहीं रहे, इसके उपरान्त क्षत्रिय और ब्राह्मणों के खानपानादि में भेद होकर बहुधा व्यवहारों में अन्तर पड़गया और वर्तमान समय का स्पर्शास्पर्श का बखेड़ा अरुचिकारक होकर स्नेहाधिक्यता का बाधक होगया, इसके साथ ही ग्रहशान्त्यादि रीतियें भी विक्षेप कारक बनगईं, अतएव ब्राह्मणों का पूज्यत्व तो यथावस्थित बनाहुआ है, परन्तु उक्तकारणों से अन्तःकरण की प्रीति में न्यूनता पाईजाती है, अब यहां पर यह लिखना भी अयुक्त नहीं होवेगा कि ब्राह्मण लोक सभी ज्ञातियों के उपदेशक हैं और चारणलोक केवल क्षत्रियों के ही उपदेशक हैं इस कारण से भी क्षत्रियलोक चारणों को विशेषदृष्टि से देखते हैं, और इनसे समयोचित नीति का उपदेश ग्रहण करते हैं, इसके उपरांत चारणों का खानपानादि सम्पूर्ण व्यवहार क्षत्रियों के समान बनारहा और वर्तमान समय में भी वैसा का वैसा बना हुआ है, और इन दोनों ज्ञातियों में कभी परस्पर का विरोध नहीं हुआ इस कारण इनकी परस्पर की प्रीति वैसी की वैसी बनीहुई है इसके अतिरिक्त क्षत्रियों के अनेक अमूल्य उपकार भी मारूचारणों के हाथ से हुए हैं सो ग्रन्थ वंशभास्कर में विद्यमान हैं इनके उपरान्त थोड़े से उदाहरण यहीं पर आगे दिखाये जावेंगे ॥

२ चारणों के अनेक प्राण चलेजाने पर भी अपने यजमान क्षत्रियों के अहित की बात कभी अंगीकार नहीं की और कभी स्वामिद्रोही नहीं बने, बहुधा ज्ञातियों के मनुष्यों ने अपने स्वामियों पर विश्वासघात आदि अनेक अनर्थ किये जिनके उदाहरण इतिहासों में विद्यमान हैं परन्तु चारण ज्ञाति को यह कलङ्क नहीं लगा, इसकारण से भी चारणों पर अधिक विश्वास है

३ क्षत्रियों में जब परस्पर के द्वेष और बान्धवविरोध आदि उठे तब तब चारणों ने उन के मिटाने का उद्योग किया और क्षत्रियों में परस्पर सामउपाय को ही सदैव अपना कर्तव्य समझा जिससे क्षत्रियों को अलभ्य लाभ हुआ और सहस्रों क्षत्रियों के प्राण बचे जब जब क्षत्रियों में परस्पर के द्वेष से दो दल होकर कट मरने का समय आया तब तब चारणों ने मध्यस्थ होकर उनको मरते बचाये, इसकारण सामान्य रीति से यह प्रथा राजपूताने में प्रचलित होगई थी कि सहस्रों क्षत्रिय परस्पर कटमरने को तैय्यार होते उस

समय एक भी चारण बीच में आखड़ा होजाता तो लड़ाई बंद होकर सन्धि के सन्देशे होने लगजाते ऐसे समय में चारणों ने छोटे बडे (अमीर गरीब) के संकोच से न्याय को छोडकर कभी अन्याय ग्रहण नहीं किया इसीकारण से छोटे (हल चलानेवाले) चत्रियों से लेकर राजा महाराजाओं तक सब इन पर विश्वास करते हैं, और सब के समान प्रीतिपात्र बनेहुए हैं। इसके उपरान्त चत्रियों में अनेक विश्वासघात, छद्मघात, बालघात आदि अनर्थ होते हुए चारणों ने बचाये हैं, इसकारण से कैसा ही कठोर और दुर्वाच्य कहे जाने पर भी चारण लोक चत्रियों से अवध्य मानेजाते हैं, जिसके अनेक उदाहरण राजपूताना के इतिहासों में विद्यमान हैं ॥

४ जब जब चत्रियों का शत्रुओं से सामना हुआ है तब तब चारणों ने चत्रियों के साथ रहकर उत्साह दिला दिला कर इनको विजयी बनाये हैं, और कायरों को भी वीर बना बना कर लडाये हैं, इतना ही नहीं किन्तु स्वयं चत्रियों के अग्रणी होकर शत्रुओं से लडे और मारे मरे हैं, इसीकारण से यह प्रसिद्ध हुआ है कि

चारण मरण परायो चहरे, चारण मरण न पाड़े चूक ॥

इसप्रकार सुख और दुःख दोनों समय में चारणों ने चत्रियों का साथ नहीं छोड़ा और चत्रियों के लाभ के अर्थ अपने प्राणों को तुच्छ समझा सो इन पर इतनी प्रीति और विश्वास होना उचित ही है।

५ चारण और चत्रियों में याचक यजमानभाव बहुत दृढ है अर्थात् चारणलोक केवल चत्रियों के ही याचक हैं इसकारण से चत्रियलोक समझते हैं कि चारणों का निर्भर केवल हमारी ज्ञातिके ऊपर ही है इसकारण से विशेष प्रीति करके दान और मान में चारणों को सदैव अग्रणी रखते हैं।

६ इस संसार में मनुष्य के लिये यश के समान कोई प्रिय वस्तु नहीं है जिस यश के ग्राहक चत्रिय लोक ही हैं कि, जो सब से प्रिय पदार्थ प्राणों को भी यश के लिये देदेते हैं, वह यश करनेवाले चारण लोग ही हैं, अर्थात् चारणों से ही चत्रियों का यश विख्यात हुआ है और अब भी होता है, इस कारण से चारणों पर चत्रियों की अधिक प्रीति है।

७ आपत्काल में चत्रियों के सहचारी रहने से चारणों की सर्वोत्तम संस्कृत विद्या नष्ट होगई परन्तु अपने यजमान चत्रियों के समझ में आवे जैसी डिङ्गलभाषा में कविता करके समयानुसार उत्तम उपदेश और यश करते रहे जिसकारण से चारणों पर चत्रियों की प्रीति में न्यूनता नहीं आई।

८ चारणों ने चत्रियों के बड़े बड़े उपकार भी किये हैं और बडी बडी अमूल्य सेवायें कर करके चत्रियों के हृदयों पर अपनी ज्ञाति के उत्तम गुणों की

मुद्रा (छाप) लगा दी है, और जिस प्रकार क्षत्रिय लोग यह जानते हैं कि चारणों का निर्भर केवल हमारी ही ज्ञाति पर है, और हमारी ज्ञाति के सुधार का बड़ा भार इन्हीं पर है, इसीप्रकार चारणों का भी यही सिद्धान्त है कि, हमारी ज्ञाति का महत्त्व केवल क्षत्रियों से ही है, और इनके लाभ में हमारा लाभ और इनकी हानि में हमारी हानि है।

इन उपरोक्त कारणों से क्षत्रिय और चारणों की ज्ञाति में परस्पर अत्यन्त प्रीति बनीहुई है। यहां पाठकों को इस बात के जानने की आकांक्षा होवेगी कि चारणों ने क्षत्रियों के कौन कौन से उपकार और कौन कौन सी अमूल्य सेवायें की हैं, इसके बहुधा उदाहरण तो ग्रन्थ वंशभास्कर और राजपूताना के अन्य इतिहासों में स्पष्ट रीति से लिखेहुए हैं जिनकी द्विरावृत्ति करना अनावश्यक है,परन्तु थोड़े से उदाहरण तन्दुलकणन्याय के अनुसार जो ग्रन्थ वंशभास्कर में नहीं हैं नीचे लिख दियेजाते हैं, इन उदाहरणों में मैं (बारहठ कृष्णसिंह) अपने ही घर को अग्रणी करके लिखता हूं कि,

१ विक्रमी चौदह सौ के शतक में दिल्ली के बादशाह मुहम्मद तुगलकने महाराणा गढ लक्ष्मणसिंह से चीतोड़ का दुर्ग छीनलिया जिस युद्ध में महाराणा गढ लक्ष्मणसिंह अपने युवराज अरिसिंह सहित मारेगये और छोटे पुत्र अजयसिंह घायल होकर बाहिर निकले जो महाराणा बनकर चीतोड़ पीछा लेने के प्रयत्न में परलोक वास करगये, जिनके पीछे महाराणा हम्मीरसिंह राज्यासन पर बैठकर चित्तोड़ पीछा लेने के अर्थ अनेक युद्ध करते रहे, परन्तु चीतोड़ हाथ नहीं लगा और प्रबलशत्रुओं से युद्ध कर करके इतने निर्बल होगये कि चीतोड़ लेने की आशा नहीं रही तब अपना देह त्यागन करने को द्वारका जाने लगे मार्ग में गिरनार के समीप देथा गोत्र के चारण बारू के ग्राम खोडमें जाकर रात रहे, जहां पर बारू ने महाराणा का आतिथ्य करके आगे जाने का कारण पूछा तब महाराणा ने अपना अभिप्राय कह सुनाया, इस पर बारू की माता बरवड़ी ने जो उस समय देवी का अवतार मानीजाती थी, महाराणा को द्वारका जाकर शरीर त्यागने का निषेध करके शिक्षा की कि तुम पीछे मेवाड़ में जाओ तुम्हारा राज्य (चीतोड़) पीछा तुमको मिलजावेगा, इस पर महाराणा हम्मीरसिंह ने उत्तर दिया कि मेरी सवारी का एक घोड़ा बाकी रहा है, और थोडे से सेवक बाकी रहगये हैं जो इस समय मेरे साथहैं,इस सिवाय न तो घोड़े हैं, न क्षत्रिय हैं, न युद्ध की कोई सामग्री है, फिर चित्तोड़ पीछा किस साहित्य से लेसकूंगा, इस पर बरवड़ी ने आज्ञा की कि मेरा पुत्र बारू पांच सौ घोड़े लेकर तुम्हारे पास आवेगा वे घोड़े रखलेना और मेवाड़ में क्षत्रिय बहुत हैं जिनको एकत्रित करके सेना

बनालेना और तुम्हारे वहां जाने पर जो सम्बन्ध (सगाई) आवे वह स्वीकार करलेना वह सम्बन्ध ही चित्तोड़ पीछा दिलाने का साधन होजावेगा, इस पर महाराणा हम्मीरसिंह ने कहा कि मेरे पास इतने रुपये कहां जो पांच सौ घोडे क्रय कियेजावें इस पर वरवड़ी ने उत्तर दिया कि हम घोड़ों के रुपये नहीं लेवेंगे, यदि तुमको चीतोड पीछा मिलजावै तब तो घोडों के रुपये हम को देदना, नहीं तो हमारी तरफ से यह भेट है, इस पर महाराणा हम्मीरसिंह वरवड़ी के वचन का विश्वास करके पीछे कैलवाड़े आये, जिसके थोड़े ही समय पीछे देथा गोत्र का चारण बारू अपनी माता की आज्ञानुसार पांच सौ घोड़े लकर महाराणा की सेवामें उपस्थित हुआ वे घोड़े लेकर महाराणा ने अपने बिखरे हुए क्षत्रियों को एकत्रित किये, और देशमें लूटमार शुरू की उसी समय में जालोर के राव मालदेव मानगरा की पुत्री का संबन्ध करने को मालदेव के भले आदमी कैलवाड़े पहुंचे, जो संबन्ध स्वीकार करके महाराणा हम्मीरसिंह विवाह करने को जालोर गए उस समय चित्तोड़ का दुर्ग बादशाह की ओर से राव मालदेव के अधिकार में था, इस कारण से विवाह करते ही राव मालदेव के अमात्य मोजीराम महता को साथ लेकर सिंह की आखेट का मिश करके जालोर से निकले और उक्त पांच सौ सवारों से अर्धरात्रि को चित्तोड़ पहुंचे, जहां पर मोजीराम महता ने दुर्ग के द्वार खोलने की आज्ञा दी जिसकी वाणी पहचान कर द्वारपालों ने कपाट खोलदिये और महाराणा हम्मीरसिंह ने चितोड पर अपना अधिकार करलिया इसके पीछे मालदेव बड़ी सेना लेकर चित्तोड़ पर गया परन्तु महाराणा से परास्त होकर पीछा चला गया इस सेवाके प्रत्युपकार में महाराणा हम्मीरसिंह ने "बारू"को अपना पोलपात बारहट बनाकर क्रोड़पसाव और बारह ग्रामों के साथ पचीस सहस्र रुपये वार्षिक जीविका का आँतरी नामक ग्राम दिया जिसका वृत्तान्त ऊपर लिखा गया है, इसके उपरान्त महाराणा हम्मीरसिंह ने आज्ञा की कि बारू की घोड़ों की सौदागरी के कारण हमको मेवाड़ का राज्य पीछा मिला है और बारू का शीशोदिया क्षत्रियों पर बड़ा उपकार है इसकारण से इस उपकार का स्मरण रखने के अर्थ बारू के देथा गोत्र के स्थानमें 'सोदा' गोत्र रक्खा जावै, अर्थात् महाराणा की आज्ञानुसार उसी दिन से बारू और बारू के वंशज 'सोदा बारहठ' कहलाने लगे जिस पीछे महाराणा हम्मीरसिंहने खोड नामी ग्राम से वरवड़ी को चित्तोड़ पर बुलाई और उनका देहान्त होने के पीछे उनके नामपर मंदिर बनवाया, जो इस समय अन्नपूर्णा के नाम से प्रसिद्ध है, क्योंकि वरवड़ी का दूसरा नाम अन्नपूर्णा था जिसकी लम्बी चौड़ी कथा है वह विस्तार के भय से यहां नहीं लिखसक्ते जब महाराणा हम्मीरसिंह का देहान्त होगया और महाराणा क्षेत्रसिंह (खेता) गैणोली के अधीश हाडा लालसिंह की

पुत्री से विवाह करने को विक्रमी सम्वत् १४३९ में बुन्दी गये वहां हाडा लालसिंह ने, उक्त बारहठ बारू को दान देना चाहा और बारू अयाचक होगया था, अर्थात् महाराणा के सिवाय अन्य किसी क्षत्रिय का दान नहीं लेने का प्रण लेलिया था, इस कारण लालसिंह से दान लेना अस्वीकार किया इस पर लालसिंह ने बारू को किसी मन्त्र (सलाह) करने के मिश से बुन्दी के महलों में बुलाकर कहा कि मेरा दियाहुआ दान नहीं लिया तो मैं तुम्हारा अपमान करूंगा इस पर बारू ने अपने प्रण और मान को प्राण से प्रिय समझ कर अपने हाथ से अपना शिर काट कर प्राण देदिया, यद्यपि इस का परिणाम उत्तम नहीं हुआ क्योंकि महाराणा क्षेत्रसिंह ने बारहठ बारू का वैर लेने के कारण बुन्दी का आक्रमण करके युद्ध प्रारम्भ करदिया जिसमें महाराणा क्षेत्रसिंह और हाडा लालसिंह दोनों रणभूमि में मारेगये परन्तु बारू ने प्राण से भी प्रिय अपने प्रण को नहीं छोड़ा इन बारू बारहठ से सोलह पीढी पर मैं हूं, इस कारण से इस उदाहरण को अपना घरूउदाहरण लिखा है ॥

२ राठोड़ वीरमदेव को जोइया क्षत्रियों ने मारडाला और उसका वंश नष्ट करदेना चाहा तब वीरमदेव की स्त्री मांगलियाणी अपने ज्येष्ठ पुत्र चूण्डा को लेकर कालाऊ ग्राम के चारण रोहडिया बारहठ "आल्हा" के पास गई, तब आल्हा ने मांगलियाणी को अपनी माता के समान रखकर चूंडाका पालन करके उसको मंडोवर का राज्य प्राप्त कराया जो चूंडा मंडोवर विजय करके आनन्द से रहने लगे और उस आनन्द में आल्हा बारहठ को भूलगये तब आल्हा ने चूंडा के नाम निम्न लिखित दोहा लिखभेजा

> चूँडा नावै चीत, काचर कालाऊतणां ।
> भड़ थायो भै भीत, मंडोवररा मालियां ॥ १ ॥

इस दोहा के सुनने से चूंडा को आल्हा का स्मरण हुआ और उसको मंडोवर बुलाकर बड़ा सन्मान किया । इन्हीं चूंडा के वंश के इस समय जोधपुर, बीकानेर, किसनगढ, रतलाम, ईडर, सीतामऊ, शिलाणा, झाबुआ, आदि का राज्य करते हैं ।

३ मंडोवर के राव रणमल्ल को विक्रमी सम्वत् १५०० में महाराणा लाखा के ज्येष्ठ पुत्र राव चूंडा ने चित्तोड़ पर मरवा डाला और रणमल्ल का मृतक शरीर दग्ध नहीं होने दिया इस बात को अनुचित समझकर राव चूंडा की अप्रसन्नता का भार अपने शिर उठाकर खड़िया शाखा के चारण चाँदण ने रणमल्ल के शरीर को दग्ध किया, इस पर चूंडा ने अप्रसन्न होकर चाँदण को

मेवाड़ देश से बाहर निकालदिया, यह समाचार सुनकर रणमल्ल के पुत्र राव जोधा ने चांदण को मारवाड़ में बुलाकर गोदेलाव नामी ग्राम दिया, जो इस समय चाँदण के वंशजों के अधिकार में है। और गांम खराडी कांवलियां में भी इसीके वंशज हैं.

४ सिरोही के राव सुलतानसिंह देवड़े पर सम्वत् १६३६ में बादशाह अकबर ने सेना लेकर बीकानेर के राव रायसिंह को भेजा जो राव सुल्तान को पकड़कर बीकानेर लेगये इससमय सुल्तान का कृपापात्र आशिया गोत्र का चारण "दूदा" राव रायसिंह के पास गया और अपनी योग्यता से रायसिंह को प्रसन्न किया तब एक दिन रायसिंह ने आज्ञा की कि तुम्हारी जो इच्छा हो वे सो मांगो, जो मांगोगे वही पावोगे, इसपर दूदा ने मांगा कि रावसुलतान को कारागृह से छोड़ दो, इस पर राव रायसिंह ने उत्तर दिया कि सुल्तान बादशाही अपराधी है, जिसको मैं नहीं छोड सक्ता, तुम अपने लिये ग्राम, परगना, चाहो सो मांगो, इस पर दूदा ने जवाब दिया कि सूर्यवंशी क्षत्रिय, वचन देकर अद्यावधि नहीं पलटे हैं, परन्तु मालूम नहीं इस कलिकाल में क्या क्या नहीं करेंगे, मुझको मेरे लिये कुछ भी अभीप्सित नहीं है, आपको अपना वचन पालन करना होवे तो राव सुलतान को छोडदेवें, इस पर राव रायसिंह ने राव सुल्तान को बन्दीगृह से छोडदिया।

५ आंबेर के मिरजा राजा जयसिंह को दिल्ली के बादशाह औरङ्गजेब ने विश्वासघात से मरवाना चाहा और इसके लिये रतनू गोत्र के चारण जगन्नाथ को बहुत लोभ दिया गया, परन्तु जगन्नाथ ने उस लोभ को तुच्छ और अयोग्य जानकर, सम्पूर्ण भेद मिरजा राजा जयसिंह से कहदिया और बड़ी युक्ति के साथ जयसिंह को कुशलता पूर्वक दिल्ली से निकाल लाया, इस सेवा के प्रत्युपकार में मिरजा राजा जयसिंह ने, जगन्नाथ को पचीस सहस्र वार्षिक मुद्रा की जीविका देकर बहुत आदर सत्कार किया, जिसके वंशज इस समय नाँगळ और झोडूंदा भोजपुरिया ग्रामों में विद्यमान हैं।

६ बीकानेर के बीदावत राठोड़ और पुंगल के भाटियों में परस्पर विरोध बढ़कर कट मरने का समय आगया, और संभव था कि दोनों राज्य सिंध के यवनों के हस्तगत होजाते, उस समय में चारण ज्ञाति की करनी माता ने, उत्तम शिक्षा करके राठोड़ और भाटियों में परस्पर सन्धि कराकर शान्ति करादी, जिससे सहस्रों क्षत्रियों के प्राण बचे और भूमि सम्बन्धी किसी प्रकार की हानि नहीं हुई॥

७ उदयपुर के महाराणा उदयसिंह ने छोटे पुत्र जगमाल को युवराज मान लिया था, इसकारण से विक्रमी सम्वत् १६२८ में उदयसिंह के देहान्त होने पर जगमाल मेवाड़ के राज्यासन पर बैठगया, परन्तु इस बात को अनुचित

समझ कर मेवाड़ के उमराव सरदारों ने, जगमाल को उठाकर महाराणा प्रतापसिंह को राज्यासन पर बिठादिये, तब जगमाल निराश होकर अजमेर के सूबेदार के पास गया, और महडू शाखा के चारण "जाडा" को दिल्ली भेजा कि तुम वहां जाकर मेरे अर्थ जीविका मिलने का उपाय करो, इस पर जाडा दिल्ली गया और अपनी योग्यता व उत्तम कविता के कारण नव्वाब खानखाना बहराम के पुत्र खानखाना अब्दुल रहीम को प्रसन्न किया तब उक्त नव्वाब ने कहा कि जो तुम्हारे मन में होवे वह मांगो, जो मांगोगे वही पाओगे, इस पर जाडा ने मांगा कि बादशाह से निवेदन करके जगमाल के नाम जहाजपुर का परगना जागीर में लिखवा दो कि जो इस समय बादशाही खालसह में है, इस पर खानखाना अब्दुल रहीम ने जवाब दिया कि जगमाल के लिये तो परगना लिखवादिया जावेगा परन्तु तुम अपने लिये कुछ मांगो, इस पर जाडा महडू ने कहा कि मैं चारण हूं जो क्षत्रियों के सिवाय अन्य किसीसे कुछ नहीं लेता इस कारण से आप कृपा करके जगमाल के नाम जहाजपुर का परगना लिखवा देवें वह मैं मेरे लिये ही समझूंगा, इस पर अब्दुलरहीम ने बादशाह अकबर से निवेदन करके जहाजपुर का परगना जगमाल के नाम लिखवादिया और जाडा महडू की प्रशंसा में निम्नलिखित दोहा कहा—

धर जड्डी अंबर जडा, और न जड्डा कोय ॥
जड्डा नाम अलाह दा, जड्डा महडू जोय ॥ १ ॥

इसप्रकार जगमाल को जहाजपुर का परगना मिले पीछे क्षत्रियों को परस्पर लड़ाकर निर्बल बनाने की राजनीति से बादशाह अकबर ने देवड़ा सुलतान सिंह से सीरोही का आधा राज्य लेकर जगमाल को लिखदिया तब जगमाल ने जहाजपुर का परगना जाडा महडू को देदिया और आप सीरोही चलागया, परन्तु जाडा ने जहाजपुर के परगने का एक ग्राम 'सरस्या' अपने अधिकार में रखकर बाकी का परगना जगमाल को पीछा देदिया और सम्वत् १६४० कार्तिक शुक्ल ११ को सीरोही के राव सुलतान और जगमाल के युद्ध हुआ तब चारण जाडा महडू, जगमाल के साथ वीरता से लड़कर काम आया, इस जाडा के वंश के सरस्या आदि कई ग्रामों में मेवाड़, मारवाड़, मालवा आदि प्रदेशों में विद्यमान हैं.

उदयपुर महाराणा करणसिंह के ज्येष्ट राजकुमार जगत्सिंह ने ढुंढाड़ के एक नरूके राजपुत्र को मरवाडाला था उसका वैर लेने को उसका भाई उदयपुर पर गया और राजकुमार जगत्सिंह किसनपोल दरवाजेके बाहर खरगोशों की शिकार को गये थे जहां पर वह राजपूत जापहुंचा, जिस का ढंग दे-

खबर दधिवाड़िया शाखा के चारण खेमराज ने अनुमान से जाना कि यह राजकुमारजगतसिंह पर घात करने को जाता है इस कारण खेमराज घोड़ेपर सवार होकर उस राजपुत्र के पीछे होलिया और जब उस राजपूत ने खड्ग निकाल करके राजकुमार को ललकारा कि मैं मेरे भाई का वैर लेता हूं, उस समय खेमराज ने अपना घोड़ा बढाकर उस राजपुत्र पर खड्ग का प्रहार किया जिससे उस राजपुत्र का खड्ग सहित हाथ और मस्तक राजकुमार के आगे जापड़ा, खेमराज उसको मारते ही पीछा फिर कर बाठरड़ा के जागीरदार भोपतराम की हवेली अपने डेरे पर चलागया, राजकुमार को यह ज्ञात नहीं हुआ कि मेरे शत्रु को मारकर मेरे प्राण की रक्षा करनेवाला कौन था? इस कारण मे महलों में जाकर अपने पितामह राणा करणसिंह से निवेदन किया कि मेरी रक्षा करनेवाला कोई मेवाड़ी वीर था, इसकारण से सब जागीरदारों की जमीयतों को यहां बुलावें 'जिनको देखकर मेरी रक्षा करनेवाले वीर को मैं पहचान लूंगा, इस पर महाराणा ने सब जागीरदारों को अपनी अपनी जमीयतें लेकर महलों के बडे चौक में आने की आज्ञा दी जिस समय बाठरड़ा के जागीरदार महाराणा प्रतापसिंह के पुत्र सहसमल्ल का बेटा भोपतराम अपनी जमीयतें (परिग्रह) लेकर आया तो, राजकुमार जगत्सिंह ने खेमराज को देखते ही निवेदन किया कि मेरी रक्षा करनेवाला यह है इस पर महाराणा करणसिंह ने आज्ञा की कि अब तक मेरे तीन पुत्र थे आज से मेरा चौथा पुत्र खेमराज हुआ. फिर महाराणा कर्णसिंह का परलोक वास होने पर महाराणा जगत्सिंह राज्यासन पर विराजे तब खेमराज को सत्तर सहस्र ७०००० रुपये वार्षिक की जीविका प्रदान करके ठीकरया नामी ग्राम देकर खेमराज के नाम पर उसका नाम 'खेमपुर' रक्खा, जिसके ताम्रपत्र की आडी ओलों (पंक्तियों) में महाराणा ने अपने हाथ से "भाई खेमराज धधवाड़ा हैं दीधोजी" यह लिखा है सो वह ताम्रपत्र इस समय खेमपुर के ठाकुर चिमनसिंह दधवाड़िया के पास विद्यमान है।

उक्त भोपतराम के वंश में अब धरियावद का ठिकाणा है। और फिर खेमराज ने उक्त जीविका पाकर खेमपुर ग्राम में अपनी पुत्री का विवाह कियातो महाराणा जगत्सिंह अन्तःपुर (जनाना) सहित खेमराज के महमान होकर पन्द्रह दिन तक खेमपुर में रहे ॥

और 'भाई खेमराज' कह कर बडा मान बढाया जिसके प्रमाण में उक्त ताम्रपत्र विद्यमान है अर्थात् ताम्रपत्र की आयुदा (आडीओळ) में महाराणा ने अपने हस्ताक्षरों से भाई खेमराज लिखा है, इन्हीं महाराणा जगत्सिंह ने चारणों को सात सौ हस्ती, छप्पन सहस्र घोड़े और चौरासी ग्राम उदक दिये जिसकी साक्षी का यह दोहा प्रसिद्ध है

सिंधुर दीधा सात सै, हैंवर छपन हजार।
चौरासी सांसण दिया, जगपत जगदातार ॥ १ ॥

और महाराणा जगत्सिंह का देहान्त हुए पीछे महाराणा राजसिंह राज्य-सिंहासन पर बैठे तब खेमराज को "काका" कह कर बोलते थे जिसके लिये निम्न लिखित आधा दोहा प्रसिद्ध है कि

राणो कहियो राजसी, काको खेमकरन्न ॥

इस खेमराज के वंश में इस समय खेमपुर का ठाकुर दधिवाड़िया चिमनसिंह विद्यमान है—

१ दिल्ली का बादशाह औरङ्गजेब विक्रमी सम्वत् १७३६ माघकृष्ण ८ को बडी भारी फौज के साथ उदयपुर पर पहुंचा उस समय महाराणा प्रथम राजसिंह ने उदयपुर में रहके युद्ध करना उचित नहीं समझा इस कारण से उदयपुर को शून्य करके पश्चिमी पर्वतों में चलेगये तब ग्रन्थकर्ता(सोदा बारहठ कृष्णसिंह) का पूर्वपुरुष "बारहठ नरू" उदयपुर के महलों से घोड़े सवार होकर महाराणा के पास पर्वतों में जाते थे, उस समय किसीने कहदिया कि बारहठजी जिस द्वार पर हठ करके नेग लेते थे उसको आज बिना ही हठ छोडते हो यह सुनकर नरू घोड़े से उतर गये और अपने कुटुम्ब के लोगों को महाराणा के पास भेजकर आप महलों के प्रथम द्वार "बडीपोळ" पर बैठ गये और बादशाह की ओर से इक्का ताजखां और रुहिल्लाखां उदयपुर के मंदिर तोड़ने व मूर्तियां खण्डन करने को आये तब बारहठ नरू बडी पोळ से आगे बढ़कर जगदीश के मंदिर पर जाकर अपने चुने हुए बीस सेवकों सहित बडी वीरता से लड़कर काम आये. "नरू" के इस कार्य की प्रशंसा का मरुभाषा का गीत नामक एक छंद प्रसिद्ध है जो नीचे लिखाजाता है–

कहियो नरपाळ[1] आवियां कटकां, धूणा छड़ाळ धरापै धोळ ॥
पोळ बडा गज बाज पामतो, पड़तै भार न छोडूं पोळ ॥ १ ॥
राजेंद[2] कियो राणा छळ[3] रूड़ो, कांनों दै नीसरूं कठै ॥
अर घोड़ो फेरणा किम आवै, तोरण घोड़ो लियो तठै ॥ २ ॥
आंखा[4] पीळा करे ऊजळा, सोदो रोदां कळह सझ ॥
करग मांडिया नेग कारणो, कलम[5] खांडिया नेग कज ॥ ३ ॥

(१) बारहठनरू (२) राणा राजसिंह के (३) लिये यह उत्तमता करी (४) पोलपात बनाते समय पीले अक्षत चढाकर पग पूजन किया था, उन अक्षतों को उज्वल दिखाकर। (५) यवनों को

उदियापुर सोदै अजैरायल, कलमाँ हूँ भाराथ कियो ॥
दत लेतो आवे दरवाजे, देवल जावे मरण दियो ॥ ४ ॥

इस नरू बारहठ के वंश में नरू से आठवीं पीढी पर ग्रन्थ वंशभास्कर की टीका बनानेवाला बारहठ कृष्णसिंह है।

१० मेवाड़ में बन्हेड़ा के पट्टे के ग्राम गीहड़्या के सोदा बारहठ शाखा के चारण 'देवा' जो वंशभास्कर के टीकाकार (बारहठ कृष्णसिंह) के वृद्ध प्रपितामह थे, बन्हेड़ा का रहना छोडकर शाहपुरा के राजा उम्मेदसिंह के पास जारहे थे, जिनका वहां बडा आदर सत्कार हुआ तत्पश्चात् सम्वत् १८१३ के पौष मास में राजा उम्मेदसिंह ने बन्हेड़ा पर चढाई की जो आप तो बन्हेड़ा से दो कोस के अन्तर पर नगर नामी ग्राम में रहे और अपने पुत्र युवराज रणसिंह को सेना के साथ बन्हेड़ा भेजा वहां बन्हेड़ा के राजा सरदारसिंह दुर्ग छोडकर भागगये, और शाहपुरा की सेना ने शहर और कोश आदि लूटकर राजा सरदारसिंह के अवरोध (जनाने) को लूटना चाहा उस समय बारहठ देवा शाहपुरा की सेना का साथ छोडकर, जनानी डोढी पर हाथ तलवार लेकर जाखड़ेहुए, और कहा कि यह मेरे स्वामी का अवरोध (जनाना) है जो मेरे मरे पीछे लुटेगा, इस पर सेना के लोग ठहर गये, क्योंकि 'देवा' राजा उम्मेदसिंह का पूर्ण प्रीतिपात्र था, जिस पर शस्त्राघात करने का साहस किसीका न हुआ, और यह समाचार राजा उम्मेदसिंह के पास नगर ग्राम पर भेजा तब राजा उम्मेदसिंह स्वयं बन्हेड़े गये और देवा बारहठ को अपने हृदय से लगाकर कहा कि वीर और स्वामिधर्मी सेवकों का यही काम है मुझको विश्वास होगया है, कि मुझको भी कभी कार्य पड़ा तो जैसा साथ राजा सरदारसिंह को दिया ऐसा ही मुझे भी देओगे, तत्पश्चात् शाहपुरे जाकर इस कार्य के पलटे में राजा उम्मेदसिंह ने देवा का मान उमराओं के बराबर बढाकर शाहपुरा के राज्य में "खेड़ा, देवपुरा" नामी ग्राम उदक (माफी) दिया जो इस समय वंशभास्कर के टीकाकार (बारहठ कृष्णसिंह) के अधिकार में है।

११ शाहपुरा के राजा उम्मेदसिंह ने अपने लघुपुत्र जालिमसिंह को युवराज बनाने के अभिप्राय से बडे राजकुमार अदोतसिंह को मरवाकर अदोतसिंह के पुत्र रणसिंह को मारने को "कालामियाँ" नामक एक यवन को आज्ञा दी जिसने रणसिंह पर खड्ग प्रहार करना चाहा परन्तु उसी समय रणसिंह के पुत्र भीमसिंह के हाथ से वह यवन मारागया, तदनन्तर राजा उम्मेदसिंह का विचार पौत्र, प्रपौत्रादि को मारकर, जालमसिंह को युवराज

(१) वीर का विशेषण है

बनाने का था परन्तु सरस्या ग्राम के महडू शाखा के चारण कृपाराम ने राजसभा में जाकर राजा उम्मेदसिंह को निम्न लिखित दोहा सुनाया

(सोरठा दोहा)

मिण चुण मोटोड़ाह, तैं आगे खाधा बहुत ॥
चेलक चीतोड़ाह, अब तो छोड उमेदसी ॥ १ ॥

इस दोहे का राजा उम्मेदसिंह के हृदय में ऐसा असर हुआ कि इस अनर्थ की पुनः चेष्टा नहीं की और शाहपुरा का राजकुटुम्ब मृत्यु के मुख से बचगया

१२ जयपुर के राजा जयसिंह ने छोटे पुत्र ईश्वरीसिंह को राज्य देने के कारण अपने ज्येष्ठपुत्र शिवसिंह को मरवाडाला था और जोधपुर के राजा बखतसिंह ने नागोर का परगना अपने बडे भाई अभयसिंह से पाने के लोभ से अपने पिता अजीतसिंह को मारडाला था, जिस पीछे ये दोनों राजा पुष्कर में मिले तब मारवाड़ के एक चारण को जयसिंह ने आज्ञा की कि आप कवि हैं सो इस समय के लिये कोई ऐसी कविता सुनावें कि जो सदैव के लिये यादगार रहै उस समय करनीदान ने निम्न लिखित दोहा सुनाया-

दोहा ॥

जैपुर औ जोधाणपत, दोनों थाप उथाप ॥
कूरम मारयो डीकरो, कमधज मारयो बाप ॥ १ ॥

इस दोहे का दोनों राजाओं पर बड़ा प्रभाव पड़ा और अपने अधर्मी कार्यों से लज्जित हुए।

१३ जोधपुर के राजा भीमसिंह ने अपने सब नजीकी हकदारों को मारकर एक मानसिंह बचगये थे जिनको भी मारने के लिये सेना भेजी तब मानसिंह जालोर के गढ में जाछिपे, वहां सेना ने जालोर के गढ को घेरलिया जो कई वर्ष पर्यंत घेरा रहा जिसमें मानसिंह के पास खाने को कुछ नहीं रहा तब बणशूर शाखा के चारण जुगता जो मानसिंह के पास रहता था, बाहर जा जाकर क्षत्रियों से याचना करके द्रव्य लाता और मानसिंह का निर्वाह करता था परन्तु यह वृत्तान्त महाराजा भीमसिंह को विदित होगया तब सेना के लोगों को आज्ञा हुई कि, जुगता गढ से बाहर निकलै तो उसको पकड लो, यह समाचार गढ के भीतर मानसिंह को मिला तब जुगता को बाहर भेजना बन्ध रक्खा परन्तु खाने को कुछ नहीं रहा तब जुगता ने अपनी स्त्री का सम्पूर्ण आभूषण उतारकर मानसिंह को लादिया, जिससे निर्वाह चलाया दैवयोग से इधर वह द्रव्य खूटा और उधर महाराजा भीमसिंह का दे

१ चीतोड़ पर राज्य करने के कारण शीसोदिया क्षत्रियों को चीतोड़ा कहते हैं.

हान्त होगया इस कारण से महाराजा मानसिंह जोधपुर के स्वामी होगये तब उक्त सेवा के प्रत्युपकार में जुगता को एक लक्ष रुपयों का भूषण और दश सहस्र वार्षिक मुद्रा का 'पाडळाऊ' नामक ग्राम लाखपसाव के साथ देकर ताजीम, पग में सोना आदि से जुगता का बडा सन्मान बढाया और जुगता के मरे पीछे उसके पुत्र भैरवदान को भाई कह कर गीत नामक छन्द का यह पद्य कहा—

भाइयां सरीपो भैर भाई ॥

इसका अर्थ यह है कि जुगता तो मेरे पिता के सदृश था, और भैरवदान सहोदर भाई के समान है।

१४ जोधपुर के महाराजा भीमसिंह ने मानसिंह को मारने के लिये जालोर पर सेना भेजी तब मानसिंह ने अपना अन्तेवर (जनाना) सीरोही भेजने का विचार किया, परन्तु महाराजा भीमसिंह के भय से सीरोही के राव वैरीशाल ने अस्वीकार कर दिया इस बात का महाराजा मानसिंह के हृदय में बहुत द्वेष था इस कारण से जोधपुर के स्वामी होते ही महाराजा मानसिंह ने सीरोही पर सेना भेजी और राव वैरीशाल पर एक लक्ष रुपये दण्ड के किये परन्तु रुपये उपस्थित नहीं होने के कारण राव वैरीशाल को कारागार (जेलखाने) में रखने का विचार कियागया उस समय सीरोही राज्य के सम्पूर्ण चारणों ने एकत्रित होकर दण्ड के रुपयों के प्रतिभू (जामिन) होकर जोधपुर की सेना को पीछी भेजी तत्पश्चात् चारणों ने राव वैरीशाल से रुपये मांगे कि हमलोगों का वचन मिथ्या नहीं जासक्ता इस कारण से महाराजा मानसिंह के रुपये देने चाहिये, इस पर रावने रुपये देने से नांहीं की तब सीरोही के राज्य के सम्पूर्ण चारण अपना प्रण रखने के कारण जोधपुर गये और महाराजा मानसिंह से निवेदन किया कि सीरोही के राज्य कोश में तो रुपये हैं नहीं कि राव से मांगे जावें और हम लोगों का तो अपने प्रण का निर्वाह करना अवश्य है क्योंकि अद्यावधि चारणों का प्रण कहीं मिथ्या नहीं हुआ है, इस कारण से हमलोग हमारे सब ग्राम आपके हस्तगत करते हैं जिनकी आमद से आप लक्ष रुपये चुकालेवें और आपके रुपये चुकजाने के पीछे हमारे ग्राम हमको पीछे देदेवें, जब तक हम लोग अन्य क्षत्रियों से याचना करके अपना निर्वाह करेंगे, इस पर महाराजा मानसिंह ने प्रसन्न होकर वे रुपये चारणों को छोडदिये और जितने चारण इस कार्य के लिये आये थे उनको एक एक घोडा सिरोपाव देकर विदा किये, परन्तु सीरोही के राज्य पर महाराजा का पूर्ण कटाक्ष था इस कारण से राव वैरीशाल का देहान्त होकर उनका पुत्र उदयभाण सम्वत् १८६५ में राज्यासन पर बैठकर तीर्थयात्रा

करने को गया जिसके पीछा आते समय महाराजा मानसिंह ने पाली के मुकाम पर सेना भेजकर उदयभाण को जोधपुर पकड़ा मंगवाया और गिरदीकोट में बन्ध रखकर दण्ड के रुपये लेकर छोड़ा।

१५ जैसलमेर के रावल बुधसिंह के मरने के पीछे बुधसिंह के छोटे भ्राता (अखैसिंह) का हक तोड़ कर अखैराज का पितृव्य (काका) तेजसिंह गद्दी बैठ गया और अखैराज को मारडालना चाहा तब अखैराज अपना प्राण बचाने के अर्थ ऊजळां नामी ग्राम में जाकर संढायच शाखा के चारण, कान्हा के घर में ६ (छः) मास तक रहे, और फिर कान्हा की सहायता से जैसलमेर के भाई बेटे उमराव सरदारों को अपने में मिलाकर तेजसिंह को मारकर जैसलमेर का राज्य लिया जिनके वंशज इस समय जैसलमेर का राज्य करते हैं।

१६ लड़ाई झगड़ों के समय क्षत्रिय लोग, चारणों के ग्राम और घरों का शरण पालते थे, अर्थात् कोई क्षत्रिय, भाई बान्धवों के अपराध से अथवा राजा महाराजा आदि के अन्याय और बलात्कार से बचने के कारण किसी चारण के पास चले जाते तो उनको पकड़ते नहीं थे, और अन्त में उनके लिये चारण और न्यायकारी क्षत्रियों की पंचायत होकर उचित न्याय कर दिया जाता था, इस शैली के रहने से क्षत्रियों के अनेक लाभ हुए और अनेक राजकर्मचारी पुरुषों के और राज कुटुम्बों के प्राण बचे हैं, इसीकारण से यह भी प्रथा रही है कि, जिस किसी राजा महाराजा आदि क्षत्रियों में आपत्ति पड़ती थी तब वे लोग अपनी स्त्रियों और बहिन बेटियों सहित बाल बच्चों को चारणों के घरों में रख जाते और आप युद्धादिक कार्यों में प्रवृत्त होते, जिसके अनेक उदाहरण राजपूताना के इतिहासों में मिलते हैं परन्तु विस्तार के भय से यहां उन बातों का लिखना छोडते हैं।

इस विषय में आधुनिक विद्वान् भी चारणों की प्राचीनता, पवित्रता, पूज्यता और क्षत्रियों में आदर सन्मान, पूर्वोक्त रीत्यनुसार ही स्वीकार करते हैं और अंग्रेज विद्वानों ने भी इसीप्रकार अपना मत प्रकट किया है सो यदि देखना चाहें तो निम्न लिखित पुस्तकों में देखलेवें।

१ वील्सन की बनाई हुई "इण्डियन कास्ट" नामक पुस्तक की दूसरी जिल्द के पृष्ठ १८१ से १८५ तक।

२ शेरिंग की निर्माण कीहुई पुस्तक "ट्राइब्स् एण्ड कास्टस् ऑव इण्डिया" की तीसरी जिल्द के पृष्ठ ५३ व ५४।

३ टॉड राजस्थान की दूसरी जिल्द के पृष्ठ ६३१ और ६३२।

इसके उपरान्त चारणों को जो ग्राम अथवा भूमि क्षत्रियों ने दी है और अब भी देते हैं वह ब्राह्मणों की भांति बेलगान अर्थात् किसी प्रकार के राज्य

करके विना उदक दियेहुए हैं। और अब भी उदक आघाट करके ही देते हैं। जिनका दानपत्र (सनद) ताम्रपत्र पर खुदवाकर दियाजाता है।

अब यहां पर थोड़ासा विवेचन दानपत्र का किया जाता है॥ चारणों को जो ग्राम दियेजाते हैं और दियेगये हैं उनके दानपत्र लिखने की यह रीतिहै कि "अमुक राजा के वचन से अमुक ग्राम अमुक चारण को उदक आघाट कर दियागया" इसके नीचे निम्न लिखित श्लोक लिखेजाते हैं, जो गरुड़पुराणके हैं

स्वदत्तां परदत्तां वा ये हरन्ति वसुन्धराम्।
षष्टिवर्षसहस्राणि विष्टायां जायते कृमिः॥ १॥

अर्थ—अपनी दीहुई अथवा पैलेकी (दूसरे की) दीहुई पृथ्वी को जो हरण करता (पीछी लेता) है वह साठ हजार वर्ष पर्यन्त विष्टा में कीड़ा होकर रहता है॥१॥ इस श्लोक का उत्तरार्ध कहीं कहीं नीचे लिखे अनुसार भी लिखाजाता है—

ते नरा नरके यान्ति यावच्चन्द्रदिवाकरौ।

अर्थ—वे मनुष्य चन्द्र सूर्य दोनों रहैं जब तक नरक में जाते हैं।

स्वदत्तां परदत्तां वा पालयन्ति वसुंधराम्॥
ते नरा स्वर्गे यान्ति यावच्चन्द्रदिवाकरौ॥ २॥

अर्थ॥ जो मनुष्य अपनी दीहुई अथवा पैले की (दूसरे की) दीहुई पृथ्वी को पालन करते हैं वे जब तक चन्द्र सूर्य दोनों हैं तब तक स्वर्ग में रहते हैं।२।

इसप्रकार दियेहुए ग्राम, उदक (शांसण) कहलाते हैं॥

प्रथम यह शब्द यथार्थ में "उदकदत्त" अथवा "उदकदान" ऐसा था अर्थात् यजमान अपने हाथ में कुश के साथ जल लेकर याचक को यह वचन कहकर दान देता है कि "तुभ्यमहं संप्रददे इदं न मम"॥ अर्थ—तुम्हारे अर्थ मैं इसको देता हूं यह अब मेरा नहीं है।

इसका लाघव होकर दत्त व दान शब्द को छोडकर केवल "उदक" शब्द प्रसिद्ध रहगया है, जिसका अर्थ यह है कि उदक (जल) के साथ दिया हुआ। परन्तु इस उदक शब्द के साथ "आघाट" यह शब्द भी लिखाजाता है, जिसका अभिप्राय एक तो यह है कि सीमा के सहित उदक दान दिया गया है, क्योंकि शब्दार्थचिन्तामणि आदि कोशों में लिखा है "आघाटः सीमायाम्॥" अर्थात् आघाट शब्द सीमा के अर्थ में है॥ प्राचीन ताम्रपत्रों में यहां तक लिखाहुआ मिलता है कि अमुक भूमि अथवा अमुक गृह

१ यह "आघाट" शब्द डिंगलभाषा के "आगाहट" इस शब्द का अपभ्रंश हो तो इसका तीसरा अर्थ यह है कि यह उदक आगोतर (परलोक) के लिये है अर्थात् इस लोक में इससे अब हमारा कोई सम्बन्ध नहीं है किन्तु परलोक में पुण्य प्राप्ति के लिये दान कियागया है।

तुमको वायु आकाश के साथ दियागया है, इसीप्रकार विशेष पुष्ट करने के लिये आघाट (सीमा) शब्द भी लगायागया है जिसका तात्पर्य यह है कि उदक लोपनेवाले को जितना दोष लगता है उतना ही दोष सीमा काटने(कम करने वाले) को लगता है और दूसरा अर्थ यह भी है कि उदक देने से पहले उस ग्राम में किसीको डहोली, जागीर आदि में जमीन मिलीहुई है उस पर भी तुम्हारा अधिकार है अर्थात् उन मनुष्यों से सेवा आदि लेने का अधिकार तुमही को है, इसी अभिप्राय से आघाट अर्थात् पूर्ण सीमा के साथ दिया जाना लिखाजाता है और तृतीय शब्द 'शांसण' है जो 'शासन' से अपभ्रंश हुआ है जिसका अर्थ है आज्ञा, जिसका तात्पर्य यह है कि इसकी सदैव के लिये आज्ञा है और इस पर सबप्रकार की आज्ञा चलाने का तुमको अधिकार है जिसमें दान करनेवाले की ओर से किसी प्रकार का हस्ताक्षेप नहीं होवेगा, उक्त प्रकार से क्षत्रियों की ओर से चारणों को भूमि और ग्राम उदक (माफी) देने की रीति परम्परा से चलीआती है जो संक्षेपतः लिखीगई है इस के लिये भाषा में मनोहर जाति के छन्द का १ पद किसी क्षत्रिय राजा का कहाहुआ प्रसिद्ध है—

उदक उथापै ताहि उदक लगै नहीं ॥

जिसका अर्थ यह है कि उदक (माफी) उथापनेवाला अगति (नरक)जाता है इससे उसके वंशजों के हाथ का दिया हुआ उदक (पानी) उसको नहीं लगता अर्थात् श्राद्धादिकों में जलांजलि दीजाती है वह उसको नहीं मिलती चारणों को उदक मिलने का यह क्रम लिखागया है इसीके अनुसार राजपूताना, मालवा और काठियावाड़ आदि देशों में क्षत्रियों की दीहुई अनुमान बीस लक्ष रुपये वार्षिक आमदनी की भूमि चारणों के अधिकार में है जिसकी गणना ऊपर कर दी गई है। अब यहां पर एक बात लिखनी और बाकी रहती है; जिसके देखने से पाठकों को इस ज्ञाति के बडप्पन में कोई सन्देह नहीं रह सक्ता वह यह है कि मनुस्मृति और अमरकोश के मत से 'नटों' को भी चारण कहते हैं, जिसका उत्तर यह है कि यह मनुस्मृति ग्रन्थ तो मनुमहाराज का बनायाहुआ ही नहीं है; क्योंकि उस समय श्लोक रचना का प्रचार ही नहीं था, षट्दर्शन शास्त्रों के अनुसार सम्पूर्ण ग्रन्थ सूत्रों में रचेजाते थे, श्लोक रचना तो वाल्मीकि से प्रचलित हुई है और इसीकारण से वाल्मीकि का नाम आदि कवि है, इसका प्रमाण वाल्मीकि रामायण के प्रथम काण्ड के दूसरे सर्ग में क्रौंच पक्षी के वध के वर्णन में स्पष्ट लिखाहुआ है कि ब्रह्मा ने वाल्मीकि को वरदान दिया कि अब से लौकिक में यह श्लोक के नाम से प्रसिद्ध होवेगा, इससे सिद्ध है कि वाल्मीकि से पहले श्लोक रचना ही

नहीं थी सो उस समय की मनुस्मृति भी सूत्रों में ही रचीगई थी, जैसे गौतमस्मृति और वशिष्ठस्मृति है जिसके नष्ट होजाने पर अथवा स्वार्थवश उसको नष्ट करके उसका कुछ आशय लेकर पिछले पण्डितों ने अपने मतानुसार श्लोक बनाकर यह वर्तमान मनुस्मृति नामक ग्रन्थ बनादिया है, जिसका प्रमाण स्वयं मनुस्मृति भी है, क्योंकि इस मनुस्मृति के आदि के श्लोकों से स्पष्ट सिद्ध है कि इस ग्रन्थ की रचना करनेवाले कोई अन्यपुरुष ही थे; वे श्लोक ये हैं

मनुमेकाग्रमासीनमभिगम्य महर्षयः ।

प्रतिपूज्य यथान्यायमिदं वचनमब्रुवन् ॥ १ ॥

भावार्थ ॥ मनुजी एकाग्रचित्त बैठे हुए थे उस समय महर्षिगण आकर न्यायपूर्वक पूजन करके यह बचन बोले ॥ १ ॥

स तैः पृष्टस्तथा सम्यगमितौजा महात्मभिः ।

प्रत्युवाचार्च्य तान्सर्वान् महर्षीञ्छ्रूयतामिति ॥

भावार्थ॥ उन महात्मा महर्षियों ने तिसप्रकार नम्रता आदि से पूछा और अपरिमित है सामर्थ्य जिनका ऐसे वे मनु उन महर्षियों को पूजकर 'सुनो' यह वचन बोले ॥ ४ ॥

यहां पर ये वचन किसी अन्यपुरुष के होसक्ते हैं मनुजी के कदापि नहीं होसक्ते क्योंकि उनका रचाहुआ यह ग्रन्थ होता तो लिखते कि मैं जिस समय एकाग्रचित्त बैठा था तब ऋषि आये। और आगे 'अमितौजा' पद से अन्य पुरुष का कथन स्पष्ट सिद्ध है, यदि ये वचन भृगु के मान लिये जावें तो भी उस समय में श्लोक रचना का होना तो असम्भव ही है जिसका कोई समाधना नहीं होसक्ता क्योंकि मनुस्मृति की रचना वाल्मीकि रामायण से पहिले की होनी चाहिये, इसमें भी फिर उनसे पिछले पण्डितों ने अनेक क्षेपक प्रकरण लिखदिये हैं, जिनको हमने मनुस्मृति की समालोचना में युक्ति पूर्वक भिन्न भिन्न दिखादिये हैं सो देखने की इच्छा होवे तो वहां देखें उनके पूर्वापर विरोधों के कारण यह पूर्ण ग्रन्थ तो किसी अवस्था में भी प्रमाण नहीं समझा जा सक्ता, इसी मनुस्मृति के आधार पर अमरकोश के कर्ता (जैनी अमरसिंह)ने अमरकोशमें 'चारणास्तु कुशीलवाः' यह पद्य लिखा है जिसका यह अभिप्राय है कि कत्थक(नटविशेष)का नाम भी चारण है, सो जब मनुस्मृति ही प्रमाण योग्य नहीं है तो उसके आधार पर रचाहुआ अमरकोश का यह प्रमाण कब मान्य होसक्ता है, तथापि मान लियाजावे कि उक्त दोनों ग्रन्थोंके कथन सत्य हैं तोभी इन कथनोंसे उपरोक्त प्रमाणोंवाली चारणों की ज्ञाति में कुछ बाधा नहीं

आसक्ती क्योंकि उक्त दोनों ग्रन्थों का कथन कत्थक (नटविशेष) जाति के लिये है जिससे और इन उपरोक्त प्रमाणोंवाली जाति से कोई संबन्ध नहीं क्योंकि अनेकार्थ में एक शब्द के अनेक अर्थ होते हैं जिसके प्रमाण मेदिनी आदि कोशों में भरेपड़े हैं जिनके सिवाय भी हम अनेक लौकिक उदाहरणों से सिद्ध करस कते हैं कि एक नाम धारण करनेवाली दो दो तीन तीन अथवा इनसे भी अधिक जातियें विद्यमान हैं वे एक नाम होने के कारण एक नहीं हैं क्योंकि जाति का उत्तम-अधम होना केवल नाम से ही नहीं समझा जाता किंतु उत्तम-अधम होने का मुख्य निर्भर आचार व्यवहार के ऊपर है सो बहुत संक्षेप रूप से नीचे लिखते हैं

एक नामवाली अनेक जातियों के उदाहरण

१ "बहोरा" यह एक नाम है, जिसमें पल्लीवाल बहोरा जाति के ब्राह्मण हैं, और पुष्करणा ब्राह्मणों में भी बहोरा जाति है, तथा यवन जाति में तुरक्या बहोरा प्रसिद्ध हैं, और कर्ज लोगों को उधार देनेवाले महाजन आदि का नाम भी बहोरा है परन्तु बहोरा नाम के एक होने से उपरोक्त जातियें एक नहीं हैं. अपने अपने कुलाचार और व्यवहार सहित भिन्न भिन्न हैं।

२ क्षत्रियों में एक वंश का नाम "गौड़" है और ब्राह्मणों के एक वंश का नाम भी गौड़ है परन्तु एक नाम होने के कारण दोनों ज्ञातियें एक नहीं मानी जातीं किन्तु दोनों जुदी जुदी हैं।

३ क्षत्रियों में "दाहिमा" जाति प्रसिद्ध है और ब्राह्मणों की जाति में भी दाहिमा प्रसिद्ध है ये दोनों ज्ञातियें एक नाम होने के कारण एक नहीं हैं. अपनी अपनी जातियों के बरताव के साथ अलग अलग हैं।

४ गुहिलोत (शीसोदिया) क्षत्रियों को 'नागदा' कहते हैं और ब्राह्मण भी नागदा' नाम से प्रसिद्ध हैं जो उदयपुर आदि शहरों में रहते हैं, परंतु ये दोनों ज्ञातियें कुलाचार के साथ भिन्न भिन्न हैं॥

५ शेखावत क्षत्रियों की एक शाखा का नाम 'लाडखानी' है और कायमखानी यवनों में भी लाडखानी प्रसिद्ध हैं, परंतु उक्त दोनों ज्ञातियें अपने अपने आचार व्यवहार के साथ क्षत्रिय और यवनों में भिन्न भिन्न हैं॥

६ मरुभाषा में क्षत्रियों को 'खत्री' कहते हैं और खत्री नाम की एक भिन्न जाति भी है जो दिल्ली आदि की तरफ अधिक है जिसको वंशभास्कर के कर्ता सूर्यमल्ल ने और अन्य ग्रंथकारों ने भी शूद्र माना है ये दोनों ज्ञातियें भी एक नहीं हैं जुदी जुदी हैं॥

७ राठोड़ क्षत्रियों में एक शाखा का नाम 'पातावत' है और रोहड़िया जाति के चारणों में भी 'पातावत' शाखा प्रसिद्ध हैं, परंतु दोनों ज्ञातियां अ

लग अलग हैं ॥

८ राठोड़ चत्रियों में 'धूहड़' नाम की शाखा प्रसिद्ध है और चारणों में भी एक शाखा का नाम 'धूहड़' है परंतु दोनों एक नहीं हैं ॥

९ राठोड़ चत्रियों में 'मंडोवरा' प्रसिद्ध हैं और वैश्यों में भी मंडोवरा नाम की जाति प्रसिद्ध है, परन्तु 'मंडोवरा' नाम एक होने से दोनों जातियां एक नहीं हैं ॥

१० इसीप्रकार राठोड़ों की एक शाखा का नाम चांदावत है और चारणों में भी 'चांदावत' नाम की एक शाखा है ॥

११ 'देवका' नाम के चहुवाण चत्रिय प्रसिद्ध हैं और चारणों में भी एक शाखा का नाम 'देवका' है परंतु उक्त दोनों जातियां भिन्न भिन्न हैं ॥

१२ वैश्यों में 'सोनी' नाम की एक मुख्य शाखा है और स्वर्णकारों (सुनारों) का नाम भी 'सोनी' है परंतु ये दोनों ज्ञातियें अलग अलग हैं ॥

१३ 'जावल्या' नाम का चत्रियों का वंश प्रसिद्ध है और ब्राह्मणों में भी एक जाति का नाम 'जावल्या' है, परंतु जावल्या नाम एक होने से उक्त दोनों जातियां एक नहीं हैं ॥

१४ चत्रियों के एक वंश का नाम भाटी है और बंबई की तरफ इस नाम की भिन्न ज्ञाति है, परन्तु दोनों जातियें अलग अलग हैं, और सुनारों में भी 'भाटी' नाम की एक शाखा अलग है ॥

१५ चंद्रवंशी चत्रियों का नाम 'जादू' है और जादू नाम की एक जुदी जाति झालरापाटन, कोटा और शाहपुरा आदि नगरों में निवास करती है, ये दोनों ज्ञातियां एक नाम होने के कारण एक नहीं हैं, और इनके गौरव में भी अंतर है ॥

१६ भाटों में एक शाखा का नाम 'ब्राह्मणियां' है जो ब्राह्मण नहीं होसकते, ये केवल नाममात्र से ही ब्राह्मण हैं तथापि आचार व्यवहार से भाट ही माने जाते हैं ॥

१७ मेवाड़ के महाराणाओं का प्राचीन पद और जेसलमेर, डूंगरपुर, बांसवाहाला आदि राजाओं का वर्तमान पद 'रावल' है, और रावल नाम की ब्राह्मणों में एक शाखा है, तथा चारणों के याचकों में एक जाति का नाम ही 'रावल' है, और कनफड़े जोगियों को भी रावल कहते हैं, परन्तु रावल नाम के एक होने से ये सब एक नहीं होसकते किंतु अपने अपने कुलाचार के साथ भिन्न भिन्न हैं ॥

१८ राजपूताना में वस्त्र रंगनेवाली छीपा जाति में 'गोला छीपे' प्रसिद्ध हैं, परन्तु वे गोला (गुलाम) जाति से अलग हैं ॥

१९ नाई, खाती और भोई आदि जातियों में 'जांगड़ा' जाति प्रसिद्ध है और ढोलियों का तो नाम ही जांगड़ा है परंतु जांगड़ा नाम के एक होने से ये सब जातियें एक नहीं हैं किंतु अपने अपने कुलाचार के सदृश ये सब अलग अलग हैं ॥

२० विष्णुपुराण और महाभारत के शान्तिपर्व के मतानुसार राजा पृथु के ब्रह्मयज्ञ में अग्निकुंड से उत्पन्न होनेवाले सूत नामक पुरुष के कुल का नाम 'सूत' है और मनुस्मृति तथा अमरकोश के मत से ब्राह्मणी स्त्री में क्षत्रिय पुरुष से उत्पन्न होनेवाले का नाम 'सूत' है, तथा शास्त्रों में सारथि का नाम भी सूत है और सुथार (खाती) का नाम भी सूत है, परंतु सूत पद के एक होने से ये सब ही एक नहीं हैं, किंतु अपने अपने कुल के आचार व्यवहारों के सदृश सब ही भिन्न भिन्न हैं॥

२१ विष्णुपुराण के मत से राजा पृथु के यज्ञ से उत्पन्न होनेवाले 'मागध' के वंश का नाम 'मागध' है और मनुस्मृति तथा अमरकोश के मत से क्षत्रिय स्त्री में वैश्य पुरुष से उत्पन्न होनेवाले को 'मागध' कहते हैं ॥

२२ राजपूताना में 'ठाकुर' का पद बहुत बडा माना जाता है जिसका अभिप्राय है स्वामी (पति), परंतु पूरब में सामान्य रीति से नाई को 'ठाकुर' कहते हैं. इसी प्रकार 'सरदार' पद भी बहुत बडा है, परंतु हिंदुस्थान के रहने वाले अंगरेज लोग अपने बहरे को 'सरदार' कहते हैं. और राजपूताना में वेश्या को 'भगतिन' कहते हैं. परंतु पूरब में परमेश्वर की भक्ति करनेवाली स्त्री को 'भगतिन' कहते हैं। इसीप्रकार किसी देशभाषा में कत्थक (नटविशेष) को भी चारण कहते होवें तो उपरोक्त प्रमाणोंवाले देव जाति के चारणों की कोई हानि नहीं है, परंतु राजपूताना, गुजरात, काठयावाड़, मध्यहिंद (सैंट्रल इंडिया) आदि देशों में जहां मारू चारणों का वर्तमान समय में निवास है वहां नटों को कोई चारण नहीं कहते फिर मालूम नहीं कि मनुस्मृति और अमरकोश में कौनसी देश भाषा का ग्रहण करके नटों को चारण लिखा है यहां पर पाठकों को यह भी देखना चाहिये कि राजा महाराजा आदि क्षत्रिय, चारणों के घर का भोजन करते रहे हैं और इस समय भी करते हैं किन्तु चारणों के घर पर अनेक भूमिपति अतिथि (महमान) होकर रहे हैं जिसके अनेक उदाहरण ऊपर आचुके हैं इतना ही नहीं परन्तु राजा महाराजा आदि क्षत्रियों ने अनेक घोर बिखे (दुःख) चारणों के घर में रहकर निकाले हैं और मारू चारणों के अन्न से वृद्धि पाकर अपने शत्रुओं को विजय किये हैं, इसप्रकार किसी नट के घर का भोजन किसी क्षत्रिय को कराकर और नट के शरण में रखकर परीक्षा करलेवें उस समय अमरकोश के लिखे हुए "चारणास्तु कुशीलवाः" इस पद्य का जातिभेद और मत भेद स्पष्ट सि

ष्ट हो जावेगा, और चारणों के साथ क्षत्रियों का वर्तमान समय तक काका बाबा का संबंध है वैसा क्या नटों के साथ होसकता है? ॥

२३ इसमें यह भी देखा गया है कि परस्पर के द्वेष के कारण भी राजपूताना के भीतरी देशों में एक का अत्युत्तम नाम निंदा के अभिप्राय से अन्य के साथ लगादेते हैं, जैसे ढुंढाहड़ (जयपुर) देशवाले मेवाड़ (उदयपुर) के द्वेष से ढोलियों को 'राणा' कहते हैं जो मेवाड़ के भूपति का पद है. इसीप्रकार मेवाड़वाले माकण (खटमल) जो निषिद्ध जंतु है उसको राजावत कहते हैं जो कछवाहों की मुख्य शाखा का नाम है ॥

बुंदी से द्वेष रखने के कारण जयपुरवालों ने अपने उमरावों को 'रावराजा' का पद दे रक्खा है, जो बुंदी के स्वामि का पद है।

इसी प्रकार जोधपुरवाले अपने पासवानियों को 'रावराजा' कहते हैं।

और जयपुर तथा जोधपुर से द्वेष रखने के कारण बुंदीवालों ने अपने उमराव और पासवानियों को 'महाराजा' का पद दे रक्खा है जो जयपुर और जोधपुर के अधीशों का पद है ॥

सामान्य रीति से 'बारहठ' पद चारणों का है परंतु उपरोक्त कारण से हाडोती में ढोलियों को 'बारैठ' कहते हैं, तथा देशभाषा के भेद से गुजरात में भाटों को 'बारोट' कहते हैं, इस प्रकार और भी जान लेना चाहिये ॥

२४ ऊपर दिये उदाहरणों के अतिरिक्त चाकर (गुलाम), गूजर, गाडरी, नाई, दरजी, घांची, कुम्हार, सुनार, लुहार, खारोल मीणे, चमार, बलाई (भांभी), सरगरा, मोची आदि कारु और नीच जातिवालों ने अपनी अपनी जातियों के साथ क्षत्रियों के वंशों के अनेक उत्तमोत्तम नाम लगा रक्खे हैं, जिनको इनके भाट लोग उन्हीं क्षत्रियों के नामों से बिरदाते हैं अर्थात् गहलोत, राठोड़, कछावा, चहुवाण, नरूका, भाटी, तँवर, सोलंखी, पँवार, झाला, पड़िहार, गोड़ आदि नाम धर रक्खे हैं, परंतु जानना चाहिये कि ये नीच जातियें क्षत्रियों के उत्तमोत्तम नाम रख लेने से क्षत्रियों की उत्तम जाति में नहीं मिल सकतीं इसी प्रकार यदि नटों ने भी अपना नाम किसी समय में चारण रख लिया होवे तो उपरोक्त प्रमाणोंवाले मारू चारणों में नहीं मिल सकते ॥

इसमें संदेह नहीं कि इन चारणों में काछेला चारण अवश्य शामिल थे परन्तु उनका आचार व्यवहार बिगड़ जाने के कारण इन मारू चारणों से वे भिन्न होगये और मारू चारणों से काछेला चारणों का बेटी व्यवहार और भोजन व्यवहार आदि किसी प्रकार का कोई संबंध ही नहीं रहा अब वे केवल नाम मात्र के चारण कहलाते हैं और व्यापार से अपना निर्वाह करते हैं, मारू चारणों के सदृश काछेला चारणों की स्त्रियां पड़दा में नहीं रहतीं और

आरु चारणों के सम्पूर्ण आचार व्यवहार क्षत्रियों के समान बनेहुए हैं वैसे काछेलों के नहीं रहे।

त्रिवाड़ी चारण ॥

मारवाड़ के जालोर आदि प्रान्तों में और सीरोही के राज्य में "त्रिवाड़ी नाम के चारण भी रहते हैं जो आढा शाखा के चारणों के पालवानियें हैं, और इनकी माता त्रिवाड़ी जाति की ब्राह्मणी होने के कारण ये त्रिवाड़ी चारण कहलाते हैं जो न तो ब्राह्मणों में हैं और न चारणों में हैं, परन्तु चरणों के अन्य पालवानियों के समान त्याग में कुछ हिस्सा पाते हैं और खेती करके उदरपूरणा करते हैं

चारणों के वंश से पतित हुए चारण ॥

जैसे नीच कार्य करने के कारण ब्राह्मणों में "आचारज" धुरे ब्राह्मण, डाकोत (शुरूड़या), क्षत्रियों के वंश से पतित होकर पड़िहारखीयें आदि, तथा वैश्यों में "पांचड़ा" वैश्य आदि भिन्न भिन्न नीच जातियें बनगई हैं तथापि अभीतक वे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्यों के नामों से ही प्रसिद्ध हैं इसी प्रकार से भ्रष्ट आचार के कारण चारणों के शुद्ध वंश से पतित होकर चारणियां भांभी "चारणियां भाट" आदि नामों से प्रसिद्ध होगये हैं सो उसी पतित दशा में हैं, ये लोग काछेले चारणों से पतित होकर नीच दशा को प्राप्त हुए हैं जैसे एक काछेले चारण ने अपने मरे बछड़े को अपने घरसे घसीट कर बाहर फैंक दिया इस कारण से उसके बांधवों ने उसको जाति बाहर करके कहदिया कि तू "भांभी" चमार होगया तबसे उसके वंशवाले चारणियां भांभी कहलाने लगे और नीच पेशा करके उदर पुरणा करते हैं, इसी प्रकार चारण पुरुष और भाटनी स्त्री से उत्पन्न होनेवाले चारणियां भाट कहलाते हैं जो काछेला चारणों से हुए हैं ॥

जिस प्रकार क्षत्रियों के याचक चारण हैं तिसी प्रकार चारणों के सात याचक हैं जिनका संक्षेप से भिन्न भिन्न वर्णन नीचे किया जाता है ॥

चारणों के याचकों में प्रथम नंबर "कुलगुरु" है जो जाति का ब्राह्मण है और उज्जैन में रहता है जो चारणों का अयाचक (चारणों के बिना अन्य किसी की याचना नहीं करता) है ॥

दूसरे नंबर पर पुरोहित हैं जो चारणों की प्रत्येक शाखाओं में गूजरगौड़ दाहिमा, औदीच, सनाढ्य आदि सभी जाति के ब्राह्मण हैं जो अनेक धर्म कार्यों में और जन्म व विवाह के समय चारणों से दापा आदि दान लेते हैं, और चारणों की दी हुई उदक डहोली भी खाते हैं ॥

तीसरे नंबर पर "मोतीसर" हैं जो जाति के आला, खीची, पड़िहार आदि

क्षत्रिय थे और चारण कुल की "आवड़" नाम की देवी के उपासक थे जो घरबार छोड़कर देवी की सेवा के लिये आवड़माता के पास जा रहे थे, प्रसन्नता के कारण आवड़ माता इनको मोतीसर अर्थात् मोतियों की लड़ी कहा करती थी इसी कारण इनके वंश का नाम मोतीसर हुआ है, ये लोग क्षत्रियों की ज्ञाति को छोडकर आवड़माता की आज्ञा से चारणों के याचक हो गये जिन की जातियें उन्हीं क्षत्रियों के वंशों के नामों से हैं जिसका यह दोहा प्रसिद्ध है

॥ दोहा ॥

वालण खीला बिजमला, रामहिया पड़िहार ॥
मांगलिया अर चांदणा, मकवाणा सरदार ॥१॥

आवड़ माता ने इनको वरदान दिया था कि तुमारे वंशवाले बिना पढे ही कविता कर सकेंगे और हमारा सुकाया हुआ हाकड़ा समुद्र पीछा नहीं भरेगा तब तक तुमारा वंश चलेगा।

४ चारणों के चौथे याचक "राव" (भाट) हैं जो चंडीसा जाति के भाट कहलाते हैं. ये भाट राठोड़ क्षत्रियों के और चारणों के एक ही हैं इस कारण उक्त दोनों ज्ञातियों को मांगते हैं और जोधपुर राज्य से दिया हुआ सांसण भी खाते हैं।

५ पांचवें नंबर के याचक "रावळ" हैं जो जाति के ब्राह्मण थे सो चारणकुल की "नागेई नाम की" शक्ति की आज्ञा से चारणों के याचक हुए हैं और याचक होकर मद्य मांस का सेवन करने लगे तब से ब्राह्मणों से भिन्न होगये हैं।

६ छठे नंबर के याचक "गोइंदपोता" हैं, गोइंद जोधपुर के महाराजा का "नगारची" (नगारा बजानेवाला ढोली) था, परन्तु जोधपुर के मोटाराजा (उदयसिंह) पर आउवा नगर में १६४२ के संवत् में धरणा हुआ उसमें यह गोइंद ढोली अपने हाथ से अपना गला काटकर सब चारणों से पहिले मरा था इस कारण गोइंद के वंश को चारणों ने अपना याचक बनालिया जो गोइंदपोते कहलाते हैं और अन्य ढोलियों की अपेक्षा अधिक मानेजाते हैं।

७ सातवें याचक "वीरमपोता" जो वीरम कहलाते हैं ये भी ढोली ही हैं परन्तु सामान्य ढोलियों से अपने को कुछ अधिक मानते हैं, इनके साथ ही सामान्य ढोली भी याचक हैं जिनको कहीं कहीं "धोला" भी कहते हैं॥

जानना चाहिये कि मारू चारणों की पवित्र देवजाति नहीं होती तो ब्राह्मण आदि उत्तम ज्ञातियें इनकी याचक कैसे होतीं सो भी इनकी ज्ञाति के पवित्र होने का एक वर्तमान प्रमाण है॥

मारू चारणों का इष्ट और उपासना॥

आदि काल से चारणों का इष्ट विष्णुभगवान् का है और सृष्टिसर्जन काल से विष्णुभगवान् की ही उपासना करते आये हैं जिसके अनेक प्रमाण इसी लेख में ऊपर आचुके हैं और इनके वैष्णव होने के कई प्रमाण अन्य ग्रन्थों में भी मिलते हैं, कितनेक लोग इनको शक्ति के उपासक होने के आधार भूत महाभारत के भीष्म पर्व के २३ वें अध्याय के निम्न लिखित सोलहवें श्लोक को मानते हैं।

तुष्टिः पुष्टिर्धृतिर्दीप्तिश्चंद्रादित्यविवर्धिनी ।
भूतिर्भूतिमतां संख्ये वीक्ष्यसे सिद्धचारणैः ॥ १ ॥

अर्थ—हे देवि तू तुष्टि,पुष्टि, धृति, दीप्ति, चंद्र और सूर्य की वृद्धि करनेवाली,ऐश्वर्यवालों की ऐश्वर्य ऐसी संग्राम में सिद्ध और चारणों को दीखती है ॥

परन्तु हमारे मत से यह सिद्ध और चारणों के दिव्यदृष्टि होने का विषय है किंतु चारणों की उपासना का विषय नहीं है उपासना तो बहुधा प्रमाणों से विष्णुभगवान् की ही सिद्ध होती है, परन्तु वर्तमान समय में चारणों में शक्ति की उपासना अधिक पाईजाती है जिसका कारण यही प्रतीत होता है कि चारणों के वंश की स्त्रियों में शक्ति के अवतार बहुत हुए हैं इस कारण इनको गृहदेवता मानने की अधिक आवश्यकता हुई जिसमें भी मारवाड़ (जोधपुर) के राज्य में सम्वत् १४४४ में 'सुवाप' नामक ग्राम में करनीमाता का अवतार हुए पीछे चारणों में शक्ति की उपासना की अधिकता हुई है सो चारणों में अधिकता होने में तो आश्चर्य ही क्या है परन्तु बीकानेर राज्य के 'देसणोक' नामक ग्राम में जहां करनीमाता का विवाह हुआ था वहां करनीमाता के देहांत होने पर बीकानेर के राव जैतसी ने करनीजी का मंदिर बनवाया तब से बीकानेर और जोधपुर के राज्यों में ही सर्वसाधारण में शक्ति की उपासना बढगई है यहां तक कि मुजरा करने के स्थान में भी सबही लोग परस्पर 'जैमाताजी की' करते हैं और राजा से लेकर प्रजा तक माताजी का इष्ट मानते हैं और बीकानेर में जब नवीन राजा पाट बैठता है तो देसणोक में करनीमाता के मंदिर में जाकर सोने का छत्र चढाता है तो चारणों के तो घर में ही अवतार हुआ है ॥

अब यहां यह लिखना भी अयुक्त नहीं होवेगा कि परमेश्वर और शक्ति के अवतार कभी किसी अधम जाति में नहीं हुये हैं सो चारणों की ज्ञाति में शक्ति के अवतार अधिक होना भी चारण जाति की पवित्रता को सिद्ध करता है

चारणों का पेशा (वृत्ति)

इस विषय में कुछ तो ऊपर भी लिख दिया गया है परंतु फिर यहां स्पष्ट लिखा जाता है कि चारणों का पेशा क्षत्रियों को समयानुसार उपदेश करके

काव्य द्वारा क्षत्रियों की कीर्ति प्रचार करने का है सो तो अनेक ग्रन्थों से स्पष्ट सिद्ध है और इसीके प्रत्युपकार में क्षत्रियों ने इनको लाखों रुपयों की जीविका दे रक्खी है ॥

हमारे विचार से प्राचीन समय के चारणों ने उपदेश करने का सर्वोत्तम समय क्षत्रियों के विवाहों का देखा कि जहां पर एक ही समय में हजारों क्षत्रियों को एकसाथ उपदेश हो सकता था सो इस कार्य के पलटे में क्षत्रिय लोग इनको लाखों रुपयों का दान देकर संतुष्ट करते थे और हजारों क्षत्रियों में अपने समक्ष (सामने) कीर्ति फैलाने के कारण विवाहों में त्याग (दान) देना प्रारंभ किया सो यह रीति अद्यावधि प्रचलित है जिसमें सुयोग्य चारणों को तो क्षत्रिय लोग निमंत्रण देकर बुलाते हैं और सामान्य चारण बिना बुलाये ही क्षत्रियों के विवाहों में जाते हैं परन्तु क्षत्रिय लोग त्याग से सब ही को संतुष्ट करके अपनी कीर्ति को फैलाते हैं; और चारणों की तीसरी वृत्ति पोळपातपने की है अर्थात् सामान्य रीति से तो सब ही क्षत्रियों में चारण पोळपात (द्वार पर नेग लेनेवाले पात्र) हैं परंतु क्षत्रियों की तीन जाति के साथ तीन शाखा के चारणों का विशेष नियम है जिसके लिये निम्न लिखित दोहा प्रसिद्ध है.

दोहा

सोदा नैं सीसोदिया, रोहड़ नैं राठोड़ ॥
दुरसावत नैं देवड़ा, ठावा ठावी ठोड़ ॥१॥

अर्थात् शीसोदिया क्षत्रियों के पोळपात सोदा बारहट और राठोड़ों के पोळपात रोहड़िया बारहठ और चहुवाण जाति की देवड़ा शाखा के क्षत्रियों के पोळपात दुरसावत आढा ही हैं, अन्य नहीं ॥

यह संक्षेप से चारणों के पेशे का हाल लिखागया ॥

उपरोक्त मारू चारण मारवाड़ से निकलकर राजस्थान (राजपूताना), मध्यहिंद (सेंट्रल इंडिया), गुजरात, काठियावाड़ आदि देशों में १ उदयपुर, २ जोधपुर, ३ जयपुर, ४ बीकानेर, ५ बुंदी, ६ कोटा, ७ जैसलमेर, ८ कृष्णगढ, ९ डूंगरपुर, १० सीरोही, ११ बांसवाड़ा, १२ देवलियाप्रतापगढ, १३ अलवर, १४ झालरापाटन, १५ शाहपुरा, १६ अजमेरा (अजमेर का अंगरेजी इलाका), १७ रतलाम, १८ झाबुआ, १९ सीतामऊ, २० सैलाना, २१ राघोगढ, २२ नरसिंहगढ, २३ईडर, २४भुज, २५जामनगर, २६भावनगर, २७ ध्रांगधड़ा आदि राज्यों में फैले हुए हैं जिनके अधिकार में अभी क्षत्रियों की दीहुई अनुमान बीस लाख २०००००० रुपये वार्षिक आय की भूमि है जिसमें सबसे अधिक भूमि जोधपुर के राज्य में है जिसकी सालाना आमद अनुमान चार लाख

४०००० रुपये की होती है जो सम्पूर्ण जीविका उदक (माफी) ताम्रपत्रों द्वारा लिखी हुई है ॥

चारणों के पर्य्याय नाम और उनका अर्थ ॥

डिंगल भाषा की कविता के जो प्रमाण ऊपर दिये गये हैं उनमें चारणों के अनेक पर्य्याय नाम आये हैं जिन का अर्थ जानने की पाठकों को उत्कंठा होवेगी और ये नाम नट आदि नीच जाति के हो ही नहीं सकते सो भी मानु चारणों की देव जाति होने का स्पष्ट प्रमाण है इस कारण इस चारण जाति के जितने पर्य्याय नाम अद्यावधि हमको मिले वे नीचे लिखकर उनका धात्वर्थ और व्युत्पत्ति सहित भाषा में अर्थ लिख दिया जाता है कि जिनके समझने में सर्वसाधारण को सुभीता मिलेगा ॥

ये शब्द प्रथम संस्कृत में थे परन्तु फिर प्राकृत में पड़ कर देशभाषा में रूपान्तर होगये हैं जो उसी रूपांतर के साथ डिंगळ भाषा के काव्यों में इस समय तक आते हैं सो काव्यों से छांट कर सब लिखेगये हैं यदि दृष्टिदोष के कारण कोई शब्द बाकी रह भी गया होवे तो इसी क्रम से व्याकरण के मतानुसार उसका भी अर्थ समझ लेवें ॥

प्रथम अपभ्रंश नाम, फिर ब्रैकेट में शुद्ध नाम, उसके आगे संस्कृत में व्युत्पत्ति और जिसके आगे भाषा में अर्थ लिखा है ॥

१ ईहग (ईहगः); 'ईह वाञ्छायाम्' 'गम्लृ गतौ' इत्यनेन इच्छया गच्छतीति ईहगः, स्वेच्छाचारीत्यर्थः ॥ निरङ्कुशाः कवय इति प्रसिद्धिः ॥ भावार्थ–ईह धातु चेष्टा अर्थ में है 'ईहग' का अर्थ है चेष्टा से अभिप्राय पर जानेवाले अर्थात् चेष्टा से अभिप्राय को समझनेवाले विद्वान् ॥

२ कव, कवि, कविजण (कविः और कविजनः); काव्यस्य कर्तरि, अतीतानागतसर्वज्ञे, सूक्ष्मार्थविवेकिनि, मेधाविनि, पंडितेत्यर्थः॥ भावार्थ-कवि धातु काव्य बनाने में है, और भूत भविष्यत् जाननेवाले का नाम कवि है, अथवा सूक्ष्म अर्थ के जाननेवाले बुद्धिमान् पंडित को कवि कहते हैं ॥

३ गढवी (गढपतिः वा गाढवान्); गढपतिः (राजा) अन्यच्च गाढं दृढे । प्रणवचन-विचारादिव्यवहारे दृढेत्यर्थः ॥ भावार्थ–वदान्य नामक चारण को काठियावाड़ का राज्य मिले पीछे चारणों का नाम गढपति प्रसिद्ध हुआ है जिसका प्राकृत भाषा में गढवी हुआ है ॥ दूसरा अर्थ–गाढ शब्द दृढ अर्थ में है, जिसका भावार्थ है अपने प्रण, वचन, विचारादि व्यवहार में दृढ चारणों के ग्रामों का नाम गढवाड़ा है जिसका भी यही अर्थ है कि अन्यों की अपेक्षा चारणों के ग्रामसमूह अधिक दृढ हैं और इनको पूज्य मान कर इनके ग्रामों को लुटेरे लूटते नहीं थे इस कारण इनके ग्रामों के बाड़े ही गढ हैं ॥

४ गुणियण, गुणिजण(गुणिजनः); गुणमस्यास्तीति गुणी, गुणी चासौ जनश्च गुणिजनः ॥ भावार्थ– गुणवान् (विद्वान्) मनुष्य को गुणीजन कहते हैं ॥

५ चारण (चारणः); चारयति कीर्त्तिमिति चारणः ॥ भावार्थ–देवता और क्षत्रियों की कीर्ति फैलाने के कारण चारण नाम है ॥

६ ताकव (तर्क्कः); तर्ककारके, तर्कमीमांसादिशास्त्रकुशलेत्यर्थः ॥ भावार्थ– तर्क करने वाले और तर्क मीमांसा आदि शास्त्रों में कुशल ॥

७ दूथी (द्विथः,द्विस्थः, वा द्विकथी); याचक, 'थः रक्षणे' अथवा 'तिष्ठत्यस्मि न्निति स्थः' इत्युभयत्रशब्दार्थचिंतामणिः । कथवाक्यप्रबंधे ॥ भावार्थ–क्षत्रियों के याचक । प्राकृत में 'द्वि' का 'दुव' होता है जिसका अपभ्रंश भाषा में 'दू' हुआ । जो 'दो' की गणना का वाचक है और 'थः' का थी हुआ जो रक्षा अर्थ में है ये दोनों मिलाकर 'दूथी' हुआ है जिसका अर्थ है, खाग (युद्ध) और त्याग (दान) इन दोनों स्थानों में क्षत्रियों के यश और कीर्ति रूपी शरीर की रक्षा करनेवाले, 'दानाच्च प्रभवा कीर्तिः शौंडीरप्रभवो यशः' अर्थ–दान से उत्पन्न होवे उसका नाम कीर्ति और पराक्रम से उत्पन्न होवे उसको यश कहते हैं ॥ दूसरा अर्थ– 'स्थ' का 'थी' हुआ है । इसका अर्थ है, खाग और त्याग दोनों समय में स्थित रहनेवाले, अथवा 'द्विकथी' के ककार का लोप होके 'दूथी' बना है क्योंकि प्राकृत में ककारादिअक्षरों का लोप होजाता है, बाकी ऊपर लिखे शब्द के अनुसार 'दूथी' शब्द सिद्ध हुआ जिसका अर्थ है कि यश और अपयश दोनों प्रकार की कथा करनेवाले अर्थात् श्रेष्ठ पुरुषों का यश पूर्वक और दुष्ट पुरुषों का निंदा पूर्वक काव्य करनेवाले ॥

८ नीपण (निपुणः); प्रवीणे, विज्ञे, क्रियासु दक्षेत्यर्थः ॥ भावार्थ–शिक्षा पायेहुए, ज्ञानवान्, कार्य करने में चतुर ॥

९ पात [पात्रम्]; दानपात्रे, विद्यातपोयुक्ते, पतनात् त्रायते यस्मात् तत्पा-त्रम् ॥ भावार्थ–दानपात्र, विद्या और तप से युक्त, गिरने से रक्षा करनेवाले अर्थात् क्षत्रियों को हीनदशा से बचानेवाले ॥

१० पोळपात(प्रतोलीपात्रः); प्रतोल्यां पात्रः प्रतोलीपात्रः॥गोपुरं हि प्रतोल्यां तु नगरद्वारयोरपि इति मेदिनीपः ॥ भावार्थ-मेदिनी कोश में द्वार का नाम 'प्रतोली' लिखा है सो प्रतोली (पोळ) पर नेग लेने में पात्र ॥

११ बारठ (द्वारहठः); द्वारे हठं करोतीति द्वारहठः ॥ भावार्थ-द्वार पर हठ करके तोरण का हाथी आदि अपना नेग लेनेवाले ॥

१२ भाणव (भाणवः); भणतीति भाणवः ॥ भावार्थ–भण धातु शब्द करने में है सो उत्तम वक्ता (स्पीकर, लेक्चरर) अर्थात् व्याख्यान देनेवाले का नाम है ॥

१३ मागण(मार्गणम्); अन्वेक्षणे, संवीक्षणे, याचके, कविकृतिपीयूषरहितान्

लुप्तप्रायान् क्षत्रियकुलपूर्वजान् संवीक्षणकारकाः,अर्थात इतिहासकर्तारः, क्षत्रियगुणदोषवीक्षणकर्तारश्च ॥ भावार्थ-हेरना, खोजना, देखना; कवियों की कविता रूपी अमृत से रहित, अस्त को प्राप्त, ऐसे क्षत्रियों के पूर्वजों के इतिहास कर्ता ; और क्षत्रियों के गुण दोषों को ढूंढनेवाले ॥

१४ रेणव(रणवहः);'रण शब्दे''वह प्रापणे'इत्यनेन रणं वहंति प्राप्नुवंति ते रणवहः ॥ भावार्थ-'रण' धातु 'शब्द' अर्थ में है और'वह' धातु'प्राप्ति' अर्थ में है जिसका अर्थ है उत्तम बोलनेवाले, अथवा रण (युद्ध) को प्राप्त करानेवाले अर्थात् कायर को वीर बनाकर लड़ानेवाले ॥

१५ वीदग (विदग्धः); 'विदज्ञाने' चतुरे, दक्षे,पण्डितेत्यर्थः ॥ भावार्थ-'विद' धातु'ज्ञान' अर्थ में है और चतुर व पंडित का नाम विदग्ध है ॥

१६ हेतव(हितवहः);'वह प्रापणे'हितं वहंति प्राप्नुवंति ते हितवहः॥भावार्थ-'वह' धातु प्राप्ति अर्थ में है जिसका अर्थ है हित को प्राप्त करानेवाले ॥

मारू चारणों के १२० गोत्रों का वर्णन ॥

हम ऊपर लिख आये हैं कि चारणों की एक सौ बीस १२० शाखा होने के तीन कारण हैं प्रथम तो प्रसिद्ध पिता के नाम से शाखा प्रगट हुई है, दूसरे गामके नामसे शाखाका नाम प्रसिद्ध हुवा है और तीसरे कोई बडा कार्य करनेसे उस कार्यके अनुसार शाखा का नाम प्रसिद्ध हुआ है इन्हीं तीन कारणों से १२० शाखाओं का भिन्न भिन्न होना पायाजाता है जैसा कि इन्हीं तीन कारणों से क्षत्रियों के ३६ छत्तीस वंश भिन्न भिन्न हुए हैं और इन्हीं कारणों से ब्राह्मण और वैश्यों में भी जुदी जुदी शाखा होना सिद्ध होता है सो चारणों की जो शाखा जिस कारण से प्रसिद्ध हुई है उसका कारण नीचे शाखा के साथ लिखदिया जाता है परंतु जिस शाखा के नाम का कारण संतोषदायक नहीं मिला वहां केवल शाखा का नाम लिख कर कारण की जगह खाली छोड दी है; क्योंकि बिना पुष्ट प्रमाण मिले कल्पना करके लिखं देना विद्वानों का मत नहीं है ॥

बहुत कुछ छान बीन करने पर भी अद्यावधि हमको चारणों की एक सौ बीस १२० मूल शाखा के नाम नहीं मिले और न यह सिद्ध हुआ कि ये शाखा कब कब फटीं, और न यह पता लगा कि इन शाखाओं के फटने से पहिले गोत्र भेद क्या क्या थे, परंतु कुळगुरु की पुस्तक के देखने से और विद्वान चारणों के प्राचीन लेखों से अथवा विद्वान चारणों के कथन से जो कुछ वृत्तांत हमको विदित हुआ उनके अनुसार शाखाओं का वर्णन नीचे किया जाता है जिनमें प्रथम उन शाखाओं का वर्णन है कि जिन शाखाओं के चारण अभी विद्यमान हैं इसके पश्चात् जितनी शाखाओं का कुळगुरु की पुस्तक में

नष्ट होजाना लिखा है उनके नाम मात्र लिखदिये जावेंगे और विद्यमान शाखा ओं में एक शाखा से फँटकर अनेक प्रतिशाखाएं हुई हैं उनके नाम मूल शाखा के नीचे लिख दिये जावेंगे जिससे मालूम हो सकता है कि इतनी शाखाएं इस शाखा से निकली हैं ॥

इस विषय में हमको जोधपुर के चारण जादूदान वणसूर के लेख से भी अच्छी सहायता मिली है जिसका हम उपकार मानते हैं ॥

१ अपसूरा—यह मूल शाखा अवसूर नामक पिता के नाम से प्रसिद्ध हुई है जिसमें से निकली हुई प्रतिशाखाएं नीचे लिखी जाति हैं

२ आसिया—आसा नामक पिता के नाम से.
३ वणसूर—वणवीर नामक पिता के नाम से.
४ मोहड़—पिता के नाम से.
५ लाळस—लाला नामक पिता के नाम से.
६ सानोर—पिता के नाम से.
७ सुधा—
उपरोक्त सातों शाखा परस्पर बांधव हैं.

२ आज्यसुर—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रसिद्ध हुई है.
३ आमोतिया—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रसिद्ध हुई है.
४ कवियल—
५ कायल—
६ कुंवारिया—यह मूल शाखा ग्राम के नाम से प्रगट हुई है.
७ केसरिया— केसर नामक पिता नाम से यह शाखा प्रगट हुई है.

२ महियारिया—मिहारी नामक ग्राम के कारण जुदी शाखा प्रसिद्ध हुई जो दोनों भाई भाई हैं ॥

८ खड़ी—
९ खरळ—यह मूल शाखा ग्राम के नाम से प्रसिद्ध हुई है ॥
१० गांगड़ा—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रसिद्ध हुई है ॥

२ कड़वा—यह गांगड़ों की प्रतिशाखा है परंतु नाम का कारण मालूम नहीं हुआ ॥

११ गांगणियां—गांगण नामक पिता के नाम से प्रगट हुई ॥
१२ गाडण—गडाहुआ बचा शक्ति के वरदान से जीवित होने के कारण गाडण नाम प्रसिद्ध हुआ कहते हैं, परंतु कई लोगों के मतसे 'गाडणा' नामक ग्राम के नाम से 'गाडण' कहलाना पायाजाता है.

२ बाटी—पिता के नाम से.
३ बाडुवा—

ये तीनों शाखा परस्पर बांधव हैं.

१३ गुंठल....
१४ गेलवा....
१५ गोकुळी भेलंडा—
१६ चांदा—पिता के नाम से यह मूलशाखा प्रगट हुई है.
१७ चेहड़—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रगट हुई है.
१८ चौराड़ा—पिता के नाम से यह मूलशाखा प्रसिद्ध हुई है.
२ कबिया....
३ धेहड़....
४ खांड़िया....

ये चारों शाखा परस्पर बांधव हैं ॥

१९ छेड़ा....
२० जसकरा—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रसिद्ध हुई है.
२१ जामग....
२२ जाळगा—जाळग नामक पिता के नाम से यह शाखा प्रगट हुई है.
२३ जूवड़....
२४ जेसळ—पिता के नाम से यह मूल शाखा प्रगट हुई है.
२५ जोगबीर—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रगट हुई है.
२६ झड़लचा—
२७ तुंगल—
२८ तूंबेल—
२९ थींगल—
३० दागड़ा—
३१ देवका—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रगट हुई है.
३२ धांधा....
३३ धूधू....
३४ धूहड़—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रगट हुई है.
३५ नहया—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रगट हुई है.
३६ नरा....
२ नांदू....
३ जगहठ....
४ बोगसा....
५ देवल—देवल नामक ऋषि की संतान होने के कारण.
६ दधवाड़िया—दधवाड़ा नामक गाम के नाम से.
७ झीबा—

ये सातों शाखा परस्पर बांधव हैं.

३७ नायल—

३८ नीलसोरठिया—

३९ नेचड़ा—

४० पर्वतगोरा—

४१ पिंगुल—

४२ वरणसी—

४३ वीजळ—

४४ भाछळिया—यह मूल शाखा पिता के नाम से प्रगट हुई है.

२ भादा—

३ संढायच—नरसिंह नामक भाछळिया को अधिक सिंह मारने के कारण नाहड़ राव पड़िहारने 'सिंहढाहक' की पदवी दी जबसे उस के वंशके संढायच कहाये (डिंगलभाषा में 'क' को 'च' होता है)

इन तीनों शाखावाले परस्पर भाई हैं.

४५ भूरियाण—

४६ महेसमा—

४७ मादा—मृत्तिका के पुतले को देवी ने सजीवित किया इस कारण 'मादा' कहलाये क्योंकि डिंगल भाषा में मिट्टी को 'माद' कहते हैं.

२ ठाकरिया—

३ फनड़ा—

४ वाजड़—

५ वाला—

ये पांचों शाखा परस्पर बांधव हैं.

४८ मारू—यह मूल शाखा 'मारू' नामक पिता के नाम से प्रसिद्ध हैं यों तो मारवाड़ से निकले हुए संपूर्ण चारणों को मारू कहते हैं परंतु उसीके अंतर्गत यह शाखा पिता के नाम से भिन्न प्रगट हुई हैं.'

२ किनियां—कनीराम नामक पिता से प्रसिद्ध हुए.

३ कोचर—पिता के नाम से

४ देथा—पिता के नाम से

५ सींळगा—सीळग नामक पिता से प्रसिद्ध हुए.

६ सुरताणियां—सुरताण नामक पिता से प्रसिद्ध हुए.

७ सोदा (वा) सोदाबारहठ—बारू नामक देथा शाखा के चारण ने घोड़ों के सोदा (व्यापार) से चीतोड़ के महाराणा हमीरसिंह को चीतोड़ पीछा लेने में सहायता की इसकी यादगार के लिये उन महाराणा ने शाखा का नाम 'सोदाबारहठ' रक्खा ॥

ये सातों शाखा एक ही शाखा से निकलने के कारण परस्पर भाई हैं.

४९ मीसण—चंडकोटि नामक कवि ने संस्कृत आदि छहों भाषाओं को मिश्रित करके शास्त्रार्थ जीता इसकारण 'मिश्रण' कहलाये, जिसका अपभ्रंश 'मीसण' हुआ ॥

२ महेगू—

५० मैडू—मैड़वा नामक ग्राम से निकलने के कारण 'मैडू' कहलाते हैं.

२ टापरिया—

ये दोनों शाखा एक ही शाखा से निकलने से परस्पर भाई हैं ॥

५१ रतनू—रतना नामक पिता के नाम से यह शाखा प्रसिद्ध हुई है ॥

२ नाला—

३ चीचा—

ये तीनों शाखावाले परस्पर भाई हैं.

५२ रेड़ (वा) रेड़िया—पिता के नाम से यह शाखा प्रसिद्ध हुई है ॥

२ छांछड़ा—

३ झूला—

४ थांनड़ा—

५ बरसड़ा—

ये पांचों शाखा एक शाखा से निकलने के कारण परस्पर भाई हैं.

५३ रोदा (वा) रादा—

५४ रोहड़िया बारहठ—घेरकर चारण करने के कारण.

२ आला—पिता के नाम से

३ ओळेचा—ग्राम के नाम से

४ कळहठ— पिता के नाम से

५ गूंगा—ग्राम के नाम से

६ धीरण—पिता के नाम से

७ बीठू—पिता के नाम से

८ भादरेचा—ग्राम के नाम से

९ मिकस(वा)मेगस—पिता के नाम से

१० सांवळ—पिता के नाम से

११ हड़वेचा—पिता के नाम से

१२ हाहखिया—पिता के नाम से

ये बारहों शाखावाले एक शाखा से निकलने से परस्पर भाई हैं.

५५ लूणगा....

५६ वाचा—

२ आढा—आडा नामक ग्राम के नाम से प्रकट हुई.

३ बड़ियाळ—

४ महिया—मेहा नामक पिता के नाम से प्रकट हुई.

५ सांदू—सांदू नामक पिता के नाम से प्रकट हुई

५७ साउवा—साऊ नामक पिता के नाम से यह मूल शाखा प्रकट हुई है.

५८ सजग—

५९ साइया—

६० सावादेवा—

६१ सीकड़....

६२ सुगुणी—सुगुण नामक पिता के नाम से यह शाखा प्रकट हुई.

६३ सुरसोरठिया—

६४ सूंया—पिता के नाम से प्रसिद्ध है

६५ सूरू—सूरा नामक पिता के नाम से यह मूल शाखा प्रकट हुई.

६६ सेहड़िया—

चारणों की नष्ट हुई शाखाओं के नाम

इसने अद्यावधि यह नहीं मालूम हुआ कि इन नष्ट हुई शाखाओं में मूल-शाखा कितनी और प्रतिशाखाएं कितनी थीं किंतु कुलगुरु की पुस्तक में नष्ट शाखाओं के केवल नाम मात्र लिखेहुए मिले सो ही यहां अकारादि क्रम से लिखदिये जाते हैं ॥

१आया	१७चहुवा	३३पंडरसिया
२आसग्या	१८चंचाळा	३४बड़गा
३ईरण	१९चीवा	३५बीराणियां
४कांटा	२०चावा	३६बूबड़
५कागड़िया	२१चाटगिया	३७बोराणियां
६किरणाळिया	२२जाखळ	३८बूढाणियां
७कांधळिया	२३जोवा	३९मूंघा
८कालीछ	२४ठोलवा	४०मंकवाणा
९कुचाल	२५डमाल	४१मादळिया
१०कैंदड़िया	२६डूंगरा	४२राजगुर
११काळपिया	२७दंदड़ा	४३लूथिया
१२कोलू	२८धमळ	४४लांया
१३गिरिया	२९धूना	४५साथळा
१४गोरविया	३०नीचड़ा	४६सामेळा
१५गोखड़ा	३१पड़ियाळा	४७हाथळा
१६चाड़िया	३२पातराड़िया	

इस प्रकार ४७शाखा नष्ट हुई लिखीं जो ऊपर की६६ विद्यमान शाखाओं में जोड़ने से कुल ११३ एक सौ तेरह शाखा होती हैं जिनमें यह भी मालूम नहीं कि नष्ट शाखाओं में प्रतिशाखाएं कितनी हैं परंतु इतना अवश्य कहस- कते हैं कि इन नष्ट शाखाओं में प्रतिशाखाएं भी अवश्य होंगी इस अवस्था में किसी प्रकारसे भी चारणों की १२० शाखा पूर्ण नहीं होसकतीं और शा खाओं के नाम भी कलियुग के ही प्रतीत होते हैं इस कारण इस बात का हमको कोई प्रमाण नहीं मिला कि सत्ययुगआदि युगों में इनमें परस्पर के गोत्र भेद क्या थे अनुमान से तो यही पाया जाता है कि ऋषियों के नाम से होवें गे जैसे देवल ऋषि के वंशवाले अब भी देवल कहाते हैं इसी प्रकार अन्य भी जानलेवैं परंतु विना पुष्ट प्रमाण मिले अन्य गोत्रों के नाम लिख नहीं सकते॥ इति॥

॥ श्रीः ॥

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

॥ श्रीसरस्वत्यैनमः ॥

श्रीबादरायणायनमः ॥

॥ अथ पञ्चमराशिः प्रारभ्यते ॥

ॐनमः पुराणपुरुषोत्तमाय १ गिरीश २ गिरिजा ३ गणपति ४ गिरा ५ गुरु ६ भ्यो ॥ वसुधेश्वर१ वंशवारिजवार्धि १ क्षात्रधर्मखनि २ श्रुतशूरश्मश्रुलोमाञ्चक ३ करुणास्पदीकृतकातरकलाप ४ यथातथराजन्याचारचीयमान ५ मृधाश्वमेधदीक्षादक्षीकरणकुशल६ कलिकालोदन्तोद्दीपक ७ शौर्यशुश्रूषुमिलिन्दमालतीमरन्द ८ कविकलरवसहकार ९ रसनवक ९ निधिनरवाहन १० कोविदकाश्यपीकमनकीर्तिनौकैवर्त्तक११ प्रबन्धेशभास्कराभिधे श्रूयतां सुधारससहोदरास्वादसूरिभिः सामाजिकैः सह रणरमणीरसिकरावराजेन्द्रामहरे २०१ पंचमो ५ राशिः ॥ १ ॥

पुराण पुरुषोत्तम (विष्णु भगवान्), महादेव, पार्वती, गणेश, सरस्वती और गुरु को नमस्कार है ॥

चहुवाणवंश रूपी कमल को बढानेवाला (सूर्य), क्षत्रियधर्म की खानि, सुनने से वीरों की मूंछों को रोमांच (खड़ी) करनेवाला, कायरों के समूह पर करुणा करनेवाला, राजाओं के यथार्थ आचार को जतानेवाला, युद्ध रूपी अश्वमेध की दीक्षा देने में कुशल, कलिकाल के वृत्तांत को प्रकाशित करनेवाला, वीरता के सुनने की इच्छावाले भ्रमरों के लिये मालती का पुष्परस, कवि रूपी कोयलों का आम्र, नव रस रूपी नव निधियों का कुबेर, पंडितों की भूमि और मनोहर कीर्ति रूपी नौका का कर्णधार (खेवटिया) ऐसे प्रबंधों के स्वामी वंशभास्कर नामक ग्रंथ में अमृतरस के सहोदर (सदृश) काव्य का स्वाद लेने में पंडित सभासदों के साथ, हे रण (युद्ध) रूपी कामिनी के रसिक रावराजेन्द्र रामसिंह! यह पंचम राशि सुनिये ॥

चूलिकापैशाचीभाषा ॥ पथ्यागाथा ॥

प्रायो ब्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥ ब्रजदेशीयप्राकृतं १ पैशाचिकबहुलं २ मरुदेशीयप्राकृत १ मपभ्रंशबहुल २ मितिसर्वत्र बोध्यम् ॥

॥ षट्पात् ॥

देवसिंह १८०।१ नृप हुसह हालि हड्डन अन्वय हुव ॥
वंबावद गढ विलासि धरनि चहुँ ४ ओर जिति धुव ॥
अद्ध अवनि निज अप्पि समर १८१।७ कुअरहिं बुंदिय सह ॥
कुमर पट्टधर कज्ज अद्ध रक्खिय नय आग्रह ॥
बहुबेर भंजि शत्रुन बहुन बहु अपुब्ब जस वित्थरिय ॥
बय चरम पाइ व्है भव विरत क्रम निवास सुरपुर करिय ॥ ४ ॥

(दोहा)

पुत्रहिं दै आसिख प्रथित, हड्डन पति पन होन ॥
समरसिंह १८१।७ जननी सती, गौडि १८०।३ कियउ सह गोन ॥५॥
देवसिंह १८०।१ गृह हुव उदित, बारह १२ सुत बरवीर ॥
जे बारह १२ आदित्यजिम, धाम प्रकासक धीर ॥ ६ ॥

॥ षट्पात् ॥

हुव अग्रज हरराज १८१।१ अनुज तस हत्थ १८१।२ प्रबल अति ।
अपर २ नाम याकोहि कहत हप्प १८१।२ हु मागध कति ॥

ब्रजदेशीय प्राकृतभाषा में पैशाचीभाषा अधिक है, और मरुदेशीय प्राकृत भाषा में अपभ्रंश भाषा अधिक है, सो सर्वत्र जानना चाहिये ॥

१सूर्य हाडाओं के २ वंश का. अपनी आधी ३ भूमि बुंदी सहित कुँवर समरसिंह को देकर ४ नीति के आग्रह से आधी भूमि पाटवी कुंवर को दी ५ अंतिम अवस्था पाकर ६ संसार से ७ विरक्त होकर क्रम पूर्वक स्वर्ग में निवास किया ॥ ४ ॥ हाडों के पति होने की पुत्र को ८ प्रसिद्ध आशिष देकर समरसिंह की माता गौडी सती हुई ॥ ५-६ ॥ इसका ९ दूसरा नाम कितने ही मागध लोग हापा कहते हैं ॥७॥

सूर तदनु भटसूर१८१।३तास अभिधा भोज१८१।३हु तिम।
बहुरिबग्घ१८१।४बलिबाल१८१।५यहहिकृष्ण१८१।५हुद्धि२नामइम
तसअनुजनाम चाहड़१८१।६अतुल समरसिंह१८१।७पुनिसुजसप्रिय
मोत्कल१८१।८बहोरियाको अपर२कर्मचंद्र१८१।८नामहुकहिय॥७॥

(दोहा)

जैत्रमल्ल १८१।९ पुनि जाहिकी, अभिधा सौंड१८१।९हु आस ॥
अनुज तास गोबिंद१८१।१०अरु, कुंभपाल१८१।११ तिम तास॥८॥
सालिबाहन१८१।१२हु लघु सबन, क्रमसह देव १८०।१कुमार ॥
जे जिनजिन रानिन जनैं, प्रभु सुहु सुनहु प्रकार ॥ ९ ॥
पहिले पंच५ रु जैत्र९।६ पुनि, सुत रट्ठोरि१८०।१ प्रसूत ॥
जद्दौंनि१८०।२ हु चउ४ सुत जनैं, पहिलो चाहड़६ पूत ॥१०॥
पुनि मोत्कल८।२ गोबिंद१०।३ पट्ठ, अनुज कुंभ११।४अभिधान॥
समरसिंह७।१अंतिम१२।२सहित,दुव२सुव गौडि१८०।३ निदान।११।

॥ षट्पात ॥

हुव अधीस हरराज १८१।१ बिसँद जसधर बंबावद।
सम बुंदिय नृप समर१८१।७ हुव सु लहि अद्ध राज्य हद ॥
हरराजा१८१।१ ऽनुज हत्थ१८१।२ सूर उपयम हुव २ साद्धिय।
क्रमसह प्रथम१ किसोर कुमरि १८१।१ प्रतिहारि पाइ प्रिय॥
रट्ठोरिमानकुमरि१८१।२हुबहुरितहँसुर्जन१८२।१पहिली१८१।१तनय
रट्ठोरि१८१।२प्रसवगजासिंह१८२।२अरु भीम१८२।३उभय२सुत बीतभय

(दोहा)

हत्थ १८१। २ तनय इम तीन ३ हुव, बढि जिन्ह संतति बीर॥
हड्डन तीजो ३ भेद हुव, हत्थाउत्त ।३ गहीर ॥ १३ ॥
नव ९ अग्रज पत्ते निधनँ, भट सूरा१८१।३दिक भ्रात ॥

---

१ नाम सौंड २ हुआ ॥ ८–९ ॥ ३ जना ॥ १०–११ ॥ ४ उज्वल यश को धारण करनेवाला बंबावदा में हुआ ५ निर्भय ॥ १२–१३ ॥ ६ बिना संतान ७ नाश को प्राप्त हुए ॥

क्रम वढि तीन३नकेहि कुल, उदित किति अवदात१ ॥ १४ ॥
बंबावदगढ पति विदित, हरराज १८१।१हु नरनाह ॥
क्रमसह वसु२ वुठत करे, वनि दुल्लह छह विवाह ॥ १५ ॥

॥ सौराष्ट्रीदोहा ॥

अक्खयराज सुता सु, कृष्णाकुमरि १८१।१ सीसोदनिय ॥
कुम्भ द्वारकादासु, सुता अमृतकुमरि १८१।२हु सतिय ॥१६॥

॥ पादाकुलकम् ॥

पुनिब्रजकुमरि१८१।३नाम प्रामारिय,रामसाहि तनया३निजनारिय ॥
जिम अनंद जद्दव तनुजाइय,पटु४ पट्टिमदेवी१८१।४पुनि पाइय ॥१७॥
चतुर नाम भाउल्लदेवि १८१।५ चहि, लौंनकरन रठोर सुता लहि ॥
धर्मसाहि तोमर धरनीधन५, पुर गुग्गेर अधीस महामन ॥ १८ ॥
रुचिरसुतातसछठीछ्रानिय,अनुपमकुमरि१८१।६ब्याहिनृपआनिय ॥
धरनीधव६हरराज१८१।१पुत्रधुव,हुँतरनअरिनकरनद्वादस१२हुव।१९।

॥ षट्पात् ॥

हल्लुव१८२।१लल्लुव१८२।२लोहराज१८२।३हम्मीर१८२।४जिताहर्व७,
रनपटुअक्षयराज १८२।५ धीर बलराज १८२।६कित्तिधव९ ॥
स्याम१८२।७बहुरि सुरतान१८२।८जोध हरदोल१८२।९नाम जिम,
लवनकरन१८२।१०रोपाल१८२।११अनुजद्योपाल१८२।१२प्रथितइम१० ।
पहिली१ तनूज११ हल्लुव१प्रबल तिम लल्लुव२ हम्मीर४।३त्रय३,
बल६।१रु१२हरदोल९।२रोपाल११।३बलितीन३हिहुवदूजी२तनय।२०।

॥ दोहा ॥

लोहराज ३।१ द्योपाल १२।२ लघु, जुगर प्रामारिय ३ जात१४ ॥
स्याम७।१की रु सुरतान८।२की, महित१५ जद्दविय ४ मात ॥२१॥

---

१ उज्ज्वल कीर्ति प्रकाशित की ॥ १४ ॥ २ धन की वृष्टि करके ॥१५-१६ ॥ ३ पुत्री ४ चतुर ॥ १७ ॥ ५ राजा ॥ १८ ॥ ६ भूपति (राजा). युद्ध में शत्रुओं को ७ होम करनेवाले ॥ १९ ॥ ८ युद्ध जीतनेवाले ९ कीर्ति के पति १० प्रसिद्ध ११ पहिली रानी के पुत्र १२ अरु १३ फिर ॥ २० ॥ १४ हुए १५ पूजनीय

लवनकरन१०।१ रट्ठोरि ५ लहि, ससुता हुव हितसंग ॥
तिम पायउ सुत तोमरिय,६ अत्तयराज ५।१ अभंग ॥ २२ ॥
हल्लुव१८२।१ कुल अबलग रहिय, इनमैं बिधि अनुसार ॥
लोहराज१८२।३ कुल समयलग, बढि नठ्ठो खयबार ॥ २३ ॥
कोई मागध इम कहत, बरनि प्रमा बिनु बात ॥
लोहराज १८२।३ कुल अबलगहु, गिनहु देस गुजरात ॥२४॥
हड्डन चोथो ४ भेदलहि, हल्लू१८२।१ संतति हड्ड ॥
हल्लूपोते १।४ बिदितहुव, बुंदिय रहि सब बड्ड ॥ २५ ॥
सप्तम ७ देव १८०।१ नरेस सुत, समरसिंह १८१।७ इत सूर ॥
राज्य अद्ध निज करि रहिय, पुर बुंदिय बल पूर ॥ २६ ॥
लै चम्मलि पर अद्रिलग, अवनि रही खिल एह ॥
बंबावद सन अधिक बढि, गज्जत हुव निजगेह ॥ २७ ॥
बुधपुरपति चालुक बिदित, नृपति मनोहर नाम ॥
हृदयराम अंगज लहिय, दुहिता गुन उद्दाम ॥ २८ ॥
जन मागध अभिधान जिहिं, कहत सुजानकुमारि१८१।१ ॥
समरसिंह१८१।७किन्नी सु पहु, निज महिषी यह नारि ॥२९॥
पुनि चंद्राउत रामपुर, सूरज भानुनरेस ॥
मंजु कनी तस हरकुमरि १८१।७ अपर२ बिवाह्यो एस ॥३०॥
कछवाही सुंदरकुमरि१८१।३, बलि नरनाह बिबाहि ॥
उपयम किन्नें तीन३ इम, बितरन बिबिध निबाहि ॥ ३१ ॥
समरसिंह१८१।७कै च्यार४सुत, प्रथम१कुमर नरपाल१८२।१॥
अपर२नाम नप्प१८२।१हु यहहि, हुव तदनुज हरपाल१८२।२॥३२॥
अपरनाम हप्प१८२।२हु यह रु, जैत्रसिंह१८२।३ लघु जास ॥

१ पुत्रवाली हुई ॥ २२-२३ ॥ २ यथार्थ अनुभव बिना ॥ २४ ॥ ३ सब से बडे ॥ २५-२६-२७-२८ ॥ ४ पटरानी ॥ २९ ॥ ५ सुंदर ६ कन्या ७ दूसरा विवाह किया ॥ ३० ॥ ८ विवाह ९ दान की विधि निबाह कर ॥ ३१ ॥ १० उसका छोटा भाई ॥ ३२ ॥

तदनुज डुंगरसिंह १८२।४ तिम, इम प्रवीर चउ४ आसै[1] ॥ ३३ ॥
पाहिले१८२।१।१८२।२दुव२पहिली१८२।१प्रसव, जिमचंद्राउति१८२।१जात
तीजो१८२।३अरु चोथो१८२।४तनय, कछवाही१८१।३जें[2] कहांत ॥३४॥
याहि समय रनथंभ अग, दुसह अलाउद्दीन ११ ॥
लग्गो सुनि जितातित मुलक, निपज्यो डम्मर[3] नवीन ॥ ३५ ॥
याहीतैं नृपसीम इत, परतट चम्मलिँ प्रांत ॥
भिल्लन मंडिय लूट भय, सु न परोच्छ हुव सांत ॥ ३६ ॥

॥ षट्पात् ॥

समरसिंह १८१।७ नरनाह तबहि चम्मलि हुतँ उत्तरि ॥
चंड बिरचि चतुरंग[6] सवँर तिसहँस३००० रन संहरि ॥
किय निर्भय केथोनि१ सीसवालिय २ वडोद ३ सह ॥
रहलावनि ४ रामगढ ५ मऊ ६ संगोद ७ दयो मह ॥
रच्छक अजेय तँहँ रक्खिकैं महि अधीस पच्छो सुरत ॥
पुनि सवर रुक्कि चम्मलि पुलिन[9] आनि जुरे खिल अंकुरत[10] ॥३७॥
दोहा-पिक्खि अलप परिकर[11] नृपहिँ, इम खिल भिल्लन आइ ॥
कोटा जँहँ तँहँ जंग किय, नदि चम्भलि निर्यराइ[12] ॥३८॥
बुंदीसन पृतना[13] वहुरि, पहुँचि महीपति पास ॥
किय निर्भय हय बीचकरि, नवसत९०० भिल्लन नास ॥३९॥

---

१ चारों वीर हुए ॥ ३३ ॥ कछवाही से २ उत्पन्न हुआ कहते हैं ॥ ३४ ॥ इसी समय रणथंभोर के पर्वत पर अलाउद्दीन का लड़ाई करना सुन कर सब ओर नवीन ३ उपद्रव उत्पन्न हुआ ॥ ३५ ॥ इसी कारण बुंदी की सीमा में ४ चामल नदी के परले किनारे के प्रांत में भीलों ने लूट खसोट शुरू की सो अ-प्रत्यक्ष रीति पर शांत नहीं हुई ॥ ३६ ॥ चम्मल नदी को ५ शीघ्र पार उतर, भयंकर ६ सेना रच, युद्ध में तीन हजार ७ भीलों को मार कर ८ उत्सव (सु-ख) दिया. चम्मल नदी के ९ किनारों को रोक कर फिर बाकी के भील १० खड़े हुए ॥ ३७ ॥ राजा को थोड़ी ११ परगह सहित देखकर इस प्रकार बाकी के भीलों ने आकर, अब जहां कोटा है तहां चामल नदी के १२ समीप युद्ध किया ॥ ३८ ॥ १३सेना ॥ ३९ ॥

कोटा जहँ पल्ली रव करि, कौटिक नाम किरात ॥
रहतो सो भजिगो दरित, गहन दुरावन गात ॥४०॥
संभरके भट तीनसत३००, खंड खंड हुव खेत ॥
पुरबुंदिय इम समर१८१।७पहु, आयो विजय उपेत ॥४१॥
बुंदिय सप्तम७बरस वय, प्रथित पितासन पाइ ॥
समर१८१।७ समर मारे समर, अतिधृति१९समवय आय॥४२॥
किन्न कुमर हरपाल १८२।२ हित, पुरजजाउर१ पेस ॥
जैत्रसिंह१८२।३ हित जयथलरहिं, लग्गो दैन इलेस ॥४३॥
जैत्र१८२।१ कहिय तुमसों जनक, जहँ भिल्लन किय जंग ॥
तहँ मैं चम्मलि पारतट, दब्बों खल रचि द्रंग ॥४४॥
सुपहु किन्न स्वीकार सुहि, जैत्र १८२।३ तबहि तहँ जाइ ॥
मारि भिल्ल कौटिक प्रमुख, बंलि कोटा२ बसवाइ ॥४५॥
वय निज लहि सोलह१६ बरस, पाइ सु भोग्य प्रदेस ॥
भिल्लन खिलन भजाइ भट, अडर रह्यो तहँ एस ॥४६॥
॥ युग्मम् ॥
सुत लघु डुंगरसिंह १८२।४ हित, अधिप खजूरिय३ अप्पि ॥
सत्रुनसिर प्रतप्यो समर १८१।७,महि इम सुतन समप्पि ॥ ४७ ॥
॥ सचरणागद्यम् ॥
बुंदीके अधीस हड्डाधिराज समरसिंह १८१।७ को दूजो पुत्र

जहां अब कोटा है तहां अपनी १ पाल (कोश में छोटे ग्राम को तथा लौकिक में भीलों की बस्ती को पाल कहते हैं) बसाकर २ कोट्या नामक ३भील रहता था सो डरकर वन में छिपने के लिये भग गया ॥ ४०-४१ ॥ सात वर्ष की अवस्था में ४ प्रसिद्ध पिता से बुंदी पाकर उन्नीस वर्ष की अवस्था में ५ समरसिंह ने ६ युद्ध में ७ भीलों को मारे ॥ ४२ ॥ ८ भूपति देने लगा ॥ ४३ ॥ जैत्रसिंह ने कहा कि ९ हे पिता! जहां पर तुमसे भीलों ने युद्ध किया है तहां चंबल नदी के परले किनारे १० नगर रच कर दुष्टों को दबाऊं ॥ ४४ ॥ कोट्या ११ आदि भीलों को मारकर उस कोट्या भील के नाम पर १२फिर कोटा बसाया ॥४५-४६-४७॥

हरपाल १८२।२ जज्जाउरपुर १ को स्वामीभयो ताके संतानतो स मस्तही हड्डनमें पंचम ५ भेद पाइ हरपालपोते ३।५ कहाये ॥

अरु कोटा२के अधीस जैत्रसिंह १८२।३ के कुलके हड्डनमैं छट्ठो ६ भेदपाइ जैताउत्त २।६ भये तिनमैंहीं पीछैं तीन ३ पीढी के अनंतर खंधिल्ल १८५ हू सूरंता १ उदारता२में बिसेसहू बढ्यो जाने बुंदीके संगरमैं मंडूके पातसाहके सोलह १६ सामंत मारि सूरसज्जापैं सयनकरि आपुनों नाम उवारयो* तासौं एही जैताउत्त २।६खंधिलोत्त २।६ ऐसोहू उपटंक पाइ ठाये ॥

डूंगरसिंह १८२।४ के अन्वयके खजूरी ३ खेटके निवासकरि हड्डनमैं सप्तम७ भेद पाइ खजूरीके३।७ ऐसो उपटंक कहावत भये ॥

अरु सर्वही सूर हितरनमैं सत्रुनको सोक सहावत वितरनमैं बित्तकी बाहिनी वहावत स्वकीय सविता संभर संतान सवितांकौं सम्[11]मेद गहावत भये ॥ ४८ ॥

इतकौं यवनेंद्र अलावुद्दीन रनस्तंभको बिजयकरि चंडासिराज हम्मीर १८२ के पुत्र रत्नसिंह १८३ को रानाँलक्खनके सरनगयोजानि पीछो दिल्लीजाइ दूतनकौं चित्र[12]कूट पठाइ संभरराजके सूनु[13]कौं गहाइदेबेकी कहाई ॥

तामैं रानाँकौं प्रतिकूल जानि बिजयके लोभलगि मेद[14]पाटदेशको लैबो बिचारि सीसोदराज के सम्मुह वर्षाकालकी बाँहिनी की बिडं[16]बक बडे बिस्तारकी बाँ[17]हिनी वहाई ॥

तहाँ कितनौंक कं[18]टकतो पातसाहके प्रस्थानके पहिलैंही पहुँ-

---

*असर किया. १खिताव पाकर२ प्रसिद्ध हुए. डूंगरसिंहके ३वंशके खजूरी नामक ४खेड़ा में रहने के कारण. ५ वीरता में. ६ दान में. ७धन की ८ नदी बहाते हुए अपने ९ पिता को चहुवाण की संतान होने का. युद्ध के रसिक १०सूर्य को ११ हर्ष कराया ॥ ४८ ॥ १२ चीतोड़ को दूत भेज कर चहुवाण राजा हम्मीर के १३ पुत्र रत्नसिंह को पकड़ा देने की कहलाई. १४मेवाड़. १५ नदी की १६अनुकरण (नकल) करनेवाला १७ सेना चलाई. कितनी ही १८ सेना तो बादशाह के

चि मेवारमैं[1] डम्मर मचावत भयो ॥

याही अवसरमैं अचानक जाइ निश्रेनीनकी[2] श्रेनी लगाइ हड्डाधिराज समरसिंह १८१।७ आपुनैं अन्वयके[3] परपुरुष मंडन१६८के रचे मंडनगढ[4]नाम दुर्गमैं पैठि आपुनौं अमल रचावतभयो ॥ ४९ ॥

॥ दोहा ॥

पहिलैं यह गढ करि कपट, नागपाल नरनाह ॥
रान लयो नृप रैन[5] १७५ सौं, रक्खी रंच न राह ॥ ५० ॥
सु अब रान लक्खन समय, संभर नृप समरेस१८१।७॥
गिनि स्वकीय[6] पच्छो गहिय, बलि कछु प्रांत बिसेस ॥ ५१ ॥
धर गत[7] लक्खन पट्टधर, सुनि कुम्मार अरिसीह ॥
पठई कहि अैसे परब[8], लुप्पी तुम हित लीह ॥ ५२ ॥
हड्ड कहिय तुमलौं न हम, लयो कपटरचि लेस ॥
पैठि दुग्ग खग्गन प्रहरि, अपनायउ नय[9] एस ॥ ५३ ॥
सुनि चिंतिय अरिसिंह तब, इत रन करन प्रयान ॥
जानि नियंत[10] आवत जवन, रोक्यो कुमरहिं रान ॥ ५४ ॥
इक१हि अलावुद्दीन११ इत, कहुँ गत[11] बिपिन[12] सिकार ॥
तत्थहि पहुँचि भतीज तस, सुलैमान्न गहि सार[13] ॥ ५५ ॥
दै प्रहार मूर्छितदसा, जिहिं काका मृत[14] जानि ॥

निकलने से पहिले ही मेवाड़ में पहुंच कर १उपद्रव मचाया. निसरनियों की २ पंक्ति लगाई. अपने ३ वंश के. ४ मांडलगढ ॥ ४९ ॥ ५ रत्नसिंह से ॥५०॥ मांडलगढ को ६अपना जान कर कुछ अधिक प्रांत के साथ पीछा लिया ॥५१॥ भूमि ७ को गईहुई जान कर महाराणा गढलक्ष्मणसिंह के पाटवी कुँवर अरिसिंह ने कहला भेजा कि ऐसे ८ समय में तुमने स्नेह की सीमा का उल्लंघन किया है ॥ ५२ ॥ यह ९ नीति है ॥ ५३ ॥ यह सुन कर अरिसिंह ने युद्ध के लिये इधर आना चाहा परंतु महाराणा ने बादशाह का १०निश्चय ही आना जान कर कुमर को रोक दिया ॥ ५४ ॥ इधर अकेला अलाउद्दीन १२वन में कहीं शिकार खेलने को ११गया था तहां उसके भतीज सुलैमान ने १३तरवार लेकर ॥ ५५ ॥ प्रहार करके मूर्छित दशा में काका को १४ मराहुआ जान,

पुर दिल्लिय निर्भय प्रविसि, आधिपत्य लिय आनि ॥ ५६ ॥

प्रायो मरुदेशीयप्राकृतमिश्रितभाषा ॥

सचरणागद्यम् ॥

इणाहीसमय राणाँ लक्खणरो पट्टपकुमार अरिसिंह आखेटमैं रमताँ कोई ग्रामरा परिसरमैं एक चंदाणा जातिरा हळखड़ रजपूतरी पुत्रीनूँ बळमैं अतुळ जाणि प्रसभपूर्वक परणियो ॥

अर केहीदिन उठैही रहि चंदाणी कुमराणीनूँ आधानसहित पिउहर ही मेल्हिआयो पछैं जिण प्रसवरै समय हम्मीरनाम कुमार जणियो ॥

सोतो बाळकथको आपरी मातासमेत पिता१पितामह२रा बुलावणरो अवसर न जाणि नाँनाँरै घरही रहै ॥

अर अठी चित्रकूट चंडासिराज हम्मीर १८१।१रा पुत्र रत्नसिंह १८३।३नूँ सरणाँ राखि राणा लक्खणसिंहरो मन आपरै आथाँण आवता अलावुद्दीन११रा अनीकनूँ चंड चंद्रहास चखावणरी चहे।५७।

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

(दोहा)

भूप१८१।१ भरोसाके भटन, इत मंडनगढ अप्पि ॥
आयो बुंदिय रन असह, थिर जय जस जग थप्पि ॥ ५८ ॥
पुब्बहि१८१।१ नृप बुंदीपुरी, विस्तरसह बसवाइ ॥
रक्खी अरि आहव उचित, गुरु[11] प्राकार[12] लगाइ ॥ ५९ ॥
कुमर नप्प१८२।१ कै हुव कुमर, बुंदियपुर इहिं बेर ॥
जग जंपत हम्मीर१८३।१ जिहिं, कहि आकर[13] गुनकेर ॥ ६० ॥
साहगमन चित्तोर सुनि, समरसिंह१८१।७ नरनाह ॥

दिल्ली में आकर १ बादशाहत ले ली ॥५६॥ २ शिकार में किसी ग्राम के ३ समीप की भूमि में ४ अतोल ५ हठ पूर्वक ६ गर्भ ७ स्थान ८ सेना को भयंकर ९ खड्ग ॥ ५७-५८ ॥ १० विस्तार सहित बसाकर ११ बड़ा १२ कोट बनाकर ॥ ५९ ॥ गुणोंकी १३ खान कह कर ॥ ६०-६१ ॥

सज्जे बुंदिय दुर्गरुह, सत्तहसहँस१७००० सिपाह ॥ ६१ ॥
मंडनगढ पुनि मुक्कलिय, सहँससत्त७००० दल सज्जि ॥
रुपि अप्पन बुंदियरह्यो, गिरि[1] मइंदगति[1] गज्जि ॥ ६२ ॥
पठयो दिल्लिय पुव्वही, कन्ह सचिव कायत्थ ॥
ताइ सु इत पाटव[2] समय, पहुँच्यो वासव[3]पत्थ ॥ ६३ ॥
जियत छोंडि सतपंच५०० जुत, देखि अलावुद्दीन११ ॥
सब पुरि प्रकृति[5] भतीजसन, हुव याकेहि अधीन ॥ ६४ ॥
कोलि भतीजहिँ कुलकँरन[7], तस संगिन सिरतोरि ॥
पट्ट अलावुद्दीन११ पहु, बैठो अमय बहोरि ॥ ६५ ॥
पुव्वहि कछु दल पिल्लयो, महि लुट्टन मेवार ॥
चितोरहिँ जित्तन चल्यो, अब अप्पहिँ कलिकार[8] ॥ ६६ ॥
लक्खैरिय दर लंघिकैँ, अप्पन सीमा आत ॥
उहाँ सालिवाहन१८।।१२ अनुज, भेज्यो सम्मुह भ्रात ॥ ६७ ॥
गज इक नाम सु घनगरज, तिम चउ४ खास तुरंग ॥
उपदा[9]मैँ पठये इते, सोदर[10]१८।।१२ अप्पन संग ॥ ६८ ॥
अति ढिग आवत अप्प१८।।७ हू, पेय[11]१ खाद्य[12]२ करि पेस ॥
गुनआश्रय६ गहि साहसन, आयो मिलि पटु एस ॥ ६९ ॥

पर्वत में १ सिंह के समान गर्जना करके ॥ ६२ ॥ बादशाह की २ नैरोग्यता के समय में ३ दिल्ली गया ॥ ६३ ॥ अलाउद्दीन को पांच सौ ४ सवारों सहित जीवित देख कर उसके भतीजे सुलैमान को छोड कर ५ वजीर आदि राज्य के सब अंग अलाउद्दीन के आधीन होगये ॥ ६४ ॥ ६ कैद करके अपने कुल में होने के ७कारण उसको मारा नहीं, और उसके साथियों के सिर तुड़वाकर अलाउद्दीन फिर पाट बैठा ॥ ६५ ॥ मेवाड़ की भूमि लूटने को कुछ सेना तो पहिले ही भेजी थी ८ युद्ध करनेवाला ॥ ६६ ॥ लाखेरी के दरे को लांघकर बुंदी की सीमा में आते ही शालिवाहन नामक छोटे भाई को राजा ने बादशाह की पेशवाई को भेजा ॥ ६७ ॥ ९ नजराने में अपने १० सगे भाई के साथ॥६८॥ बादशाह के अत्यंत समीप आने पर बुंदी का राजा स्वयं समरसिंह भी ११ पीने के १२ खाने के पदार्थ नजर करके नीति का छठा गुण (आश्रय) ग्रहण करके वह चतुर, बादशाह से मिलकर आया ॥६९॥

पुर खीनाँ दर लंघि पुनि, जात अग्ग जवनेस ॥
बुंदिय मित[1] वंबावदहु, उपदा किन्न असेस ॥ ७० ॥
याही मित[2] चंद्राउतन, सुन्यौं उपायन[3] सोर ॥
पहुँचि चमूँ जवनेस पुनि, चुनि विंटिय चित्तोर ॥ ७१ ॥
नृप कतिक सहँचर[4] भये, निगँति[5] नम्र मिलि मग्ग ॥
संग कतिन दिय भ्रात १ सुत२, इक१रहि रान उदँग्ग[6] ॥७२॥
वसु दृग गुन भू १३२८ मित वरस, विक्रम नृप सक वेर ॥
जवनराज चित्तोरजँहँ, घोर जोरदिय घेर ॥७३॥
इतिश्रीवंशभास्करेमहाचम्पूकेपूर्वायणे पंचम५राशौ वीतिहोत्र
चरणडासि १ वंशवर्णनवीजहड्डाधिराडस्थिपाल १५५ वंश्यानुवंश्य

खीणया नामक पुर के दरे को लांघ कर बादशाह के आगे जाने पर बुंदी के १ मुवाफ़िक बंबावदा के राजा ने भी नजराना पेश किया ॥ ७० ॥ इसी २ मुवाफ़िक रामपुरा के चंद्रावत के ३ नजराना करने का शोर सुना ॥ ७१ ॥ कितने ही राजा, अपने ५ नियमों को नम्र करके मार्ग में मिल कर बादशाह के४साथ होगये; और कितनों ही ने अपने भाई और बेटों को साथ करदिया, उस समय६उच्चता को धारण करनेवाले एक महाराणा ही रहे ॥ ७२-७३* ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के पंचम राशि में अग्निवंशी चहुवा ण वंशवर्णन के कारण हड्डाधिराज अस्थिपाल के वंश और वंश की शाखा-

* ग्रन्थकर्ता सूर्यमल्ल ने अलाउद्दीन और राजा हम्मीर चहुवाण की लड़ाई विक्रमी संवत् १३१२ में होना लिख कर चित्तोड़ के महाराणा गढलक्ष्मणसिंह का सहायक होना लिखा सो ठीक नहीं है; क्योंकि इस समय में तो अलाउद्दीन और गढलक्ष्मणसिंह का जन्म भी नहीं हुआ था. यह संवत् बड़वाभाटों का कल्पना कियाहुआ है. अन्य इतिहासों के देखने से पायाजाता है कि अलाउद्दीन और राजा हम्मीर की लड़ाई विक्रमी सम्वत् १३५६ में हुई थी, जिसमें एक वर्ष भर वीरता से युद्ध करके हम्मीर मारा गया, जिसके पीछे तीसरे वर्ष विक्रमी सम्वत् १३५९ में अलाउद्दीन ने चीत्तोड़ के रावल रत्नसिंह पर चढाई कर के चित्तोड़में घोर संग्राम किया सो अन्य इतिहासों में और विशेष करके'वीरविनोद'नामक मेवाड़ के इतिहास में यह युद्ध पद्मिनी रानी के कारण होना लिखा है, परन्तु यह भी संभव है कि हम्मीर का पुत्र रत्नसिंह, रावल रत्नसिंह के शरण चित्तोड़ में चला गया होवे तो युद्ध का एक कारण यह भी होसक्ता है; परन्तु विक्रमी सम्वत् १३२८ में गढलक्ष्मणसिंह के साथ अलाउद्दीन की लड़ाई होना असंभव है; क्योंकि इस समय गढलक्ष्मणसिंह चित्तोड़ की गद्दी पर नहीं थे. महाराणा गढलक्ष्मणसिंह का युद्ध दिल्ली के बादशाह मुहम्मद तुगलक के साथ विक्रमी सम्वत् १३९० के लगभग हुआ था; जिसको बड़वा भाटों की भूल से ग्रन्थकर्ता ने सम्वत् १३२८ में अलाउद्दीन के साथ लिख दिया है ॥

विहितव्याख्यानावसरव्याहार्यहड्डाधिराजदेवसिंह १८०।१ चरमसमयसहितबुंदीशसमरसिंह १८१।१ चरित्रे प्रेष्ठागौड़ी १८०।३ पुत्रसमरसिंहा १८१।७र्थबुंदीयुक्तदत्ताऽर्द्धराज्यहड्डाधिराजदेवसिंह १८०।१ तनुत्यजन १ स्वौरससुतार्थसमर्पितहड्डहेलित्वतृतीय ३ राज्ञीगौड़ी १८०।३ सहगमन २ नामान्तरख्यातिसहितदेवसिंह १८०।१ जनितद्वादश१२पुत्रोद्देशन ३ प्रतिपुत्रतत्तन्मातृनिश्चयन ४ प्राप्तबंबावदाधिपत्यहरराजा १८१।१ऽनुजहत्थ १८१।२ प्रातिहारी १८१।२।१ राष्ट्रकूटी १८१।२।२ पत्नीद्वय२परिणायन ४ तदौरससुर्जना १८२।२ दिपुत्रत्रयं ३ संततिहड्डकुलतृतीय ३ भेदहत्थावुत्तो १।३ पटङ्कप्राप्ता ५ भटशूरा १८१।३ दिभ्रातृनवक ९ निस्सन्ततिसमापन ६ हड्डाधिराजहरराज १८१।१ शैशोदी १८१।१।१ प्रमुखपत्नीषट्क६परिणायन ६ हल्लू १८२।१ प्रमुखसर्वराज्ञीपुत्रद्वादशक १२ प्रकटन ७ तदन्तस्तृतीय३लोहराज १८२।३ वंशभविष्यत्समाप्तिसूचन ८ ज्येष्ठहल्लू १८२।१ जननहल्लूपौत्रो१।४पटङ्कितहड्डकुलचतुर्थ ४ भावभेदप्रवृत्तिद्योतन ९ प्राप्ताऽर्द्धराज्यकृतबुन्दीस्कन्धावारसमाक्रान्त-

---

ओं की कथा के वचनों में हड्डाधिराज देवसिंह के अन्त समय सहित बुन्दी के पति समरसिंह के चरित्र में प्यारी गौड़ी के पुत्र समरसिंह के अर्थ बुंदी सहित आधा राज्य देकर हड्डाधिराज देवसिंह का शरीर छोडना, अपने औरस पुत्र के अर्थ हाडा क्षत्रियों का सुरजपन देकर तीसरी रानी गौड़ी का सती होना, नामान्तर की प्रसिद्धि सहित देवसिंह के बारह पुत्रों का कथन, पुत्र पुत्र प्रति उनकी माताओं का निश्चय करना, बम्बावदा का राजा होकर हरराज के छोटे भाई हत्थ का प्रतिहारी और राठोड़ी दो स्त्रियों से विवाह करना, उसके औरस सुर्जन आदि तीन पुत्रों की संतान का हाडों के कुल में तीसरा भेद 'हत्थावत्त' पदवी पाना, भटसूर आदि नव भाइयों का निस्संतान मरना, हड्डाधिराज हरराज का सीसोदिनी आदि छः स्त्रियों से विवाह करना, सब रानियों के हल्लू आदि बारह पुत्र प्रकट होना, उनमें से तीसरे लोहराज के वंश की भविष्यत् काल में समाप्ति की सूचना करना बडे हल्लू के जन्म से हल्लूपोते की पदवीवाले हाडों के कुल के चौथे भेद की सूचना करना, आधा राज्य पाकर बुन्दी को राजधानी बनाकर चामल

चर्मणवतीपारप्रान्तप्राप्तपितृ १ मातृ २ प्रसादमुख्यीभावहड्डाधिरा-
जसमरसिंह १८।१७ चालुकीसुज्ञानकुमारी १८।१९ प्रमुखराज्ञीत्र-
यो ३ पयमन १०प्रत्येकराज्ञ्यौरसनरपाला१८।१९दितत्पुत्रचतुष्क
४ समुद्भवन ११ रणस्तम्भरणसमयश्रुतपरतटप्रान्तभिल्लोपद्रवह-
ड्डाधिराजसमरसिंह १८।१९ शवरसहस्रत्रय३००० व्यापादन १२कृ
तनिर्भयपरतटप्रान्तकेथोणयादिपुरन्यस्तरक्षकप्रत्यागच्छन्नरेन्द्रपुन
र्युध्यमानभिल्लशतनवक ९०० संहरण १३ नृपसुभटशतत्रय ३००
शूरशय्याशयन१४ हड्डेन्द्रविध्वस्तपल्लीककौटिकनामपुलिन्दपलाय
न १५ प्राप्तजज्जावुर १ कोटा२खर्जूरी३कराजकुमारहरपाल १८२।
२ जैत्रसिंह १८२।३ डुंगरसिंह १८२। ४ भाविवंशहरपालपौत्र २।५
जैत्रावुत्त २।६ खर्जूरीको ३।७ पटक्त्रय३प्राप्तिसूचन १६ यवनरा-
डलावुद्दीन ११ चित्रकूटराजराणलक्ष्मणसिंहपार्श्वहाम्मीरिरत्न-
सिंह१८३ मार्गण १७ शीर्षोद्दराजतदनङ्गीकरण१८प्रतिश्रुतशरणा
गतत्राणराणाराष्ट्रजिगीषुप्रतिष्ठासुम्लेच्छराजप्रेरितसैन्यान्तरभेदपा

नदी के पार के प्रांत को लेकर माता पिता की प्रसन्नता से मुख्यभाव को प्राप्त करके हड्डाधिराज समरसिंह का सोलंखिनी सुज्ञान कुमारी आदि तीन रानियों से विवाह करना, प्रत्येक रानी के उदर से नरपाल आदि उसके चार पुत्रों का जन्म होना, रणस्तम्भ के युद्ध समय में चामल नदी के पार के देश में भीलों का उपद्रव सुन कर हड्डाधिराज समरसिंह का तीन हजार भीलों को मारना, नदी के पार के प्रान्त को निर्भय करके 'केथूणी' आदि पुरों में रक्षक स्थापन करके पीछे आतेहुए राजा से फिर युद्ध करनेवाले नौ सौ भीलों को मारना, राजा के तीन सौ सुभटों का माराजाना, हड्डेन्द्र की विनाश कीहुई पाल से कोट्या नामक भील का भागना, जज्जाउर १ कोटा २ खजूरी ३ पाकर राज कुमार हरपाल-जैत्रसिंह-डूंगरसिंह के आगे होनेवाले वंश को 'हरपालपोता, जैतावत्त, खजूरीका' इन तीन पदवियोंको पाने की सूचना करना, बादशाह अलाउद्दीन का चित्तोड़ के राजा राणा लक्ष्मणसिंह के पास से हम्मीर के पुत्र रत्नसिंह को मांगना, उससे सीसोद राजा का अस्वीकार करना, पीछा सुनकर शरणागत की रक्षा करनेवाले राणा के राज्य को जीतने की इच्छावाले गौरव से म्लेच्छराज की भेजीहुई

टदेशडमरविस्तरण १८ प्राप्तावसरहड्डाधिराजसमरसिंह१८१।७मण्डनगढनामदुर्गसमाक्रमण १९ राणाश्रुतगतदुर्गहड्डेन्द्रयुयुत्सुस्वकीयपट्टपकुमाराऽरिसिंहनिवारण २०मृगयागतप्रहरणप्रहारितैकाकि१स्वपितृव्यकदिल्लीशअलावुद्दीन ११मूढदशानिश्चितपरासुत्वतद्भ्रातृजसुलैमानदिल्लीसमाक्रमण २१ तत्समयमृगव्यरममाणकुमाराऽरिसिंहक्षात्रबन्धुचन्द्राणीपरिणयन १२ तत्पितृगृहन्यस्तसभ्रूणकुमारचित्रकूटागमन २२ तदनन्तरपितृपस्त्यस्थकुमारपत्नीचन्द्राणीहम्मीरनामकुमारप्रसवन २३ मण्डनगढस्थापितविश्वस्तरक्षकहड्डाधिराजप्राक्कालप्रकृतिविस्ताररितवसतिबुन्दीपुरागमन२४श्रुतयवनेंद्रागमपुनर्मण्डनगढप्रस्थापितसप्तसहस्र ७००० सैन्यनरेन्द्र १८१।१ बुन्दीदुर्गसप्तदशसहस्र १७००० सुभटसज्जीकरण २५ तत्प्राक्कालस्वकीयसचिवकृष्णनामकायस्थयवनेन्द्रानुमोदनार्थदिल्लीप्रेषण २६ समयप्राप्तपाटवदिल्लीसमागतरुद्धसलेमानविध्वस्ततत्साङ्गिजनपुनःप्राप्तपट्टयवनराडलावुद्दीन ११ चित्रकूटविजयप्रस्थान २७ हड्डाधिरा-

---

सेना का मेवाड़ में उपद्रव करना, समय पाकर हड्डाधिराज समरसिंह का मांडलगढ नामक गढ लेना. गढ को गयाहुआ सुनकर हड्डेन्द्र से युद्ध करने की इच्छावाले पाटवी कुमर अरिसिंह को राणा का रोकना, शिकार में गये हुए अकेले अपने काका अलाउद्दीन को शस्त्र से प्रहार करके मूर्छित दशा में मराहुआ जान कर उसके भतीजे सुलैमान का दिल्ली लेना, उसी समय में शिकार खेलतेहुए कुमर अरिसिंह का हल्लूके वंश के क्षत्रिय 'चन्दानी' से विवाह करना, गर्भ के बालक सहित उस गर्भिणी को उसके पिता के घर में रखकर कुमर का चित्तौड़ आना, जिस पीछे पिता के घर में रहीहुई कुमरानी 'चन्दानी' का 'हम्मीर' नामक कुमार को जन्म देना, मांडलगढ में भरोसे के रक्षक रख कर हड्डाधिराज का पहले समय में शिल्पविद्या से विस्तार पूर्वक बसाईहुई बुन्दी में आना, बादशाह का आना सुन कर फिर मांडलगढ में सात हजार सेना रख कर नरेन्द्र का बुन्दी के गढ में सत्रह हजार सुभटों को सज्ज करना, उसके पहिले समय में अपने मंत्री 'कृष्ण' नामक कायस्थ को बादशाह की प्रसन्नता के लिये दिल्ली भेजना, नीरोगता का समय पाकर अथवा कुछ समय से नीरोगता पाकर दिल्ली में आकर सुलैमान को कैद कर

जस्वसीमागतम्लेच्छराजसमीपगज १ हयो ४ पायनसहितस्वकीयसोदराऽनुजशालिवाहन १८।१।१२ प्रस्थापन २७ निकटसमागतखाद्य १ पेया २ दिसन्मानितयवनेन्द्रसभास्वयंसम्मिलन २८ पुनः प्रस्थितदिल्लीशबुन्दी १ समानवम्बावद २ रामपुरो ३ पदाप्रापण २९ शरणिसमागतराजतासेवकीभावसभादान ३० विस्तृतवरूथयवनेन्द्रचित्रकूटवेष्टनशकसूचनं प्रथमो मयूखः ॥ १ ॥ आदितः सप्तचत्वारिंशदुत्तरशततमः ॥ १४७ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

दुसह अलावुद्दीन११सौं, लक्खनन्नृप जस लाह ॥
इक्क सुररि गढ अंकुर्यो, रक्खी अज्जन राह ॥ १ ॥

गीतिका ॥

वलै थाँहवर्जित साह यों नरनाह लक्खन विंटयो ॥
भुव छाइ जोजन दुग्ग जो गरदाइ फोजन भिंटयो ॥
परिवेसमध्य दिनेसलौं मनुजेसं रान प्रकासभो ॥

उसके साथियों को मारकर अलाउद्दीन का फिर पाट बैठना, चितोड़ को विजय करने के प्रस्थान में हड्डाधिराज का अपनी सीमा में आयेहुए म्लेछराज के समीप एक हाथी और चार घोड़े सहित नजराना अपने सगे छोटे भाई शालिवाहन के साथ भेजना, समीप आयेहुए खानपानादि से सन्मान किये हुए बादशाह की सभा में स्वयं समरसिंह का मिलना, फिर गमन कियेहुए बादशाह को बुन्दी की बराबर वम्बावदा और रामपुरावालों का नजराना देना, मार्ग में आयेहुए राजाओं का सेवकभाव ग्रहण करना, बड़ी सेना से बादशाह का चित्तोड़ को घेरने के संवत की सूचना करने का प्रथम मयूख समाप्त हुआ ॥ १ ॥ आदि से १४७ मयूख हुए ॥

१ महाराणा गढलक्ष्मणसिंह. २ गढ से खड़ाहुआ. ३ आर्यों के मार्ग को रक्खा ॥ १ ॥ इस प्रकार ५ अथाह ४ सेना से बादशाह ने राणा लक्ष्मणसिंह को ६ घेरा. उस गढ को फौजों से घेर कर ६ योजन भूमि को छाकर. ७ भिड़ा उस समय ८ परिवेष (कुंडलाकार उत्पात सूचक सूर्यचन्द्र के रश्मिमंडल को परिवेष कहते हैं) में. ९ सूर्य के समान १० मनुष्यों का पति महाराणा

लवनोद[1]कौं चउ४कोद[2] लै जं[3]बु द्वीप जंबुव भाँसभो ॥ २ ॥
बपु ढंकि कंदर वासुकी कि[5] अगेस[6] मंदर आँवरयो[7] ॥
कि मनौं बराटक[8] बीच बाटक[9] कंज केसरनैं[10] करयो ॥
रिपु वृत्त[11] दुर्ग नरेंद्रको इम केंद्र[12] सन्निभ[13] ठ्है रह्यो ॥
दुहुँ२ ओर घोर सजोर ठ्है दगि सोर भूतलकौं दह्यो ॥ ३ ॥
मिलि दाँव[14] दुस्सह तावदै अररॉव[15] नालिनको मच्यो ॥
तिहिं बार झार फुलिंग[16] फार[17] प्रसारमैं गिरि जो तच्यो[18] ॥
लगि चक्क[19] ढक्कन यौं झलक्कन धूम संकुल[20] ठ्है लस्यो ॥
बहु बिज्जु[21] मिश्रित अभ्र[22] जाति अदभ्र काननपैं[23] बस्यो ॥ ४ ॥
बढि वज्र बैर नसात नैरन फैर फैरनपैं बनैं ॥
चहुँ४ओर यौं सुनि सोर संकिय झारज्यौं तरकैं चनैं ॥
धकि वन्हि वित्थरि[24] पत्थ पत्थर भू थरत्थर ठ्है धुकी ॥

प्रकाशित हुआ ३ मानों १ क्षारसमुद्र को चारों २ दिशाओं में लेकर जम्बूद्वीप ४ शोभायमान हुआ ॥ २ ॥ ५ किधों कंदरावाले शरीर को ढककर वासुकि नाग ने ६ पर्वतों के पति मंदराचल को ७ घेरा. किधों ८ कमल के डब्बे के बीच में ९ कमलगट्टा घिरगया, अथवा मानों उस कमल के डब्बे को कमल की १० केसर (कमल के डब्बे के चारों ओर की शलाकाओं को केसर कहते हैं) ने डब्बे को बीच में करलिया, अथवा शत्रुओं रूपी ११ परिधि (गोलाकार) में राजा का गढ १२ केन्द्र (गोलाकार का मध्यस्थान) के १३ सदृश होरहा है. दोनों ओर भयंकर और बलवान् होकर बारूद ने जलकर भूमितल को जलाया ॥ ३ ॥ दोनों ओर से १४ ज्वाला मिल कर दुःसह ताव देती है, और तोपों का १५ धरराट (अखण्ड शब्द का अनुकरण है) शब्द मचरहा है, उस समय में ज्वाला और १६ अग्निकणों के १७ समूह के फैलाव में वह पर्वत १८ जला, इस प्रकार १९ सेना उछल कर उसको ढकनेलगी और धुआँ २० भर कर ऐसा शोभायमान हुआ, मानों बहुत २१ बिजुलियों से मिला हुआ २२ मेघ बडे २३ वन पर बसा है ॥४॥ वज्र के समान गोले बढ बढ कर वैर और नगरों का नाश करते हैं, यह बनाव तोपों के फैर फैर के साथ बनता है, भाड में चने तड़कें इस प्रकार का शब्द सुन कर चारों दिशाएं शङ्कित हुईं. अग्नि के जलने से, पत्थरों के मार्ग में २४ फैलने से भूमि कम्पायमान होकर धुकती है, झड़ में बरसती हुई मेघमाला नीचे को झुकती है

भार झुकती घनमालसौं फनमाल आलुकेकी[1] झुकी ॥ ५ ॥
जिम साह चाह सिपाह गोलन दुग्ग डोलन[2] जोरिदै ॥
तिम रानकेभट तोपजालन मिच्छ डालन[3] तोरिदै ॥
सह अर्थ भो वह चित्रकूटहु सोंन[4]१ धूम२ कृसानु[5]३ सौं ॥
भुव अंधकार अपार कैं रज वादमंडिय भानुसौं ॥ ६ ॥
गढलग्गि गोलन अट्ट१ गोपुर[6] २ कोट३कंगुर४ के गिरैं ॥
वहँ[7] लग्गि वारन१ वाजि२वीर३न खुत्थि कोलन लौं किरैं[8] ॥
इत सौध१ गोख२ लदाव३ मंडप४[10] थंभ५छत्रिय६उल्लटैं[9] ॥
उत केखिका[11]१ अपटी[12]२ वितान[13]३ रु तल्प[14]४ ज्वालनमैं जरैं ॥ ७ ॥
पवि[15] बाज गाज दराज[16] तोपन गब्भ[17] गब्भिनिके परैं ॥
अहँ[18]१ रत्ति[19]२ तत्ति निवान आवटि नीर सीढिन उत्तरैं ॥
छाहि धूम नैनन गैन[20] ऐनन अंधता चिरलौं लगैं ॥
जरिकैं अनेकन पच्छ१ केकन पुच्छ२ चंगनलौं जगैं ॥ ८ ॥

उसके समान १ शेषनाग की फणमाला झुकती है ॥ ५ ॥ जिस प्रकार, बादशाह की चाह के मुवाफिक सिपाही लोग गोलों से जोर देकर गढ को २ हिंडोला बनादेते हैं, उसी प्रकार महाराणा के वीर तोपों की ज्वाला से अथवा तोपों की जाली से म्लेच्छों के ३ निशानों (झंडों) को तोड़ देते हैं. वह चित्रकूट (चित्तोड़) ४रक्त, धुआँ और ५ अग्नि से सार्थक होगया, अर्थात् आश्चर्य करानेवाला होगया. रज (धूलि) ने पृथ्वी पर अपार अन्धकार करके सूर्य से पाद (हठ) मांड दिया कि मैं तुम्हारा प्रकाश भूमि पर नहीं आने दूंगी ॥ ६ ॥ गोले लगने से गढ की कितनी ही छतें, ६ शहर के दरवाजे, कोट और कांगरे गिरते हैं. ७ सेना लग कर हाथी, घोड़े और वीरों की लूथें (टुकड़े) कोसों तक ८गिरती हैं. इधर ९ महल, झरोखे, सवाव १० गुम्मट, खंभे, छत्रियें उलटती हैं; और उधर ११ छोटे डेरे (रावटी) १२ कनात १३ शामियाने और १४ शयन करने के डेरे ज्वाला में जलते हैं ॥ ७ ॥ १५ वज्र के शब्द के समान तोपों की १६ बडी गर्जना से गर्भिणियों के १७ गर्भ पड़ते हैं. १८ दिन १९ रात. गर्मी से निवाणों का पानी उफन कर सीढियें उतर जाता है; और २० आकाश, घरों और नेत्रों में धुआँ भर कर चिर काल तक अन्धपन लाते हैं; अनेक पक्षियों के पंख और कितनों की पूँछें जल कर पतंगों (गुडियां) के समान जलते हैं ॥ ८ ॥

रन कौतुकीन बिमान जे कछु उच्च घूमित व्है रहैं ॥
चित चित्र *चंडमरीचि त्यौं रजके अभावहिकौं चहैं ॥
कटिजात हत्थिन सुंडि पन्नगपात अध्वरज्यौं करैं ॥
अगतैं मयूर उडान ज्यौं द्विपैं पिट्ठि केतन उत्तरैं ॥ ९ ॥
अंधकार प्रसार लोलक अग्गि गोलक उल्लसैं ॥
रिचक्रकी कि अलोकके तमगाढ रंचक हा हसैं ॥
कैंधु अर्क अंबुद बर्क अंतर अग्गि प्रेतनकी कुहू ॥
सननंकि जावल पिक्खि आवत नाँ समा उपमा सुहू ॥१०॥
डगमग्गि सैलन सुंग फैलन लोक गैलनमैं डरैं ॥
सुधि वीर जाँल त्रिकाल साधक काल आन्हिक बीसरैं ॥
अतिगाज जात दरारि भूतल पक्क दारिम ओपलैं ॥
तँहँ थान नामहि जो लख्यो सहि जो निरंतर तोपलैं ॥११॥
गुरुता परक्खन के परक्खन चक्क चक्खन भू ग्रसैं ॥

युद्ध देखनेवालों के विमान ऊपर ही घूमते होरहे हैं, और इसीप्रकार युद्ध देखने के आश्चर्य से * सूर्य अपने चित्त में रज का अभाव चाहता है हाथियों की सूंडें कटकर जनमेजय के २ यज्ञ में १ सर्प पड़ते थे ऐसे पड़ती हैं. ३ पर्वत से मयूर के उड़ान के समान ४ हाथियों की पीठ से ५ ध्वजाएं उतरती हैं ॥ ९ ॥ इसप्रकार अन्धकार के फैलाव में ६ चपल अग्नि के गोले शोभायमान होते हैं, सो मानों विष्णु के चक्र की कान्ति ७ अतलादिक लोकों के घोर अन्धकार पर ईषत् हास्य करती है, अर्थात् मुसकुराती है. ८ मानों. १० मेघ के बीच में ९ सूर्य होवे इसीप्रकार ११ सेना में अग्नि दिखाई देती है, अथवा जिस प्रकार १२ नष्टचन्द्रा अमावास्या में प्रेतों की अग्नि दीखे ऐसे दीखती है. यह तोपों के गोलों की अग्नि शीघ्रता से आतीहुई दीखती है उसके समान कोई उपमा नहीं उपजती ॥ १० ॥ पर्वतों के शिखर हिल कर फैलने से मनुष्य मार्ग में डरते हैं. तीनों समय की संध्या करनेवाले पढे १३ पंडित भी उस अंधेरे के १४ समूह में १५ संध्यासमय को भूलते हैं. अत्यन्त गर्जना होने से भूमितल दरार देकर (फटकर) पकीहुई दाड़िम की उपमा लेता है. तहां पर नाम मात्र स्थान दीखता है उसको भी तोपें निरन्तर मिटादेती हैं ॥ ११ ॥ १६ भार की परीक्षा करने को कितने ही चरखों के पहियों को चखने के लिये भूमि उनको निगलती है, वे पहिये मनुष्य और बैलों के हु॰

नर१ बैल२ हल्लन जे हमल्लन नाग३टल्लन निक्खसैं ॥
रन मिच्छ वादिक अन्नआदिक दुग्ग मग्गन रोधकैं ॥
बढि रानकेभट मेटि कंटक आत घात प्रबोधकैं ॥ १२ ॥
चहि हल्लके प्रतिमल्ल बाहिरके निसैंनिनदै चढैं ॥
बल बाहु बिस्मय खट्टिकैं तिन्ह काट्टि अंदरके बढैं ॥
कहुँ सोर दट्टन दै सुरंग सु जानि अट्टन के हुलैं ॥
तँहँ तैल१ तोयरन पिल्लिकैं भयमेटि तद्भव तेहु लैं ॥१३॥
कहुँ खग्ग तिच्छन घात मिच्छन आत कंगुर कट्टिदै ॥
इक थाप कीसं कलाप कौं बिटपी कि आवत वट्टिदै ॥
कति कुद्दि कंगुर आत पज्जन गाँत अज्जन द्वै २ करैं ॥
किंमु भ्रात दोउरन लोभमज्जन भाग सज्जन लै करैं ॥१४॥
इत दुर्गअंतर साहके वढिजात के भट दूरलौं ॥
हुत खग्ग पावकमज्झ कैं पहुँचात भट वे हूरलौं ॥
कति दट्टि बत्थन मिच्छ मत्थन कट्टि फैंकत कोटसौं ॥

छोहमल्लों से नहीं निकल कर १ हाथियों के टल्लों से निकलते हैं. युद्ध में हठ करनेवाले म्लेच्छ दुर्ग के मार्गों में अन्न आदि सामग्री को रोक देते हैं. और इधर महाराणा के वीर चढकर, घात लगाकर दुष्टों को मिटा देते हैं. और सामग्री लानेवालों को समझा आते हैं ॥ १२ ॥ कितने ही बाहर के शत्रु हल्ला करना चाह कर, निसेनियें देकर चढते हैं, इधर आश्चर्य करनेवाला बाहुबल उत्पन्न करके उनको काट कर भीतरवाले बाहर चढते हैं. कहीं बारूद दाट कर, सुरङ्ग देकर बारहवाले ऊपर चढते हैं, वहां तेल और पानी डाल कर उनसे उत्पन्न हुए भय को मेट कर ये चढते हैं ॥ १३ ॥ कहीं कंगुरों पर आतेहुए म्लेच्छों को तीक्ष्ण खड्ग की घात से काट देते हैं सो ९ मानों वृक्ष (चपेरा) थप्पड़ की देकर ४ वृक्ष पर आते हुए २ वन्दरों के ३ समूह को बिखेर देता है. कितने ही ६ अंत्यजों के ७ समूह कूद कर कोट के कंगुरों पर आते हैं जिनके ८ आर्यलोग दो दो टुकड़े कर देते हैं ९ मानों दो भाई लोभ में १० निमग्न होकर महात्मा (पिता) अथवा कुलवान के धन के दो भाग करते हैं ॥ १४ ॥ बादशाह के वीर गढ के भीतर शीघ्र दूर तक चढ जाते हैं, उनको गढ के भीतर के लोग खड्ग रूपी अग्नि में ११ होम कर १२ अप्सराओं तक पहुंचाते हैं.

चंल बाल दै किंदु दोटें पिल्लत गोर्टं गैंदन चोटसौं ॥१५॥
कति मोरछे तजि मिच्छ दै अधिरोहिनीं चढते कटैं ॥
अरि लंक के गढजात रक्खस घात कैं कपि उल्लटैं ॥
बहु घट्ट गोलन वट्टव्है तँहँ टट्ट १ अट्ट २ नये बनैं ॥
मिलिकैं दुंरधा भैर भै तनैं मिलिकैं परस्पर जै भनैं॥१६॥
भट साहके बढि खातिका बिच तूलके बुरके भरैं ॥
जिनकी तुपक्कन जेहि मत्थुत रान इच्छक व्है जरैं ॥
अह१रत्ति२ मिच्छ अली अली कहि आनि दुग्गहि आंवरैं॥
सह रत्ति रान सिपाह संचय पानि पुग्गत संहरैं ॥ १७ ॥
सिलगाइ सोर कुतूनं डारत केक मिच्छन सूल्यव्है ॥
गुरु ग्रांव गेरन धाव केकन मृत्यु बिक्रयं मूल्यव्है ॥
कति दोहरी २ तिहरी ३ क्रिया नट निंदि आवत कोटतैं ॥

कितने ही लोग म्लेच्छों को अङ्क में दबा, उनके मस्तक काट कर कोट से नीचे फैंकते हैं. सो २ मानों १ चपल बालक ४ गोल गैंदों को ३ दौड़ाने की प्रबल चोट देकर चलाते हैं ॥ १५ ॥ कितने ही म्लेच्छ मोरचे छोड कर ५ निसरनियों पर चढतेहुए कटते हैं, सो मानों लंका के शत्रु बन्दर गढ में जातेहुए ६ राक्षसों की घात से उलटते हैं. गोलों से बहुत ७ घाटों (दो पर्वतों की संधि का मार्ग) की सीध ८ मार्ग होते हैं और वहां पर नवीन ९ पगडंडिये (छोटे मार्ग) और १० चौड़े मार्ग बनते हैं. ११ दोनों ओर के १२ भड़ (वीर) मिलकर भय फैलाते हैं, और मिल कर परस्पर जय बोलते हैं ॥ १६ ॥ बादशाह के वीर बढकर १३ खाई में (चित्तोड़गढ के खाई नहीं है, परंतु गढ के सामान्य रूप से कहागया है) १४ रूई के १५ बोरे भरते हैं, वे बोरे उन यवनों की बंदूकों से १६ उलटे महाराणा के इच्छुक होकर जलते हैं. दिन रात म्लेच्छ 'अली अली' कहकर गढको आकर १७ घेरते हैं जिनको रात्रि के साथ महाराणा के सिपाहियों के १८ समूह पहुंच कर हाथों से नाश करते हैं ॥ १७ ॥ बारूद के १९ कुप्पे (पीपे अथवा सीदड़े) जलाकर ऊपर से डालते हैं, जिससे कितने ही म्लेच्छों के सूले (कबाब) होते हैं. बडे२०पत्थरों का गिराना और दौड़ाना ही मानों कितनों को मृत्यु२१बेचने का मूल्य होता है. कितने ही नट की दुहरी तिहरी क्रिया की निन्दा करके कोट से नीचे आते हैं. उनको अपने साहस की आड से गढ के बलवान् लोग धन डाल कर

उन्ह रीझि दै गढके बली बसु डारि साहस ओटतैं ॥१८॥
जरि बस्त्र ×श्रावकदेवलहै कति मिच्छ बैठत जीवहैं ॥
गढके प्रबीर तिन्हैं सिराहन ÷चच्छु चाहन ग्रीवहैं ॥
उफनाइ साहस साह यौं गरदाइ दुर्गहिँ अंकुर्यो ॥
जिम मल्लिकैं महिमान रानहु खान१पान२ किलैं जुर्यो॥१९॥

॥ षट्पात् ॥

रानकुमर १ अरिसिंह बीर कोउक वह बल्लन २॥
हिंगुलु ३ नाम सु हट्ठ हुलसि इतिमुख अति हल्लन ॥
कढ़ि कढ़ि जामिनिकाल बिरचि सौप्तिक बहुवारन ॥
सेना मथि सहसाहि हनतहुव जवन हजारन ॥
लग्गे सिपाह जिम जिम लुपन तिमतिम साहस साहतकि॥
नयनव अनीक रक्खत निपत सनैसनै डिगहुव सरकि॥२०॥

॥ दोहा ॥

समयसमय मिच्छन पसरि, हलबल्लन करि देस ॥
पिहित बहत अन्नादि पथ, अटकिय महंत असेस ॥ २१ ॥
श्रीसंघाम १ पुर २ लुट्टि सब, जिन रचि प्रलय प्रजारि ॥
आढ्यजनैंन कारीं अटकि, दिय दुकाल भयकारि ॥ २२ ॥
बिसतलखि अन्नादि बल, प्रजा रुदन दुख पाइ ॥

रीझ देते हैं ॥ १८ ॥ जिनके ही म्लेच्छ वस्त्र जल जाने से × आवकों (ओसवालियों) के देवता (पार्श्वनाथ) की भांति नग्न होकर, मर कर बैठते हैं. जिन को अपने ÷ नेत्रों से देखने की इच्छा से गढ के वीर लोग प्रशंसा करने को अपनी गर्दन निकालते हैं; इसप्रकार हठ ग्रहण करके पादशाह गढ को घेर कर १ खड़ा हुआ, तिस प्रकार इनको महिमान जानकर महाराणा ने भी किले में खान–पान इकट्ठा किया ॥ १९ ॥ रणतभँवर की सहाय पर जानेवाला 'बल्लन' नामक २ कोई वीर जिसकी जाति का पता नहीं ३ इत्यादि ४ रात्रि के समय ५ रतिघाह रचकर ६ सेना ७ निश्चय ॥ २० ॥ ८ फैल कर देश को बरबाद किया ९ गुप्त मार्गों से अन्नादिक सामग्री जाती है १० विशेष छल करके सब रोक दिये ॥ २१ ॥ ११ धनवान् १२ धनवान् लोगों को १३ कैद

भट१ मंत्रि२न रानहिँ भनिय, रतन १८३ देहु पकराइ ॥ २३ ॥
आनन इम छत्रिय अरज, रान न मंत्रिय रंच ॥
स३नग संटै सुव १ रु सिर २, चिंतिय दैन प्रपंच ॥ २४ ॥

॥ षट्पात् ॥

अंगँज तेरह१३ अनुज अट्ठ८ निज तिम दुव२ नत्तिय ॥
वल्लान१ बलिं वह कुल्लि घिरन पहगति जिहिँ घत्तिय ॥
हिंगुलु३ नाम सु इक्क भ्रातजाँमात महाभट ॥
इम स्वकीय भट अखिल बिरचि एकल मंत्रबट ॥
सूचिय न देहिँ हम्मीर१८२सुत घनरस इम दिय सिर१घर२न
बढि यह रु सज्ज रक्खन बिरुद लक्खन हुव बाहिर लरन ॥२५॥

(दोहा)

भनत किते हम्मीर१८२सुव, कियउ कढ्ढि कहुँ दूर ॥
किते रानसकुटुंबके, संग जंग मृत सूर ॥ २६ ॥
अज्जनै लक्खन सहित इम, मिच्छन लक्खन मारि ॥
बीरसयन सुत्तो बिदित, रानौ लक्खन रारि ॥ २७ ॥
अंगज बारह१२ बसु८ अनुज, पौत्र उभय२ लहि पास ॥
साह निकट लक्खन सुपहु, रमत परयो रन रास ॥ २८ ॥
जिहिँरन पोढे बिदित जग, असिय च्यारि८४ नृप अज्ज१२ ॥
अवनि लोभगिनि रान इम, लुप्पी नन कुललज्ज ॥ २९ ॥
लक्खनको इकपुत्र लघु, अजयसिंह१ अतिबीर ॥
बहुन मारि लहि छत१३ बच्यो, धनी हुकम वहि धीर ॥ ३० ॥

करके वश हुरे समय में भय दिया ॥२२-२३॥ १ अन्य लोगों ने इस प्रकार गुप्त अर्ज की. २ धारण आयेहुए के ३ बदले में (एवज) ॥ २४ ॥ ४ पुत्र ५ पोते ६ फिर ७ भाई का जमाई ८ तलवार के मार्ग से, हमने शिर और घर को, ९ पानी दिया ॥ २५ ॥ १० हम्मीर चहुवाण के पुत्र (रत्नसिंह) को दूर निकाल दिया, और कितने ही कहते हैं कि वह वीर युद्ध में राणा के कुटुम्ब के साथ मारागया ॥२६॥ लाखों ११ आर्यों के साथ लाखों म्लेच्छों को मारकर ॥ २७-२८ ॥ १२ आर्यराजा ॥ २९ ॥ १३ घाव पाकर ॥ ३० ॥

कहा पुर चित्तोर कारि, स्वान[1] बिडाल[2] समेत ॥
चढ्यो निरंकुस साह चहि, इम गढ विजय उपेत[2] ॥ ३१ ॥

षट्पात् ॥

चवंत[3] किते चित्तोर दुग्ग नृप सयन स्वप्नदिय ॥
अक्खिय सुनहु अधीस सोंन[4] म्लिच्छ[1]न बहु सिंचिय ॥
अज्जें[5]र्न लोहित[6] अलप बह्यो मोसिर कछु बिप्लव[7] ॥
होतो अद्व[8] हु हाइ ततो रहतो निकेत[9] तव ॥
जावतो गेह म्लिच्छन जदपि अति सत्वर[10] घर आवतो ॥
जात न रह्यो वै[11] उत जातहों सेवक जन न सुहावतो ॥ ३२ ॥
रानकाहिय जिम रहहु कहहु मुहि जतन कृपागति ॥
कहिय दुर्ग जगकहत चमूँ[12]सन अधिक चमूँ[13]पति ।
सुत[1] भ्राता[2] तव सकल पाइ क्रमसह नृपतापद ॥
मरत तोहि यह मरहिं मोहि दै रुधिरपान मद ॥
तुम बढहु कुआँ[14]प म्लिच्छन तबहि रान मुदित तवघर रहौं ॥
पोखत बिसेस मुहि होत प्रिय कछु भोजक न प्रिय कहौं॥३३॥

(दोहा)

जवन बली लैहैं जदपि, ऐहैं तदपि इतैंहि ॥
यह दुर्गन गति आदितैं, जे बलि[15]देत जितैंहि ॥ ३४ ॥

षट्पात् ॥

सुनि दुर्गो[16]दित स्वप्न रान प्रातहि परिखद रचि ॥
कहियँ एह सब करहु बहुरि इक[1] तंतु रहहु बचि ॥

१कुत्ते बिल्ली सहित. विजय२सहित ॥३१॥ कितनेक३कहते हैं. म्लेच्छों ने मुझ को४रक्त से बहुत सींचा है और५आर्यों का६रक्त ७युद्ध में कम बहा है; यदि यवनों से आधा लोही भी तुम्हारा बहता तो८तुम्हारे ही घर में रहता ९तो भी १०शीघ्र ११ अब यवनों के जाता हूं ॥३२॥ १२ सेना से १३ सेनापति को अधिक कहता है, तभी यवनों से तुम्हारे १४ मुर्दे बढेंगे ॥३३॥ १५ बलिदान देते हैं वहीं रहते हैं ॥३४॥ १६ गढ का स्वप्न में कहाहुआ सुनकर १७महारा-

हो सूत[1]सुत हम्मीर पिंहित[2] मातुल[3]गृह पोतहि[4] ॥
सो सुमिरन बिनु[5]सुद्धि हुव न मंतन यह होतहि ॥
यातैं तनूज१ नत्तिय२ अनुज३ संबोधियँ[6] इक१ जियन सब ॥
आखिलन वचैन इम उच्चरिय कुलज[7] रहैं तजि तात[8] कब॥३५॥
निखिल[9] निहोरत नृपहिं तनय लघु अजयसिंह तब ॥
किय बिन्नति करजोरि यहहि प्रभु इष्ट ततो अब ॥
मैं कुपुत्र यह मन्नि स्वामिसासन चढाइ सिर ॥
रनासन[10] भारतभरत कढौं खिल[11] आयु रहैं किर[12] ॥
यह मन्नि खुल्लि रानहु अररँ[13] कढ्ढि असह घमसान करि ॥
वंगरिन[14] हीन बीबिन बहुन बिरचि गयो दिवनारि[15] बरि ॥३६॥
इम कुमार अरिसिंह१ आदि बारह१२ नृपअंगज[16] ॥
पाइ पाइ नृपपक्ष गये लरि नाक[17] ढाहि गज ॥
उभय २ पौत्र बसु८ अनुज इमहि रचिरचि अति आहव ॥
गये त्रिदिव[18] अरिगंजि धीर बनि समय धराधव[19] ॥
हठ्ठु सु प्रवीर हिंगुलु१ बहुरि पैंरमानन[20] पीवत परयो ॥
वल्लान२समेत बीरन बहुन कलहँ[21] काय तिलतिल करयो॥३७॥

(दोहा)

लक्खनको वहपुत्र लघु, अजयसिंह अभिधान[22] ॥
वहु हनि निकस्यो आयुबल, वहु छत[23] लहि बलवान॥३८॥
रक्खि धरम जिहिं रन रहे, इम रानाँ तेईस २३ ॥

था के १पुत्र अरिसिंह का पुत्र हम्मीरसिंह ३ मामा के घर में ४ बालकपन में २छिपाहुआ था सो यह सलाह होते समय बिना५ खबर के स्मरण नहीं आया, इनमें से एक के जीवित रहने के लिये सबको ६ समझाया. ७ कुलवान् पुरुष ८पिता को छोड कर कब रहते हैं ॥३५॥ ९ सबको १० युद्ध से ११ बाकी की आयु, किल अर्थात् निश्चय है तो निकल जाऊंगा. १३कपाट खोलकर १४ वलय (चूडियों) बिना १५ अप्सरा को विवाह के स्वर्ग में गया ॥३६॥ राजा के १६पुत्र १७स्वर्ग गये १८स्वर्ग. समय समय पर १९राजा बन बन कर २०शत्रुओं के [illegible] को २१युद्ध में शरीर को ॥३७॥ २२नामवाला. बहुत २३घाव पाकर ॥३८॥

जवनराज लहि डुलभजय, सजवँ[1] चल्यो गढसीस ॥ ३९ ॥
है पौत्र[2] न केते कहत, हो पिहित सु हम्मीर ॥
इम रानाँ इकबीस२१ ही, विदित परे रन बीर ॥ ४० ॥
मही अनल गुन चंद्र १३३१ मित, जँहँ विक्रम सक जात ॥
कतल दुर्ग चित्तोर करि, लिय जवनेस लुभात ॥ ४१ ॥
वरस तीन[3]रन रचि विकृति२३, सिंचि रान निज सोन[3] ॥
गढ[4]सटै दे अँसु[5]गये, तदपि रह्यो तवतो न ॥ ४२ ॥

॥ मनोहरम् ॥

घायन त्रि[6]हायनलौं संतत[7] समर मंडि,
राखि रनथंभराज[8] सौंपन सम्हाह्यो नाँ ।
साह्यो हठ वप्पवंस[9] विरुद बढावनकौं,
रावनकौं रीढ[10]दै सिटावनकौं साह्यो नाँ ॥
जातजान्यौं[11] जननँ पै[12] सन न मुरात जान्यौं,
सतहि निवाह्यो अपकीरति विवाह्यो नाँ ।
देखो रान लक्खन अलावुद्दीन११ अंतक[13]कौं,
औनँ[14] दैन चाह्यो पर[15] रैन[16]१८३ दैन चाह्यो नाँ ॥४३॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वायणे१ पञ्चमपराशौ वीतिहो
त्रवंशडाास १ वीज्यवर्णनवीजहड्डाधिराडस्थिपाल १५५ वंश्यानुवं-

१ शीघ्र ॥३९॥ कितने ही कहते हैं कि राणा के पौत्र नहीं थे, और हम्मीरसिंह २ गुप्त था इस तरह इक्कीस राणा होकर मरे ॥ ४०-४१ ॥ अपने ३ रक्त से ४गढ के बदले में ५प्राण देकर गये तो भी उस समय तो गढ नहीं रहा ॥ ४२ ॥ तीन ६ वर्ष तक ७ निरन्तर ८ रणस्तम्भ के राजा रत्नसिंह को शरण रखकर पीछा देना अङ्गीकार नहीं किया ९ बापा रावळ के वंशवाले ने १० पीठ देकर अर्थात् रावण से भी आगे बढगया ११ वंश को नष्ट होता जाना. १२ परंतु मरने से मन नहीं मोड़ा. १३यमराज को अपना१४ घर देदेना चाहा१५परंतु अपने शरणागत१६रत्नसिंह चहुवाण को देना नहीं चाहा ॥४३॥

श्रीवंशभास्करमहाचम्पू के पूर्वायण के पंचमराशि में अग्निवंशी चहुवाण के वंश में उत्पन्न होनेवालों के कारण हड्डाधिराज अस्थिपाल के वंश औ

इयद्विहितव्याख्यानाऽवसरव्याहार्यबुन्दीनरेन्द्रसमरसिंह १८१।७ स-
मयचरित्रे वेष्टितचित्रकूटदुर्गम्लेच्छराडलाबुद्दीन१ १वर्षत्रय३ नाली
यन्त्रमहारणरचन १ राणालक्ष्मणसिंहपट्टपकुमारारिसिंह १ हड्ड-
हिंगुलु १ क्षत्रियान्तरवल्लना३ऽऽदिवहिरागतदुर्गवीरवृन्दबहुवारसौ-
प्तिकसमाघातयवनेन्द्रसैन्यसंहरण २ म्लेच्छराजप्रगुणीकृतनव्यन
व्यभटवर्गविरचितमेदपाटविप्लवदुर्भिक्षप्रवर्तन ३श्रुतप्रजाफूत्कार-
ज्ञातरुद्धाऽन्नादिमार्गदरितदुर्गजनहाम्मीरिरत्नसिंह १८२ प्रत्यर्पणा-
र्थराणाविज्ञापन४प्रतिश्रुतशरणागतत्राणसुतद्वादशक १२ सोदरा
ष्टक८पौत्रजकुटक २ हड्डहिंगुलु १ क्षत्रियान्तरवल्लन २ समुपेत
राणालक्ष्मणसिंह १ शूरशय्याशयन ५ हाम्मिरिरत्नसिंह १८३ नि
स्सरण १ मरण २ संशयसूचन ६ तत्सङ्ग्रामयवनेन्द्रानुगतचतुरशी-
ति ८४ प्रमितार्यपृथ्वीपतिप्राणप्रहाण ७ शस्त्रशीर्णशरीरस्वायुर्बल
परीक्षितप्राणानसर्वानुजराणापुत्राऽजयसिंह १ निष्कसन ८ श्व १
बिडाला २ दिसमेतप्रघातितप्राणिवर्गयवनेन्द्रचित्रकूटदुर्गसमाक्रम-

वंश की शाखाओं की कथा बनाने के समय के वचनों में बुन्दी नरेन्द्र समर-
सिंह के समय के चरित्र में बादशाह अलाउद्दीन का चित्तोड़ को घेर कर ती-
न वर्ष पर्यन्त तोपों से महायुद्ध करना, राणा लक्ष्मणसिंह के पाटवी कुमार
अरिसिंह, हिंगुलु नामक हाडा और बल्लन नामक किसी क्षत्रिय आदि वीरों के स
मूह का बाहर निकल कर बहुत बार रातिवाह देकर यवनेन्द्र की सेना का
संहार करना, बादशाह का गुणवान् नवीन नवीन वीरों को रखकर मेवाड़
में युद्ध और दुर्भिक्ष करना, प्रजा की पुकार सुन कर अन्न आदि सामग्री के
मार्ग रुक जाने से डर कर गढ के लोगों का हम्मीर के पुत्र रत्नसिंह को सौं-
प देने की अर्ज करना, वह सुनकर शरणागत की रक्षा के अर्थ बारह पुत्र,
आठ भाई, दो पोते, हिंगुलु हाडा और बल्लन नामक किसी क्षत्रिय सहित
राणा लक्ष्मणसिंह का काम आना, हम्मीरसिंह के पुत्र रत्नसिंह के निकलने
अथवा मरने के संदेह की सूचना करना, उस संग्राम में यवनेन्द्र के साथ चौ-
रासी राजाओं के प्राणों का जाना, शस्त्रों से कटेहुए शरीर से आयुर्बल और
जीवन की परीक्षा करके राणा के सबसे छोटे पुत्र अजयसिंह का निकलना,
कुत्ते-बिल्ली आदि सहित प्राणियों को मारकर बादशाह का चित्तोड़गढ लेना

ख्या ९ मतान्तरकथितत्रयोविंशत्यै २३ कविंशत्य२१ न्यतरसङ्ख्या सम्मितराणाम्रणप्रकारप्रबोधन १० यवनराडलाउद्दीन११सराष्ट्र-चित्रकूटदुर्गसमादानसमयसंवत्सूचनं१२द्वितीयोऽमयूखः ॥ २ ॥ आदितोऽष्टचत्वारिंशदुत्तरशततमः ॥ १४८ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

मंडि अमल मेवारमैं, चढि इम गढ चित्तोर ॥
साहरह्यो तँहँ कतिसमय, जगहिं जनावत जोर ॥ १ ॥
रान सचिव जे तँहँ रहे, वे बनि साह अधीन ॥
पानिजोरि बुल्ले पिसुन, हुव जय कछु सुवहीन ॥ २ ॥
तक्कितक्कि हड्डन छिद्रतम, अनुसरि कपट असेस ॥
रैन१७५ बंग१७९ इतर२ रानके, दक्खिक्खये बहुदेस ॥ ३ ॥
बलि इन लुट्टन वाहिनी, पिल्ली ज्यानपनाह ॥
जब मंडनगढ लै सज्यो, समरसिंह१८१।७ हैसाह ॥४॥
हजरत दिल्ली जातही, विक्खत छिद्र बहोरि ॥
देस धनीके दक्खिहैं, छमँ देहैं कबछोरि ॥ ५ ॥

॥ षट्पात् ॥

सुनि पिल्लिय खिजि साह दूत बुंदिय१ बंबावद२॥
कहिपठई तुम कुमति हड्ड तजिदेहु रानहद ॥
सु सुनि मंत्र थित समरसिंह१८१।७हररराज१८१।१ उभैरहुव॥
भट१ मंत्रिरन तँहँ भनिय भूप तजिदेहु रानभुव ॥
लखि देसकाल समुचित चलन राजनीति अनुसार रहि ॥

दूसरों के मत से कहेहुए तेईस और दूसरी संख्या से इक्कीस के प्रमाण रा-णाओं के मरने का ज्ञान कराना, बादशाह अलाउद्दीन का राज्य सहित चि-त्तोड़ लेने के संवत् की सूचना करने का दूसरा मयूख समाप्त हुआ ॥ २ ॥ और आदि से १४८ मयूख हुए ॥

॥ १ ॥ १ जुगल ॥ २ ॥ २ अत्यंत छिद्र देखकर ॥३॥ ३ पुनि ४ सेना ५ मांड लगढ ॥४॥ छिद्र ६देखकर७समर्थ हैं सो कब छोड देवेंगे ॥५॥ ८ भेजे ९उचित

साध्यहु न पंच५गुन संधि१मुख गुनं आश्रय६ इक लेहु गहि ॥६॥
भूप समर१८१।१ तँहँ भनिय इक२ मंडनगढ अप्पन ॥
पै अग्रज१८१।१ तर पुहवि बहु सु हुव रान बडप्पन ॥
वह दैबो किम उचित लई नृप रैन१७५ बंग१७९ लरि ॥
जो दैबो तब जाहि रहित व्है‍बो नृपता करि ॥
मंडन१६८महीप पहिले समय राज्य कियउ यह दुर्गरचि ॥
करि छल सु रान लिन्नौं कुहक सो हम दक्खिय समय सचि ॥ ७॥

(दोहा)

नागपाल जब गढगहिय, रचि बंबावद रैन१७५ ॥
देस इतर तस तब हुतहि, दब्बे मतिफल देन ॥ ८ ॥
नृप बंग१७९हु पीछै सु नय, दब्बिलये कति देस ॥
सुनत न्याय इम साह तो, आसेरहु दै एस ॥ ९ ॥

॥ षट्पात् ॥

बंबावद बस विदित रान जनपद अनेक रहि ॥
अग्रजको ईसत्व रंच बिगरैं न टेक रहि ॥
तोतो आश्रय तक्कि दुर्ग मंडन तजिदैहैं ॥
नतो जियन फल नाँहिं देस मरनहि भँजि देहैं ॥
चिरतैं रहेहु मंगन चहत हाकिम साह अपुब्ब हुव ॥
सौंपहु हमैंहु मेवारसब चित्तोरहु चहुवानभुव ॥ १० ॥
भट१ सचिवरन तँहँ भनिय नृपति अपनीहि निवेरहु ॥
यह मंडनगढ अप्पि साह सासन हित हेरहु ॥
व्है हरराज१८१।१ सहाय हाय बुंदिय जिन हारहु ॥

---

१ संधि आदि पांच गुण इस समय साध्य नहीं हैं इस कारण से एक छठा गुण (आश्रय) ही लेना चाहिये ॥ ६-७ ॥ २ उलटा फल देने को ॥८॥ ३आसेर गढ चहुवाणों का था सो हमको देवै ॥ ९ ॥४ देश ५ प्रभुता ६ मांडलगढ ७ सेवन करके अर्थात् मर कर ८ बहुत समय से ॥ १० ॥

12311

जिहिँ चित्तोर अजेय पाइ किय विजय प्रसारहु ॥
मन्नहु भलो न रहिबो सुरिरि अग्रज भीर विचारि अब ॥
जवनेस जोर जानहु जबर सहज अज्ज किय जेर सब ॥११॥
मंत्र सु तदपि न मन्नि भूप बिन्नति लिखि भेजिय ॥
इम मंडनगढ हानि किय रु सासन प्रस्थान किय ॥
अमल तत्थ करि अप्प हमहिँ सेवक गिनि तुट्ठहु ॥
अग्रजैं भुव अपनाइ रीति लुप्पि रु जिन रुट्ठहु ॥
रानाँहु पुब्ब नृप रैन१७५सौं लिय मंडनगढ पट्टलहि ॥
ताकीहु अवनि तब दब्बि तिहिँ राज्यकियउ सम न्याय रहि१२
निजजन सबन निबाह करत अप्पहु करुनाकरि ॥
इमहु कहुँक बस हुकम आशु कट्टहिँ भय अनुसरि ॥
बुल्ले इम लिखि बार स्वीय मंडनगढ तैं सब ॥
सो१ रु अरज२ सुनि साह कहिय परभुम्मि रहैं कब ॥
अग्रज नृपत्व जो इष्ट तब तो गत रानप्रदेस तजि ॥
भूपहि रहो वँ निज भुग्गि भुव सेस हमहु मँगैन सजि॥१३॥

(दोहा)

मंडनगढ किन्नौं अमल, जंपि यह रु जवनेस ॥
सेना पुनि हरराज१८१।१सिर, पिल्लिय तास प्रदेस ॥ १४ ॥
मंडनगढ दिन्नौं समुझि, चविय साह मनमाँहिँ ॥
हरराज१८१।१हु देहैं बरित, जुज्झन क्यौं हम जाँहिँ ॥१५॥
यह बिचारि करि दल अधिप, निजभट रुस्तुम१नाम ॥
सेना वह हरराज१८१।१सिर, पिल्ली बिजय प्रकाम ॥ १६॥
दिल्ली जावन अप्प दिग्गँ, बिजई उचित बिचारि ॥
चित्रकूटगढ त्रान चहि, किय प्रबंध हितकारि ॥ १७ ॥

॥ ११ ॥ १ त्याग (छोड़ा) २ प्रसन्न होओ मेरे ३ बड़े भाई की ॥ १२ ॥ ४ अब ॥ १३-१४ ॥ मन में ५कहा ६ डरकर ॥ १५-१६ ॥ ७ दिग्विजय करने वाला ८ रक्षा ॥ १७ ॥

अहमदखान१ पठान अरु, प्रथितं अज्ज प्रामार२॥
स्वर्णगिरि७ चहुवान३ सह, रक्खे गढ रखवार ॥ १८ ॥
करि प्रसाद तिनप्रति कहिय, तुम इत्थन चित्तोर ॥
मेवारहिँ रक्खहु मुदित, जितातित दव्बहु जोर ॥ १९ ॥
इन बसकरि चित्तोर इम, बंबावद बँल पिल्लि ॥
पत्तो दिल्लिय साह पुनि, क्रमत अर्ज्ज अहि किल्लि ॥ २० ॥
साहकटक हरराज१८१।१सिर, लै रुस्तुम१ बह्लीम२ ॥
प्रस्थित सुनि बुंदियपतिहु, सत्वर पत्तो सीम ॥ २१ ॥
हरराज१८१।१हु अनुज१८१।७हिँ कहिय, हँमरी होहि सु होहि ॥
अप्प लाल बुंदियअधिप, सत्थ न खोवहु सोहि ॥ २२ ॥

॥ षट्पात ॥

सिव१ हरि२ चंडिय३ सौंह अप्प४सह जनक५सौंह अति ॥
रुट्ठि दियउ हरराज१८१।१ तुट्ठि मरनहिँ गिनैन तति ॥
पानि जोरि पयप्रनमि हानि निश्चितकहि हड्डन ॥
कहिय मरहु गहि कलह अप्प१८१।१सानुज१८१।७असि१अड्डन२॥
जीवत दुँ२घाँहिँ प्रभुता१ रु जस२ धोइ स्वसहिँ धमनौं धमत ॥
प्रसभहि गह्यो सु जवनेस प्रभु सो न जतनपुब्बहु समत ॥२३॥
समरसिंह१८१।७ इम अक्खि जिट्ठ१८१।१ नासीर भयउ जब ॥
निश्चित मरन निहारि तुमुल हरराज१८१।१रचिय तब ॥
पुर मंडन ढिग परत खान रुस्तुम१ उद्धत खल ॥

१ प्रसिद्ध २ सोनगिरे ॥ १८-१९ ॥ ३ सेना ४ भेजकर ५ पहुंचा ६ आर्यरूपी ७ सर्प को कील कर ॥ २० ॥ ८ प्रस्थान करना सुन कर ९ शीघ्र सीमा पर पहुंचा ॥ २१ ॥ १० हमारी तो जो गति होनी होगी सो होगी परंतु हे लाल! हमारे साथ तुम बुंदी को मत खोओ ॥ २२ ॥ ११ छोटे भाई सहित १२ दोनों ओर १३ जीवसाक्षिणी नाडी चलती है जब तक, अथवा लुहार की धौंकनी के समान श्वास लेतेहुए सुखेंगे १४ यत्न पूर्वक नहीं मिटेगा ॥ २३ ॥ १५ ज्येष्ठमास का १६ सूर्य १७ घोर संग्राम

इन सौप्तिक[1] दिय असह वहुल[2] धाँडिय[3] मिच्छन दल ॥
कलविंक[4] निकर[5] मिच ठेलि[6] कल्ल प्रवलगाह निधरक परिय ॥
पिक्खहु महीप अग्रज प्रथल काँलि[7] अपुब्ब[8] समर इमि सु करिय ॥२४॥
रुस्तुमखान१सु राति[9] आत दल हुव अचानक ॥
बचि जिमतिम टरि[10] विकल तरजि खिल्लि भट रनतानक[11] ॥
मुरि सम्मुह पयमाहि धप्पि जुट्टिय धारांधर[12] ॥
भ्राता दुहु२न सु भिटि किय निजवल कारांधर[13] ॥
भजि पुनि कितेहि जवनज[14] सुभट सुनि रुस्तुम पकरयो सजव[15] ॥
एकत्थ[16] मिलि रु जुज्झिय असह दहन हड्ड वन धारँदव[17] ॥२५॥
कवच दारि[18] असि[19] कढत ताँति सभ्भन[20] गति तिच्छन[21] ॥
मारत अज्ज[22]१न मिच्छ[23]२ माँडि[24] अज्ज१हु तिम मिच्छन२ ॥
गजन सुंडि१ कटि गिरत खंध२ वाजिन वपु खुल्लत ॥
फुल्लत घातन फाँक हक्कि जातन[25] भट हुल्लत ॥
गातन[26] दुहुओर तृनम्मित गिनत आत न वीर उफान मन ॥
लज्ज१रु सनेह भ्रातन लक्खहु रंच भुलात न कुलहि रन ॥२६॥

॥ दोहा ॥

१रतिवाह२बहुत सेना को३काटा४ चिड़ियों के ५ समूह में ६कलल (हेला)पड़े इसप्रकार ७ युद्ध ८ अपूर्व ॥ २४ ॥ ९ रात्रि में १० भागी के११ युद्ध फैलानेवाले दौड़कर १२ खड्ग की वृष्टि की १३ कैद करलिया १४ यवन १५ शीघ्र १६ एकत्र. हाडों रूपी वन को जलाने के लिये असह १७ अग्नि होकर ॥ २५ ॥ कवच को १८ विदारण करके २१ तीक्ष्ण १९ खड्ग २० साबुन में ताँत निकले इस प्रकार निकलते हैं. २२ आर्यों को २३ म्लेच्छ मारते हैं और इसीप्रकार म्लेच्छों को आर्यलोक २४ मसल कर मारते हैं. हाथियों की सूँडें कट कर घोड़े के कंधों पर गिरती हैं सो उनके शरीरों को शोभा देती हैं; और घावों से फाँकें फूलती हैं तो भी ललकार कर अथवा वीर लोक आगे बढ़ कर वीरों के २५ समूह को पेलते हैं. दोनों ओर के वीर अपने २६शरीरों को तृण के समान गिनते हैं और वीर रस का उफान मन में नहीं समाता है. बुन्दी और बम्बावदा के राजा दोनों भाइयों की लज्जा और उनके स्नेह को देखो कि युद्ध में अपने कुल को जरा भी नहीं भूलते हैं ॥ २६-२७ ॥

भान न इत१ उत२को भयो, समय रत्ति संग्राम ॥
माँहिँ माँहिँ कटि बहु मरत, इत१ उत२ जुरि उद्दाम ॥ २७ ॥

॥ षट्पात् ॥

रुस्तुम१कोँ सुनि रुद्ध भीत आलोचि साहभय ॥
सहँसबीस२०००० दल समिटि जवन मुररे मंडतजय ॥
उदित इतेबिच अंक पार१ निज२ चक्क प्रकासन ॥
कलि पिक्खन बलि कुतुक बिघ्नतम निघ्न बिनासन ॥
गन घूक१ चकित२ डरि दुरिगये भये प्रफुल्लित कोक१भट॥
मुख१कंज२बिकसि जुग्गिनि१मिलिग बीर२करतहुवबीरबट ॥२८॥
जँहँ उद्धत इक१ जवन द्विरद आरूढ आइ द्रुत ॥
हनिय भूप हरराज १८।१।१ अंग सरपरँसर अद्भुत ॥
गज१हु जाइ नृप२ गहिय हड्ड हनि तस आरोहक१ ॥
कुंजरसुंडिय२ कट्टि मेरिदिन्नो परमोहँक ॥
तस दंतघात घुम्मत तुमुल्ल होत उदित छ६घटिय मिहिर॥
इक१मिच्छ कियउ दै असि अलग सय१समेत हरराज१८।१।१सिर।२१
रारि गिरत हरराज १८।१।१ लज्जि यह अनिय१ लरक्किय ॥
जिम मिच्छहु अति जोर सोर घन अग्ग सरक्किय ॥
रुस्तुम१ तिन वह रुद्ध लरत १मरत२हु छुराइलिय ॥
इतरहु खट६ नृप अनुज हत्थ१८।१।२ मुख मारि हाइ लिय ॥
नृपसमरसिंह१८।१।७दूजी२अनिय२ हेति१ अनल२अरि१करतहुत२

१कैद हुआ सुनकर बादशाह का भय२विचार कर३सूर्य. पराई और अपनी४ सेना का प्रकाश करने को. पुनि ५ युद्ध का कौतुक देखने और अंधेरे रूपी बडे विघ्न का ६विनाश करने के लिये. उल्लूक और डरनेवाले लोक डर कर छिप गये, चकवे और वीर प्रफुल्लित हुए. वीरों के मुख और कमल विकसित हुए और जोगिनी व बावन वीर मिल कर वीरों के मार्ग करनेलगे ॥ २८ ॥ ७ तीर पर तीर मार कर ८ सवार को ९ हाथी की सूंड को १० शत्रुओं को मूर्छा देनेवाले को ११ युद्ध में १२ सूर्य. हाथ १३ सहित ॥ २९ ॥ १४भागी १५ कैदी रुस्तम को छुडालिया १६ आदि १७ शस्त्रों रूपी १८ अग्नि में शत्रुओं को१९ होम करता था उसके पास

दल*सेस संग तस हुव ×दरित जपि नृप हत छ६अनुजन जुत॥३०॥
एहु अनिय दुव२ अरिन इक्क१बनि तब जय आसय ॥
+सैन्यप रुस्तुम१ सहित गज्जि गरदाइ पासगय ॥
नृप समर१८१७हु निज नियति आयु पूरन तब अहरि ॥
अर्व्वन वीच उठाइ कतल किय खल अचिज्ज करि ॥
रुस्तुम१ समेत हनि दै रसिक पलचारन लोहित१ पललँ२॥
समरेस १८१७पत्त वीरन सुगति वीर न खुल्लिय बिरुद१बल२॥३१॥

॥ दोहा ॥

सुत्तो जिम रनभुव समर १८१७, रीति वहहु नृपराम २०२ ॥
सुनहु पारि रुस्तुम१ सहित, किय अपुब्ब जिहिं काम ॥ ३२ ॥

॥ षट्पात् ॥

रारिगिरत हरराज १८११ अनुज खट६सहित अचानक ॥
इतके सेस अनीक नृपहि पिक्ख्यो बल तानक ॥
समरसिंह१८१७ जँहँ सज्ज प्रधन मंडत बुंदियपति ॥
इक्क१ सु लखि अवलंब गये तँहँ कहि अग्रजगति ॥
मिच्छन अनीहु दुव२इक्क१मिलि सख्र बरासि रुस्तुम१सहित ।
हक्कारि नृपहिं ढिगआतहुव जय१ जुज्झन२उद्धत अहित ॥३३॥
सोलंखिय नृप सुभट करन१ संकर२ अभिधाकरि ॥
इन दोउ२न बढि अग्ग लियउ बहलीम१ निकट लरि ॥
इक१के असि१ आघात टोप२कट्टिय अति अद्भुत ॥
अपर२ तोत्र१ लगि असह सत्रु२ कछु भिदिय वक्र३जुत ॥

---

* बाकी की सेना + डरकर उसके संग होकर छः भाइयों सहित हरराज राजा का माराजाना कहा ॥३०॥ + सेनापति१ घेर कर २ भाग्य के अनुसार ३ स्वीकार करके ४ घोड़ों को ५ आश्चर्यवाला कार्य करके ६ रुधिर ७ मांस देकर वह वीर वीरों की गति को गया और अपने विरुद और बल को नहीं भूला ॥ ३१ ॥ ८ हे राजा रामसिंह ॥ ३२ ॥ ९ सेना ने १० विस्तार करनेवाले ११ युद्ध १२ आधार १३ ललकार कर. उद्धत१४ शत्रु से ॥३३ ॥ १५ नामवरी करके १६ दूसरे का १७ भाला ॥ ३४ ॥

रोसन१ रहीम२ जँहँ जवन जुग२ रुस्तुमखान १ सहायरचि ।
दलमथत मारि चालुक्क दुरहुँन बढिय अग्ग बल आयुबचि ॥३४॥
भूपसुभट भगवंतसिंह३ भट्टिय अग्रेसर ॥
ठहँ जवनन जुग२ हनि रु तक्कि रुस्तुम१ ढिग सत्वर ॥
इक्क खानआकबत३ नाम मिच्छहिँ हनि निर्भय ॥
कुंजर४ तास जकाइ गज्जि तोमर अमात गय ॥
बारन बढाइ रुस्तुम१ तबहि कलहरुप्पि अद्भुत करिय ॥
कट्टिय हरोल अरु सर निकर भट्टिय३ कनपट्टिय भरिय ॥३५॥
भट्टिय३ परतहि भूप तरल डपटाइ तुरंगम ॥
तकि रुस्तुम१ उर तोत्र दियउ कढि पार गयउ दम ॥
तिमहनि हैदर२ कुतब३ खुरम४ फीरोज५ बहादुर६ ॥
पीवत जवनन मान धरिय नृप समर१८१।७ समरधुर ॥
इक१ मिच्छ नाममोमिन१ उहाँ दर्पटि खग्ग आघात दिय ॥
सिर सिवहिँ अप्पि बुंदिय सुपहु लग्गत जिहिँ सुरलोकलिय॥३६॥
काका सिंहन१८०।३केर तनय घुग्घुल १८१ मवीर तँहँ ॥
नृपमारक लखि निकट कट्टि द्वैरकिय मोमिन१ कँहँ ॥
मीरन२ सम्मन३ खुरम ४ आदि बानैत वीस२० अरि ॥
संहरि घुग्घुल १८१ सहज बसिय सुरपुर अच्छरि बरि ॥
बारहहजार१२०००डरिमिच्छबलदुव२भ्रातनपरिअयुत१००००दल।
भजि खिलअनीक आवतभये बंबाबँद१ बुंदिय बिकल ॥३७॥

॥ दोहा ॥

ताही रन मुक्कल१८१तनय, काका मोहन १८०।११केर ॥
अट्ठ८ जवन हनि उब्बरयो, बँहि अट्ठ८हि छत बेर ॥३८ ॥

१ आकबतखाँ नामक २ गिराकर भाला फिराता हुआ गया. बाणों का ३ समूह ॥ ३५ ॥ ४ चपल घोड़े को ५ भाला ६ श्वास निकल गया. समरसिंह ने ७ युद्ध का धुर धारण किया ८ दौड़ कर ॥ ३६ ॥ राजा के ९ मारनेवाले को १० बाकी सेना भाग कर ॥ ३७ ॥ ११ शरीर पर आठ १२ घाव ११ पाकर

सम¹ निजराज्यहिँ दै सलिलँ², निरखहु रामँ³२०२।४नरेस ॥
अग्रज भार बटाइ इम, सँमर परयो समरेस१८१।७ ॥ ३९ ॥
नरेस१मरेस२ अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥
ही सबठाम समान यह, राजनघर कुलरीति ॥
सोहि मिटत आये सरकि, जवन अधर्मिन जीति ॥ ४० ॥
तदपि रही चित्तोर१ अरु, बुंदिय२पुर यह बात ॥
औरनतैं बढिकैं अधिक, जग जस अबहु न जात ॥ ४१ ॥

षट्पात् ॥

इम बंबावद अत्थ भ्रात नव९ परिग जातभुव ॥
हडनन्नृप हरराज१८१।१हत्थ१८१।२ पुनि अनुज सत्थहुव ॥
बहुरि भोज१८१।३तिम बग्घ१८१।४बाल१८१।५चाहड़१८१।६उद्धतबल
समरसिंह१८१।७बुंदीस सहित गोबिंद१८१।८खंडि खल ॥
नृप देव१८०तनय ए अट्ठ८अरु सिंहन१८०।१सुत घुग्घुल१८१सहित
नव९भ्रात परिगँ करि जस नियँत इम आहव संहरि अहितँ ॥४२॥

(दोहा)

बल खिल मिच्छन लहि बिजय, जितजित अमल जमाइ ॥
रानमुलक जो दबिरह्यो, अखिल लयो अपनाइ ॥ ४३ ॥
अवसरलखि इतरहु अरिन, दब्बे निजनिज देस ॥
पहुहल्लुव१८२।१ बसपरगनाँ उब्बरि खट६ अवसेस ॥ ४४ ॥

षट्पात् ॥

बंबावदगढ१ बिदित बहुरि बेगम२ बिंझोलिय३ ॥
भैंसरोर४ रैंनगढ५ सहित पत्तन सिंघोलिय६ ॥

॥ ३८ ॥ १ बराबर के अपने राज्य को २ पानी देकर ३ हे राजा रामसिंह! देखो बडे भाई का भार बँटाकर समरसिंह ४ युद्ध में गिरा ॥ ३९–४०–४१ ॥ ५ गिरे ६ निश्चय ७ शत्रुओं को ॥ ४२ ॥ ८ बाकी के म्लेच्छों की सेना में ॥ ४३–४४ ॥

इन प्रभुता लहि अधिप बन्यौं हल्लुव१८२।१ बंबावद ॥
बयलहि तेरह१३ बरस हड्ड रक्खन स्वधर्महद ॥
हुव सज्ज तदपि मिच्छन हनन बहु परिकर रक्ख्यो बरजि ॥
नृपराम२०२लखहुकुलरीति निज लरत१मरत२रहतनलरजि॥४५॥

(दोहा.)

समरसिंह१८१।७नृप जनम सक,त्रि नव अर्क१२९३ मित तत्थ॥
बुंदिय हायनसप्त७ बय, पाई संगर पत्थ ॥ ४६ ॥
रवि गुन भू१३१२मित सक रच्यो, निखिल किरातन नास॥
किन्नौं ख नयन त्रि ससि१३२०क्रम,बुंदी बिस्तर बास ॥४७॥
सक रस दृग गुन ससि१३२६समय, पिक्खि उचितबय भूप ॥
पुत्र३न हित बंटिय पुहवि, रचि बिभाग अनुरूप ॥ ४८ ॥
मुनि दृग गुन ससि१३२७ सक प्रमिति, जँहँ मंडनगढ जित्ति ॥
गंजि लयो चिरतैं गयो, करि उदार जगकित्ति ॥ ४९ ॥
जैत्रसिंह१८२।३ समरेस१८१।७सुत, या१३२७हीसमय अधीन ॥
कौटिक[1] भिल्ल बिनासकरि, कोटा नवपुर कीन ॥ ५० ॥
लयो मुहूरत इष्टलखि, तिथि माधव[2]२ सित[3] तीज३ ॥
कोटा बसन प्रवृत्तिकिय, बद्दि किरातन बीज ॥ ५१ ॥
रचि हरराज१८१।१ सहाय रन, संहरि जवन असेस ॥
सक रद गुन ससि१३३२सुक्र[4] सित, स्वर्ग गयउ समरेस१८१।१
समरसिंह१८१।७ रन मृतसुनत, सजि बिचित्र शृंगार ॥
तीन३हि रानिन सत्थ तब, छिप्र[5] कियउ बपु[6] छार[7] ॥ ५३ ॥
पहिली१दूजी२ पंचमी५, इम हरराज१८१।१ उपेत[8] ॥

॥४५-४६-४७-४८-४९ ॥ १ कोट्या नामक भील का नाश करके ॥ ५० ॥ २ वैशाख ३ सुदि ॥ ५१ ॥ ४ जेठ सुदि पक्ष में ॥ ५२ ॥ ५ शीघ्र ६ शरीर को ७ भस्मकिया ॥ ५३ ॥ ८ सहित

कार्य तीन३राँनिन कियउ, हुते पावक पतिहेत ॥ ५४ ॥
हत्था१८१।१दिक घुग्घुल१८१ सहित, सत्त७हि बंधुन संग ॥
जाँया पुनि निजनिज जरी, इक१इक१।७ प्रेम उमंग ॥ ५५ ॥
वरस दोय२जुतबीस२२ वय, इत लहि नियति अधीन ॥
नरपाल१८२सु बुंदियन्टपति, हुव नृपतागुन हीन ॥ ५६ ॥

इतिश्री वंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वा१यणे पंचम ५ राशौ वीति होत्रचण्डासि १ वंश्यवर्णनवीजहड्डाधिराडस्थिपाल १५५ वंश्यानुवंश्यविहितव्याख्यानाऽवसरव्याहार्यबम्बावदेश १ बुन्दीश२हरराज१८१।१ समरसिंह १८१।७ भ्रातृयुग २ चरित्रे समाराधितयवनेन्द्रराणासचिववर्गबुन्दी १ बम्बावद २ पैशून्यप्रवर्त्तन १ यवनेन्द्रानुमतत्यक्तमण्डनदुर्गनरेन्द्रसमरसिंह १८१।७ स्वाग्रजहरराज १८१।१ सहायस्वीकरण२मण्डनदुर्गन्यस्तस्वरक्षकयवनेन्द्रहरराजा१८१।१ ऽऽधीनराणादेशप्रत्याक्रमणार्थरुस्तुम १ दण्डनायकपृतनाप्रेषण ३ यवनाहमद १ क्षत्रियप्रमारान्तर २ चाहुवाणसौवर्णगिर ३ वशीकृतचित्रकूटदुर्गयवनेन्द्रदिल्लीगमन ४ श्रुतज्येष्ठभ्रातृदेशोजिहीं-

---

१शरीर२होम३अग्नि में ४ अपनी अपनी स्त्रियें ॥ ५५ ॥ ५ भाग्य के बल से राजापन लिया परंतु राजा के गुणों से हीन था॥५६॥

श्रीवंशभास्करमहाचम्पू के पूर्वायण के पञ्चमराशि में अग्निवंशी चहुवाण के वंशजों के वर्णन के कारण हड्डाधिराज अस्थिपाल के वंश और वंश की शाखाओं की कथा बनाने के समय के वचनों में बम्बावदा के पति हरराज और बुन्दी के पति समरसिंह दोनों भ्राताओं के चरित्र में आराधन किये हुए बादशाह से राणा के सचिवों का बुन्दी और बम्बावदा की चुगली करना, यवनेन्द्र के मतानुसार मांडलगढ छोड कर राजा समरसिंहका अपने बडे भाई हरराज की सहायता स्वीकार करना, मांडलगढ में अपने रक्षक रख कर बादशाह का हरराज के आधीनवाला राणा का देश पीछा लेने के लिये सेनापति रुस्तुम के साथ सेना भेजना, यवन अहमद, कोई प्रमार क्षत्रिय और सोनगिरा चहुवाण इन के वश में चीतोड़ का गढ करके बादशाह का दिल्ली जाना, अपने बडे भाई के देश को जीतने की इच्छावाले बहलीम और रुस्तु

तब तात कुमर अरिसिंहसुत सुतबारह १२ सोदरबपुउर ॥
सुरलोकगयउ पालन सरन उज्झि जवन संगर असुन ॥२३॥

॥ दोहा ॥

तनय बच्यो लघु तेरहम १३ अजयसिंह अभिधान ॥
काका जो तव कैलपुर, गहि रु कहावत रान ॥ २४ ॥
लुट्टत पुरचित्तोर लग, ताहि न जानत तात ॥
कहैं कुमर अरिसिंह के, विदित हुती मम बात ॥ २५ ॥
अजयसिंह मामौं आहि, जियत तोहि पतिजानि ॥
भूपमानतजि सेटमयो, महत भाग्यफल मानि ॥ २६ ॥

॥ षट्पात् ॥

इम हम्मीरहिं उचित सिक्खवँ आगम तिहिं बासव ॥
अजयसिंहकहँ आनि दय तत्थहि मिलाइ कुवर ॥
मातुलकुल समुझाइ अनुग काका अजिह्मउर ॥
भ्रातबहू १ रु भतीज २ अनत लै गो सु कैलपुर ॥
सब नय सिखाइ महद्व्यय सिसुहिं करि ठेवय पृतना प्रचुरकिय ॥
जिहिं हनि प्रमार१ संभर२ जवन३ लहि अवसर चित्तोर लिय ॥२७॥

॥ दोहा ॥

सूर भतीजहिं प्रभुसमुझि, दै सहा रु उदास ॥
भवतजि भाव विरक्त भजि, अप्प लह्यो अविनास ॥ २८ ॥
नृपतिरामसर२० अपिक्खहु निस्चैन, कलिमज्झहु क्रूर कर्म ॥

---

१ छोड़कर २ प्राणों को ॥ २३ ॥ अरिसिंह के कहने से यह बात मैं ३ जानता था ॥ २४ ॥ २५ ॥ मेरे कहने से अजयसिंह तुमको ४ आस्तिक जानकर ५ राजापन का मान छोड़कर ६ तुम्हारा उमराव होगया है ॥ २६ ॥ ७ हम्मीर ८ मामा के कुल को समझाया कि काका (अजयसिंह) ९ सेवक होगया है और वह १० सरल हृदयवाला है यह कहकर बड़े भाई की बहू और भतीजे को ११ नम्रता पूर्वक कैलवाड़े लेगया १२ नीति १३ खरच करके १४ बहुत १५ सेना इकट्ठी करके ॥ २७ ॥ १६ स्वामि समझकर १७ संसार को छोड़कर १८ विरक्त होकर १९ मोक्ष प्राप्त हुआ ॥ २८ ॥ २० हे राजा रामसिंह! २१ निश्चय है कलियुग में भी २२

निकटहि[1] यह भासंत निलय[2], स्वक[3] मातुलगृह सोहि ॥
इहाँ कहत हुव आगमन, कबहु राजसुनकोहि ॥ १९ ॥
अरिसिंहहि तसनाम अरु, तातहु[4] लक्खन तास ॥
मातुलकुल १ अरु जननि२ मम, जानत मेदहु जास ॥ २० ॥

॥ षट्पात् ॥

अरिसिंह सु यँहँ आत बिक्खि[5] जननी मम अतिबल ॥
रहि कतिदिन तिहिं परनि हुतहि गो सुनि सत्रुनदल ॥
बीजरूपसौं प्रबिसि जहाँ चाँदनी जाठर[6] ॥
प्रसवकालगतिपाइ तनुज मैं हुव दरिद्रतर[7] ॥
सो अब बिताइ पंच ५ छ ६ सम्मा भो इतो रु सुहि जन्मभुव ॥
रजमूढ अबहु जानत रहत धारक[8] ममकुल यहहि ध्रुव ॥२१॥

॥ दोहा ॥

केवल जानौं मातृकुल[9], इतर[10] न बोध्य उदंत ॥
जानत ह्वै हैं जनकको[11], सदनहु[12] जननि सुमंत[13] ॥ २२ ॥

॥ षट्पात् ॥

सोदासु[14] सुनि प्रसन्न धाइ हम्मीर अंक[15] धरि ॥
आक्खिय तुमहि अधीस कुलहि रक्खन अलपनकरि ॥
रक्खि सरन नृपरतन १८३।१ सुरारि भवदीय[16] पितामह[17] ॥
चित्रकूट अधिराज रानलक्खन १ अतिआग्रह ॥

१दीखता है २घर ३ मामा का यही घर है यहां सुनते हैं कि किसी राजपुत्र का आना हुआ था॥१९॥ उनके ४पिता का नाम भी लक्ष्मणसिंह था॥२०॥ मेरी माता को अत्यन्त बलवान् ५ देखकर चन्दानी के ६ उदर में वीर्य रूप से प्रवेश करके ७ अत्यन्त दरिद्री. पांच छः वर्ष बिताकर इतना बडा हुआ हूं और यही मेरी जन्मभूमि है मैं दुःख के कारण और मूर्खता से अब भी यही जानता हूं कि मुझको ८ धारण करनेवाला यही कुल है ॥ २१ ॥ ९ माता के कुल को जानता हूं १० अन्य वृत्तान्त का ज्ञान नहीं है ११ पिता के १२ घर को १३ बुद्धिमान् है सो माता जानती होगी ॥२२॥ १४ वह सोदा बारहठ १५ गोद में लेलिया १६ आपके १७ दादा ने १८स्वामि

दोहा ॥

बारू तिनको बारहठ, दुर्भग मैं सोदाहु ॥
भीरु स्वामि सहचर नभो, जिपतग्धा कहि जाहु ॥ १२ ॥
अगजात कछुकम्म इत, भो आवन मगभुल्लि ॥
मगबोधक सिसु तुम मिलत, पायो प्रमद प्रफुल्लि ॥ १३ ॥
सोदाके इम वचनसुनि, मुदित उट्टि हम्मीर ॥
जानतहो निजजन्म जिम, बत्थन मिंल्यो बीर ॥ १४ ॥
वावाकहि गौरव बिहित, वर आसन बैठारि ॥
बुल्लयो जोकछु बोधबिनु, हुव सु छमहु हित हारि ॥ १५ ॥

षट्पात् ॥

जानतहोइ अजान बचन ऐसे सुनि बारुव ॥
जंपिय तैं सिसु जन्म धरिय खत्रिय बंसहि धुव ॥
तदपि नाम१ कुल२जाति३ कहहु प्रसरन निज कित्तिय ॥
बाल्लवयहु तैं बीर ज्वलित जसकरि जगजित्तिय ॥
वनि मूढ सोहु प्रति बारहठ जो पुच्छी सु अजानजिम ॥
चित्तोरटारि सब हुव चवतै अप्प सुनहु मम मूल इम ॥१६॥

पादाकुलकम् ॥ ॥

देस एह वन१गिरि२करि दुर्गम, मितमित इत भुव वपन मनोरम ॥
हल वाहक इत जे रजपूतहु, वपन मिलैं न तिनहु वसुधा बहु ॥१७॥

दोहा ॥

निजनिजखेतनके निकट, अप्पन अप्पन ऐंन ॥
रचि इतके कर्षुक रहत, च्यागि४ हु वरन अचैन ॥ १८ ॥

१ दुर्भागी शोदा शाखा का चारण ॥ १२ ॥ २ रस्ता बतानेवा...रना बारू ने बांध (गाढ) भरके ३ मिला ॥ १४ ॥ ४ बडप्पन करके ॥ १५ ...के हकदार। को कहा ॥ १६ ॥ यह देश बन और पर्वतों से दुर्गम है इसकारण ...नगये हों ॥ ६ ॥ थोड़ी भूमि ७ बीज बोने को सुन्दर मिलती है यहां जिन...रण को १८ शीघ्र नेवाले हैं उनको बीज बोने के लिये अधिक भूमि नहीं [...पन. देश में राज्य करने घर९खेतीकरनेवाले ॥१८॥

लक्खनगार तनूजलघु, अजयसिंह जयआस ॥
अधिक पाइ छत्ते स्करि असि, गो करि बहुत बिनास ॥ १ ॥
जातें ढिग रु प्रतीच्य जग, गूडवार भुव गात ॥
कैलपुरसु जिहिं आक्रम्यौं, पुरवासिन हित पात ॥ २ ॥
साहअसन्त मेवारसव, स्वामि अहित साह्योहि ॥
तदपि कैलपुर जनन[३] वह, अजयसिंह चाह्योहि ॥ ३ ॥

पादाकुलकम् ॥

जो प्रमार१संभर२जवन३न जुरि, काउक गोप[४] तंत्र[५] किय अंकुरि[६] ॥
गुडवार हाकिम वह गोपहु, वस तस है औरो लघु पुर बहु ॥ ४ ॥
पत्ति पचास ७ तास तँह पाये, अजयसिंह तिन्ह आप उठाये ॥
पुर गिरि१वन२दुर्गम यह पावउ, बसि तँह जनपद[८] डमर[९] बढायउ ॥ ५ ॥
चित्रकूटलग लूट प्रचारिय, मिच्छहु अजयसिंह बहु मारिय ॥
सौदा[१०] तँहँ बारू संबोधिय[११], सुनि भतीज रानपद रोधयँ[१२] ॥ ६ ॥
अग्रजसुत चंद्रानीऔरस, वसत बाल मातुलगृह[१३] परबस ॥
है तस भीर उचित जन जोरहिं, तिहिं नृप करि लैबो चितोरहिं ॥ ७ ॥

षट्पात् ॥

बारू चारन वचन सुधासम अजयसिंह सुनि ॥
जान्यों नियत भतीज बंस तनुज पट्टप पुनि ॥
तस मातुलगृह तबहि बेगपठयो सुहि बारुव[१४] ॥
सज्ज[१५]जाइ सौदासु[१६] उचित १ अनुचित २ इक्खतहुव ॥

१घाव पाकर ॥१॥ २लिया ॥२॥ कैलवाड़ा के ३लोगों ने ॥ ३ ॥ चित्तोड़ के रक्षक प्रमार, सोनगरे चहुवाण और यवनों ने वह कैलवाड़ा नगर एक ४गोपनामक; अथवा ग्वाले के ५वश में ६रूढ़ होकर करादिया ॥४॥ ७पैदल ८देश में ९उपद्रव (लूटमार) मचाया ॥५॥ १०सौदा बारहठ शाखा के चारण बारू ने ११समझाया कि भतीजे (बड़े भाई अरिसिंह के पुत्र राज्य के हकदार) को भूलकर राणा के पद को १२रोका है; अर्थात् तुम राणा बनगये हो ॥ ६ ॥ १३मामा के घर ॥ ७ ॥ १४उसी बारू नामक चारण को १५शीघ्र १६उस सौदा बारहठ ने हम्मीरसिंह चित्तोड़ का राज्य करने

कुमारचैत्रलगेणोलीदङ्गभाविरणमरणख्यापन १९ जनकवैरग्रा-
लकहड्डाधिराजहम्मीर १८३।१ प्रख्यातगैपालिकचालुकसमलार्थ-
स्वविक्रमविजितटोडापुरप्रत्यर्पण २० टोङ्कपुरविजेतृहड्डेशहम्मीर १
हल्लू २ शैशोदिहम्मीर ३ प्रातिहारहम्मीर ४ राष्ट्रकूटमल्लिनाथ ५
कूर्मोद्धरण ६ चालुकसमल ७ प्रामारगङ्गसेन ८ दिल्लीशयवनेन्द्र
तुगलक ३ गयासुद्दीन १४१९ समकालीनत्वसूचन २१ प्रबुद्धजनप्र-
सन्नादिल्लीशगयासुद्दीन १४ सचिवबणिक्पुञ्जराजसुगमशब्दसाध-
कसारस्वतसूत्रटीकानिर्माण २२ प्राक्प्रतिभटीभूतदिकूशासक-
दिल्लीशसचिवयवनगणबहुकृत्वोदिल्लीसैन्यपराजयन २३ बुन्दीनरे-
न्द्रहड्डाधिराजहम्मीर १८३।१ पट्टपराजकुमारवरसिंह १८४।१ शैशो-
दी १८४।१ कौर्मी १८४।२ प्रामारी १८४।३ पत्नीत्रय ३ भाविपा-
णिपीडन २४ सूचनं षष्ठो ६ मयूखः ॥ ६ ॥

आदितस्त्रिपञ्चाशदुत्तरैकशततमः ॥ १५३ ॥

प्रायोव्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

हम्मीरसिंह के पुत्र चेत्रसिंह का गणोली नगर में आगे होनेवाले युद्ध में मारेजाने की सूचना करना, पिता का वैर लेनेवाले हड्डाधिराज हम्मीरसिंह का नम्र होनेवाले सोलंखी गोपाल के पुत्र सातल के अर्थ अपने पराक्रम से विजय कियेहुए टोडापुर को पीछा देना, टोंकपुर के विजय करनेवाले हाडा हम्मीर१ हल्लू२ सीसोदिया हम्मीरसिंह३ पड़िहार हम्मीरसिंह४ राठोड़ मल्लिनाथ५ कछवाहा उद्धरण ६ सोलंखी सातल ७ प्रामार गङ्गसेन ८ दिल्ली के पति बादशाह तुगलक गयासुद्दीन९ इनसबका एक समय में होने की सूचना करना, पण्डितों से प्रसन्न होनेवाले दिल्ली के बादशाह गयासुद्दीन के सचिव बनिया पुञ्जराज का सारस्वत के सूत्रों पर शब्दसाधन में सुगम टीका बनाना, पहिले से शत्रु बने हुए सूबेदारों का बादशाह के सचिव और यवनों की सेना को बहुत बार पराजय करना, बुन्दीनरेन्द्र हड्डाधिराज हम्मीर के पाटवी राजकुमार वरसिंह का सीसोदिनी कछवाही और प्रामारी इन तीन स्त्रियों से आगे होनेवाले विवाहों की सूचना करने का छठा मयूख समाप्त हुआ॥६॥

आदि से एक सौ तिरपन मयूख हुए ॥ १५३ ॥

ष्क ४ हड्डाधिराजहम्मीर १८३।१ सढौकन १ सारल्य २ तुष्टिप्रति ग्राहितकैथोनिपुरसृष्टमन्तुतोमरस्वकीयसेवकीकरण ११ पराजित प्रामारडोडहरराजतिरस्कृतौचित्यहम्मीर १८३।१ गुणगौरिविनिमया धीकृततद्दूढराज्ञीगौडीसप्रसभबुन्द्यानयन १२ हम्मीर १८३।१ ऽनुजनवरङ्ग १८३।२ चालुक्यीराजकुमार्या १८३।२।१ दिपत्नीत्रय ३ परिणायन १३ तदनुजस्थिरराज १८३।३ चालुक्यीरुक्मिण्या १८३।३।१ दिप्रियापञ्चक ५ पाणिपीडन १४ हड्डाधिराजहम्मीरौ १८३।१ रसकुमारवरसिंह १८४।१ लालसिंह १८४।२ कुमारीचन्द्रकुमरि १८४।१ तोकत्रय ३ समुद्भवन १५ तत्तनयाराष्ट्रकूटमहीपमल्लिनाथराजकुमारजगमालभाविपाणिग्रहणाभणन १६ लालसिंहौ १८४।२ रसजैत्रसिंह १८५।१ नवब्रह्म १८५।२ कृष्णाकुमारी १८५।१ तुक्त्रय ३ प्रादुर्भवन १७ समातृनिश्चयप्राप्तजैत्रावत्त १ नवब्रह्मका २ पदाङ्कितहड्डकुलभाविदशम १० भेदलालावत्त १।६।१० प्रादुर्भावसूचन १८ परिणीतलालसिंह १८४।८ कन्याकृष्णाकुमारी १८५।१ कवारूचारणवैरवालकीभूत २ राणाहम्मीर

का बुलना, वहांवाले शत्रुओं को मारकर पकड़े हुए आठ शत्रुओं को एक एक ग्राम देकर गढ लेनेवाले अपने वीरों के समूह को उचित पारितोषिक देकर उस कोट (गढ) का अध्यक्ष तोग को बनाकर राजा भारमल्ल का शौराड और सारण को बुन्दी बुलाना, बारम्बार मेवाड़ देश के पुर और ग्रामों को लूट करके अपने गढ में लाकर अनेक धनवान् बनिये लोगों को कैद करने से तोग से डरी हुई प्रजा का अपने स्वामी के पास पुकार करना, गर्जना करतेहुए अपने पुत्र रायमल्ल को रोककर, स्वयं युद्धयात्रा की इच्छावा ले राणा कुम्भकर्ण का अपनी स्त्री के आगे श्रावण की तीज के समय पीछा आने की प्रतिज्ञा स्वीकार करना, प्राणप्यारे पति के नहीं आनेपर प्यारी का अग्निप्रवेश की प्रतिज्ञा करना, मांडलगढ में शामिल कीहुई अनेक मार्गों से भेजी हुई समस्त सेना सहित सन्नद्ध होकर चुपके से प्रस्थान करनेवाले कुम्भकर्ण का अमरगढ को घेरना, अपने स्वामी की भेजीहुई भाग्य से सफलहुई छः तोपों से युद्ध करके चौदह दिन पर्यन्त शत्रु सेना के समीप आने को रोकना, उस समय सारण के विषम ज्वर से रोगी होने की सूचना करने के साथ शत्रु के दो प्रहार पायेहुए जैत्रसिंह का अपने पहिले के मक्खीदगढ को लेकर उदयसिंह की सेना को विजय करना, शौराड की युद्धयात्रा को रोक,

षमज्वरापाटवप्रख्यानपूर्वकमाप्तप्रहरणप्रहारयुग्म २ प्रतिनीतस्वकीयपूर्वमह्लिपदुर्गजैत्रसिंहो २८५।१ दयसिंह१९६।३ बलविजयन२२, रुद्धशौण्डा १८६।५ ऽभिषेणबुद्धप्रेष्यपदार्थविघ्नमहीप १ मन्त्रि २ प्रनष्टोपहारतोग १८६।१ प्रत्याकारण २३, वाचिततत्पत्रप्रच्छन्नबुन्दीप्रेषितपरपूर्वस्वीकृतभटाऽष्टक ८ तोग १८६।१ संग्रामसन्धाससमादान २४, तिरस्कृतमेदपाटनिवासविज्ञापितराणागमाऽवमतपिहितनिष्कसनहल्लू १८२।१ वंशीयवीरपञ्चक ५ तोग १८६।१ सहायीभवन २५, ह्यःकृताऽशनभूषणाऽऽदिसमर्चितवीरवर्गबाहुकौङ्कुमीकृतदुकूलगूढनिखातगोपितनालीयन्त्रविहिताऽऽहवमुमूर्षुविधेयतोग १८६।१ शर्वरीसमयसङ्ग्रामसज्जीभवन२६मेकोनविंशो १९ मयूखः ॥१९॥ आदितष्षट्षष्ट्युत्तरैकशततमः ॥६६॥

प्रायो ब्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

॥ दोहा ॥

मुक्कलसुतपँहँ मुक्कल्यो, अप्पन चरं इस अक्खि ॥
आवत हड्डे रंगं अब, रुपहु प्रमादं नरक्खि ॥ १ ॥
काल निसागत जोकहहु, कालनिसा तुमकाँहि ॥
सहँसन तुम हम पंचसत ५००, यह अंतर कछु याँहि ॥ २ ॥

भेजने योग्य पदार्थों में विघ्न जानकर राजा और मन्त्री का नष्टहुई सामग्री वाले तोग को पीछा बुलाना, उस पत्र को पढकर पहले अपनाये हुए शत्रु के आठ भटों को छाने बुन्दी भेजकर तोग का युद्ध की प्रतिज्ञा लेना, मेवाड़ के निवास को छोडकर राणा के छाने आने की सूचना करनेवाले हल्लू के वंश के पांच वीरों का छाने निकलना नामंजूर करके तोग के सहायक होना, पहले दिन भोजन और आभूषण आदि छोड, वीरों के समूह के भुजों को पूज, केसर में वस्त्र रङ्गकर, तोपों को भूमि में दबाकर, युद्ध में मरने की इच्छावाले, कर्तव्य कर्म करनेवाले तोग का रात्रि के समय युद्ध में सज्ज होने का उन्नीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥ १९ ॥ और आदि से १६६ मयूख हुए ॥

१हलकारा २ युद्ध में ३ आलस्य वा असावधानी नहीं रखकर ॥१॥ ४ रात्रि का समय कहोगे तो वह ५ कालरात्रि तुमको ही है ॥ २ ॥

सावधान रानहु सुनत, चढि चढाइ चतुरंग ॥
सज्ज लखैं हड्डन सरनि, जयभनि धरनि-भुजंग ॥ ३ ॥

चटकप्लुतिः ॥ हरिरित्येके ॥ पर्यस्तकुमारललितेत्यपरे ॥

सुनि कुंभ रान सज्ज्यो, गहिरे अनीक गज्ज्यो ॥
सहँसैं अलात लक्खी, रन माहताव रक्खी ॥ ४॥
छद्द मुहूर्त चंद छायो, उततैंसु तोग १८६१ आयो ।
माल द्व २ हरोल मज्झी, दव खग्ग भुम्मि दज्झी ॥ ५ ॥
भिरतैं किवान भारी, कढि चंद्रकी कलासी ॥
हय १ सूर २ लेत हल्ली, चपला कि अद्रि चल्ली ॥ ६ ॥
वहु ओक सोक वग्गी, सिवकी समाधि जग्गी ॥ ॥ ७ ॥
चलि आइ चौंकि चंडी, रमि सट्ठि च्यारि ६४ रंडी ॥
गन डाकिनीन गोलैं, डिगरी विहीन डोलैं ॥८॥
झमि रत्त मत्त केई, थरकैं पिसाच थेई ॥
दुवपंच ५२ बीर दोरैं, सुरकी अनीन मोरैं ॥९॥
ञहके टमंकि त्रंबी, बिथुराइ नाद बंबी ॥
रदं वज्जि भीरु रोरी[11], हिममैं कि नीर होरी ॥ १० ॥
खिरिजात सूर सौहैं, भिरिजात मुच्छ भौंहैं ॥
हसिकैं चुरैल हुंकैं, भजि दूत भूत भुंकैं ॥ ११ ॥

---

१ मार्ग ॥ ३ ॥ ४ ॥ ५ ॥ २ खड्ग ॥ ६ ॥ ७ ॥ चौसठ ३ योगिनी ॥ ८ ॥ ४ रक्त से ५ नाच का अनुकरण है. बावन वीर दौड़कर भगी हुई ६सेना को पीछी फेरते हैं ॥ ९ ॥ ७नगारे और ८ तासे बजते हैं ९ नगारों का शब्द फैलने के ११भय से कायरों के १०दांत बोलते हैं सो मानों हेमंत ऋतु में पानी की होली (फाग) खेलने से बोलते हैं ॥ १० ॥ कटकर गिरते हुए वीर शोभा पाते हैं और मूछें भौंहों से भिड़ती हैं, चुड़ैलिनें (देवी की दासियें) हँसकर हुंकार करती हैं और दूत रूपी भूत भगकर कूकते हैं ॥ ११ ॥

बढिजात भार बत्ती, कढिजात पार कत्ती ॥
घट फुट्टि केक घुम्मैं, झट जुट्टि कंठ झुम्मैं ॥ १२ ॥
धरि व्याम रुंड धावैं, गन सम्महे गिरावैं ॥
खिजि केक लग्गि खेधैं, बरछीन बीर बेधैं ॥ १३ ॥
तरवारि तोग (८६) वारी, दल संहरैं दुधारी ॥
महि रुंड १ मुंड २ पट्टैं, घन नास स्वास घट्टैं ॥ १४ ॥
पल जात तेग पंती, तिरछी कि सब्बु तंती ॥
मिलि अच्छरीन माला, झुकि खेत देत झाला ॥ १५ ॥
गज १ बाजि २ भार गेली, फनमाल व्याल फैली ॥
ढहि कोल दंत ढीले, लजि कुम्म अंग लीले ॥ १६ ॥
फटि फीलमत्थ फाँकैं, ढरि कुंभ छोनि ढाँकैं ॥
किलकैं बिरूप काली, लहि गत्त रत्त लाली ॥ १७ ॥
असिधार झार इक्खे, तरकैं फुलिंग तिक्खे ॥

प्रहारों की वार्ता बढती है और १ तलवारें पार निकलती हैं. शरीर फूटकर कितने ही घूमते हैं और शीघ्र जुट करके कंठों में झूमते हैं ॥ १२ ॥ रुंड २ हाथ फैलाकर दौड़ते हैं और साम्हने के समूह को गिराते हैं. कितने ही क्रोध करके ३ पीछे वा युद्ध में लगकर वीरों को बरछियों से वेधते हैं। १३॥ तोग की दुधारी तलवार शत्रुओं का नाश करती है और रुंड और मुंडों से भूमि को छा देती है और बहुतों की नासिका से श्वास घटते हैं ॥ १४ ॥ ४ मांस में तलवार की ५ पंक्ति जाती है सो मानों ६ साबुन में तांत के समान तिरछी जाती है. अप्सराओं की पंक्ति मिलकर झुककर युद्ध के खेत में ७ झाले (बुलाने के लिये हाथ के इशारे) देती है ॥ १५ ॥ मार्ग में हाथी और घोड़ों के भार से ८ शेषनाग की फणमाला फैलती है (केवल व्याल शब्द से सर्प का ही बोध होता है, परंतु फणमाला के योग से शेषनाग का ग्रहण है) वाराह के दंत ढीले होकर ९ गिरते हैं और लज्जा युक्त होकर १०, कूर्म अपने अंगों को ११ गिटता (समेटता) है ॥ १६ ॥ १२ हाथियों के मस्तक की चीरें होती हैं और उनके कुंभस्थल गिरकर पृथ्वी को ढांकते हैं १३ शरीर में १४ रक्त की लाली लगने से विरूप होकर काली किलकारें करती है ॥ १७ ॥ तलवार की

जिंत रान हत्थि जान्यौं, तित तोग जंग तान्यौं ॥ १८ ॥
ढिग गो बढाइ बाजी, उलटात व्रात आजी ॥
इक सत्रु मिच्छ १ आयो, रन चो४गुनौं रचायो ॥ १९ ॥
जुव २ दाव जोरयो, तस सीस तोग १८६।१ तोरयो ॥
जिहि लैन ३ ...ावैं, प्रहसैं सिखा नपावैं ॥ २० ॥
वलभद्र २ रानवंधू, गिरि अंध अध्व अंधू ॥
रन तोग १८६।१ कौं निरायो, गलकट्टि सो गिरायो ॥ २१ ॥
चहुवान इक्क १ चीनौं, तस तंग दौरिदीनौं ॥
झुकि आइ कोउ झल्ला४, रचि इडसीस हल्ला ॥ २२ ॥
वढिकैं किंवानं वाही, सुन तोग १८६।१ व्हाँ सिराही ॥
छमं खग्गवार छुट्टयो, लगि झल्ल ४ धूरिलुट्टयो ॥ २३ ॥
गज रान ५ केर गढ्ढो, ठनकात घंट ठढ्ढो ॥
लखि तोग १८६।१ बागलिन्नी, असि रान५अंसं दिन्नी ॥२४॥
छुवि खंधत्रान छेद्यो, तिल अंसभाग भेद्यो ॥
॥ २५ ॥

धार की ज्वाला दीखती है और तीक्ष्ण अग्निकण तड़कते हैं. १ जिधर महाराणा के हस्ती को जाना उधर ही तोग ने युद्ध फैलाया ॥ १८ ॥ घोड़ा बढाकर २ युद्ध में समूह को उलटाता हुआ तोग महाराणा के समीप गया ॥ १९ ॥ ३ शिव उस यवन का मस्तक लेने को गये परन्तु ५ चोटी नहीं पाने से ४ हँसने लगे अर्थात् प्रसन्न तो हुए परंतु यवन का सिर जानकर उसको नहीं उठाया ॥ २० ॥ ६ मार्ग के ७ कुए में गिराया. ८ समीप लिया ॥२१॥ चहुवाण ने एक वीर को देखा जिसके ९शरीर को १० काट डाला. फिर कोई झाला राजपूत आया जिसने तोग पर हल्ला किया ॥२२॥ और बढकर ११तलवार चलाई जिसकी तोग ने प्रशंसा की उस झाले पर तोग के खड्ग का १२ समर्थ (बल का) प्रहार छूटा जिससे वह झाला धूल में लौट गया ॥२३॥ महाराणा का दृढ हाथी वीरघंट बजाता हुआ खड़ा था जिसको देखकर तोग ने अपने घोड़े की वाग उठाई अर्थात् घोड़े को उडाया और राणा के १३ कन्धे पर तलवार मारी ॥ २४ ॥ उसने कंधे का त्राण (झालर, कवच) काटकर तिल

छिति जात टापैं ह्वैगो, यह बध्य डोडि६ ह्वैगो ॥
सतच्यारि ४०० बीर सत्थी, इम तोग१८६।१ जुद्ध अत्थी ॥२६॥
असिझारि रारि अच्छी, कढिजान किन्न कच्छी ॥
इक बीर रानवारे, मिलि तत्थ बैनमारे ॥ २७ ॥
सतइक्क १०० संटि सूरे, करि प्रान लोभ कूरे ॥
किम अस्थिपाल १५५ केरे, अब भज्जिजात एरे ॥ २८ ॥
सुनतैं सु छोहछायो, हय मोरि सम्मुहायो॥
इगकन्न पिट्ठि दोरयो, सु पुच्छको मरोरयो ॥ २९ ॥
सतद्वै२०० निकास सिक्खे, पलटे तितेहि पिक्खे ॥
मनजे अराति जीके, वर अच्छरी वनीके ॥ ३० ॥
जिनमैं सु तोग १८५।१ जैसैं, उडुवृंद चंद्र ऐसैं ॥
बकतैं असह्यबानी, पलटे उदर्श्रपानी ॥ ३१ ॥
मरिवेहि बाजि मोरे, जिम अग्ग खग्गजोरे ॥
लखि रान भीतिलायो, द्विप दिट्ठितैं दुरायो ॥ ३२ ॥
झुकि तोग १८६।१ तेगझारी, बहुवेर फौजफारी ॥
अतिमान रानवारे, पखरैत केकपारे ॥ ३३ ॥

मात्र कंधे को काटा ॥२५॥ वह घोड़ा भूमि पर उतरा तब उसके १ पैर के स्पर्श से २ डोडिया जाति का क्षत्रिय मारागया. युद्ध का ३ अर्थी (वीर) ॥ २६ ॥ तोग ने ४ घोड़ा निकालना चाहा अर्थात् भगना चाहा, उस समय राणा के एक वीर ने वहां पर वचन मारा (ओखाबोला) कि ॥ २७ ॥ सौ वीरों को बदले में देकर (मरवाकर) प्राण का लोभ करके ५ अस्थिपाल के वंश वाले हे नीच तोग! अब भगकर जाता है ॥ २८ ॥ यह सुनते ही वह तोग क्रोध में छकाहुआ घोड़े को मोड़ कर सन्मुख आया. मानों पूंछ मरोड़ा हुआ ६ सर्प पीछे दौड़ता है ॥ २९ ॥ दो सौ मनुष्य जो भगनेवाले थे वे सब तोग को (मुड़ाहुआ) देखकर पीछे फिरे जिनके मन अपने जीव के शत्रु (मरने में उद्यत) और अप्सरा रूपी दुलहिनों के वर थे ॥ ३० ॥ जिसमें तोग ७ ताराओं के वृंद में चंद्रमा के समान था. राणा के वीरों के असह वचन बोलते ही (वे वीर) हाथों में ८ अस्त्र उठाये हुए पीछे फिरे ॥३१॥ ९ हाथी की पीठ पर छिप

हिय रान *भ्रांतिहेरयो, गज इक्क भुम्मिगेरयो ॥
अरि तीस ३० छेदि छक्कयो, जव तोग १८६।४ निट्ठि जक्कयो ॥३४॥

दोहा ॥

हयतैं इक१तिथि१५ हत्थतैं, पहिले रन रिपुपारि ॥
बलि पच्छोजुरि बोलपैं, तीस३०न सीसउतारि ॥ ३५ ॥
करि सक्खी करवालकौं, रानअंसं कछु रेखि ॥
गजइक१ पीछैं गेरियो, द्रोहिपके भ्रम देखि ॥ ३६ ॥
सूरपरे उतके लिसत ३००, सतदुव २०० इतके सर्व ॥
परयो तोग१८६।१ सुरि बैनपर, इम कारि कित्ति अखर्व ॥ ३७ ॥
घायल सत १०० छकि घुम्मते, बुंदिय पत्ते बीर ॥
क्रम सलुचितँ उपचारकिय, सब उल्लाघं सरीर ॥ ३८ ॥
हल्लू १८२।१ के कुलके हुते, सबघायल तिनसंग ॥
पटानहिँ उनकौं सुपहु, दिय डब्भिय सुख्ख ढंग ॥ ३९ ॥
वंछे १ अरु घायल बचे २, और जिते तिन्हअत्थ ॥
उचित अप्प किन्नैं अधिप, सब मन लरन समत्थ ॥ ४० ॥
तनय तोग १८६।१ के हो न तस, अनुजहि गंग१८६।२उदार ॥
पहु किय पुर नवगाम पहु, सुवधरि बुन्दियभार ॥ ४१ ॥

षट्पात् ॥

अमरदुर्ग अपनाइ थप्पि अंदर पुनि थानाँ ॥
किय बुंदियसिर कुख रोसफुल्लत अहि रानाँ ॥
सुक्र चउद्दसि १४ सुभ्र रक्खि नवगामप तिहिँ रन ॥

गया ॥ ३२ ॥ ३३ ॥ महाराणा के हाथी के *भ्रम से ॥३४॥ १ फिर ॥३५॥ २ खड्ग को. राणा के ३ कन्धे को ४ शत्रुओं के पति के भ्रम से ॥३६॥ ५ बहुत ॥३७॥ ६पहुँचे ७उचित ८इलाज ९ नैरोग्य ॥३८॥३९॥ १०मरे. उनके ११ लिये. लड़ने में १२ समर्थ किये ॥४०॥१३राजा ने. नवगांवां का१४पति किया ॥ ४१ ॥ १५ अमरगढ को १६सर्प के समान१७ज्येष्ठ सुदी १४ के दिन नवगांवां के पति को

करि दस १० तत्थ मुकाम पूर सज्ज्यो गढ तोपन ॥
प्रतिमल्लै हड्ड हत्थन परखि लार खिलैहु बल बुल्लिलिय ॥
आसाढ असित कंदर्प अह १३ क्रमि बुंदियपुर बेढ्ढ किय ॥४२॥
समुचित जँहँजँहँ सिबिरं रान वेढिय विधानरचि ॥
पृतना पतन प्रतीप बिसम अचलादि रहेबचि ॥
तेरसि १३ अह प्रत्यूष लोल गोलन झरलग्गिय ।
उडत सार दुहुँओर ज्वलन कीलाकुल जग्गिय ॥
तारंकादुर्ग दगि तोप तति दुजन निकट रहन न दये ॥
गज्ज१रु अलात२अयपिंड३गन छिति१अंबर२संकुल छये ॥४३

॥ मनोहरम् ॥

होत फैर फैरनपैं तापके अमाप जब,
डिगि डिगि शृंग आपआपके अंगरसैं ॥
गोलनचलात १ परगोलनके पात २ भाँति,
तारागढ जान्यौंजात जगरमगरसैं ॥
जा रन प्रजारन हजारन अलात फैले,
बाखरि१मैं बीथी २ मैं बजार ३ मैं दंगर ४ मैं ॥

युद्ध में मारकर १ तहां २ शत्रुओं ने हाडों के हाथों की परीक्षा करके ३ बाकी की सेना को भी साथ बुला ली. आषाढ वदि ४ तेरस * के दिन चल कर बुन्दी के ५ घेरा लगाया ॥ ४२ ॥ ६ डेरे खड़े करके ७ शत्रुओं की सेना के पड़ाव से. तेरस के ८प्रभात चपल गोलों की झड़ी लगी ९अग्नि की ज्वाला उठी१०तारागढ से. तोपों की११पङ्क्ति. गर्जना, अग्नि और लोह के गोलों के समूह पृथ्वी और आकाश में १२ अवकाश रहित छागये ॥ ४३ ॥ अपने अपने १३घर में१४प्रकाश अथवा शोभा १५अग्नि की ज्वाला की चकाचौंध (झगामग) में उस युद्ध में जलाने के लिये हजारों १६ अङ्गारे (निर्धूम अग्नि) १७ ÷ मकानों में १८ गली में बजार में १९ पजड़ (चौक) में फैले

---

* ज्योतिष में तेरस तिथि का पति कामदेव को मानते हैं.

÷ ब्रजभाषा में घर को बाखरि कहते हैं और मरुभाषा में घर की सामग्री को बाखर कहते हैं.

कालिकाकी बालिकालौं ज्वालिकावमंत बनी,
नालिका दगत दीपमालिका नगरमैं ॥ ४४ ॥

॥ घनाक्षरी ॥

फोजनतैं ओजन[1] तैं जोजन कढत दूर,
अर्चिनके[3] ओजनतैं जो पे रहैं रुकिरुकि ॥
पाउसके अभ्रसे[4] अखंड धूममंडलमैं,
तापनतैं तापन[5] तपायो लज लुकिलुकि[6] ॥
बिस्मय प्रलैबिनु त्रि ३ लोक ओकओक[7] आनैं,
चौंकि चंद्रचूडहु[8] समाधि जात चुकिचुकि[9] ॥
कालके से टोला[10] भुजंगोला[11] गिरिवेतैं सही,
व्यालफन[11] डोलौं[12] चढी भोलाभेत झुकिझुकि ॥ ४५ ॥

॥ मनोहरम् ॥

स्याम सुचि तेरसि[13] १३ तैं सावनअमा ३० अवधि ३३,
बासर व्यतीतभये घोर घमसानकौं[14] ॥
कारनउलंघि[15] जैत १८५१ सारन १८६१ हु आये परैं[16],
देदैरतिवाह सोंड १८६१५ सोस्यो परैप्रानकौं[17] ॥
सोही दावदीनौं दुव २ बेर चुंड १८६१२ औ उदय १८६१३,
कीनौं कितो तोपन अनीक अवसानकौं ॥

---

१ उमलतीहुई ॥ ४४ ॥ २ प्रताप से ३ अग्नि की ज्वाला के ताप से. वर्षा ऋतु के ४ मेघ के समान. अग्नि की ताप से तपाया हुआ ५ सूर्य ६ छिप,छिप कर लज्जित हुआ. विना ही प्रलय तीनों लोकों के जीव ७ घर घर में आश्चर्य करने लगे और ८ शिव भी समाधि भूल भूल कर ९ चिमकगये १०.बडे गोले ११ शेषनाग के फण के १२ हिंडोले पर चढीहुई भूमि ॥ ४५ ॥ १३ आषाढ वदि तेरस से श्रावण वदि अमावास्या तक के तेतीस दिन भयङ्कर १४ युद्ध के बीते. नहीं आने का १५ कारण था तो भी उसका उल्लंघन करके १६ शत्रुओं पर १७ शत्रुओं के प्राणों को सुखाये.

बुंदीपुर पावनकी पद्धति न पाई इतैं,
आई तीज ३ सावनकी जावनकी रानकौं ॥ ४६ ॥

॥ दोहा ॥

बनि दुर्मन सुभटन बंदिय, रान रसिक स्मररंग ॥
तीज ३ परब पहुँचैं न तो, पतनी जरन प्रसंग ॥ ४७ ॥

॥ षट्पात् ॥

बुल्ले भट हमबहुत पग्घ निज रक्खि पधारहु ॥
जिहिंअग्गैं सब जुरहिं १ नमहिं २ संदेह न धारहु ॥
मन्नि सुनत सुहि मूढ गूढ हयडाक गयो गृह ॥
पटगृंह रक्खिय पग्घ सुपहु ऐसो रत सस्पृंह ॥
तोपनचलाइ जिम पुव्वतिम कतिक रहे डमरहु करत ॥
बुंदिय बिनाह लग्गे बढन सेंवारे मारत १ मरत २ ॥ ४८ ॥

॥ दोहा ॥

हढ निश्चयहुव दोजि २ दिन, रक्खि पग्घ गय रान ॥
कढि जुज्झन मत सुनत किय, चहि अवसर चहुवान ॥ ४९ ॥

॥ षट्पात् ॥

सारन १ जैत २ रु सचिव ३ अरज नृपप्रति किन्नी यह ॥
जिम छुद्रहि रनजात स्वामि बरजे हम साग्रह ॥
तिम यहै न अब तुमुल रान सहिमान पधारत ॥
जाकी पग्घहु जोहि बनत तस भावँ विचारत ॥
कै पग्घ गहहिं १ दलजित्तिकैं मरनठाम उग्गहिं मरन २ ॥

बुन्दीपुरी प्राप्त होने का १मार्ग नहीं मिला ॥ ४६ ॥ २ उदास होकर ३ कहा ४ कामदेव के रङ्ग का रसिक ५समय पर ६ स्त्री जल जावेगी ॥४७॥७डेरे में ८पगड़ी रखकर. रत करने का ९लोभी १० उपद्रव (लूट खसोट) ११ बिना मालिक के ॥ ४८ ॥ ४९ ॥ १२ छोटे युद्ध में जातेहुए १३ हठ करके हमने आपको रोके थे. उसप्रकार अब यह १४ घोर युद्ध नहीं है. जिनकी पगड़ी है वह स्वयं उनका १५होना ही है. मरना १६प्रसिद्ध होवेगा

सन्नद्ध विरचि*ध्वजिनी सकल करहु हल्ल जग जसकरन।५०।
सोंड १८६।५ सिराहिय सुनत त्रय ३ हि कहि वाहवाह तब ॥
बुल्लि सेव१८६।२नवब्रह्म१८५।२अमर१८६।१गंग१८६।२रूमाधव अब
भार खंध जिनभटन पानि[1] मुत्तिन तिन पुज्जहु ॥
जिम पिक्खहिँ प्रतिजाम समर कौतुक रुकि सुज्जहु ॥
अनुजात[2] कथित[3] करि बत्त यह साधुसाधु[4]कहि भटनसह ॥
बुंदिय त्रपा[5] सु गरबंधिकैं अधिप हड्ड सज्जिय असह ॥ ५१ ॥

नसह १ असह २ अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥

दोहा ॥

जंपिय[6] सारन१ जैत२ प्रति, गँदक्कस[7] रहिये गेह ॥
तिन अक्खिय हो गद तब सु, अगंद[8] बन्यों अब एह ॥ ५२ ॥
राजादिन[9] निजँरोधकन[10], इम सहसँपथ[11] निवारि ॥
हुव संगहि दायादँ[12] दुव२, ध्रुँव[13] व्याधि न कछु धारि ॥ ५३ ॥

षट्पात् ॥

परँपृतनाके[14] पिठि पिहितँ[15] दल अद्ध पठायउ ॥
अद्धकटकसह अप्प अरिन सम्मुह उफनायउ[16] ॥
रजनि घटीदुव२ रहत स्वस्थ निर्भय सीसोदन ॥
पहुँचि परे पँविपात[17] मंडि मंडिय अनुमोदन ॥
राजा१ रु जैत२ सारन ३ रुँजित[18] हंकिय लय३ आरूढ हय ॥

सब *सेना को सज्ज करके ॥५०॥ उनके १हाथ मोतियों से पूजो २छोटे भाई का ३कहना ४श्रेष्ट है श्रेष्ठ है. बुन्दी की ५लज्जा को गले से बांधकर ॥५१॥ ६कहा ७रोग से दुर्बल हो इस कारण घर पर ही रहो ८नैरोग्य ॥५२॥ ९राजा आदि को लेकर १०अपने रोकनेवालों को ११सौगनों से निवारण करके. दोनों १२भाई १३निश्चय ही रोग को कुछ नहीं विचारकर साथ हुए ॥५३॥ १४शत्रु सेना की पीठ पर १५छाने आधी सेना भेजी. आधी सेना के साथ शत्रुओं के साम्हने आप १६चढा १७वज्र पड़ने के समान १८रोग युक्त थे इस कारण घोड़ों पर चढकर चले

दलं[1] खिल पद्दाति[2] उभय रहि अनिनैं[3] प्रारंभिय मंडन प्रलय।४५।
गोटे दलविच गेरि प्रथम बारूद प्रजारित ॥
बंधन हयन विछोरि दये तरवारि बिदारित ॥
होत अचानक हर्क[4] जूहँ[5] निद्रित कति जग्गत ॥
कति गुल्मन[6] नित्यकरि लुब्धि[7] इष्टन परलग्गत ॥
गीतादि पढत कति वीरवन कतिक कोन१ क्यौं२ किम३ करत ॥
गजे[9] रिपुन पैठि हरि[10] हक्क गय अरि१ घातैं२ इम३ उच्चरत ।५५।
लुट्ठि मिलत तरवारि करकट[11] जितितित रचि मारिय ॥
करजोहुव[12] सुहि कतिन मदउँ[13] उततैं तु प्रहारिय ॥
पै यह अतुलप्रमोद[14] वनत जान्यौं विरलैं बल ॥
खुल्लिहय जुट्टतखिनहु[15] प्रचुर[16] पाये मैंचित पल ॥
उठि उठि प्रमत्त ते भट अखिल लगलग्गिय लै जिय बिमद[17] ॥
सन्मुह पलाइ कट्टिय सकल हडुन रक्खिय बिरदं[18] हद ॥ ५६ ॥
सेव१ छड्ड अरि संहरिय लच्छ साधव२ चड४ खंडिय ॥
अमर३ च्यारि४ अंगनियैं[19] कुणपैं[20] नवलख४ सत७ किय ॥
नवक९ गंग५ हठि हनिय ग्लानैं[21] मारन६ चड४ गेरिय ॥
लुंचि[22] त्रि३सिर जैत७ लिय नवक९ अंसुं[23] सौंड८ निवेरिय ॥
कोणिकां[24] खास सोधन करत गोहिल हरि९ पग्ग सु गाहिय ॥

भाकी की १सेना २पैदल. दोनों ३आखियों ने)सेना के अग्रभाग को; अथवा सेना के टुकड़े को सडभाषा में अणीं कहते हैं)॥५४॥ ४ हाक ५ समूह ६रक्षार्थ(रिजर्व) सेना, वा रक्षार्थ सेना रहने के स्थानों में नित्य नियम करके. परलोक का ७ लोभ करके. कितने ही कौन है? क्यों? ८ कैसा हुआ? शत्रु रूपी ९ हाथियों में १० सिंह रूपी हाडे घुसगये॥ ५५॥ ११ युद्ध में १२ जो हाथ में आया उसीको लेकर १३ तीक्ष्ण. अत्यन्त १४ गफ़लत से. घोड़े के१५लड़ते समय१६ बहुत से मनुष्य नेत्र मिचे हुए आये १७ मद रहित होकर १८यश वा स्तुति की हद हाडों ने रक्खी ॥ ४६ ॥१९मारे२०मुर्दे२१रोगग्रस्त मारण ने. जैत्र ने तीन मस्तक २२ काटे २३ माथा. खास २४डेरे में (छोटे डेरे का नाम कोणिका है)

इम आतआत सिखरी[1] उदय लुट्टि सिविर[2] जस थिर लहिय।५७।

दोहा ॥

मिली पग्ग सुनतहि मुररि, अनखि[3] सिविर पुनि आइ ॥
मेवारे द्वैसत२०० मरे, दारुन हत्थ दिखाइ ॥ ५८ ॥
मारे नृप तिनमाँहिसौं, बानन[4] पंच५ प्रवीर ॥
कढि उभय२ असितैं करे, सत्त७न कुम्राप सरीर ॥ ५९ ॥
पहु[5]आश्रित खटसत६०० परे, अरि तेरहसत१३०० अत्थ ॥
आहव बँब[7] घुराइ इम, हडुन किय जय हत्थ ॥ ६० ॥

मनोहरम् ॥

ग्रीस्मतैं पाउसलौं वाहिनी वलय[8] बंधि,
रोपी रारि रानाँ कुंभकरन प्रतीप[9]नैं ॥
तारावल[10] नालिन[11] निघातकरि कंप्यो सोहु,
चेदि[12]पै ज्यों चंप्यो[13] चतुरंग सह श्रीप[14]नैं ॥
परिकर राखि ज़पि हित सु निकेत[15] पूगो,
काहि सो पै कीनों जै कृसानु[16]कुलदीपनैं ॥
संगपो[17]गै सहल सअग्घ[18] सुधराइ उतैं,
पग्ग पधराई इतैं महल महीपनैं ॥ ६१ ॥

॥ दोहा ॥

इत जयबंब घुराइ इम, पुर करि भूप प्रवेस ॥
लघु[19] पाटव[20]किय घायलन, वीरन अप्पि विसेस ॥ ६२ ॥

सूर्य के उदय १गिरि पर आते आते (यहां उदय गिरि के सम्बन्ध से सूर्य का ग्रहण है) २ डेरे ॥ ५७ ॥ ३ क्रोध करके ॥ ५८ ॥ ४ बाणों से ॥ ५९ ॥ ५ राजा के आश्रित लोग ६ यहां ७ नगारे बजबाकर ॥ ६० ॥ ८ घेरा ९ शत्रु ने १० तारागड का पर्वत ११ तोपों के १२ शिशुपाल के समान सेना सहित १३ दबाया १४ श्रीकृष्ण के समान बुन्दी के राजा के १५ घर को गया १६ अग्निकुल के प्रकाशक १७ रत को १८ आदर पूर्वक ॥ ६१ ॥ १९ शीघ्र २० नैरोग्य ॥ ६२ ॥

मेवारेहु बिगारि मुख, पैत्ते जब पहुँपास ॥
लज्जित रान सक्यो न लखि, अंतर निबसि उदास ॥ ६३ ॥
कुंभ तज्यो सुहि सोककरि, बपुं दुव २ मास बिताइ ॥
रायमल्ल तब रानहुव, पट्ट जनकं धृत पाइ ॥ ६४ ॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वा१यणे पञ्चम५राशौ वीतिहोत्रवसुधेश्वर १ बीजपवर्णनबीजहड्डाधिराडस्थिपाल १५५ वंश्यानुवंश्यविहितवृत्तान्तव्याख्यानावसरव्याहार्यबुन्दीनरेन्द्रसुभाराडदेव १८६।४चरित्रे पूर्वप्रेषितस्वदूतप्रख्यापितनिजाऽभिसम्पातसावधानसज्जीकारितसपत्नसैन्यतोग १८६।१ शुक्रशुभ्रचतुर्दशी १४ निशीथनिकटवैरिबलसम्मुखसमभिषेणन १, संहनपञ्चदश १५ सपत्नसाम

१ गये. अपने २ प्रभु के पास ३ जनाने में उदास रहकर ॥ ६३ ॥ ४ कुम्भकर्ण ने इसी शोक से दो *महीने पीछे ५ शरीर छोडा ६ पिता के धारण कियेहुए पाट को पाकर ॥ ४६ ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के पञ्चम राशि में अग्निवंशी चहुवाण वंशवर्णन के कारण हड्डाधिराज अस्थिपाल के वंश और वंश की शाखाओं की कथा बनाने के समय के वचनों में बुन्दीनरेन्द्र सुभाराडदेव के चरित्र में पहिले अपना दूत भेजकर अपने युद्ध की सूचना करके शत्रु की सेना को सचेत और सज्जीभूत कराकर तोग का जेठ सुद१४ को आधी रात के समीप शत्रु सेना के सन्मुख युद्धयात्रा करना, शत्रुओं के पंद्रह वीर और उमरावों का

*बुंदीवालों का महाराणा की पगड़ी लेजाना और इसी लज्जा से दो महीने पीछे महाराणा कुम्भा का मरना लिखा सो असत्य है. यह इतिहास बुन्दी की ख्याति से अथवा बुन्दी के वड़वाभाटों की पुस्तकों के लेख से लिखना पाया जाता है; जिन्होंने बढावे से कल्पित कहानी लिख दी है; क्योंकि कुम्भलगढ पर सम्वत् १५१७ मार्गशीर्ष कृष्णा पञ्चमी की खुदी हुई मामादेव के कुण्ड ऊपर की प्रशस्ति में महाराणा कुम्भा के लिये लिखा है कि " हाडोती को विजय करके वहां के स्वामि से दण्ड लिया " इस प्रशस्ति के खुदने से ८ वर्ष पीछे तक महाराणा जीवित रहे थे, इससे पगड़ी लेजाने आदि इतिहास असत्य प्रतीत होता है, इसके अतिरिक्त जिन महाराणा ने मांडू और मालवा के बादशाहों को दण्ड दिया उनका बूंदी विजय नहीं होने के कारण लज्जा से मरना नहीं सम्भवता. ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) की सत्यता पर हम कलंक लगाना नहीं चाहते परन्तु बुंदी की ख्याति अथवा वड़वाभाटों के लेख पर विश्वास कर लेने के कारण ऐसा लिख देना पाया जाता है.

न्त १ शूर २ करवालकृत्तसस्कन्धत्राणराणांसस्तोकभागविशीर्ण विपक्षवाहिनीकप्राप्तप्रत्यनीकान्तरवाक्प्रतोदनिर्यियासुतोग १८६। १ पुनरवमर्दप्रत्यारम्भण २, मेदपाटमहीपमारीचभ्रान्तिपातितमत ङ्गजान्तरपुनःपरासूकृतत्रिंश ३०प्रतीपसाध्वसप्रतापितप्रत्यनीक परिवृढतोग १८६।१ शूरशय्याशयन ३, पक्षद्वय २ प्रवीरशतपञ्चक ५०० परलोकप्रापण ४, नरेन्द्रसुभाण्डदेव १८६।४ बुन्द्यागतस्वकी यक्षतखिन्नपटूकृतशूरशतक १०० यथातथसत्करण ५, प्राप्तप्रचुरप्र हारस्वबन्धुहल्लू १८२।१ वंशीयप्रवीरपञ्चक ५ दार्भी १ प्रभृतिपत्त- न १ प्रतिवलथ २ प्रकरपट्टप्रसादन ६, निष्प्रजतोगा १८६।१ऽनुज गङ्ग १८६।२ऽ पर २ नामयशःकर्ण १८६।२ स्वाग्रजपदनवग्राम- पुरप्रभूभवन ६, न्यस्ताऽमरदुर्गसनालीयन्त्र १ रक्षिवर्ग २ तत्सीम- न्युषितदिनदशक १० समाकारितखिलसैन्यप्रस्थितराणाशुचिश्या मलत्रयोदशी १३ प्रत्यूषबुन्दीवाहिनीवेष्टन ७, श्रुतैतदुदन्ताऽवमत क्षत १ ज्वर २ खेदजल १८५।१ सारण १८६।१ स्वामिसहायबुन्दी

संहार कर, खड्ग से राणा के कन्धत्राण को काट,कंधे के थोड़े से भाग को वि दीर्ण कर, शत्रु की सेना को विखेर कर निकलने की इच्छावाले तोग का प्रा प्त हुई शत्रु सेना में से किसी शत्रु के वचन रूपी चाबुक लगाने से फिर युद्ध प्रारम्भ करना, मेवाड़ के महीपति की सवारी के हाथी की भ्रान्ति से किसी हाथी को मार, फिर तीस शत्रुओं को मारने से शत्रुओं की सेना को भय से तपाकर बलवान् तोग का माराजाना, दोनों पक्ष के पांच सौ वीरों का परलो क को प्राप्त होना, नरेन्द्र सुभाणडदेव का बुन्दी में आयेहुए घायल सौ वीरों को नैरोग्य करके उनका यथार्थ सत्कार करना, बहुत प्रहार पायेहुए अपने बन्धु हल्लू के वंश के पांच वीरों को डाभी आदि पुर और गामों का समूह पटा में देना, विना सन्तानवाले तोग के छोटे भाई गङ्ग दूसरे नाम से यशक र्ण का अपने बड़े भाई के स्थान नवग्राम पुर का पति होना, तोपों सहित रक्षा करनेवाले समुदाय को अमरगढ में रख, उसकी सीमा में दश दिन निवास करके बाकी की सेना को बुलाकर प्रस्थान कियेहुए राणा का आषाढ वदि १३ के प्रभात बुन्दी को फौज से घेरना, यह वृत्तान्त सुन, प्रहार और ज्वर के

पुरीप्रविशन ८, पुनःपुनःश्रुतशौराड १८६।५ समनुष्ठितसौप्तिकखुण्डो
१८६।२ दय १८६।३ युग्म २ द्विःकृत्वोरात्रिप्रघातपातन ९, श्रावणो
कदर्श ३० पर्यन्तसम्प्रहाराऽप्राप्तबुन्दीविजयनिजसामन्तसङ्घसम्मत
स्वस्थानस्थापितोष्णीषराणाकुम्भकर्णप्रच्छन्नचित्रकूटप्रविशन १०,
ज्ञाततद्वृत्तान्तसारण१सचिवा२दिस्वसत्त्ववर्द्धितोत्साहशौराड१८६।५
सम्बोधितशौर्यसमाहूतयशःकर्ण१ऽपरनामगङ्ग१माधवा२दिदायादसं
दोहबुन्दीन्द्रसुभाराडदेवो१८६।४ष्णीषस्वामिचित्रकूटचमूसंग्रामसंक्र
मण११,स्वसुहृद्वर्जनविपरीतप्रसभविस्मृतस्वस्वव्याधिवेगसहप्रस्थित
हयारूढसारण १८६।१ जैत्र १८६।५ स्वामिसहायीभवन १२, परद्दत
नापरप्रान्तप्रस्थापितपङ्क्तीकृतसैन्यार्द्ध सार्धीकृतपत्तिसेना ३ नीकस
मारूढसमिहड्डाधिराज १ प्रक्षेपितपूर्वकारूढवर्त्तकविक्षोभविश्रोटित
बन्धनवैरिबलवाजिविद्रावण १३, मुहूर्तैक १ रात्रिशेषसमयबुन्दीन्द्र
वाहिनीसौप्तिकसम्पातकोलाहलावबुद्धस्वस्तप्रसुप्तप्रत्यनीकप्रकरप्र-
तिभुटितक्रियस्सपत्नसामन्तसम्मुखसंबोधन १४, सेव १८६।२ माध

खेद को न गिनकर जैत्र और सारण का स्वामि की सहायता के लिये
बुन्दी में प्रवेश करना, बारम्बार शौराड का रतिवाह देना सुनकर कुराड और
उदय दोनों का दो बार रतिवाह देना, श्रावण की अमावास्या पर्यन्त के युद्ध
से बुन्दी की विजय नहीं मिलने से अपने उमरावों के समूह की सलाह से
अपने स्थान में पगड़ी रखकर राणा कुम्भकर्ण का छाने चित्तौड़ जाना, यह
वृत्तान्त जानकर सारण और सचिव आदि के निजउत्साह को बढ़ाने से औ
र शौंड की भलीभांति बढ़ाई हुई वीरता से यशकर्ण दूसरे नाम से गङ्ग, मा
धव आदि भाइयों के समूह को बुलाकर बुन्दीन्द्र सुभाराडदेव का, पगड़ी ही
है स्वामि जिसका ऐसी चीतोड़ की सेना से युद्ध करने को चलना, अपने सु
हृदों के मना करने के विरुद्ध हठ से अपने अपने रोग के वेग को न गिनकर
घोड़ों पर चढ़, प्रस्थान करनेवाले सारण और जैत्र का अपने स्वामि की स-
हाय होना, शत्रुसेना के पीछे आधी पैदल सेना को भेजकर आधी पैदल सेना
को अपने साथ करके घोड़े पर सवार होकर हड्डाधिराज का प्रथम पाखद के
पीपों से क्षोभ होने के कारण बंधन तुड़ाकर शत्रुओं की सेना के घोड़ों को

वा १८६।१ ऽमर १८९।१नवब्रह्म १८५।२ गङ्ग १८६।२ सारण१८६।१ जैत्र १८५।१ शोगड १८६।५ प्रभृतिबुन्दीवीरविपोथितवैरिवर्गसंख्यासूचन१५, दिवाकरोदयाऽधिसमस्तशिबिरसामग्रीसंग्रहणावसर भूपभटगोभिलहरिसिंह १ हस्तमेदपाटमहीपमूर्द्धमण्डनमिलन १६, श्रुतैतदुदन्तप्रत्यागतपरप्रवीरद्विशती २०० पुनःप्रत्याघातप्रवर्तन १७, खड्गखण्डितद्वेषिद्वय २ पृषत्कपरासूकृतप्रतीपपञ्चक ५ पृथ्वीशप्रोत्साहितप्रवीरतच्छेष १९३ निषूदन १८, संस्थापितपरपक्षत्रयोदशशतक १३००सुभाण्डदेव १८६।४सुभटषट्शतक ६०० शूरशय्याशयन १९, निर्घोषितविजयवाद्यप्रद्रावितपारिपन्थिकसक्षतस्वभटकारितोचितोपचारयथातथप्रसारितप्रवीरहड्डाधिराजशत्रुशीर्षोष्णीषशिरोवेष्टनस्वसद्मसमानयन २०, पलायनप्रत्यागतनिजानीकिनीप्रेक्षणपराङ्मुखतत्त्रपानिगूढन्युषितमासयुग्म २ राणाकुम्भकर्णतनुत्यागानन्तरतत्पुत्रराजमल्लपितृपट्टप्रापणं २१ विंशतितमो २०मयूखः ॥२०॥

भगाना, दो घड़ी रात्रि बाकी रहते समय बुन्दीन्द्र की सेना के रतिवाह के कोलाहल से जगकर गाफिल भगेहुए शत्रुओं के समूह में से पीछे मुड़ेहुए शत्रु के कितने ही उमरावों का सन्मुख युद्ध करना; सेव, माधव, अमर, नवब्रह्म, गङ्ग, सारण, जैत्र और शौण्ड इन बुन्दी के वीरों से मारेहुए वैरिवर्ग की संख्या की सूचना करना, सूर्योदय के समय समस्त डेरों की सामग्री हरण करने के समय राजा के उमराव गोभिल हरिसिंह के हाथ मेवाड़ के महीप की पगड़ी मिलना, यह वृत्तान्त सुनकर शत्रु के दो सौ वीरों का पीछे आकर फिर युद्ध करना, दो शत्रुओं को खड्ग से और पांच शत्रुओं को बाणों से मारकर राजा के उत्साहित वीरों का बाकीके शत्रुओं को मारना, तेरह सौ शत्रुओं को मारकर सुभाण्डदेव के छः सौ सुभटों का माराजाना, विजय के बाजे बजवाय, शत्रुओं को भगाय, घायल हुए अपने वीरों का उचित इलाज कराकर यथातथ उनकी फैलाईहुई वीरता से हड्डाधिराज का शीपोदिया शत्रु की पगड़ी को अपने घर में लाना, भगकर पीछी आई हुई अपनी सेना के देखने में पराङ्मुख, उस लज्जा से गुप्त निवास करने वाले राणा कुम्भकर्ण के शरीर छोडे पीछे उसके पुत्र रायमल्ल का अपने पिता के पाट पाने का बीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥ २० ॥

आदितः सप्तषष्ट्युत्तरैकशततमः ॥१६७॥
प्रायोव्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥
॥ दोहा ॥

अनुज सोंड१८६।५हित दिय उचित, नरपति करउर१नैर ॥
तँहँ रहि चिंत्यो हनि तुरक, बालन स्वजनक बैर ॥ १ ॥
पच्छेलिय पट्टनि१ प्रमुख, अक्खय १८६।१ दब्बे अग्ग ॥
अग्रज को तँहँ किय अमल, लोभ न रंचक लग्ग ॥ २ ॥

षट्पात् ॥

सारन १ जैत२ सहाय सोंड३ लै अग्रज दल सन ॥
चुंड १८६।२उदय१८६।३चंपीहु अवनि पच्छीलिय अप्पन ॥
जैताउत ६ खंधिल १८५।१जु मारि सोलह १६ सुत्तो महि॥
तस भूणांग१८६।१तनूजलई उदय१८६।३सु सक्यो न लहि ॥
वाकोहु अमल करवाइ उत नानता१दि ग्रामन निपुन ॥
चहि जनकबैर लग्गो चढन मंडुवपुर पृतना प्रगुन ॥३॥
इहिं निहोरि नृप अग्ग जैत १ सारन २ लाये जव ॥
अग्रज १ सचिव २ उपेत ताहि च्यारि ४ हु बुल्ले तव ॥
मंडुवपति वह मिच्छ प्रचुरदल साँह बजत पहु ॥
अज्जनृपन गंजि अरु लेत आब्दिके सबतैं लहु ॥
संगर न ताहि अंगंसि सकैं उज्झहु लाल कुमंत्रै यह ॥
छिन्नी स्वकीय बिमुखन छिति जु सुहि दब्बहु उद्यम असह॥४॥

॥ दोहा ॥

और आदि से १६७ मयूख हुए ॥

१ लेने को २ अपने पिता का ॥ १ ॥ ३ आदि ॥ २ ॥ ४दबाईहुई ५ भूमि को ६पुत्र ७विशेष गुणवाली ॥३॥ मन्त्री ८सहित ९बड़ी सेना १०बादशाह ११आर्य राजाओं को १२सालाना खिराज सब से शीघ्र लेता है १३दबासकेंगे. हे लाल! यह १५खोटी सलाह १४छोडो १६अपनी भूमि को शत्रु लोगोंने छीन ली है उसीको दबाओ ॥ ४ ॥

सो मन्त्री जिम सोंड १८६।५ सुनि, दिनकछु ठहरि उदार ॥
छिन्नी १ अरु रक्खी २ जु छिति, लिन्नी बिमुखन लार ॥५॥
परतभार न सह्यो कै पर, परैं काम जिन पोचि ॥
उनतैं सव छिन्नी अवनि, उचित दंमन आलोचि ॥ ६ ॥
सुपहु १ जैत २ सारन ३ सचिव, सोंड१८६।५हि निट्ठि निहोरि॥
पच्छी दिय ही जु कु प्रथम, तिन्ह मन कानि न तोरि ॥ ७ ॥
तिनमैं हो सु लिउविक्रम १ हु, सँगर बिमुख कुसंग ॥
सो अपमान न जिहिँ सह्यो, जो तिलतिलहुव जंग ॥ ८ ॥
भारपरत जिनजिन भटन, निर्बह्यो टारि नरेस ॥
दव्वे स्ववस प्रदेस जे, अप्पे तिनहिँ असेस ॥ ९ ॥

॥ मदनावतारः ॥

तोग १८६।१ अनुजात जो गंग १८६।२ नवगामपति,
जास अभिधानं जसकर्ण १८६।२ दूजो २ जगति ॥
सुरथपुर १ दै रु उडुँदुर्गपति सो करयो,
अप्पसिर तोग १८६।१ कृत ऋन सु इम उद्धरयो ॥ १० ॥
भिरत घुग्घुल १८१ हर जु टूक लक्खन १८५ भयो,
अमर १८६ तसपुत्र जिहिँ खेट १ पुर अप्पयो,
हड्ड नवरंग १८३।२ कुल भ्रात माधव १८६।१ हितैं ॥
अस्त्र १ निज जुत्त अरनिट्ठ २ अप्पिय इतैं ॥११॥

॥ दोहा ॥

मोरत बल मेवारको, सबन गिन्यौं कछु सत्वं ॥
विमुखन दव्वी लेत वेलि, पिक्ख्यो उचित नृपत्व ॥ १२ ॥

॥५॥ भार पड़ते समय जिन्होंने १ मस्तक पर भार सहन नहीं किया और काम पड़ने पर पोचे होगये उन्हींको २ दण्ड देना उचित विचार कर सब भूमि छीन ली ॥ ६ ॥ ३ पृथ्वी ॥ ७ ॥ ८ ॥ ४ निर्वाह किया ॥ ९ ॥ तोग का ५ छोटा भाई ६ नाम ७ तारागढ का किलादार बनाया ॥ १०॥ घुग्घुल ८का पोता ९अरणेठा नामक ग्राम दिया ॥११॥१०पराक्रम ११फिर १२राजापन ॥१२॥

इक्खैं कोउन परत अब, संब अचानक सीस ॥
मन ओरैं कछु चिंत मन, जोरैं कछु जगदीस ॥१३॥
सोंड १९८१५ गिंनी नृप १ वा सुभट्ट २, मंडू जाइ न मूर ॥
मैं दावा करि मिच्छसौं, करूँ सु व्याकुल कूर ॥ १४ ॥
करउरही यहमंत्रकरि, सादी चउसत ४०० सज्जि ॥
मालव जो मंडूमुलक, गो लुट्टन तिहिं गज्जि ॥ १५ ॥

॥ मदनावतारः ॥

हड्डनृप छन्न इम सोंड १८६१५ सजि हंकियो,
ढार खुरसार रजसार रवि ढंकयो ॥
पुब्ब १ लक्खैरि १ पुनि जाइ पट्टनि २ परयो ॥
आपगा थाग कोटा ३ सु कँमि उत्तरयो ॥ १६ ॥
भ्रात भूशांग १८६१९ महिमानि मंह मंडयो,
द्वै २ दिवस रक्खि उपहार इच्छित दयो ॥
मन्नि इम कोउ आजाइ जिन मोरिब,
द्रुतहि चढिगो सु जनकोरि भुव दोरिबे ॥ १७ ॥
भूध्र१२ दर१३ लंघि मग लुट्टि खिन्नीन भू,
खुंदि किय पट्टनि १ रु मानपुर २ खीन भू ॥
रक्खि अपसंव्य१४ चंद्राउतन रामपुर,
पैठिगो देस आवंत्य१५ भय दै प्रचुर१६ ॥ १८ ॥
कन्न्हड़ १ हिं खुंदि सारंगपुर २ कुट्टिकैं,
खिन्न करि खिन्न्न उज्जैन ३ लग लुट्टिकैं ॥

यह किसीने नहीं जाना कि अब मस्तक पर अचानक १ वज्र गिरेगा ॥१३॥ २ समझी ॥ १४ ॥ ३ सवार ॥ १९ ॥ ४प्रथम ५ नदी ६ जिस नदी में पैदल चलकर मनुष्य पार होसके उसको थाग (थाह) कहते हैं ७ चलकर ॥ १६ ॥ ८ उत्सव ९ नजराना १० पीछा फेरने को ११ पिता के शत्रु की भूमि को लूटने के लिये ॥ १७ ॥ १२ पर्वत के १३मार्ग को लांघकर (कोटा से बारह कोस पर दरा नामक स्थान है)१४दाहिनी ओर १५उज्जैन के देश में १६बहुत ॥१८॥

इंद्रपुर ४ घुम्मि इत जागपुर ५ अंगम्यौं ॥
दब्बि खनीज ६ इतकौं मऊ ७ लौं दम्यौं ॥ १९ ॥
दे बसी ८ लाल सीतामऊ ९ दंडयो ॥
खुंदि सुरनैर १० हरिदुर्ग ११ इत खंडयो ॥
पिप्पलोदा १२ रु समखेट १३ जय पट्टिकैं,
दंडि अरुनोद १४ निंबोद १५ लिय दट्टिकैं ॥ २० ॥
वाहिनी[1] साहकी पिट्ठिलग्गी वही,
संग जिम छाँह तिम रंग[2] इच्छित सही ॥
सौंड १८६१५ जयलैंन दिन[3] ऐंनं कछु[4] सैंनकैं,
नैंक निसमैं न मिल्लि चैंन दुव २ नैंनकैं ॥ २१ ॥
धर्म आपत्तिके तुल्य चैर्या[6] धरैं,
अर्व आरूढ कहुँ भोज्य सब अद्दरैं ॥
जानि इम बात भजिजात अरि जानिहैं,
तुल्लि असि सोंधि खल सुच्छ कर तानिहैं ॥ २२ ॥
सोधि यह अप्प निंबोद १५ सन संक्रम्यौं,
जंगहर द्रंग रुचिरंग दोउ २ न जम्यौं ॥
भैंत दल[11] व्रात दुव २ प्रातपहिलैं भले,
चीरते दंस[12] १ पॅल[13] २ हड्ड ३ असि ह्वाँचले ॥ २३ ॥
सत्रु वहु निंदगत[14] भानं[15] लहि नाँ सके,
छिप्र[16] निसअंत तम लोह हड्डन छके ॥

॥१९॥ २० ॥ १ सेना. जिस प्रकार शरीर के साथ छाया रहती है तिस प्रकार २ युद्ध की इच्छा करतीहुई सेना साथ रही. शौण्ड ने जय लेने के लिये दिन के ३ स्थान में कुछ ४ शयन किया परन्तु रात्रि में दोनों ५ नेत्रों को जराभी आराम नहीं मिला॥२१॥ आपद्धर्म के समान ६आचरण किया. घोड़े पर ७सवार. दुष्ट लोग ८ निरर्थक खड्ग उठाकर मूछ खींचेंगे ॥ २२ ॥ ९ चला १० शोभायमान सेना के ११ समूह १२ कवचों को और १३ मांस को चीरतेहुए ॥ २३ ॥ १४ निद्रा में होने से १५ चेत नहीं सके १६ शीघ्र

खान परेरेज अरि मुख्य भिरतहि खप्पो ॥
धीर चहुवान परप्रान पीवत धप्पो ॥ २४ ॥
मरत सेनाधिपति पाय मिच्छन मुरे,
आहनैं केक नासीर[1] बढि अंकुरे ॥
पार दलकेर दुव २ बेर हय प्रेरये,
गाहि भुजपीन[2] सततीन ३०० खल गेरये ॥ २५ ॥
जुग्गिनी १ बीर २ पलचार[3] ३ जयकारलै ॥
फोज सुरमाँइ[4] घनघाइ जस फेरलै[5],
बंब घुरवाई[6] छकछाँइ[7] ठहो वली ॥
वाह जग पाइ जुरवाइ उत अंजली[8] ॥ २६ ॥
जत्थ तरफत लखे मिच्छ घायल जिते,
तानि बहुजान कहुँ थानपठये तिते ॥
झारि असि रारि सतइक्क १०० निजहू झरे,
अट्ठ अरु बीस २८ तिनमाँहिं परि उब्बरे ॥ २७ ॥

॥ दोहा ॥

तिन्ह डोलिन बैठारि तब, सुररि सोंड १८६।५ अतिमान ॥
कियउ साह हय लैनकौं, पुर दसपुर[9] प्रस्थान ॥ २८ ॥
मंडूपतिकी मंदुरा[10], ताजिन[11]की इक १ तत्थ ॥
द्रंग नदीतट जिनदिनन, सुखित रहैं रुचिसत्थ ॥ २९ ॥
सत्तुन[12] मोदक १ दधि २ सिता[13] ३, असन[14] लहैं जे अर्व ॥
सुगम न्हान ग्रीखम समय, सरितातट ईम[15] सर्व ॥ ३० ॥
दिनमैं खसखानन दुरैं, छिति १ टट्टि २ न छिरकाइ ॥

॥ २४ ॥ १ आगे बढकर २ पुष्ट भुजों से ॥ २५ ॥ ३ मांस खानेवालों से ४ पीछे फेरकर ५ बहुत. नगारे ६ बजवाकर ७ उत्साह में छाकर ८ हाथ जुड़वाकर ॥ २६ ॥ २७ ॥ ९ मन्दसोर पुर को ॥२८॥ १० हयशाला ११ घोड़ों की ॥२९॥ १२ सत्तू के लड्डू १३ शक्कर. जो घोड़े १४ खाते हैं १५ इस कारण मे नदी के तट पर थे ॥ ३० ॥

निसवाहिर वंधैं[1] निखिलं, प्रतिठानन रुचि पाइ ॥ ३१ ॥

॥ षट्पात् ॥

बाजवहादुर बाजि खास ताजिक नतं[2] खंधन ॥
इम दसपुर सतइक्क १०० विहितं[3] तटिनीतट[4] बंधन ॥
तिनहिलैन हठतक्कि सोंड १८६।५ सतत्रय ३०० भट सादिन[5] ॥
अद्दरजनि खिन आइ मारि तिन्ह त्रानं[6] प्रमादिन ॥
सञ्चन[7] दुव[8] बंध करि छिन्न सब लोल[9] हयन धारि अग्ग लिय ॥
संजेत[1] लुट्टि[10] हंकत सततं[11] दरगिरि पैठि मिल्लानदिय[12] ।३२।
भ्रात सु सुनि भूर्णांग १८६।१ हुलसि पहुँच्यो सहायहित ॥
बल खिच्चिन तिहिं वेर सुनत वाहिरहुव संचितं[13] ॥
दसपुरतैं मिच्छ[14] १० दल सहँसइक १००० पिट्ठिलग्यो सरि[15] ॥
पहुँचि मिल्यो अगपार[16] कलह खिच्चि[17]न सीरी करि ॥
दर रुक्कि झारि तुपकन दुहुँ[2]न इन संगर मंडिय असह ॥
भूर्णांग[1] भिरिगं[18] सतदुव२००भटन सोंड[2] जुरिग सततीन३०० सह ॥

असह[1] नसह[2] अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥

भ्रात दरेढिग अरिनमारि मोलिन[18] पगमोरे ॥
सहँस१००० मिच्छ दुवसहँस२००० असह खिच्ची[2] हु अँहोरे[19] ।३३।
तिन्हमुकाम तँहँ जानि सवर हक्कारि उँभैसत[20] २०० ॥
रक्खि दरेपर लरन रिक्थं[21] वहु अप्पि करे रतं[22] ॥
तिन रुपि निसंक मिल्लन तवहि जुरि रोके खिच्चिय[1] जवन[2] ॥
सहभ्रात[1] सोंड[2] कोटा क्रमियं[23] हेतिनं[24] करि अहितन हवनं[25] ।३४।

१सब ॥ ३१ ॥ २झुकेहुए कन्धोंवाले३कियेहुए४नदी के किनारे५सवार. उन घोड़ों की६रक्षा करनेवाले७अगाड़ी पिछाड़ी के दोनों वन्धन८चपल ९सामान लूटकर१०निरन्तर११पर्वत के दरे में१२मुकाम किया ॥३२॥ १३इकट्ठे १४म्लेच्छ सेना १५चलकर १६पर्वत के पार १७भिड़ा ॥ ३३ ॥ १८मोला (खुदा) को मानने वालों के१९रोके. दो२०सौ भीलों को बुलाकर२१धन देकर२२प्रीतियुक्त किये २३चला२४शस्त्रों से शत्रुओं का २५होम करके ॥ ३४ ॥ ३५ ॥

दोहा ॥

कानि रक्खि भूयांग१८६की, हित कोटा चउ४रत्ति ॥
हय किय भेट सुभांड१८६।४रहि, घरघर पुर जसघत्ति ॥३५॥
उपालंभ जैत१ रु अधिप२, सारन३ सचिव४ समेत ॥
दिन्नौं कहि आन्यौं दुखहि, छुंदिय भय समवेत² ॥ ३६ ॥

पादाकुलकम् ॥

जोधतनय बीका इत जंगल, वह्नि संखुल१न अधंन³ महाबल ॥
भट्टि२न जित्ति तत्थ निर्जलभुव, हद निजनाम द्रंग बिरचतहुव॥३७॥
बिक्रमसकमुनिदगतिथि१५२७बित्ततसनि७वैसाख२तीज३सित⁴संगत
पहुं⁵ बिक्रम१जंगल जयपायो, वर⁶ पुर बीकानैर१ बसायो ॥ ३८ ॥
तँहँ तदनुजँ⁷ बीदा२हु बीरतर, स्वाभिध⁸ खेट⁹ रच्यो बीदासर२॥
जबतैं बीकानैर सु जंगल, बन्यो राज्य बढिबढि इतनैंबल ॥ ३९ ॥
बदत किते सर चउतिथि१५४५संवत,सो बहुहेतुन¹⁰ परत असंगत ॥
वृद्ध जोध जोधपुर बसायउ, पहिलैं तस बीका जनु पायउ ॥४० ॥
बीस२०बरसबयकेनिकटहिबलि,कियजंगलधरअमलजित्ति¹¹कलि ॥
अरु पुंगलपति पुत्री उद्वहि¹², बिरच्यो द्रंग वहहु तँहँ बेगहि ॥ ४१ ॥

१ उलहना (ओलम्भा) २साथ ॥३६॥ ३ युद्ध में ॥ ३७ ॥ ४शुक्ल पक्ष ५ राजा बीका ने ६ श्रेष्ठ पुर ॥ ३८ ॥ ७ उसका छोटा भाई ८ अपने नाम से ९ खेड़ा (छोटा ग्राम) ॥३९॥ १०बहुत कारणों से असङ्गत मालूम होता है क्योंकि जोधसिंह ने वृद्धाऽवस्थामें जोधपुर बसाया था जिससे पहिले ही बीका ने जन्म पालिया ॥ ४० ॥ ११ युद्ध १२ विवाह करके ॥ ४१ ॥

❋ यहां पर ग्रंथकर्ता (सूर्यमल्ल) ने बीकानेर के बसने के संवत् १५४५ का खंडन करके संवत् १५२७ में बीकानेर का बसना लिखा है सो ठीक नहीं है, क्योंकि बीकानेर का बसना संवत् १५४५ के वैशाख शुक्ल २ शनिवार के दिन प्रसिद्ध है सो ही बीकानेर के नैणसी महता, कर्नल टॉड और उदयपुर के महामहोपाध्याय कविराजा श्यामलदास ने माना है. जैसलमेर के इतिहास में संवत् १५४१ में बीकानेर का बसना लिखा है सो भी असत्य है. यह संवत् १५२७ से बहुत दूर और ४५ के संवत् से अधिक समीप है. परंतु अधिक मत के कारण हम संवत् ४५ को ही सत्य मानते हैं. बीका का पहिले पूंगल के पति की पुत्री से विवाह करना और फिर करनी माता की आज्ञा से सेखा नामक भाटी को

दोहा ॥

करिनिज संक्ति निदेसकरि, धरिबीका लहि धीर ॥
सेख भूप भट्टिय सुता, ब्याह्यो पुंगल बीर ॥ ४२ ॥
करत सक्तिके कथित करि, अबलौं विहित उछाह ॥
पहिलैं बीकानैर पहु, इम पुंगल उद्वाहैं ॥ ४३ ॥
पहु सूजा२ हुव जोधपुर, परत जोध१ तस पुत्त॥
तस कुमरहिं मृत बग्घ३ तँहँ, जनि गंग४हिं जसजुत्त ॥ ४४ ॥
अधिप परत सूजा२हु अब, सब नत्ती यह तास ॥
कुमर बग्घ३को जो कुमर, अधिप गंग४ तँहँ आस ॥ ४५ ॥
राज्यकरत आमेर इत, भारमल्ल भूमान ॥
प्रतपे गढ चित्तोर पहु, रायमल्ल इत रान ॥ ४६ ॥
मंडूपतिके जिहिं समय, अस्व खास सत१०० आनि ॥
नृपहित सोंड१८६।५ निवेदये, जे दुखहेतु न जानि ॥ ४७ ॥

षट्पात् ॥

सु सुनि कुप्पि हुव असह मिच्छ वह बाजबहादुर ॥
वन्हिं मनहु बारूद अनखि उद्धत प्रजरयो उर ॥
बुन्दिय लेन बिचारि कटक निज अखिल सज्जकिय ॥
गन तोपन बहु प्रगुन कलह जय उदय कज्ज किय ॥

१करनी माता की २आज्ञा से ॥४२॥ शक्ति के उस ३कथन को करने से अब तक उत्साह पूर्वक बीकानेर के राजा पूङ्गल में प्रथम ४विवाह करते हैं ॥४३॥ जोधा की ५मृत्यु होने पर ॥४४॥ ६पोते(पौत्र) ७हुआ ॥४५॥ ८भूपति ॥४६॥४७॥ ९अग्नि में

पुत्री से दूसरा विवाह करना लिखा सो तो सब सत्य है परंतु यह विवाह बीस वर्ष की अवस्था में ही लिखा सो ठीक नहीं है क्योंकि बीकानेर की ख्याति में बीका का जन्म विक्रमी सम्वत् १४९५ में, एवं जोधपुर की ख्याति में १४९७में होना लिखा है इन दोनों में से कोई भी सत्य होवे, परंतु बीका ने पुंगल के राव शेखा की पुत्री से संवत् १५३५ के पीछे विवाह किया है सो बीका की अवस्था उस समय ४० वर्ष से न्यून नहीं थी और जोधपुर का राव जोधा भी उस समय विद्यमान था क्योंकि रावजोधा का देहांत संवत्१५४५ में ६१वर्ष की अवस्था में होना लिखा है. बीकानेरवाले जोधा का देहांत १५३७ में लिखते हैं परंतु वह मत से ऊपर का संवत् ही सत्य पायाजाता है ॥

बीरन पटाहु बढते बखसि थप्प्यो मंडुवभारभुज ॥
किय मंत्र नियत पकरन कुटिल अधिपसुभांड१हि सहअनुज२॥४८॥
जवनकरे गृहजाइ हुष्ट पहिलैं बालकदुव२ ॥
तिनमैं स्याम१ सु तास पास बिस्वासपात्र हुव ॥
प्रपा१ महानस२ प्रमुख३ दुलभ लिह्ला तिहिं दिन्नौं ॥
सोवत इकनिस सवन पिहित६ जागि साह कैं पिन्नौं ॥
पात्री सु उदंचन बिनुहि पुनि रक्खि आइ पल्यंकँ रहि ॥
स्याम१हिं जगाइ रिस तासिर करिय पिलावहु आबँ कहि।४९।

दोहा ॥

स्याम१ रु केसवदास२ तस, हुव२ कुलनाम हुराइ ॥
समरकंद१ अभिधान तिहिं, मिच्छ दियउ मुदलाइ ॥ ५० ॥
जवन सु ताहि बिबाह जिंहिं, बंध्यो स्वहित बिसास ॥
तनय खानदाऊद१२ तस, इक१ किसोरबय आसँ१३ ॥ ५१ ॥
समरकंद१ सन तिहिंसमय, जलमंगिय जवनेस ॥
पात्री उठि न लखी पिहित१४, उहाँ चकितहुव एस ॥ ५२ ॥
मिच्छकह्यो रे मैं मरत, अतुल पिपासा आइ ॥
समरकंद१ कंपत तब सु, कुल्ल्यो ताहि बताइ ॥ ५३ ॥
याकै नाँहिं उदंचनहु, इम पाऊँ किम आव ॥
आनूँ नूतन डारि इहिं, स्वामिन जतन हिसाब ॥ ५४ ॥
भनि इम पात्री मंजि भरि, लाइ कह्यो अब लेहु ॥
संगिसंगि जंपिय जवन, उचित भृत्य गिनि एहु ॥ ५५ ॥

पादाकुलकम् ॥

---

१ निश्चय ॥ ४८ ॥ २ पाणेरा (आबखाना) ३ रसोईघर ४ आदि ५ अधिकार ६ छाने ७ पानी पिया ८ पानी की मटकी (पात्र) को ९ ढक्कन दिये विना ही १० सेज पर आकर सो रहा ११ पानी पिलाओ ॥ ४९ ॥ ५० ॥ १२ दाऊदखाँ सौलह वर्ष की अवस्था में ही १३ हुआ ॥ ५१ ॥ १४ ढकी हुई नहीं देख कर ॥ ५२ ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ ५५ ॥

जान्यों स्याम१ कटके ध्रुवजैहैं, लरि सत्वर बुंदियधर लैहैं ॥
यातैं जनकसुवंहि संगों वह,सोधि इम सु बुल्ल्यो अंजलिसह।५६।
किंकरपर जो साह महरकिय, बखसहु ततो व प्रभु वह बुंदिय ॥
जान्यों साह यह न बदलैं जन, मम्महु लैन बुंदिय निश्चय मन।५७।
तो सुहि दै इहिं मुदितकरों तिम, इक्क१पंथ दुव२कज्ज बनैं इम ॥
यहविचारिबुंदियतिहिंअप्पिय, थिरदलमैंहुमुख्यमुहिथप्पिय ॥५८॥
इक्कल १ साह रह्यो गढअंदर, पिल्ल्यो कटक सर्ब बुंदीपर ॥
इंकिय समरकंद१रन जयहित, आत मानपुर जानिपरी इत ॥५९॥

दोहा ॥

सट्ठिसहँस ६०००० दल संक्रमत, जितजित जग भजिजात ॥
अंध्वजनन अग्गैं १ उंदक २, पीछैं १ इविर्क्किल २ पात ॥६०॥

इतिश्रीवंशभास्करे महाचम्पूके पूर्वा१ऽयणे पञ्चम५राशौ वीतिहोत्रवसुधेश्वर १ वीज्यवर्णनवीजहड्डाधिराडस्थिपाल १५५ वंश्यानुवंश्यविहितव्याख्यानावसरव्याहार्यबुन्दीभूपालभारमल्ल १८६।४ चरित्रे स्वाग्रजप्रसादवसुधाविभागप्राप्तकरपुर १ पत्तनसारण १ जैत्र सहायसम्बिद्धसैन्यसङ्गतसन्नद्धशोण्ड१८६।५ पूर्वत्रय ३ परिच्छिन्नपूर्व

सेना १ निश्चय ही जावेगी २ शीघ्र. पिता की३ भूमि को ही ४ हाथ जोड़कर बोला ॥ ५६ ॥५७॥ ५८॥ ९ चलते समय ६ मार्ग के लोगों को. आगेवालों को ७ पानी और पीछेवालों को ८*कीच मिलता है ॥ ६० ॥

श्रीवंशभास्कर महाचम्पू के पूर्वायण के पञ्चमराशि में अग्निवंशी चहुवाण वंशवर्णन के कारण हड्डाधिराज अस्थिपाल के वंश और वंश की शाखाओं की कथा बनाने के समय के वचनों में बुन्दी के राजा भारमल्ल के चरित्र में बडे भाई की प्रसन्नता से भूमि के विभाग में करवर नगर पाकर सारण और जैत्र की सहायता से युद्ध में वडी सेना को साथ ले, सज्जीभूत शौंड आदि तीनों का छिनीहुई पहली पृथ्वी को पीछी लेना, जैत्र और सारण का भूषंग के अर्थ गयेहुए कोटा आदि गामों को पीछा दिलाकर मण्डू के पति म्लेच्छराज को मार, वैर लेने को प्रस्थान करने की इच्छावाले शौण्ड को हठपूर्वक बुंदी

*"जंबालचिकिलौ पंकः कर्दमश्च निषद्वरः" इति हैमः॥

बिद २ सोदरद्वय २ जङ्गलजनपदसमाक्रमण१५, रणाशातितशङ्खु
ल १ प्रामारशासनवशीकृतभट्टि २ यादवशक्तिशासनाऽनुसारसमनु-
ष्ठितपुङ्गलपतिभट्टिभूपसेखसुतापाणिपीडनविक्रम १ सूचितसंवत्सम
यस्वसञ्ज्ञासम्बद्धविक्रमनगर १ नाम्नव्यनगरनिर्माणपण१६, प्रमाण
शून्यमतान्तरसंवन्निरास १ बिद २ रचितबिदासर२स्थानीयसूचना२
समेतदेवीनिदेशवशजाङ्गलाधिराजविक्रम १ वंशपट्टधरप्रथम १ पुङ्ग
लपतिकुलपतिपुत्रीपाणिग्रहणनियमविख्यापन १७, योधराजा
१ नन्तरकृतकियत्कालराज्यतत्पट्टपपुत्रसूर्यमल्ल २ संस्थावसरतत्त
नूजमुख्यव्याघ्रराज ३ योधपुराधिपत्यप्रापण १८, चित्रकूटाधिराज
राजमल्ल १ ऽऽमैरनगरनरेशभारमल्ल २ समयशोरड १८६१५मण्डू
पतिवाजिविप्लवसूचन १९, श्रुतैतदुदन्तकालकुपितपुनर्बुन्दीसमा
चिक्रमयिषुम्लेच्छराजवाजबहादुर१ सुप्रसादितसैन्यसज्जीकरण२०,
निग्रहीतपूर्वशिशुश्यामाऽऽयत्तीकृतप्रपा १ महानसा २ द्यधिकाररा
त्र्यन्तरपिपासाऽवबुद्धप्रच्छन्नपीतजलाऽपिहिततत्पात्रप्रत्यागतकप-

---

पति भाटियों के राजा सेख की पुत्री से विवाह करके बीका का ऊपर सूच
ना कियेहुए सम्वत् के समय में अपने नाम से बीकानेर नामक नवीन नगर
बसाना, प्रमाण से शून्य ऐसे मतान्तर के सम्वत् का खंडन और बीदा के र
चेहुए बीदासर स्थान की सूचना समेत देवी की आज्ञा के वशवर्ति जांगल
देश के पति बीका के वंश के पाट धारण करनेवालों का पुंगल पति के कुलपति की
पुत्री से विवाह करने का नियम प्रसिद्ध करना, जोधा के पीछे कितनेक समय
राज्य करके उसके पाटवी पुत्र सूर्यमल्ल (सूजा) के देहान्त समय पर उस(सू
र्यमल्ल)के पाटवी पुत्र व्याघ्रराज(बाघा)का जोधपुर का स्वामी होना, चित्तो
ड़ के राजा रायमल्ल, आम्बेर नगर के राजा भारमल्ल के समय शौरड का
मण्डूपति के घोड़े लूटने की सूचना करना, यह वृत्तान्त सुनकर समय के
फेर से कुपित हुए बाजबहादुर का फिर बुन्दी लेने की इच्छा से कृपापात्र
सेना को सज्ज करना, पहिले पकड़ेहुए बालक श्यामें के पाणेरा(जलघर) और
रसोईघर आदि अधिकारों को वश में करके रात्रि में प्यास से जगकर छाने
जल पीकर पानी के पात्र को बिना ढकाहुआ रखकर पीछे आयेहुए यवनेन्द्र

टक्कुद्वयवनेन्द्रस्वप्रतिबोधितश्याम१सकाशवामार्गणा२१, गोपितश्याम१केशवपूर्वनामद्वय२प्राक्कालपरिणीतयवनपुत्रीकसमुत्पादितदाऊदा१ऽऽदिदायादप्रभुप्राप्तसमरकन्द१स्वनामद्वङ्कपूर्वतद्यवनपुनरानीतनिवेदन२२,स्वसेवासावधानताप्रसन्नम्लेच्छपतिमिमार्गयिषितसमरकन्द१बुन्दीराज्ययाचन२३,दत्तप्रार्थितसेनाऽध्यक्षीकृतसमरकन्द१स्वयमात्तदुर्गाश्रयम्लेच्छमहीपषष्टिसहस्र६०००० सर्वसैन्यबुन्दीविजयप्रस्थापन२४,मार्गपुर१ ग्राम२ दिप्रजाप्रद्रावकभानुपुरसमीपसमागतपरिपंथकपृतनाशुद्धिबुंदीवास्तव्यवर्गसमाकर्णन २५ मेकविंशो २१मयूखः ॥ २१ ॥ आदितोऽष्टषष्ट्युत्तरैकशततमः ॥ १६८ ॥

प्रायो व्रजदेशीया प्राकृती मिश्रितभाषा ॥

दोहा ॥

सुनि बुंदिय खित्तल सचिव, इम मंडुवदल आत ॥
किय रहस्य एकत्रकरि, बिदित बंधु १ भट २ ब्रात ॥ १ ॥
सोंड १८६।५कहिय लघु सिंह १ व्है, दंती २ व्है गुरुदेह ॥
तदपि विदारै कुंभ तस, आलोचहु दृढ एह ॥ २ ॥

का कपट से क्रोध करके अपने जगायेहुए श्याम से जल मांगना, पहिले के श्याम और केशव इन दोनों नामों को छिपाकर पहिले समय में विवाह की हुई यवनःपुत्री से दाऊदखां आदि पुत्र उत्पन्न करके स्वामि से पायेहुए अपने समरकंद नामवाले पहिले के हाडे उस यवन का फिर लायेहुए(जल)का निवेदन करना, अपनी सेवा की सावधानता से प्रसन्न म्लेच्छपति से मांगने की इच्छावाले समरकन्द का बुन्दी के राज्य की याचना करना, उसकी प्रार्थना को स्वीकार करके उसीको सेनापति बनाकर स्वयं किले का आश्रय लेकर म्लेच्छ महीप का साठ हजार सेना बुन्दी को विजय करने को रवाना करना, मार्ग के पुर, ग्राम आदि की प्रजा को भगानेवाली शत्रु की सेना का भाणपुर के समीप आने की बुन्दी के वीरों का खबर सुनने का इक्कीसवां मयूख समाप्त हुआ ॥ २१ ॥ और आदि से १६८ मयूख हुए ॥

१सलाह २ समूह ॥ १ ॥ ३ हाथी ४बडे शरीरवाला होता है तो भी ५विचारो

द्वीपी२ लघु गुरु देहके, गवय १ गवल २ बल गंजि ॥
दुसह गज्जि पारत दहल, भिरतहि डारत भंजि ॥ ३ ॥
यातैं लखहु न बहु१अलप२, सजहु इक्क १ मन सर्व ॥
अनीभवँर हम अग्ग व्है, खंडहिं दुजन अखर्ब ॥ ४ ॥

॥ षट्पात् ॥

गहत इक्क१आमंगुन तानि कीट२हु तिहिं तोरत ॥
बहुगुनजुरि बंधैं सु १ इभ२हु मदमत्त अहोरत ॥
यातैं सब मनइक्क१होहु कबहुन तो हारहिं ॥
समरकंद१सह सेन बंदन हरि आन बिगानहिं ॥
बढि अग्ग जित्ति मालव बलन रोधकको सूर न रहत ॥
जो मिच्छ भजहिं दूथनि जनित बिनु सूथनि गूथनि बहत ॥ ५॥
इम न ततो हम अलस जोति सीरहु नन जानैं ॥
असन१ बसन२ की आस मनन मनन तव प्रमानैं॥
मिलि यातैं इक्क१ मन तुरग नक्खहु तिन्ह नासहिं ॥
मथि हम बिसिखं समुद्र नियंत जयरत्न निकासहिं ॥
यहसुनत अमर माधव २ मुखन कियसराह तस वाह कहि ॥
जँहँ नृप१रु जैत२सारगा३सचिव ४ चेवी चउ४न नय एसनहि॥

१ वघेरा (दोगला सिंह) छोटा होता है तोभी वडे देहवाले २ रोझ और ३ आरणे(वन के) भैंसे के बल को दबाकर ॥ ३ ॥ ४ सेना के दुल्लह होकर ॥ ४ ॥५ कच्चे तन्तु को ६ कीड़ा भी खैंचकर तोड़ डालता है. मस्त ७ हाथी को ८रोक लेते हैं ९ मुख १० वन्दर ११ दो स्तनवाली के जनेहुए (मरुभाषा में चत्रिया स्त्री को दूथणी कहते हैं जिसके जनेहुए) अर्थात् चत्रियों से. विना १२सूथनों (पाजामों) के होकर अर्थात् उनके पाजामे फट जावेंगे और १३ विष्टा १४ करदेंगे ॥ ५ ॥ यह नहीं होवे तो हम आलसी १५ हल भी नहीं हांक जानते तब मन में वस्त्र और भोजन की आशा भी प्रमाण नहीं करैं १६ विना शिखावालों (यवनों) के समुद्र को मथ कर १७ निश्चय ही १८ आदिक ने १९ कहा यह नीति नहीं है ॥ ६ ॥

कहाँ अयुतखट६००००कटक कहाँ अप्पन छसहँस६०००किंर॥
तकि सुवलैन तदहु आतस्याम १ हिं बनि आसिंर ॥
लाय हयन तुम लाल वीज बिपदामय बाँविय ॥
यहफल तास अमोघ अवहि पक्किवेपर आविय ॥
पूगे न लरन अप्पन परन मन्नहु इम सबको मरन ॥
को तव उपाय छितिहित करन रहहिं बंस बीजहु धर न ॥ ७ ॥

॥ दोहा ॥

हे हड्डे अग्गे इहाँ, बीजहु गो व विलाइ ॥
करनी यहहि कथानिका, जुरहु समुख तो जाइ ॥ ८ ॥

॥ षट्पात् ॥

यह मंडुवपति अज्ज अखिल दक्खिन बलि ऐंचत ॥
इहिं मंडुवपति अग्ग खग्ग कोउन रुपि खैंचत ॥
मङ्गुव्वहि साहिप अँज्ज आब्दिक इहिं अप्पहिं ॥
यह खिळियवल उदधि थाहि नैंकन मन थप्पहिं ॥
आश्रय१० द्वैध२ यातैं उभय २ अब कुल रक्खन अनुसरहिं ॥
रहिजाइ जवहि दल अल्प रिपु कदनं तबहि छलबल करहिं ॥९॥

॥ दोहा ॥

भायो तुहि मत१ भूपको, सारन२ जैत३ सहाय ॥
भटन चव्वि ओठन भनिय, हरख दव्वि तब हाय ॥ १० ॥

सहाय १ बहाय २ अन्त्यानुप्रासः ॥ १ ॥

॥ षट्पात् ॥

रचत मंत्र यह रुट्ठि तरजि गय उट्ठि चउ ४ हि तव ॥

---

१ किल (निश्चय ही) २ असुर (यवन) ३ हे लाल ! तुमने घोड़े लाकर ४ बोए ५ खाली नहीं जानेवाली ॥ ७ ॥ ६ कथा ॥ ८ ॥ मांगने से पहिले ही ७ आर्य राजा ८ सालाना खिराज देते हैं ९ नीति के छः गुणों में से आश्रय और द्वैधीभाव से अपने कुल को रक्खो १० नाश ॥ ९ ॥ १० ॥

माधव१८६।१गंग१८६।२रुअमर१८६।१सोंड१८६।५कातरगिनि ए सव
सारन १ जैत २ रु सचिव ३ बिहित लैकैं इततैं बलि ॥
बनि सु सांधि बिग्रहिंक मिले सम्मुह जहँ चम्मलि ॥
उपदा निवेदि तीन ३ न अरज करिय स्वाम१प्रति जोरिकर ॥
इम अनुगं सिरहिं धारत हुकम मन्नि उचित मंडहु महर ॥ ११॥
इमछन्नैं लिय हयहु सोंड १८६।५ सिसुपन हठसंग्रहि ॥
वे हाजरि सब अत्थ नैंक सेतुहु नृपमें नहिं ॥
समरकंद १ इम सुनत कह्यो छोरहु बुंदीकहँ ॥
लहि सुभांड १८६।४ दुवलान १ तथा समुचित बिलसहु तहँ ॥
संबसंथ इतर बारह १२ सहित करि सु स्वीय सब्बहु हुकम ॥
बलि ग्राम पंच ५ सोंड१८६।५हिं बखसि व्हे हैं सवन अधीस हम१२

॥ दोहा ॥

तबहि पटा लिखवाइ तिन्ह, सचिव १ देसु २ लहि संग ॥
दै उँपदा पच्छेसुरहि, आये रहित उमंग ॥ १३ ॥
दिय दुराइ पुव्बहिं पिहित, बसु १ भूखन २ सुर्व जात ॥
तजि बुंदिय दुवलान तब, पत्तो नृप कहि मात ॥ १४ ॥
निज गज १ तुरग २ रु नालिका ३, सबदिय बुंदिय संग ॥
मन यातैं कातर समुझि, रच्यो जवन हितरंग ॥ १५ ॥
तोग १८६।१ अनुज जसकर्ण १८६।२ तहँ, तारा दुर्ग तजैंन ॥
सुपहु ताहि दै निजसपथ, आन्यौं उँज्झि सु ऐंन ॥ १६ ॥
सोंड १८६।५ हिं गूढ बिचारि सुहि, मिलि इन कठिन मनाइ ॥
पंच ५ ग्राम तकुला १ प्रमुखं, स्वीकारित समुझाइ ॥ १७ ॥

१सन्धि करनेवाले बन कर २विग्रह करनेवालों से मिले ३सेवक ॥११॥ ४अपराध ५ग्राम ६पति ॥१२॥ ७नजराना ॥१३॥ ८गुप्त ९धन १०आदि ११ समूह ॥१४॥१२तोपें १३कायर जानकर ॥१५॥ १४अपनी सौगन दिलाकर. वह स्थान १५छुडाकर ॥१६॥ १६ताकला नामक ग्राम१७आदि १८ स्वीकार कराया॥१७॥

इम सु स्याम १ हुव आइकैं, पुरबुंदिय छितिपाल ॥
सूनु खानदाऊद १ सह, बुल्ले बेगम २ वाल ३ ॥ १८ ॥
बुन्दी जनपद वाहिनी, मिच्छन विचरि महंत ॥
समरकंद१वस करि करे, सब हाजरि सामंत ॥ १९ ॥
सीमाहर सब्बहु सकल, लघु तस पयन लगाइ ॥
छिन्नी नव लिन्नी सु छिति, सासनवस समुझाइ ॥२०॥
बुंदी त्रि३ सहँस२०००रक्खि बल, मान अतुल जयमत्त ॥
करि प्रबंध खिल जो७५०००कटक, पच्छो मंडुव पत्त ॥२१॥
बुल्लैं जब ग्रहतैं सबन, समरकंद१स्वसमाज ॥
माधव१सौंड२रु गंग४सुरि, आत खिल१रु अधिराज२॥२२॥
पुनि स्वनामं लेखित पटा, अखिलन नूंतन अप्पि ॥
जे बुंदियभट पुव्व जिम, थिर रक्खे निज थप्पि ॥२३॥
सनैं सनैं तिन्ह संहरन, अबहि धीरधर एह ॥
स्वांतें१अहित२बाहिर१सहित२, नरन दिखावत नेह ॥२४॥

॥ षट्पात् ॥

समरकंद१लिय समुझि आत सौंड१न उनमत्त सु ॥
क्यों माधव२ जसकर्ण२पटा मम लहि न आत पसु ॥
इहिं आगसें बलबंधि अनखि तिन२ पैं उफनायउ ॥
जेत१८५१२रुजितें तिन्ह जंपि छलन तब चलन छमायउ ॥
मिस खेनें१अरसें२कोऊसमय दोऊ२ समय दिखाइदिय ॥
तुम जो असक्त भेजहु तनय कहि इम मिच्छहु माफकिय ॥२५॥

॥ दोहा ॥

॥ १८ ॥ १ देश में २ सेना ३ उमरावों को ॥१९॥ ४सीमा को हरनेवाले ५शीघ्र ६ नवीन ॥ २० ॥ ७ बाकी की सेना को ८भेजी ॥ २१ ॥२२॥ ९अपने नाम के लिखे हुए पट्टे. सबको १०नवीन देकर ॥ २३ ॥ ११ मारना १२मन में शत्रु और बाहिर से मित्र ॥ २४ ॥ इस १३अपराध से १४ रोगी होना कहकर १५ क्षयरोग १६ मस्सा (बवासीर) ॥ २५ ॥ २६ ॥

अक्खिय तिन सुत सिसु अबहि, ऐहैं लहि बय अत्थ ॥
काय१बचन२मन३ करि करहिं, सेवन प्रभु हितसत्थ॥२६॥
*जरासिथिल इत अति ×जरठ, दिय जैत१८६हु तजि देह॥
स्वामी हुव तस मुख्यसुत, गैनोली निजगेह ॥२७॥
सारन१८६।१माधव१८६।२हे सबल, पै नृप दिन प्रतिकूल॥
एहु मरे बिधिवस उभय२, सोहुव सब हिय सूल ॥२८॥
बंसीपति हुव छ६समं बय, सारन१८६।१सुत सामंत१८७।१॥
बाल जदपि मतिबृद्ध बुध, इच्छें बढन उदंत ॥ २९ ॥
भो माधव१८७।१सुत इत भरत१८७।२,निडर लाडपुर नाह॥
सोंड१८६अमर२गंग३रु सचिव४,रहे चउ४हि नृपराह॥३०॥

॥ षट्पात् ॥

खित्तल बनिक खटोर सचिव कोविद सकुनागम ॥
परि है नृपहि बिपत्ति कहिय जब भोन अतिक्रम ॥
द्रंग सु अब दुबलान रहैं सेवन पति हित रत ॥
जिहि पुव्बहिं लिय जानि बिलम परिहै दुकाल बत ॥
संबत कु बेद तिथि१५४१गत समय अक्खिय नृपहिं प्रतीप अह ॥
आगामि अब्द सब संहरन अब दुकाल परि है असह ॥३१॥

॥ दोहा ॥

बित्त१रु जे भूखन२बसन३, ए सब दै लै अन्न ॥
निखिल मरहु कुट्ठार नृप, समय घोर संपन्न ॥ ३२ ॥
प्रत्ययहो अग्गहिं नृपहिं, सचिव न बवहिं असत्य ॥
हिय सोच्यो अब जानि हम,है किम छमहु असत्य ॥३३॥

*बुढापे से शिथिल. अत्यन्त×वृद्ध ॥२७॥२८॥छः १वर्ष की अवस्था में२वृत्तान्त ॥२९॥३०॥ ३ शकुनशास्त्र में पण्डित. इस ४उपात्यय (उलटापलटी)के होने से पहिले ही उसने कहदिया था ५ नगर ६ दुर्भिक्ष पड़ने की वार्ता ७ उलटे ८ दिन ९ आनेवाला १०वर्ष सब का ११संहार करनेवाला ॥ ३१ ॥ १२कोठार. घोर समय के १३साथ ॥ ३२ ॥ १४ भरोसा. झूठ नहीं १५बोलेगा ॥ ३३ ॥

पट्पात्

छमा१दया२निधि छितिप अखिल संसृति उपकारक ॥
इम उदार३ आलोचि सवन बिपदा संहारक ॥
इतउततैं आकारि प्रचुर बानिज बिक्रयपर ॥
मंत्रीकथित प्रमान कियउ निजपुर अन्नाकर ॥
व्यय बिरचि दम्म लक्खन बहुन क्रम लक्खनमन धान्यकरि
खातिकाँ १ खात२गाहिरे खनित भवन ३कुसूल४हु दिन्न भरि।३४।

दोहा—अधिपति पुब्बहि चेति इम, मतिसँख मंत्र प्रमानैं ॥
जगहिं जिवावन जो भयो, धन १ दै धान्य २ निधान ॥३५॥
संबंधी निज तेहु सब, चतुर दये चेताइ ॥
न दयो हुंदिय भेद नृप, जानि अवहु भजिजाइ ॥ ३६ ॥
जितनैं सचिव कही जु ही, बनी अचानक बत्त॥
दुवचालीसम ४२ अब्द इक, पुहवि दुकाल सु पत्त ॥ ३७ ॥

॥ पट्पात् ॥

जिन गृह बल जान्यौं न प्रचुर तिनकैं हु पठायउ ॥
हुंदियभट करि बिभैय अखिल जनपैद अपनायउ ॥
लघु भूपहु कति चलित सहज लिय झोलि प्रजा सह ॥
जन लक्खन यहजानि आनि नृपढिग कट्टे अँह ॥
इम जग जिवाइ करुनाउदधि धवल बह्यो अम्मीढधुर ॥
धनपति निधान निज जनु धरिय पूरि नव९हि दुवलानपुर ।३८।

॥ दोहा ॥

---

१ संसार का २ विचार कर ३ बुलाये ४ बेचने को ५ अन्न की खान ६ खाइयें (धन के खजाने) ७ खात (अन्न का खजाना) गहरे ८ खुदेहुए ९ कोठे ॥ ३४ ॥ १० मन्त्री की सलाह ११प्रमाण करके १२धन ॥ ३५ ॥३६ ॥ ३७ ॥ १३भय रहित१४देश को१५दिन१६अजमीढ राजा की धुर को धारण की; अथवा जिसकी बराबरी में दूसरे नहीं लगसकैं ऐसी धुर को धारण की. दुबलानपुर में मानों नव निधि सहित १७ कुबेर ने अपना धन धरा ॥ ३८ ॥

समरकंद १ तँहँ धान्यसुनि, अक्खिय बेचहु एस ॥
कछुकदयो आसानकरि, नलयो अर्घ नरेस ॥ ३९ ॥
कति सजुहु आसानकरि, जिनको कुकृत जताइ ॥
बखसि अन्न थंभे बिकल, प्रनतिपत्र तिन्ह पाइ ॥ ४० ॥

॥ मनोहरम् ॥

भो जैंडैल भूपैं परे तिन्हैं थंभि भिस्सा याग,
व्याज लैंन बुँब दीसे राह बहु रोहे जे ॥
याके आदिपदन चतुर्दस १४ बरन आदि,
दल दोहा पहिलीके होत सब सोहे जे ॥
पंथपंथ पृच्छक पठाइ बुलवाये व्रातें,
जातें १ तातें २ जार्या ३ जननी ४ जन ५ बिछोहे जे ॥
भारमल्ल १८६१४ भूप दुबलानाँ यौं खजानाँ खोलि,
मानव मतंगज मलीदनतैं मोहे जे ॥ ४१ ॥

१मूल्य (कीमत) ॥३९॥ २बुरा कार्य ३नम्रता के पत्र (अरजियें) लेकर ॥४०॥ ढ-फलों (ढेलों) के समान भूमि पर पड़े हुओं को भिक्षा के यज्ञ से भोजन करा कर थांभा और बुन्दी को पीछी लेने के मिस से बहुत मार्गों को जिसने रोके अर्थात् भूखों को नहीं जाने दिये. इस चरण के आदि पदों के आदि के चौद ह अक्षरों का आधा *दोहा अर्थात् पूर्वार्द्ध होता है. मार्ग मार्ग पर४पूछनेवा लों को भेजकर ५ समूहों को बुलाये ६ पुत्र ७ पिता ८स्त्री, माता और अपने मनुष्यों से वियोग पायेहुओं को. इसप्रकार राजा भारमल्ल ने दुबलाना ग्राम में खजाना खोलकर मनुष्य रूपी ९ हाथियों को १०मलीदों से मोहित किये "यहां मलीदा शब्द में श्लेष है, अर्थात् मनुष्यों के लिये सीरा (हलवा) और हाथियों के सामान्य भोजन का नाम मलीदा है" ॥ ४१ ॥

